सूर्योदय : 5:57
सूर्यास्त : 5:55
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 26.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-116 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 03 अक्टूबर 2023
17 रबीउलअव्वल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com




# बिहार में जातीय गणना की रिपोर्ट जारी

## नीतीश ने चला सबसे बड़ा दांव, 12 साल में बिहार की आबादी 25.5 प्रतिशत बढ़ी

**32** फीसदी मुस्लिम यादव


**13** करोड़ की कुल आबादी

- राजपूत सबसे ज्यादा आबादी वाली आठवीं जाति
- बिहार में 81.99 प्रतिशत लगभग 82 प्रतिशत हिंदू हैं

### बिहार में किसकी-कितनी है हिस्सेदारी

| | 2011 की जनगणना | 2023 की जातिगत गणना |
|---|---|---|
| पिछड़ा वर्ग | 50-53% | 63% |
| अनुसूचित जाति | 15.9% | 19.6% |
| सामान्य | 30-33% | 15.50% |
| अनुसूचित जनजाति | 1.3% | 1.6 % |

नोट: 2011 की जनगणना में पिछड़ा और सामान्य वर्ग की अलग से गणना नहीं हुई थी। इन वर्गों की आबादी का अनुमानित है।





मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि जाति आधारित गणना के लिए सर्वसम्मति से विधानमंडल में प्रस्ताव पारित किया गया था। बिहार विधानसभा के सभी 9 दलों की सहमति से निर्णय लिया गया था कि राज्य सरकार अपने संसाधनों से जाति आधारित गणना कराएगी और 2 जून 2022 को मंत्रिपरिषद से इसकी स्वीकृति दी गई थी। इसके आधार पर राज्य सरकार ने अपने संसाधनों से जाति आधारित गणना कराई है। जाति आधारित गणना से न सिर्फ जातियों के बारे में पता चला है बल्कि सभी की आर्थिक स्थिति की जानकारी भी मिली है।

**पटना।** बिहार सरकार ने जाति आधारित जनगणना की रिपोर्ट सोमवार को जारी कर दी है। मुख्य सचिव आमिर सुबहानी ने यह रिपोर्ट जारी की। इसमें बताया गया है कि राज्य में सबसे ज्यादा पिछड़ा वर्ग की आबादी है।

राज्य कुल 63 फीसदी आबादी इस वर्ग से आती है। इनमें 27 फीसदी आबादी पिछड़ा वर्ग के लोगों की है। वहीं, 36 फीसदी से ज्यादा अति पिछड़ी जातियों की आबादी है। वहीं, अनुसूचित जाति की आबादी करीब 20 फीसदी है। जो 2011 की जनगणना में महज 15.9 फीसदी थी। वहीं, सामान्य वर्ग के लोगों की आबादी 15 फीसदी है। बड़ी बात यह है कि 2011 में हुई जनगणना में राज्य की कुल आबादी 10 करोड़ 40 लाख 99 हजार 452 थी। जो इस सर्वे में बढ़कर 13 करोड़ सात लाख 25 हजार 310 हो गई है। इस तरह बीते 12 साल में राज्य की आबादी में 25.5 फीसदी का इजाफा हुआ है। 2011 की जनगणना के मुताबिक राज्य की कुल आबादी में 15.9 फीसदी आबादी दलित और 1.3 फीसदी आबादी आदिवासी समाज की थी। नए जातिगत सर्व में दलित आबादी 19.65 फीसदी हो गई है। वहीं, आदिवासी आबादी का आंकड़ा भी बढ़कर 1.68 फीसदी हो गया है। जहां तक पिछड़े वर्ग की बात है तो जातिगत जनगणना से पहले माना जाता था कि राज्य में 51 से 52 फीसदी आबादी पिछड़ी जातियों की है। जातिगत जनगणना में यह आंकड़ा 63.13 फीसदी से भी ज्यादा बताया गया है।

# अहिंसा लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकतः सीएम योगी

- मुख्यमंत्री योगी ने बापू व शास्त्री जी को किया याद
- लोकतांत्रिक मूल्यों से झुकाया जा सकता है बड़ी से बड़ी ताकत कोः सीएम



बापू ने पूरी दुनिया को सत्य व अहिंसा का मार्ग दिखाकर यह संदेश दिया कि लोकतांत्रिक मूल्यों का पालन करते हुए दुनिया की बड़ी से बड़ी ताकत को झुकाया जा सकता है। महात्मा गांधी ने स्वदेशी, सत्य व अहिंसा का पालन करते हुए उन अंग्रेजों को देश छोड़ने को मजबूर कर दिया, जिनके बारे में कहा जाता था कि उनके राज्य में सूर्य अस्त नहीं होता। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों व निकायों में स्वच्छांजलि का कार्यक्रम चल रहा है।

**लखनऊ।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को दोनों विभूतियों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के व्यक्तित्व और राष्ट्रहित में उनके अविस्मरणीय योगदान को याद करते हुए कृतज्ञता व्यक्त की।

बापू के सत्य व अहिंसा के संदेश का स्मरण करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अहिंसा लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। बापू (महात्मा गांधी) की जयंती पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को गोरखपुर के टाउनहॉल स्थित उनकी प्रतिमा पर रामधुन के बीच माल्यार्पण व पुष्पांजलि कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ ही देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर सीएम योगी ने शास्त्री चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि कर उन्हें नमन किया। बापू की जयंती पर मुख्यमंत्री गोलघर के गांधी आश्रम भी पहुंचे और चरखा चलाकर उन्हें याद किया। सीएम ने गांधी आश्रम में सूत कातने की विधि को देखने, जानकारी लेने, खादी व ग्रामोद्योग के उत्पादों का अवलोकन करने के बाद खादी के वस्त्र भी खरीदे। गांधी आश्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अहिंसा लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में पूरी दुनिया इसे देख चुकी है। उन्होंने कहा कि पूरा देश आजादी के महानायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती पर नमन कर रहा है। स्वच्छांजलि का कार्यक्रम बापू के इसी अभियान से प्रेरित है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी नमन किया। उन्होंने कहा कि जय जवान-जय किसान का उद्घोष कर सुरक्षा के साथ आत्मनिर्भरता के प्रति आह्वान करने वाले शास्त्री जी बापू के परम अनुयायी भी थे। आज देश व समाज में उनके योगदान को नमन करने का भी अवसर है। इस अवसर पर सांसद रविकिशन शुक्ल, महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ल, एमएलसी डॉ धमेंद्र सिंह, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता आदि भी मौजूद रहे।

# आबादी के हिसाब से होनी चाहिए हिस्सेदारीः राहुल

- भारत के जातिगत आंकड़ों को जानना महत्वपूर्ण है



**नई दिल्ली।** पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि बिहार की जातिगत जनगणना ने साबित कर दिया है कि राज्य में 84 फीसदी लोग अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) हैं और उनकी हिस्सेदारी उनकी आबादी के हिसाब से होनी चाहिए।

उन्होंने कहा, केंद्र सरकार के 90 सचिवों में से केवल तीन ओबीसी हैं, जो भारत के बजट का केवल पांच फीसदी संभालते हैं। इसलिए, भारत के जातिगत आंकड़ों को जानना महत्वपूर्ण है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार ने जनगणना कराई थी लेकिन उसके परिणाम मोदी सरकार ने प्रकाशित नहीं किए। रमेश ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा, बिहार सरकार ने हाल ही में राज्य में अपने द्वारा किए गए जाति सर्वेक्षण के परिणाम जारी किए हैं। पहल का स्वागत करते हुए और कांग्रेस सरकारों द्वारा कर्नाटक जैसे अन्य राज्यों में इसी तरह के पहले के सर्वेक्षणों को याद करते हुए कांग्रेस अपनी मांग को दोहराती है कि केंद्र सरकार जल्द से जल्द राष्ट्रीय जाति जनगणना आयोजित करे। यूपीए-2 सरकार ने वास्तव में इस जनगणना को पूरा किया था, लेकिन इसके परिणाम मोदी सरकार द्वारा प्रकाशित नहीं किए गए थे।

### चित्तौड़गढ़ में 7 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट्स का पीएम मोदी ने शिलान्यास किया

# भाजपा आएगी, गुंडागर्दी जाएगीः मोदी

- चुनाव से पहले गहलोत ने मानी हार
- विकास विरोधी जात-पात पर बांटते



**चित्तौड़गढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजस्थान के चित्तौड़गढ़ आए। उन्होंने सांवलिया सेठ मंदिर के दर्शन किए और फिर 7 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन-शिलान्यास किया। इसके बाद मेला ग्राउंड में आयोजित हुई सभा में पीएम मोदी ने कांग्रेस और प्रदेश की गहलोत सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा आएगी तो गुंडागर्दी जाएगी। मुख्यमंत्री गहलोत उठते-बैठते, सोते-जागते कुर्सी बचाने में लगे रहे और आधी कांग्रेस उन्हें कुर्सी से हटाने में लगी रही। लेकिन, प्रदेश को लूटने के लिए पूरी कांग्रेस एकजुट रही। कांग्रेस ने झूठ बोलकर सरकार बना ली, लेकिन चला नहीं पाई। इसलिए, प्रदेश की जनता कह रही है कि भाजपा को लाना है, कांग्रेस को हटाना है। पीएम मोदी ने कहा- राजस्थान की कांग्रेस सरकार के जाने का काउंटडाउन शुरू हो गया है। दिल्ली में बैठे लोगों को इस बात पर भले ही भरोसा न हो लेकिन, गहलोतजी को ये बात पता है। उन्होंने मान लिया है कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने वाली है। इसीलिए वे कह रहे हैं कि भाजपा सरकार बनने के बाद प्रदेश में चल रहीं उनकी योजनाओं को बंद न किया जाए। मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने अपनी हार को स्वीकार कर लिया है। उन्होंने (गहलोत) इस बात को ईमानदारी से स्वीकार किया है तो मैं उन्हें बता दूं कि मोदी तो आपसे अनेक गुना ईमानदार है। जनहित की योजनाओं को बंद नहीं किया जाएगा, बल्कि उनमें सुधार कर और आगे बढ़ाया जाएगा। पीएम मोदी ने कहा- जिन लोगों ने प्रदेश को लूटने का काम किया है, भ्रष्टाचार किया है, गरीबों को परेशान किया है, उनके खिलाफ कार्रवाई जरूर होगी। यह मोदी की गारंटी है। मोदी की गारंटी मतलब पूरा होने की गारंटी। ये लोग चाहे मोदी को कितनी भी गाली दें, लेकिन भ्रष्टाचार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

### जिसकी जितनी संख्या, उसकी उतनी हिस्सेदारी हो



**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने भी जाति आधारित गणना के आंकड़े जारी होने पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि आज गांधी जयंती पर इस ऐतिहासिक क्षण के हम सब साक्षी बने हैं। भाजपा की अनेकों साजिशों, कानूनी अड़चनों और तमाम षड्यंत्र के बावजूद आज बिहार सरकार ने जाति आधारित सर्वे को रिलीज किया। यह आंकडे वंचितों, उपेक्षितों और गरीबों के समुचित विकास और तरक्की के लिए समग्र योजना बनाने एवं हाशिए के समूहों को आबादी के अनुपात में प्रतिनिधित्व देने में देश के लिए नजीर पेश करेंगे। सरकार को अब सुनिश्चित करना चाहिए कि जिसकी जितनी संख्या, उसकी उतनी हिस्सेदारी हो।

### राजस्थान में वंदे भारत का बड़ा हादसा टला

**उदयपुर।** राजस्थान में उदयपुर जयपुर वंदे भारत ट्रेन 2 अक्टूबर को बड़े हादसे का शिकार हो सकती थी। हालांकि यह हादसा टल गया जिसका पूरा श्रेय ड्राइवर को जाता है। वंदे भारत ट्रेन उदयपुर से निकलने के बाद चित्तौड़गढ़ जिले में गंगरार स्टेशन से जैसे ही निकली, ड्राइवर को ट्रैक पर किसी के द्वारा रखे गए बड़े पत्थर दिखाई दिए। बड़े पत्थरों को देखने के बाद ड्राइवर ने तत्काल ही ब्रेक लगाए।

### दिल्ली में सर्दी की आहट

**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम मानसून की विदाई के बाद दिल्ली में सर्दी की आहट से मौसम खुशगवार हो गया है। अक्तूबर की शुरुआत के साथ ही न्यूनतम तापमान में भी गिरावट होने लगी है। सोमवार को न्यूनतम तापमान तीन डिग्री की गिरावट के साथ 20.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह वर्ष 2011 से अब तक दो अक्तूबर का सबसे कम तापमान है। आमतौर पर आठ से 12 अक्तूबर के दौरान न्यूनतम तापमान 21 डिग्री तक रहता है। सोमवार को दिल्ली का रिज इलाका सबसे ठंडा रहा। यहां का न्यूनतम तापमान 17.1 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि कुछ इलाकों में 19 डिग्री तापमान ने ठंडक का अहसास कराया। हालांकि अभी दिन के समय धूप परेशान कर रही हैं। बावजूद इसके गर्मी की चुभन कम होने से लोग राहत की सांस ले रहे हैं। सोमवार को अधिकतम तापमान 35.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# देवरिया में छह लोगों की निर्मम हत्या

## 14 लोग हिरासत में, गांव में 2 कंपनी पीएसी तैनात, आधे घंटे तक चला तांडव

- नहीं सुनी बच्चों की भी चीख चुन-चुन कर काटा



**देवरिया।** देवरिया के रुद्रपुर के फतेहपुर में छह लोगों की नृशंस हत्या की घटना ने देवरिया से लखनऊ तक खलबली मचा दी है। सीएम योगी के निर्देश पर प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, स्पेशल डीजी प्रशांत कुमार, कमिश्नर अनिल ढींगरा रुद्रपुर के फतेहपुर गांव के लेहड़ा टोले में घटनास्थल पर पहुंचे।

स्पेशल डीजी प्रशांत कुमार ने बताया 14 लोग हिरासत में लिये गए हैं। दोषियों पर कठोर कार्रवाई होगी। थाना स्तर पर लापरवाही हुई है तो कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया गांव में दो कंपनी पीएसी तैनात की गई है। गांव में वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद हैं। देवरिया में सोमवार को एक वीभत्स घटना हुई। यहां जमीन के विवाद में छह लोगों की हत्या हो गई। पहले एक पूर्व जिला पंचायत सदस्य की हत्या की जाती है। उसके बाद प्रतिशोध में गांव की भीड़ आरोपी परिवार पर कहर बनकर टूट पड़ती है। उन्होंने एक लाइन से पूरे परिवार को दर्दनाक मौत दे दी। जिले में रुद्रपुर कोतवाली के फतेहपुर के लेहड़ा टोला पर सोमवार की सुबह भूमि के विवाद में एक पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रेम यादव की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई, उसके प्रतिशोध में उमड़ी भीड़ आरोपी पक्ष सत्यप्रकाश दुबे के दरवाजे पर पहुंच गई। धारदार हथियार और असलहों से लैस लोगों ने पति-पत्नी, दो बेटी, एक बेटे को मार डाला।

देवरिया के रुद्रपुर तहसील के फतेहपुर गांव के लेहड़ा टोले में आपसी रंजिश में हुए विवाद में एक पक्ष के एक व्यक्ति की मौके पर मृत्यु हुई तथा दूसरे पक्ष के छह लोगों को घायल अवस्था में मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां पांच लोगों की मृत्यु हुई। मामले पर स्पेशल डीजी कानून व्यवस्था एवं अपराध प्रशांत कुमार का कहना है कि प्रथम दृष्ट्या घटना आपसी रंजिश से संबंधित है। सोमवार सुबह प्रेम यादव सत्यप्रकाश दुबे के घर पर आए थे, जिसमें कहासुनी हुई और सत्यप्रकाश दुबे और उनके परिजनों ने प्रेम यादव की धारदार हथियार से हत्या कर दी।

#### सीएम ने जताया दुःख



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देवरिया जिले में हुई घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।

### मेघालय में 5.2 तीव्रता का भूकंप

**शिलॉन्ग।** मेघालय और आसपास के राज्यों में 5.2 तीव्रता का भूकंप आया है। फिलहाल जानमाल या संपत्ति के नुकसान की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं है। भूकंप शाम 6.15 बजे पूर्वोत्तर राज्य के उत्तरी गारो हिल्स जिले में 10 किमी की गहराई पर आया। भूकंप का केंद्र जिला मुख्यालय रेसुबेलपारा से लगभग 3 किमी दूर था। झटका आस-पास के राज्यों जैसे असम, पश्चिम बंगाल के उत्तरी भाग और सिक्किम में भी महसूस किया गया। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि हमें जानमाल के नुकसान या संपत्ति के नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। पूर्वोत्तर राज्य उच्च भूकंपीय क्षेत्र में आते हैं और इस क्षेत्र में अक्सर भूकंप आते रहते हैं। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक, धरती के अंदर बढ़े दबाव के मद्देनजर अब भूकंप के बाद भी कई झटके महसूस हो सकते हैं।

# महाराष्ट्र के अस्पताल में 12 नवजात समेत 24 की मौत

- दवाइयों की कमी बताई जा रही वजह
- मामला डॉ. शंकरराव चव्हाण मेडिकल कॉलेज का



**मुंबई।** महाराष्ट्र के नांदेड़ में एक सरकारी अस्पताल में पिछले 24 घंटों में 12 नवजात शिशुओं समेत 24 मरीजों की मौत का मामला सामने आया है। अस्पताल के डीन ने इसके लिए दवाओं और अस्पताल के कर्मचारियों की कमी को जिम्मेदार ठहराया है। मामला नांदेड़ के डॉ. शंकरराव चव्हाण मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का है।

अस्पताल के डीन ने बताया कि पिछले 24 घंटों में हुई 24 मौतों में से 12 वयस्कों की मौत कई बीमारियों (ज्यादातर सांप के काटने) के कारण हुई। पिछले 24 घंटों में हुई मौतों में 12 मासूम बच्चे भी शामिल हैं, जिनमें छह लड़के और छह लड़कियां शामिल हैं।

कर्मचारियों के स्थानांतरण के कारण हमें कुछ कठिनाई का सामना करना पड़ा। उन्होंने बताया कि हम तृतीयक स्तर के देखभाल केंद्र हैं। 70 से 80 किलोमीटर के दायरे में यह इकलौता ऐसा केंद्र है। इसलिए मरीज दूर-दूर से भी हमारे पास आते हैं। कुछ दिनों में रोगियों की संख्या बढ़ गई है।

# पश्चिमी यूपी अलग राज्य बनेगाः बालियान

- मेरठ होगी राजधानी
- विदेश से भी आए समाज के प्रतिनिधि



**मेरठ।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाने की मांग का समर्थन करते हुए केन्द्रीय राज्य मंत्री संजीव बालियान ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश अलग राज्य बनना चाहिए और मेरठ को इस नए प्रदेश की राजधानी बनाया जाना चाहिये।

अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद को यहां संबोधित करते हुए बालियान ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश अलग राज्य बनना चाहिए और मेरठ इस नए प्रदेश की राजधानी बने। उन्होंने कहा कि यहां की आबादी आठ करोड़ है और उच्च न्यायालय यहां से 750 किलोमीटर दूर हैं, ऐसे में यह मांग पूरी तरह जायज है। जाट सांसद में पश्चिमी उप्र अलग राज्य बनाने का मुद्दा उठा। इसके अलावा जाट संसद में केंद्र में ओबीसी वर्ग में आरक्षण, बेगम पुल रैपिड स्टेशन का नाम चौधरी चरण सिंह के नाम पर रखने की मांग की गई। इस मौके पर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, सर छोटू राम और राजा महेंद्र सिंह को भारत रत्न दिए जाने तथा देश के नए संसद भवन में महाराजा सूरजमल का स्मारक लगाये जाने आदि की मांग भी की गई। इस संसद में सभी पार्टियों के जाट समाज के जन प्रतिनिधि शामिल हुए। जिसमें सामाजिक, राजनीति व वर्तमान और पूर्व प्रशासनिक अधिकारी भी शामिल हुए। अपने संबोधन में बालियान ने जाटों को राष्ट्रवादी कौम बताते हुए कहा, इसका कोई तोड़ नहीं है, लेकिन राजनीति में सभी को साथ लेकर चलने की जरूरत है, सबके बिना तो कोई गांव में प्रधान भी नहीं बन सकता। जाट आरक्षण पर बालियान ने कहा ये कहना गलत है कि अदालत में सरकार की लचर पैरवी से आरक्षण खत्म हुआ। सरकार ने पूरी मजबूती से पक्ष रखा।

आगे जो भी आरक्षण की बात करेगा मैं उसके पीछे रहूंगा। जाट आरक्षण संघर्ष समिति के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल मलिक ने कहा आरक्षण की मांग पूरा करने के लिए राजनेताओं का सहारा लेना होगा। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मोहित बेनीवाल ने जाट समाज से देश को विश्व गुरु के रूप में स्थापित करने में योगदान करने की अपील की। अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के संयोजक रामावतार पलसानिया ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद में विदेशों से आए जाट समाज के लोग पहुंचे हैं।

### दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पहुंचना हुआ आसान

**नई दिल्ली।** दिल्ली की इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से दुनिया भर में फ्लाइट्स जाती है जहां आए दिन हजारों लाखों की संख्या में यात्री पहुंचते हैं। लेकिन एयरपोर्ट के बाहर कई बार काफी अधिक ट्रैफिक जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है या फिर एयरपोर्ट पहुंचने में अधिक समय लग जाता है। हालांकि आने वाले दिनों में इस समस्या से यात्रियों को निजात मिलेगी। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इसकी घोषणा की है। उन्होंने बताया कि अर्बन एक्सटेंशन रोड को आने वाली दो से तीन महीना में खोल दिया जाएगा। इस रोड के खुलने से एयरपोर्ट पहुंचना बेहद आसान होगा। बता दे कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने यह जानकारी प्राग में आयोजित होने वाली 27वीं वर्ल्ड रोड कांग्रेस में भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत के दौरान दी है। गौरतलब है कि इस रोड के खुलने से एयरपोर्ट जाने वाले यात्रियों को काफी आसानी होगी।

**वजू-स्थल** छह अक्टूबर तक देनी है रिपोर्ट, फिर समय मांगेगी एएसआई

# ज्ञानवापी में सर्वे का 59वां दिन पूरा

- अदालत ने बयान बाजी पर लगाई रोक
- चार अगस्त से जारी है सर्वे



जिला जज की अदालत के आदेश से 24 जुलाई 2023 को एएसआई ने सर्वे शुरू किया था। लगभग साढ़े पांच घंटे बाद सुप्रीम कोर्ट के आदेश से सर्वे रोक दिया गया। सुप्रीम कोर्ट और फिर इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश से सर्वे दोबारा 4 अगस्त से शुरू हुआ। 15 अगस्त को सार्वजनिक अवकाश था। इस बीच 4 से 9 अगस्त के बीच चार वादिनी महिलाओं ने हिंदू धर्म से जुड़े कई प्रतीक चिन्ह व अन्य सामग्रियां मिलने का दावा किया गया।

**वाराणसी।** वाराणसी के बहुचर्चित ज्ञानवापी में सोमवार को एएसआई सर्वे का 59वां दिन रहा। एएसआई की टीम सुबह नौ बजे परिसर में दाखिल हुई और शाम पांच सुरक्षा के बीच बाहर निकली।

पुलिस और प्रशासनिक अफसरों के अनुसार दोनों पक्षों और उनके अधिवक्ताओं की मौजूदगी में सर्वे का काम शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा है। वजू-स्थल को छोड़कर संपूर्ण परिसर का सर्वे के लिए कोर्ट से निर्धारित अब महज कुछ ही दिन बचे हैं। सर्वे रिपोर्ट छह अक्तूबर तक जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में पेश की जानी है। जिलाधिकारी को साक्ष्य मुहैया कराने है। अब फिर से इस बात की चर्चा शुरू हो गई है कि सर्वेक्षण के लिए एएसआई की ओर से अदालत से और समय की मांग की जा सकती है। ज्ञानवापी में सर्वे की शुरुआत से अब तक तमाम उतार-चढ़ाव देखने को मिले हैं। सर्वे के 50वें दिन यानी बीते 23 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काशी के दौरे पर थे। उन्होंने पहली बार संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में मातृ शक्ति के बीच मां श्रृंगार गौरी का जिक्र किया था। साथ ही श्री काशी विश्वनाथ धाम का पुनरुद्धार कराने वाली अहिल्याबाई होल्कर को नमन किया था। हिंदू पक्ष की बढ़ती बयानबाजी पर जिला जज की अदालत ने नाराजगी जताई और 10 अगस्त 2023 को सख्त रुख अख्तियार किया। अदालत ने कहा कि मामले से जुड़े पक्षकार व उनके अधिवक्ता, सरकारी वकील, एएसआई या जिला पुलिस-प्रशासन के अफसर मामले में बयानबाजी नहीं करेंगे। सीलबंद रिपोर्ट अदालत में प्रस्तुत होगी। इस बीच सर्वे को लेकर कोई भ्रामक समाचार प्रकाशित हुआ तो मामले में कानूनी कार्रवाई की जा सकेगी।

# जिलें में हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी गांधी व शास्त्री जयंती

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व शास्त्री जी की जयंती पर प्रातः डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने अपने कैम्प कार्यालय सहित कलेक्ट्रेट परिसर में



राष्ट्रीय ध्वज फहराया। फिर राष्ट्रगान हुआ और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के जय घोषों से परिसर गूंज उठा। डीएम ने राष्ट्रगान गाने वाली बलिकाओं को पुरस्कृत किया। इसके उपरान्त कलेक्ट्रेट सभागार में विचार गोष्ठी आयोजित की गयी।सर्वप्रथम डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एडीएम संजय सिंह ने गांधी व शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। डीएम ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रितों (मनोज श्रीवास्तव, ध्रुव पुरी, मनीष धवन, नंदकुमार मिश्रा, ब्रह्मऋषि नागर) को शाल ओढ़ाकर एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने विचार गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा कि गांधी व शास्त्री विचारधारा का अनुकरण करना चाहिए, इनके विचारों से समाज में परिवर्तन आयेगा। क्योंकि गांधी गीरी एक भावना हैं। हम सबको गांधी जी के बताये मार्ग पर चलना चाहिए। इन दो विभूतियों ने देश को गौरवान्वित किया है, गांधी जी ने सत्य, अंहिसा के बल पर भारत को स्वतंत्र कराया। जय जवान जय किसान का नारा देने वाले लाल बहादुर शास्त्री ने देश को विश्व पटल पर पहचान दिलायी। गांधी जी ने नारी शिक्षा पर विशेष बल दिया। वे सामाजिक स्वतंत्रता के पक्षधर थे। गांधी व शास्त्री ऐसे असाधारण व्यक्तित्व के धनी थे, जो सदियों तक प्रेरणा श्रोत बने रहेंगे। हमें उनके बताये मार्ग पर चलना चाहिए।

एडीएम ने कहा कि भारतीय स्वाधीनता आंदोलन को नई दिशा एवं नई गति देने में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का अतुलनीय योगदान रहा है। सत्याग्रह एवं सविनय अवज्ञा आंदोलन के माध्यम से उन्होंने सभी वर्गों में आजादी की लौ को प्रज्वलित की। देश की राजनीतिक, सांस्कृतिक, सामाजिक समरसता के माध्यम से महात्मा गांधी ने राष्ट्र को एक सूत्र में पिरो कर सशक्त राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। उन्होंने शास्त्री जी के भी व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह ने गांधी व शास्त्री के विषय में सारगर्भित विचार व्यक्त किये।

# जिला पंचायत ने अमृत सरोवर तालाब का निर्माण बहुत ही अच्छे से किया हैः मिनिष्ती एस



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** खीरी में शासन से नामित जिले की नोडल अधिकारी आयुक्त, वाणिज्य कर मिनिष्ती एस ने जिला पंचायत द्वारा निर्मित महमूदाबाद स्थित अमृत सरोवर तालाब का निरीक्षण किया नोडल अधिकारी आयुक्त, वाणिज्य कर मिनिष्ती एस ने साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया नोडल अधिकारी ने गहनता के साथ जांच-पड़ताल की नोडल अधिकारी ने अमृत सरोवर तालाब पर ही ध्वजारोहण भी किया नोडल अधिकारी आयुक्त, वाणिज्य कर मिनिष्ती एस ने निरीक्षण के दौरान कहा कि जिला पंचायत ने अमृत सरोवर तालाब का निर्माण बहुत ही अच्छे से किया है यह तालाब आने वाले समय में आमजन मानस के लिये इतिहास रचेगा और आमजन मानस को घूमने के लिये अच्छा तालाब मिल गया है नोडल अधिकारी ने जिला पंचायत द्वारा निर्मित तालाब का निर्माण करने वाली टीम की प्रंशसा भी की इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेन्द्र सिंह , अपर मुख्य अधिकारी जागन सिंह बृजेश सिंह ,मिथिलेश सिंह ,सूरज सिंह व जिला पंचायत का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान जच्चा और बच्चा की मौत, परिजनों ने डॉक्टरों पर गलत इलाज करने का लगाया आरोप

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** नौरंगाबाद स्थित निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान जच्चा और बच्चा की मौत हो गई। इससे गुस्साए परिजनों ने डॉक्टरों पर गलत इलाज करने का आरोप लगाते हुए देर रात तक हंगामा किया। रात 12 बजे के करीब पुलिस को सूचना मिली तो मौके पर पहुंची और परिजनों को शांत कराया जानकारी के मुताबिक गोला कस्बे के मुन्नूगंज निवासी नैंसी गुप्ता को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन उसे शाम शहर के एक नर्सिंग होम लेकर पहुंचे थे। इस दौरान डॉक्टरों ने प्रसव की बात कहते हुए गर्भवती का प्रसव करवाया, लेकिन नवजात की मौत हो गई प्रसूता की मां ने आरोप लगाया कि डॉक्टरों की लापरवाही की वजह से पहले बच्चे की मौत हो गई। इस पर परिजन ने डॉक्टरों से नैंसी की हालत के बारे में पूछा। डॉक्टरों ने बताया कि नैंसी की हालत ठीक है। उसे हम लोग ठीक कर लेगें। लेकिन एक घंटे बाद प्रसूता नैंसी की भी मौत हो गई। पहले बच्चा और बाद में जच्चा की मौत का पता चला तो परिजन आक्रोशित हो गए। अस्पताल पर गलत इलाज का आरोप लगाते हुए रात में ही हंगामा किया सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझा बुझाकर शांत करवाया। लेकिन, परिजन अस्पताल पर कार्रवाई की मांग को लेकर अड़े रहे। उधर, अस्पताल प्रबंधन ने परिवार वालों के आरोपों को गलत बताया। पुलिस का कहना है कि मामले में तहरीर मिलने पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# हत्या के छह दिन बाद कराया गया किशोरी के शव का पोस्टमार्टम

**लखीमपुर खीरी।** नीमगांव के एक गांव निवासी किशोरी के शव का पोस्टमार्टम उसकी हत्या के छह दिन बाद कराया गया। मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में रविवार को शव कब्र से बाहर निकाला गया। रिपोर्ट में किशोरी की गला दबाकर हत्या की बात सामने आई है मृतका के भाई ने दर्ज मुकदमे में बताया था कि उसकी सगी बहनें सोमवार की रात एक चारपाई पर सो रही थीं। अगले दिन छोटी बहन मृत अवस्था में मिली। मौत की वजह नहीं पता थी, इसलिए अंतिम संस्कार कर दिया। बाद में बड़ी बहन ने बताया कि घटना की रात उसका प्रेमी मिलने घर आया था। छोटी बहन ने उसे देख लिया और विरोध किया। इस पर आरोपी सचिन ने गला दबाकर हत्या कर दी इस खुलासे के बाद पुलिस ने मृतका के भाई की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। रविवार को एसडीएम मितौली विनीत उपाध्याय, सीओ सुबोध जायसवाल, तहसीलदार मितौली सुखवीर सिंह की मौजूदगी में किशोरी का शव कब्र से बाहर निकाला गया। तीन डॉक्टरों के पैनल ने पोस्टमार्टम किया। नीमगांव थानाध्यक्ष ने बताया कि रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या की बात सामने आई है कई बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

# गांधी जयंती पर जिला जज ने किया स्वच्छता जागरूकता अभियान का शुभारंभ



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश व जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेश पर 02 से 08 अक्टूबर तक स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का शुभारम्भ सोमवार को जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया।महात्मा गांधी जयन्ती के अवसर पर जनपद न्यायाधीश /अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उपस्थित सम्मानित न्यायिक अधिकारीगणों ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। 02 से 08 अक्टूबर के मध्य आयोजित होने वाले ÷स्वच्छता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत जनपद के आमजनमानस को स्वच्छता के लिए जागरूक करने हेतु प्रभात फेरी का आयोजन हुआ। इस अवसर पर जनपद के राजकीय इण्टर कॉलेज एंव धर्मसभा इण्टर कॉलेज के उपस्थित छात्रों को जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दीवानी न्यायालय परिसर के प्रांगण से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गया। इस प्रभात फेरी के माध्यम से शहर के मुख्य मुख्य स्थानों पर जाकर स्वच्छता जागरूकता अभियान का प्रचार-प्रसार करने वअधिकाधिक संख्या में जनसामान्य को स्वच्छता के लिये प्रेरित किया।

# सफाईकर्मियों के सम्मान के साथ नोडल ने किया स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का समापन

## स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा ~ शहरी क्षेत्र के 25, ग्रामीण क्षेत्र के 35 सफाई कार्मिक हुए सम्मानित

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।**स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत कचरा मुक्त भारत की थीम पर आधारित 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा का कलेक्ट्रेट में सफाई कार्मिकों के सम्मान समारोह के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन डीपीआरओ सौम्यशील सिंह ने किया।सोमवार को गांधी जयंती के अवसर पर नोडल अधिकारी आयुक्त, वाणिज्यकर मिनिष्ती एस. ने डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह के साथ महात्मा गांधी एवं शास्त्री जी ने चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की। नोडल अधिकारी ने सफाईकर्मियों को सम्मानित करते हुए जनपदवासियों से आह्वान किया कि स्वच्छता का कार्य सिर्फ सफाईकर्मियों पर छोड़ने की बजाए जन-जन का अभियान बनाना होगा। स्वच्छता के लिए सामूहिक रूप से अभियान चलाने का संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोकर सशक्त बनाने में प्रमुख भूमिका का



निर्वहन किया है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं शास्त्री जी का जन्मदिन हमारे देश के उन सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं क्रांतिकारियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का एक बेहतर अवसर है, जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम की बलिवेदी पर अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। यह दिन हम सबको राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के आदर्शों सिद्धांतों एवं उनके सभी विचारों को अपनाने के साथ ही उनके पद चिन्हों पर चलने का शुभ अवसर प्रदान करता है। उन्होंने जिला प्रशासन की पूरी टीम के कार्यों की सराहना की। कहा कि जब जब वह खीरी आई तो उन्हें कुछ सीखने को मिला।डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता। बचपन से ही मुझे स्वच्छता का शौक है। सफाई कार्मिकों की समाज में महत्वपूर्ण भूमिका है। शास्त्री जी समाज के लिए कम संसाधन से बड़े लक्ष्य हासिल करने का एक बड़ा उदाहरण है। शिक्षा एक ऐसा साधन है, जिससे ऊंचे से ऊंचा मुकाम आसानी से हासिल किया जा सकता है। बच्चों को जरूर पढ़ाए। बच्चों को प्रेरणा दें कि वह बड़ा लक्ष्य लेकर मेहनत से उसे हासिल करें।नोडल अधिकारी ने डीएम, सीडीओ संग पंचायती राज विभाग के ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत 35 सफाई कार्मिकों एवं नगरीय क्षेत्र के 25 सफाई कार्मिकों को शाल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। स्वच्छता पखवाड़ा के तहत माध्यमिक विद्यालयों में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को नगद धनराशि एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के संयोजक जीआईसी के अध्यापक विष्णु दत्त भार्गव एवं डॉ प्रेमपाल को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम में सीडीओ संजय कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह, एसडीएम श्रद्धा सिंह, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, डीपीआरओ सौम्यशील सिंह, डीसी मनरेगा विपिन चौधरी, ईओ नगर पालिका संजय कुमार सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे

# महात्मा गांधी एव लालबहादुर शास्त्री के जीवन दर्शन पर विचार गोष्ठी का किया गया आयोजन



**लखीमपुर खीरी।** युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय लखीमपुर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एंव पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती हर्षोल्लास के साथ मनायी गई। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. हेमन्त पाल ने ध्वजारोहण कर महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण किया। ध्वजारोहण के पश्चात महात्मा गांधी पर एव लालबहादुर शास्त्री के जीवन दर्शन पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठि में विषय प्रवर्तन करते हुए दर्शनशास्त्र, विभागाध्यक्ष प्रो. सुभाष चन्द्रा ने गांधी जी के विचारों की प्रासंगिकता को रेखांकित करते हुए कहा कि गाँधी जी के द्वारा प्रतिपादित सिद्धांत और कार्य वर्तमान में समूचे विश्व को नई दिशा प्रदान कर रहे है। आज विशेष कर युवा सोच पर गाँधी चिन्तन का प्रभाव बढ़ रहा है। प्राचार्य प्रो0 हेमन्त पाल ने विचार गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आज गांधी पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हैं। गांधी जी ने मानव जीवन और व्यवहार के सभी क्षेत्रों में कार्य कर जनमानस को प्रभावित किया है। वर्तमान में उनके द्वारा दिये गये सिद्धांतों पर चलने की आवश्यकता है। गोष्ठी में प्रो0 नीलम त्रिवेदी, डा0डी0 एन0 मालपानी तथा प्रो0 विशाल दिवेदी ने सत्य अहिंसा, और सवेदिय के सिद्धान्तों पर चर्चा करते हुए छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। विचार के पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने धीमी गति से चलते हुए महाविद्यालय परिसर से प्लास्टिक कचरे को एकत्र कर प्लाग रन का आयोजन किया तथा स्वच्छता शपथ ली। कार्यक्रम में महाविद्यालय सभी शिक्षकगण, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्रायें उपस्थित रहें।

# अपर मुख्य अधिकारी जागन सिंह ने पंचायत सदस्यों व जिला पंचायत के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ किया श्रमदान



**लखीमपुर खीरी।** स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह व विधायक पलिया प्रतिनिध बृजेश सिंह जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी जागन सिंह ने जिला पंचायत के आवासीय परिसर एंव जिला पंचायत कार्यालय परिसर में पंचायत सदस्यों व जिला पंचायत के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ किया श्रमदान इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य मिथिलेश सिंह, अभियंता राकेश सिंह ,अवर अभियंता मनीष वर्मा, रमेश विश्वकर्मा, राजीव कुमार सिंह, लक्ष्मी कान्त दिनेश यादव ,मतनी उल्ला खाँ, धमेंद्र यादव, कमलेश कुमार, सुनील कुमार राज, अलका मिश्रा, ज्योति गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

# 950 ग्राम अवैध गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा 01 नफर अभियुक्त सुनील कुमार पुत्र स्व0 छोटेलाल निवासी ग्राम गोगावां थाना भीरा जनपद खीरी को 950 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त सुनील कुमार के विरुद्ध मु0अ0सं0 502/2023 धारा 8/20 हृष्ठक्क:ष्ठ्ठ के तहत अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान न्यायालय किया गया।

# जिले भर में धूमधाम से मनाई गई गांधी व शास्त्री जयंती

*अवधनामा संवाददाता*

**सीतापुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती सोमवार को जिले भर में धूमधाम से बनाई गई। सरकारी दफ्तरों से लेकर स्कूल कालेजों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से दोनों महापुरुषों को याद किया गया।

अपर जिलाधिकारी राम भरत तिवारी ने कलेक्ट्रे परिसर में गांधी जी व लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्रों का अनावरण एवं माल्यार्पण किया। इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट अमृता सिंह, डिप्टी कलेक्टर आकांक्षा गौतम, डिप्टी कलेक्टर अजय कुमार सिंह आदि अधिकारियों व कर्मचारियों ने गांधी जी व लाल बहादुर जी के चित्रों पर माल्यार्पण किया। विपिन चन्द्र वर्मा ''श्याम जी'' एवं उनकी टीम द्वारा कलेक्ट्रेट में रामधुन भजनों की प्रस्तुती की गयी। अपर जिलाधिकारी राम भरत तिवारी ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में गांधी जी के संघर्षो एवं योगदान को याद करते हुये सराहना भी की। गांधी दर्शन की वर्तमान में उपादेयता एवं प्रासंगिकता के विषय में बताया। दूसरी तरफ पुलिस लाइंस में एसपी चक्रेश मिश्रा व अन्य अधिकारियों ने बापू व लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण किया। जिला खेल विभाग द्वारा मेजर ध्यान चन्द्र स्टेडियम में दौड़ का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने हरी झण्डी दिखाकर किया। सीनियर बालक वर्ग अतुल कश्यप प्रथम, गौरव पाण्डेय द्वितीय व विनोद राज तृतीय स्थान पर रहे। जूनियर बालक वर्ग में गोविन्द प्रथम स्थान पर, द्वितीय श्रावित व तृतीय स्थान पर अतुल यादव रहे। तथा सीनियर बालिका वर्ग में अंजली राज प्रथम, अलका राज द्वितीय व कामिनी तृतीय तथा सांत्वना में आयशा, शिवालिका एवं कनक रहीं। दौड़ प्रतियोगिता में लगभग 102 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इधर मानपुर क्षेत्र के स्वामी विवेकानन्द इंटर कॉलेज बलदेव नगर में गांधी व



शास्त्री जयंती मनाई गई। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक विनय सिंह चौहान, प्रधानाचार्य अरशुद्दीन खान (रहबर प्रतापगढ़ी) आदि मौजूद रहे।

## जयंती पर चलाया स्वच्छता अभियान



**सीतापुर।** वीएमआरएस पब्लिक स्कूल औरंगाबाद में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। विद्यार्थियों ने कविताओं, भाषण व भजनों के माध्यम से श्रद्धांजलि देकर इनके जीवन पर प्रकाश डाला।

अध्यापकों ने महापुरुषों के जीवन का चित्रण करते हुए बताया कि आज भी हम इन महापुरुषों के विचारों को अंगीकृत करके अपने देश व समाज का उत्थान कर सकते हैं। छात्राओं ने कई शानदार प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया व विद्यार्थियों ने विद्यालय प्रांगण की सफाई का कार्य किया। विद्यालय प्रबंधक विनीत मिश्र ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि देश को गंदगी से निजात दिलाने के लिए हम सबको एक साथ मिलकर ऐसे ही कार्य करते रहना होगा। तभी पूज्य बापू के स्वच्छ भारत का सपना साकार हो सकेगा।

# महापुरुषों को अर्पित किए श्रद्धा सुमन

*अवधनामा संवाददाता*

**सीतापुर।** एचआरए मांटेसरी इंटर कालेज पीतपुर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर तरह-तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए। सोमवार की सुबह दोनों महापुरुषों को याद करते हुए छात्र-छात्राओं ने प्रभात फेरी



निकाली। इस दौरान स्वच्छता का संदेश दिया। विद्यालय के प्रबंधक मोहम्मद जुबेर अंसारी द्वारा कालेज में झंडा रोहण किया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमाओं का अनावरण एवं माल्यार्पण किया। रामधुन व भजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या अर्चना सिंह ने छात्र-छात्राओं को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन के बारे में बताया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रबंधक मोहम्मद जुबेर अंसारी ने छात्र-छात्राओं को मिठाई आदि वितरित की। इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्य सगीर हुसैन, मोहम्मद सिराजुल हसन अंसारी, मोहम्मद आदिल, आभास प्रताप सिंह, शिवांश सिंह, अनूप कुमार, पवन शुक्ला, प्रवीण सिंह, मोहम्मद साकिब, पारस सक्सेना, सुफ्यिान अंसारी, अंजना वर्मा, मधुलिका सिंह, सुधा श्रीवास्तव संगीता महाराणा, शादमा खानम, प्रीति सहाय, शिल्पी पाण्डेय, साहिबा परवीन, दीक्षा वर्मा, दीपिका श्रीवास्तव, सनोवर रिजवी आदि अध्यापक व अध्यापिकाएं मौजूद रहीं।

# देश की राजधानी में क्षेत्र का गौरव बढ़ाएगी गांव की माटीः राकेश राठौर



*अवधनामा संवाददाता*

**सीतापुर।** हमारे घर , आंगन की माटी देश की राजधानी दिल्ली में क्षेत्र का गौरव बढ़ाएगी। यह माटी दिल्ली के कर्तव्यपथ पर अमृत वाटिका में प्रयोग की जाएगी। यह हम सभी के लिए गर्व का विषय है कि हमारे क्षेत्र की माटी भी दिल्ली जा रही है। यह बात नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु ने खैराबाद विकास खंड कार्यालय पर कही। राज्यमंत्री मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के तहत खैराबाद खंड विकास कार्यालय पर पहुंचे थे। वे बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि लोग दिल्ली जाने के लिए उत्सुक रहते हैं, सोंचते हैं कि कब वह मौका आएगा, जब उन्हें देश की राजधानी देखने को मिलेगी। अब स्थिति यह है कि व्यक्ति ही नहीं, हर घर की माटी दिल्ली पहुंचेगी। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो यह अभियान चलाया, वह देश की एकता, अखंडता को मजबूत करेगा। गांव-गांव व मोहल्ले-मोहल्ले से आए अमृत कलश को दिल्ली भेजा जाएगा। देश की राजधानी में बन रही अमृत वाटिका में इसका प्रयोग किया जाएगा। जब खैराबाद क्षेत्र के लोग दिल्ली पहुंचेगे, तब उन्हें अपने गांव की माटी का दिल्ली में मौजूद होने का एहसास होगा। इस मौके पर खैराबाद विकास खंड क्षेत्र के 79 गांवों से मिट्टी लेकर अमृत कलशों को खैराबाद खंड विकास कार्यालय पर एकत्र किया गया। कार्यक्रम में मौजूद सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री की सोंच देश की एकता को मजबूती देती है।

# अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल पहुंची रायबरेली

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने रायबरेली जनपद के सिविल लाइन स्थित बीएसएस पब्लिक स्कूल में आयोजित पार्टी की मासिक बैठक सह जिला कार्यकर्ता सम्मेलन में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करते हुए कहा कि बापू केवल देश की आज़ादी के नायक के साथ साथ दुनिया को शांति व अहिंसा का संदेश देने वाले महापुरुष भी थे। पटेल ने कहा कि बापू ने आज़ादी के साथ साथ स्वच्छ भारत का भी सपना देखा था, जिसे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पूरा किया है। केन्द्रीय मंत्री श्रीमती पटेल ने कहा कि लोकतंत्र में संख्या बल ही महत्वपूर्ण होता है और प्रतिनिधियों की संख्या में वृद्धि के लिए संकल्प लें कि बूथ को मजबूत करेंगे। इसके लिए हमें ज्यादा से ज्यादा लोगों को बूथ स्तर पर जोड़ना होगा। चौक चौराहों पर पार्टी की नीतियों- विचारों की चर्चा करनी होगी। पटेल ने कहा



कि यदि जनता के समर्थन को वोट में तब्दील करना है तो हमें बूथ को मजबूत करना होगा। जाति जनगणना व ओबीसी मंत्रालय का हो गठन~ केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि हमारी पार्टी अपना दल एस शुरू से जाति जनगणना की पक्ष धर रही है और निरंतर इस मुद्दे को मजबूती से उठाती रही है। उन्होंने कहा कि समय की मांग है जाति जनगणना। उन्होंने कहा कि अपना दल एस पिछड़ों की समस्या के निदान के लिए ओबीसी मंत्रालय की मांग करती है। ये समय की मांग है। श्रीमती पटेल ने कहा कि अपना दल एस लोकतंत्र के सभी स्तंभों में सामजिक विविधता की पक्षधर रही है। हमारी पार्टी न्यायपालिका सामजिक विविधिता की पक्षधर रही है। न्यायपालिका में समाज के दलित पिछड़ों की उचित भागीदारी के लिए अखिल भारतीय न्यायिक सेवा का गठन हो। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाल, राष्ट्रीय महासचिव अरबी सिंह, पूर्व सांसद नागेंद्र सिंह पटेल, डॉ जमुना प्रसाद सरोज, रमाशंकर पटेल, पूर्व कारागार मंत्री व विधायक जय कुमार सिंह जैकी, विधायक जीत लाल पटेल, विधायक सरोज कुरील, विधायक डॉ सुरभि, विधायक डॉ सुनील पटेल, विधायक डॉ आरके पटेल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ओपी कटियार, राष्ट्रीय सचिव अर्चना पटेल, विनोद गंगवार, गिरजेश पटेल, मुन्नर प्रजापति, राष्ट्रीय सलाहकार राजेंद् पाल, जवाहर लाल पटेल, राम प्रगत पटेल, प्रदेश प्रवक्ता राजेश श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष सतेंद्र पटेल, प्रदेश सचिव आलोक पटेल, शिवमोहन पटेल, मानसिंह पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष पवन पटेल, अरविंद जैसवाल, अभय सोनकर, इंद्रेश पटेल, दिनेश चौधरी, अतुल पटेल, महेश राज, राम बहादुर यादव सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सचिव के के पटेल एवं अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कुँवर सतेंद्र पटेल ने किया।

# महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज, रायबरेली।** कस्बा सहित संपूर्ण क्षेत्र में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। बताते चलें कि, तहसील परिसर में उप जिलाधिकारी राजित राम गुप्ता, क्षेत्राधिकारी कार्यालय में क्षेत्राधिकारी इंद्रपाल सिंह, खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह, अधिशासी अधिकारी अपर्णा मिश्रा, उपनिबंधन कार्यालय में व अधीक्षक एस पी सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और कोतवाली परिसर में कोतवाली प्रभारी बालेंन्दू गौतम ने महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर सर्वप्रथम झंडा रोहण कर पुष्प अर्पित किए। तथा नेता जी सुभाष चंद्र बोस नगर विकास मंच द्वारा भी महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज में मरीजो को फल वितरित किए गए। इस मौके पर संदीप वैश्य, कमलाकर विक्रमादित, सोमनाथ वैश्य, फिरोज अहमद, रिंकू जायसवाल, रमजान अली, सरदार पिंकल सिंह, प्रशांत जायसवाल, आदि लोग उपस्थित रहे।

# उद्यान मंत्री ने राष्ट्रपिता और शास्त्री की विचारधारा को अपनाने का दिया संदेश

**रायबरेली।** उद्यान मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जयंती पर जिला पंचायत सभागार में उनके चित्रों पर पुष्प चढ़ा कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उद्यान मंत्री ने सभागार में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता की सत्य और अहिंसा की विचारधारा से ही प्रभावित होकर विश्व के कई देशों ने आजादी पाई है। आज भी राष्ट्रपिता की प्रासंगिकता बनी हुई है। उन्होंने लाल बहादुर शास्त्री को याद करते हुए कहा कि उनके जय जवान जय किसान के नारे से ही भारत आत्मनिर्भर बन सका।

इसके उपरांत उद्यान मंत्री सुपरमार्केट स्थित गांधी खादी भण्डार गए ,जहां उन्होंने राष्ट्रपिता के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वदेशी अपनाने और चरखा चला कर विदेशी कपड़ो का बहिष्कार आंदोलन चलाकर हमें आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया।

## प्रदेश अध्यक्ष ने मेहदी रिज़्वी को बनाया प्रदेश सचिव



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने प्रदेश के 92 अधिवक्ता को प्रदेश सचिव पद देकर पार्टी को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी है। इस क्रम में सिद्धार्थनगर से मेंहदी रिज़्वी को जिम्मेदारी दी गई है। अपने संबोधन में मेंहदी रिज़्वी ने कहा कि जिस भरोसे पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने मुझे यह जिम्मेदारी दी है उसको में तन मन और धन से पूरा कर पार्टी को आने वाले 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में पार्टी के जनाधार को बढ़ाने के साथ सिद्धार्थनगर में पार्टी का परचम बुलन्द करने में कोई कोर कसर नही छोडूंगा। उन्होंने सिद्धार्थनगर की अवाम से कहा है कि आज प्रदेश की सरकार की नाकामियों के चलते जनपद में किसानों गरीबों बेरोजगारी की स्थित बेहद खराब हो चुकी है। जिसके चलते आज हर जनमानस परेशान है। यही जब समाजवादी पार्टी की सरकार थी तो बेरोजगारों को भत्ता दिया जाता था। प्रदेश सचिव बनाये जाने पर समाजवादी पार्टी के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व इटवा विधायक माता प्रसाद पाण्डेय, डुमरियागंज विधायक सैय्यदा खातून, ज़हीर मलिक, लालजी यादव, नगर पालिका बांसी अध्यक्ष चमन आरा रायनी, अध्यक्ष प्रतिनिधि इदरीश पटवारी, रामफेर यादव, सुरेश यादव, देवेन्द्र सिंह, उग्रसेन सिंह, अफसर रिजवी, सुहेल फारुकी आदि ने बधाई दी है।

## प्रेक्षागृह में धूमधाम से मनाई गई बापू व शास्त्री जी की जयंती

# गांधी जी के सपने को साकार करने के लिए पीएम मोदी चला रहे स्वच्छता अभियान: साध्वी

अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 154 वीं एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती प्रेक्षागृह में धूमधाम से मनाई गई। जयंती के अवसर पर सफाई मित्र सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ जिले की सांसद व केन्द्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, विधायक जहानाबाद राजेन्द्र सिंह पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल, प्रभारी जिलाधिकारी/ मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने दीप प्रज्जवलित कर दोनों महापुरूषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम का स्वागत भजन गाकर किया।

केंद्रीय राज्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता ग्राहियों/सफाई मित्रों का सम्मान करना



हमारे लिए सौभाग्य की बात है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने एक सपना देखा था एक स्वच्छ भारत का। जिसको साकार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता अभियान चलाकर साकार कर रहे है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री राजनीति में सुचित्ता एवं समानता के लिए जाने जाते है। उन्होंने कहा कि हम सबका कर्तव्य है कि अपने आस पास की साफसफाई रखें। साफसफाई से स्वास्थ्य जीवन मिलता है और बीमारियां नही पनपती है। विधायक जहानाबाद राजेन्द्र सिंह पटेल ने कहा कि स्वच्छता ग्राहियों का स्वच्छता के प्रति योगदान स्वागत योग्य है। भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने कहा कि महात्मा गांधी जी के जीवन संघर्ष से प्रेरणा लेते हुए अपने देश को स्वच्छ बनाना है जो प्रधानमंत्री का आह्वान है कि अपने आस पास साफ सफाई करके गांधी जी को सच्ची श्रद्धांजलि दे। जिलाधिकारी/ विकास अधिकारी सूरज पटेल ने कहा कि साफसफाई करने वाले ईश्वर तुल्य है। उन्होंने कहा कि अपने परिवेश की साफ सफाई व अपना कूड़ा व जिम्मेदारी निभाएं तो स्वच्छ एवं स्वास्थ्य भारत होगा। जनपद के 13 विकास खंडों से 5-5 कुल 65 व नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत के 5-5 सफाई मित्रो कुल 50 को शील्ड, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का अपर जिलाधिकारी न्यायिक धीरेन्द्र प्रताप ने समापन की घोषणा करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री, भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश बाजपेयी ने कलेक्ट्रेट स्थित गांधी मैदान में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

## एसपी व एएसपी ने गांधी व शास्त्री को श्रद्धांजलि दी



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा राष्ट्र पिता महात्मा गांधी व देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धांजलि अर्पित की गयी एवं सभी को उनके आदर्शों पर कर्तव्यनिष्ठा से चलने के लिए शपथ दिलाई। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियो को पुरूस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर पुलिस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धांजलि अर्पित की गयी एवं सभी को उनके आदर्शों पर कर्तव्यनिष्ठा से चलने के लिए शपथ दिलाई। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर जनपद में समस्त थाना/कोतवाली में आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धांजलि अर्पित की गयी एवं सभी को उनके आदर्शों पर कर्तव्यनिष्ठा से चलने के लिए शपथ दिलाई।

## बापू के जीवन से सत्य व अहिंसा के मार्ग पर चलने की मिलती प्रेरणा

### बीओएस में बापू व शास्त्री की मनाई जयंती



अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** शहर के पक्का तालाब स्थित ब्रिलियंट ओरियंटल स्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इसके अलावा प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री व बिंदकी विधायक जय कुमार सिंह जैकी, विशिष्ट अतिथि व राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के महामंत्री विनोद कुमार श्रीवास्तव, अतिथि व जय मां सरस्वती स्कूल के प्रधानाचार्य विनय प्रताप सिंह व अतिथि राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त अध्यापिका आसिया फारूकी को बुके, शाल व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। पूर्व मंत्री जैकी ने कहा कि महात्मा गांधी ने दुनिया को अहिंसा का पाठ पढ़ाया। उन्होंने आजादी की लड़ाई के साथ ही स्वच्छता का संदेश दिया। देशवासियों को गांधी जी के आदर्शों को अपनाने की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी स्वच्छ भारत अभियान चलाया है। महात्मा गांधी के जीवन से बच्चों को यह प्रेरणा मिलती है कि हमें हमेशा सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चलना चाहिए। बच्चों ने बापू और शास्त्री जी के जीवन पर प्रभावशाली भाषण दिया। स्कूल में पहली बार आने का मौका मिला है। स्कूल ने बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर पूरे जिले में प्रसिद्धि हासिल की है। महामंत्री विनोद कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षा का प्रचार और प्रसार करके ही गांधीजी और शास्त्रीजी के सपनों का भारत बना सकते हैं। शिक्षा के अलावा सफलता का कोई और शार्टकट नहीं है।

# प्रधान पति की दबंगई, बंधक बनाकर वसूला चुनाव में दिए ईट का पैसा

अवधनामा ब्यूरो

- चुनाव के समय दिए थे ईंट, चुनाव जीतने पर पैसा न लौटाने की कही थी बात
- पहले पीटा फिर कमरे में ले जाकर बनाया बंधक, आभूषण गिरवी रखकर पति को छुड़ाया

**कुशीनगर।** चुनाव के समय प्रत्याशी चुनाव जीतने के लिए तो हर जुगत लगा देते हैं। लेकिन चुनाव जीत जाने के बाद अपना असली रूप दिखाना शुरू कर देते हैं। मामला कसया थाना क्षेत्र के सोमाली कछुहिया का है। जहां ग्राम पंचायती चुनाव के समय गणेश अपनी मकान बनवा रहा था तो चुनाव के समय चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी के पति दीनानाथ तिवारी ने गणेश को बुलाकर कहा कि हमसे एक ट्राली ईट ले लो और वोट हमको ही देना सीधा-साधा गणेश उस प्रत्याशी की बात मान लिया और एक टाली ईट ले लिया लेकिन जब तिवारी प्रधानी जीत गए तो जितने के 2 साल बाद चुनाव के समय दिए ईट के पैसे मांगने लगे। बुधवार को गणेश टेकुआटार से दूध बेचकर घर आ रहा था तो प्रधान पति ने अपने घर के सामने गणेश को रोका और कहा कि हमारा पैसा जो ईट दिए थे वह चुपचाप दे दो नहीं तो ठीक नहीं होगा इस पर गणेश ने कहा आप ही कहे थे कि चुनाव जब जीत जाएंगे तो ईट के पैसे मत देना अब आपको वोट दिए चुनाव भी जीत गए अब इस समय ईट का पैसा मांग रहे हैं हम कहां से लाकर दें।

इस पर प्रधान पति आग बबूला हो गया और गणेश के गले में लगा रुमाल लपेटकर खींचते हुए घर के कमरे में ले गए और मारपीट कर घर के कमरे में बंद कर दिया बंद कमरे से आवाज देने पर गांव के लोग सुने तो उसके घर आकर कहे तो प्रधान से पूछने पर उसने कहा कि मेरे पैसे जब तक नहीं मिलेगा तब तक मैं नहीं छोडूंगा उसकी पत्नी आनन फानन में अपने गहनों को गिरवी रखकर पैसे का इंतजाम किसी तरह किया और बंधक बने पति गणेश को प्रधान पति के बंधक से मुक्त कराया।

### पीड़ित को ही पुलिस ने कर दिया चालान

जब इसकी शिकायत गणेश प्रार्थना पत्र लेकर थाने पर गया तो थाने के पुलिसकर्मी उल्टे ही उसको शांति भंग में पीड़ित गणेश का ही चालान कर दिए। गणेश अपनी साथ हुई इस घटना को रो-रोकर बताने लगा।

अब देखना यह है कि दबंग प्रधान पति के खिलाफ पुलिस कार्यवाही करती है या इसी तरह प्रधान पति की दबंगई गांव में चलती रहती है, और पुलिस इन्ही लोगों को श्रेय देती रहेगी। इस संबध में सीओ कसया कुंदन सिंह ने बताया मामले की जानकारी नही है, जांचकर कार्यवाही की जाएगी।

## कक्षा तीन की छात्रा का किडनैप, रेप का प्रयास

**फतेहपुर।** तीसरी कक्षा की छात्रा का किडनैप कर रेप की घटना को अंजाम देने की कोशिश का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बहन के साथ सो रही नाबालिग छात्रा को अगवा करने के बाद आरोपी ने रेप का प्रयास किया। लड़की की चीख-पुकार के बाद आरोपी उसे बाग में छोड़कर भाग गया। घटना की शिकायत पर पुलिस ने पीड़िता को मेडिकल के लिए भेज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने पुलिस को इस मामले में जानकारी दी। इसके बाद कार्रवाई शुरू हुई। पीड़िता के परिवार की ओर से दी गई तहरीर में पिता की ओर से कहा गया है कि उनकी बेटी 10 वर्ष की है। गांव के ही स्कूल में तीसरी कक्षा की छात्रा है। 29 सितंबर की रात घर के सभी लोग खाना खाकर सो गए थे। घर के बाहर उसकी बड़ी और छोटी दो बेटियां सो रही थीं। आरोप है कि रात करीब डेढ़ बजे मानपुर कटेरवा गांव का रहने वाला अर्जुन लोधी पहुंचा।

## 46 सफाई कर्मचारियों को गांधी जयंती पर कमिश्नर और डीएम ने किया सम्मानित



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** गांधी जयंती पर जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट में झण्डारोहण किया एवं उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों ने राष्ट्रगान गाया। जिलाधिकारी द्वारा समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाई गयी। मण्डलायुक्त अमित गुप्ता कानपुर, जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर, दोनों महापुरूषों को पुष्पांजलि अर्पित की गयी। गांधी जयंती समारोह के दौरान सांसद, विधायक अमृतपुर, विधायक भोजपुर, मण्डलायुक्त कानपुर एवं जिलाधिकारी द्वारा 46 सफाई कर्मचारियों को माला,मैडल,टोपी पहनाकर व साल उढ़ाकर, प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया एवं उनके साथ एक ग्रुप फोटो भी करायी गयी। सांसद ने सभी को गांधी जयंती/लाल बहादुर शास्त्री की जयंती की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि ना गंदगी करें ना गंदगी करने दें का सभी संकल्प लेकर जाये। खुले में कूड़ा ना फैकने/ गन्दगी ना करने के लिए नागरिकों को जागरूक किया जाये। प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने सफाई कर्मचारी भाईयों को सम्मानित कराकर बराबर का सम्मान दिया। इस दौरान मण्डलायुक्त ने उपस्थित समस्त जनप्रतिनिधिगण अधिकारी/कर्मचारी एवं सफाई कर्मचारियों को गांधी जयंती व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती की शुभकामनाएं दी।

## जालौन में मनाई गई महात्मा गांधी की जयंती, डीएम ने फहराया तिरंगा

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** पूरे देश में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है। जालौन में भी दोनों महापुरुषों की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। उरई के कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने तिरंगा झंडा फहराकर, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा रघुपति राघव राजा राम गीत प्रस्तुत किया गया। डीएम राजेश कुमार पांडेय ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तृत रूप से बताते हुए कहा कि आज का दिन देश के दो महान विभूतियों के जन्मदिन के तौर पर इतिहास के पन्नों में दर्ज है। डीएम ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन उनकी राजनीतिक सरगर्मियां और त्याग एवं बलिदान के कारण ही आज देश आजाद हुआ। महात्मा गांधी के उत्कृष्ट विचारों ने देश को आजाद फिजा में सांस लेने का अवसर प्रदान किया। यही नहीं बल्कि इसके बाद भी उनके विचारों ने स्वतंत्र भारत को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिलाधिकारी ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के विचार त्याग एवं बलिदान को भी सराहा और कहा कि उनकी सादगी और विनम्रता के लोग कायल थे। भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान दिया गया जय जवान-जय किसान का नारा आज के परिप्रेक्ष्य में भी बिल्कुल सटीक और सार्थक है।



## युवक ने काटी अपनी गर्दन, भर्ती

**फतेहपुर।** ललौली थाना क्षेत्र के सुजानपुर गांव में एक युवक ने ब्लेड से अपनी गर्दन काटकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजनों ने एंबुलेंस के जरिये घायल को तत्काल इलाज के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सुजानपुर गांव निवासी छोटे वंसी का 30 वर्षीय पुत्र सजय ने घर में स्वयं अपना गला काट कर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसकी जानकारी परिजनों को हुई तो तुरंत सरकारी एम्बुलेन्स को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुँची। जहाँ ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर युवक को भर्ती कर उसका इलाज कर रहे है। पत्नी सोनी ने बताया कि 10 बिस्वा खेत की ज़मीन थी। देवर डब्बू ने 3 लाख 70 हज़ार रुपए में तय कर अपने नाम लिखा लिया। ज़मीन अपने नाम लिखाने के बाद सिर्फ़ 5 हज़ार रुपए दिए बाकी पैसे नहीं दे रहा था।

## श्रीकृष्ण आदर्श विद्या मंदिर के बच्चों ने निकाली प्रभात फेरी




**फतेहपुर अवधनामा संवाददाता।** शहर के खंभापुर स्थित श्रीकृष्ण आदर्श विद्या मंदिर मूक मधिर विद्यालय में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा मनाया गया। संस्था ने विद्यालय व आस-पास स्वच्छता अभियान चलाया। सोमवार को विद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का 154 वॉ तथा लाल बहादुर जी का 111 वॉ जन्म दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। सर्वप्रथम प्रभात फेरी निकाली गई। अध्यक्षता कर रहे डा. वकील अहमद ने ध्वजारोहण किया। फिर सभी ने एक साथ राष्ट्रगान का गान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ डा0 वकील अहमद व प्रबंधक सीताराम यादव ने दीप प्रज्जवलित व मां शारदे, महात्मा गांधी जी व लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। सीताराम यादव ने मोहन दास करम चन्द गॉधी से महात्मा गॉधी बनने तक के संघर्ष पर चर्चा की। प्रधानाचार्य महेन्द्र सिंह ने महात्मा गॉधी जी व लाल बहादुर शास्त्री जी के चरणों मे नमन करते हुए लाल बहादुर शास्त्री के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। संचालन करते हुए मनीष कुमार सिंह ने महात्मा गॉधी जी व लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन-संघर्ष, उनकी देश सेवा पर प्रकाश डाला। डा0 वकील अहमद ने कहा कि स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत आदि की परिकल्पना एक गुजराती (गॉधी) ने की थी। जिसको अब दूसरा गुजराती उनकी परिकल्पना को साकार कर रहे है।

# नवांगतुक डीएम ने ग्रहण किया कार्यभार

### शासन की योजनाओ को गरीबों तक पहुंचाना लक्ष्य: डीएम

अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** नवांगत जिलाधिकारी सी. इन्दुमती ने सोमवार को जनपद पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया तत्पश्चात पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि शासन की योजनाओं को पात्रों तक पहुंचाना उनका लक्ष्य है।

2012 बैच की आईएएस अधिकारी सी. इंदुमती तमिलनाडु से हैं। वर्ष 2013 में बरेली व सहारनपुर में जॉइंट मजिस्ट्रेट, फतेहपुर व मुरादाबाद में सीडीओ, वर्ष 2020 में

- जनता दर्शन में हर फरियादी की समस्याओं का होगा निस्तारण

सुल्तानपुर में बतौर जिलाधिकारी तैनाती रही। वर्तमान में राजधानी लखनऊ में स्वयं सहायता समूह के मिशन निदेशक के पद के बाद शासन द्वारा उन्हें जनपद का जिलाधिकारी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप विकास परक योजनाओं, जन कल्याणकारी



योजनाओं, बेसिक बुनियादी ढांचे का सुदृणीकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, निवेश के कार्य प्राथमिकता से किया जायेगा और जनता दर्शन एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतो का निस्तारण प्राथमिकता से किया जायेगा। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी (वित्त/ राजस्व) विनय कुमार पाठक, अपर जिलाधिकारी न्यायिक धीरेन्द्र प्रताप, वरिष्ठ कोषाधिकारी, उपजिलाधिकारी सदर, बिंदकी, खागा समेत जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# महाविद्यालय में धूमधाम से मनायी गांधी की जयंती

अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** शिवपति स्नातकोत्तर महाविद्यालय शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर में सोमवार को 10 बजे ध्वजारोहण किया गया। महाविद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य प्रोफेसर अरविन्द कुमार सिंह ने सभी को गांधी जी से प्रेरणा लेते हुए अहिंसा के मार्ग पर चलने को कहा। उन्होंने गांधी जी के विचारों की सारगर्भित व्याख्या की। उन्होंने बताया कि 2007 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सर्वसम्मति से 02 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में घोषित किया। संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव में शिक्षा और जन-जागरुकता के माध्यम से अहिंसा के सन्देश के प्रसार पर जोर दिया गया। आज का दिन सामाजिक और राजनितिक परिवर्तन के साधन के रूम में अहिंसा के प्रति महात्मा गांधी के दर्शन और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। राष्ट्रीय सेवा योजना और राष्ट्रीय कैडेड कोर के छात्र-छात्राओं के नेतृत्व में महविद्यालय परिसर की साफ-सफाई की गयी और यह संकल्प लिया गया कि स्वच्छता अभियान अनवरत चलता रहेगा। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डा0 ए0के0 सिंह ने किया। उक्त अवसर पर डा0 धर्मेंद्र सिंह, मेजर मुकेश कुमार, डा0 उमाशंकर प्रसाद यादव, डा0 अखिलेश शर्मा, डा0 राम किशोर सिंह, इन्द्रदेव वर्मा, डा0 प्रवीण कुमार, डा0 सत्यनारायण दास, राज प्रजापति, तुषार रंजन, रतनेश सोनी, अश्वनी सिंह, राजीव वर्मा, विनोद आदि शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर बंधु मौजूद रहें।



# आज ब्रिटिश हमारी अर्थव्यवस्था से पीछे है

अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने कहा कि गांधी जयंती के अवसर पर कलैक्ट्रेट में आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुये कहा कि देश के दोनों महान सपूतों ने सत्य, अहिंसा, सादगी के मार्ग पर चलकर देश को ऐसे साम्राज्य जिसकी हुकूमत में कभी सूर्य अस्त नहीं होता था, से आजादी दिलाई वहीं दूसरे ने देश की सीमाओं की सुरक्षा के साथ खाद्यान्न के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाया। उन्होने कहा कि राष्ट्पिता महात्मा गांधी द्वारा देश को गुलामी की दास्तां से आजाद कराने, समाज के निर्माण, देश के विकास में दिए गए योगदान को भुलाया नहीं जा सकता, राष्ट्रपिता ने सभी सुख-संसाधन त्याग कर समाज, देश के विकास, समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने में अपना पूरा जीवन व्यतीत किया, सरलता, स्वच्छता, सच्चाई बापू के जीवन को और आदर्शवादी बनाता हैं, राष्ट्रपिता ने समतामूलक समाज, ग्राम स्वःराज्य की परिकल्पना, समग्र



विकास की कल्पना, लोकतंत्र की मजबूती के लिए कार्य किया, उनके द्वारा दिखाए गए रास्ते पर चलकर आज हमारा देश विश्व की सबसे बड़ी पांचवी अर्थव्यवस्था के रूप में खड़ा है, जिस ब्रिटिश हुकूमत ने हमारे देश पर लंबे अरसे तक राज्य किया, आज वह हमारी अर्थव्यवस्था से पीछे है। श्री सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी ने दक्षिण अफ्रीका से बैरिस्टर की पढ़ाई की, बैरिस्टर बनने के बाद भारत आने पर उन्होंने समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने, अंग्रेजों की दास्तां से देश को आजाद कराने, समाज में फैली बुराइयों को दूर करने का बीड़ा उठाया, कड़ा संघर्ष कर समाज को एकजुट कर अंग्रेजी साम्राज्य के सामने खड़ा किया, सत्य-अहिंसा के रास्ते पर चलकर ब्रिटिश साम्राज्य को देश छोड़ने पर मजबूर किया।

उन्होंने कहा कि महात्मा बुद्ध जो राजकुमार थे, जिनके पास सिंहासन था, सुयोग्य-सुंदर पत्नी, बालक था लेकिन प्राणी मात्र के कल्याण के लिए एक ही रात में उन्होंने बादशाही छोड़ दी, बुद्ध के अलावा इतना बड़ा त्याग करने वाला कोई दूसरा उदाहरण नहीं मिलता, बापू ने भी बुद्ध का अनुसरण किया, उन्होंने भी सभी सुख-संसाधन त्याग कर समाज के उत्थान, विकास, मानव जीवन की भलाई, कल्याण के लिए कार्य किया।

# सौतेले पिता ने मासूम बेटे को बेचा

### दिव्यांग मां-बाप की सेवा के लिए महिला ने 65 हजार में खरीदा

अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** जिले में एक सौतेले पिता ने अपने तीन वर्ष के बेटे को 65 हजार रुपये में एक महिला को बेच दिया। महिला अपने दिव्यांग माता-पिता की देखभाल के लिए बच्चे को खरीदा था। बेटे की मां ने अपहरण का मुकदमा दर्ज करा दिया। पुलिस ने 48 घंटे के अंदर कानपुर देहात से बच्चे को बरामद कर लिया। एसपी ओमवीर सिंह ने मामले का खुलासा किया।एसपी के मुताबिक शहर कोतवाली क्षेत्र के महराजगंज बिंद पुरवा निवासी नीलम बिंद के पति की मौत हो गई थी। उससे तीन वर्ष का बेटा था। इधर, नीलम ने दूसरी शादी कानपुर देहात निवासी संजय यादव से एक महीने पहले ही की थी। वह उसके घर आता-जाता था। नीलम की ओर से दर्ज कराए गए मुकदमे के मुताबिक 28 सितंबर की रात उसका बेटा रात लापता हो गया।सुबह होने पर उसने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। अपहरण का मामला पुलिस ने दर्ज करते हुए तलाश



शुरू की। महिला के बयान के आधार पर उसके दूसरे पति के बारे में जानकारी हासिल की। सर्विलांस पर मोबाइल नंबर लगाया तो लोकेशन कानपुर देहात पता चला। साथ ही इसकी भी जानकारी हुई की वह कानपुर देहात की एक महिला से अधिक बातचीत करता था। शक के आधार पर पुलिस अधीक्षक ने टीम गठित की। टीम ने बालक के सौतेले पिता को महराजगंज रेलवे क्रासिंग से गिरफ्तार किया तो सच्चाई सामने आ गई। बालक के सौतेले पिता ने बताया कि बालक का उसने ही अपहरण किया और उसे नौवादपुर थाना सट्टी कानपुर देहात की निवासी शशिबाला को 65 हजार रुपये में बेच दिया था।

# धूमधाम से मनाई गई बापू व शास्त्री की जयंती

## कार्यक्रमो में जीवन दर्शन पर वक्ताओं ने डाला प्रकाश

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पूरे जिले में बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। डीएम एसपी कार्यालय के अलावा सरकारी निजी भवनों पर ध्वजारोहण हुआ व तमाम आयोजनों में बापू व शास्त्री के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला गया।

भाजपा की प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी अर्चना मिश्रा ने कहा कि सत्य व अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी ने समाज से जुड़ने का कोई मौका नहीं छोड़ते थे। वे अपने पराए में कभी भेद नहीं करते थे। सबको साथ लेकर चलना उनकी शैली थी। प्रदेश मंत्री सोमवार को जैदपुर के सोहिलपुर गांव में अनुसूचित बस्ती संपर्क अभियान के तहत सामाजिक समरसता कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि गांधी जी के सामाजिक जीवन में भी चुनौतियों का अंबार लगा रहा फिर भी वे अपनी ओर से पहल करके समाज से संपर्क साधते थे। प्रदेश मंत्री ने गांव में आयोजित सहभोज में भी हिस्सा लिया।इसके उपरांत उन्होंने जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य के साथ शहर स्थित गांधी पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके उन्हे नमन किया। उन्होंने शहर में नाका चौराहा बस स्टेशन चौराहा छाया चौराहा सहित अन्य जगहों पर स्थित विभिन्न महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण करके उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदेश मंत्री के नेतृत्व में भाजपाईयों ने गांधी आश्रम से खादी वस्त्र भी खरीदे। इस अवसर पर अजीत प्रताप सिंह, रामकुमारी मौर्य, रचना श्रीवास्तव, संदीप गुप्ता, प्रमोद तिवारी, विजय आनंद बाजपेई, रोहित सिंह, रामेश्वरी त्रिवेदी, अरुण रावत, गुलाब सिंह रावत, संजय अवस्थी, नीतू रावत, सत्या पंडित, आशुतोष अवस्थी मौजूद रहे।

**संपर्क**

**»» गांधी जी के सामाजिक जीवन में भी चुनौतियों का अंबार लगा रहा फिर भी वे अपनी ओर से पहल करके समाज से संपर्क साधते थे।**





जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मो. मोहसिन तथा उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता तनुज पुनिया की अगुवाई में जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय तथा पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया के ओबरी आवास पर झण्डारोहण कर उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर मनाया। पूर्व सांसद के आवास पर गांधी जयन्ती मनाने से पूर्व कांग्रेस प्रवक्ता तनुज पुनिया ने कांग्रेसजनों के साथ स्थानीय गांधी आश्रम में जाकर झण्डारोहण कर गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण किया और सूत काटकर गांधी जी के सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मो. मोहसिन, प्रदेश प्रवक्ता तनुज पुनिया, राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, सरजू शर्मा, शबनम वारिस, अजीत वर्मा, कमल भल्ला, सिकन्दर अब्बास रिजवी, रामहरख रावत, इरफान कुरैशी, मो. फरीद, अजय रावत, संजीव मिश्रा, सुरेन्द्र शर्मा, राजेन्द्र सोनी, रंजीत रावत, अमित मिश्रा सहित दर्जनो की संख्या में कांग्रेसजन थें।

## दलित बस्तियों में सांसद ने लगाई चौपाल, उपलब्धियां बताईं

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर आयोजित सेवा पखवाड़ा में अनुसूचित बस्ती संपर्क अभियान के अंतर्गत सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने मण्डल देवां के ग्राम भिटौली खुर्द, मण्डल फतेहपुर के ग्राम डडियामऊ व ग्राम सलेमपुर व मोहल्ला काजीपुर फ़तेहपुर, तथा मण्डल बेलहरा के ग्राम पंचायत दादनपुर के ग्राम चक कोडार तथा मण्डल सूरतगंज के ग्राम तेलवाय व जफरपुर तथा मण्डल रामनगर के ग्राम चन्दनापुर की अनुसूचित जाति की बस्तियों में चौपाल लगाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उत्कृष्ट नेतृत्व वाली डबल इंजन की भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों के बारे में बताया। उपरोक्त कार्यक्रमों में सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी व पूर्व प्रधानमन्त्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर सादर नमन किया तथा इन महान विभूतियों के बारे में बताया।

इस अवसर पर बब्लू यादव, राम लखन रावत, राम सनेही, देशराज, नन्हा, दिनेश वर्मा, कमलेश वर्मा, राम लखन रावत, सर्वेश श्रीवास्तव, अनुपम निगम, गुरु लाल सिंह, दलजीत सिंह, विक्रम जीत सिंह, आशुतोष सिंह, शेखर हरायण, आशीष सिंह, सुशील रावत, झब्बू लाल सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## झील में मिला अज्ञात व्यक्ति का सड़ा गला शव

**टिकैतनगर (बाराबंकी)।** कोतवाली टिकैतनगर अंतर्गत ग्राम करौनी संपर्क मार्ग पर स्थित पानापुर झील में सोमवार सुबह एक अज्ञात शव पानी मे उतराता हुआ मिला। वहाँ से गुजर रहे ग्रामीणों की सूचना पर टिकैतनगर थाने की पुलिस पहुँची। पुलिस ने शव को ग्रामीणों की सहायता से झील से निकाला। करीब 45 वर्षीय अधेड़ के शव की शिनाख्त के लिए पुलिस ने आसपास के गांव के लोगों को बुलाया मगर उसकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को जिला मुख्यालय पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। अधेड़ के शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं दिख रहे थे। काफी दिन पानी में रहने के कारण शव सड़ने लगा था। पुलिस ने बताया कि 72 घंटे तक शव को पहचान के लिए रखा जाएगा। उसके बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** मड़हा पुल के ऊपर स्थित विट्ठलापुर मोड़ पर हुई सड़क दुर्घटना में डंपर ने बाइक को टक्कर मार दिया जिसमें बाइक सवार युवक बुरी तरह जख्मी हो गया। अयोध्या रायबरेली फोरलेन निर्माण में मिट्टी ढो रहे डंपर गाड़ी संख्या जेएच 02 एवी 8962 ने देर शाम बाइक संख्या यूपी 42 बीजे 9264 सीडी डीलक्स बाइक से बारुन बाजार की तरफ जा रहे मोहम्मद आरिफ (28) पुत्र मोहम्मद नसीम तथा अरहम(15) पुत्र भोलू निवासी रानी बाजार थाना पूरा कलंदर को विट्ठलापुर मोड पर टक्कर मार दिया। स्थानीय लोगों की सूचना पर दलबल के साथ मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी बारून उमेश कुमार वर्मा ने सरकारी एंबुलेंस से मरणासन्न मोहम्मद आरिफ को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भिजवाया। बताते चले कि विठ्ठलापुर मोड पर सीधी चढ़ाई होने के कारण यहां अक्सर सड़क दुर्घटनाएं होती रहती है जिसका स्थानीय लोगों द्वारा काफी दिनों से विरोध करते हुए मांग की जा रही है कि अयोध्या रायबरेली फोर लेन के सापेक्ष में विठ्ठलापुर मोड़ की सड़क को भी ऊंचा किया जाए परंतु पीएनसी और एनएचआई के जिम्मेदारों द्वारा आंख मूंद लेने से समस्या गंभीर बनी हुई है।

## हर्षोल्लास से मनाया गया गांधी व शास्त्री की जयंती

**बीकापुर - अयोध्या।** गाँधी जयंती का राष्ट्रीय पर्व सोमवार को क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके उन्हें नमन किया गया। देश की अखंडता को कम रखने एवं स्वच्छता अपनाने की शपथ ली गई। उपजिलाधिकारी विशाल कुमार ने तहसील भवन पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस दौरान तहसीलदार धर्मेन्द्र सिह , नायब तहसीदार गरिमा वर्मा सहित तमाम राजस्व कर्मी शामिल रहे। खंड विकास अधिकारी कार्यालय पर ब्लाक प्रमुख दिनेश कुमार वर्मा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी आईएसबी बद्रीनाथ पांडे सहित ब्लॉक कर्मी मौजूद रहे। गांधी जयंती के अवसर पर नगर पंचायत कार्यालय को तिरंगे गुब्बारे के साथ सजाया गया था। यहां पर नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश पांडे राना ने राष्ट्रीय अध्यक्ष फहराया। राष्ट्रगान भी गया गया। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी अंजू यादव और सभासद तथा नगर पंचायत कर्मी मौजूद रहे। नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा नगर पंचायत के सफाई कर्मियों को ट्रैक सूट देकर सम्मानित किया गया। विद्युत उपखंड कार्यालय पर एसडीओ मनोज कुमार मौर्य ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय पर सीओ डॉ राजेश तिवारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर में अधीक्षक डॉक्टर अवधेश कुमार सिंह , कोतवाली भवन पर प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार राय ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

## संतों ने देखी राम मंदिर निर्माण प्रगति

**अयोध्या।** संतों द्वारा किये गये श्रीराम के जयघोष से राममंदिर परिसर गुंजायमान हो गया। रविवार की सुबह राममंदिर ट्रस्ट द्वारा मिले आमंत्रण पर मंदिर निर्माण की प्रगति देखने अयोध्या के करीब 300 संत जन्मभूमि परिसर पहुंचे थे। मंदिर का निर्माण करने वाली संस्था लार्सन एंड टुब्रो के तकनीकी सहायकों ने निर्माण की बारीकियों से संतों को अवगत कराया। राममंदिर के गेट पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने रामनगरी के संत महंतों का स्वागत किया। पदाधिकारियों द्वारा मंदिर परिसर के विभिन्न हिस्सों में संतों को भ्रमण कराया गया। जगतगुरु राघवाचार्य ने कहा कि हम उस पावन बेला की प्रतीक्षा कर रहे हैं जब भगवान राम लला अपने नवनिर्मित मंदिर में विराजमान होंगे।

## छात्रा से अश्लील हरकत करने वाले अधेड़ को लोगों ने किया पुलिस के हवाले



*अवधनामा संवाददाता*

**बीकापुर-अयोध्या।** तहसील परिसर के समीप खंडहर नुमा मकान में झाड़ियां के बीच निर्जन स्थान पर करीब 12 वर्षीय सातवीं कक्षा की स्कूली छात्रा को बहका फुसला अश्लील हरकत और छेड़छाड़ कर रहे करीब 50 वर्षीय अधेड़ को स्थानीय लोगों और तहसील कर्मियों ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। बताया गया कि तहसील परिसर के ठीक बगल में स्थित खंडहरों के बीच गांधी जयंती के दिन सोमवार सुबह करीब 11 बजे स्कूली छात्रा को पैसे का लालच देकर छेड़छाड़ एवं अश्लील हरकत करने वाले अधेड़ को आशंका होने पर बगल संपर्क मार्ग से गुजर रहे तहसील कर्मियों और स्थानीय लोगों ने पड़कर बंधक बना लिया। और धुनाई कर दी गई। घटना की जानकारी होने के बाद हलचल मच गई और मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना पर पुलिस टीम के साथ पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर राजेश कुमार तिवारी एवं प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार राय ने मामले की गंभीरता और और संवेदनशीलता को भापते हुए मौके पर पहुंचकर आरोपी अधेड़ को हिरासत में ले लिया एवं कोतवाली लाया गया। तथा स्कूली छात्रा को पूछताछ के लिए महिला पुलिस के सुपुर्द किया। आरोपी बीकापुर नगर पंचायत क्षेत्र का ही निवासी बताया जाता है। लोगों में चर्चा है कि तहसील कर्मियों और लोगों की सक्रियता के चलते एक बड़ी घटना होते-होते बच गई। पीड़ित छात्रा एक परिषदीय विद्यालय की सातवीं कक्षा की छात्रा बताई जाती है जो स्कूल ड्रेस में थी जो विद्यालय से घर वापस जा रही थी।

## गांधी व शास्त्री की जयंती पर विद्यालय में गोष्ठी का हुआ आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** गायत्री पब्लिक स्कूल रेवतीगंज में अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूम धाम से मनाई गई। प्रबंधक उमा शंकर शुक्ल के साथ विद्यालय परिवार ने मां सरस्वती के साथ दोनों महापुरुषों की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित और दीप प्रज्वलित किया। तत्पश्चात एक गोष्ठी का आयोजन कर इनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। प्रबंधक ने कहा कि 1944 में सिंगापुर रेडियो से एक संदेश प्रसारित करते हुए सुभाष चन्द्र बोस ने गांधी जी को राष्ट्रपिता तो नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्र नाथ टैगोर ने गांधी जी को महात्मा की उपाधि दी। 15 अगस्त 1947 को बंगाल नोआखली में मुल्क में सांप्रदायिक हिंसा के खिलाफ 24 घंटे का उपवास रखा। इनकी शख्सियत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि विदेशों में भी गांधीजी के नाम पर 48 सड़कों का नामकरण हुआ है। 1930 में अमेरिका की टाइम मैगजीन द्वारा मैन ऑफ द ईयर से सम्मानित गांधी जी का जब घर में किसी से अनबन होता था तो उपवास करने लगते थे।



उप प्रबंधक रमा शंकर शुक्ल ने कहा कि छोटे कद वाले विराट हृदय, निष्ठा, देश भक्ति और शानदार व्यक्तित्व के धनी लगभग 18 महीने देश के प्रधानमंत्री रहे भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री ने देश को यशस्वी नेतृत्व प्रदान करने के साथ साथ देश को खाद्यान्न के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से बेहद लोकप्रिय जय जवान जय किसान का नारा दिया जो आज भी हर भारतीय की जुबान पर है। इस अवसर पर ओ पी मिश्रा, आर डी पांडेय, एस एन तिवारी, विश्वजीत मौर्या, अभिषेक मिश्रा, अंशुमान तिवारी, शिव सागर, मनजीत, सुधा, निशा, प्रिया, प्रकृति, रिया, रूपा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## जयंती पर याद किए गए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर सरकारी कार्यालय, शिक्षण संस्थानों में दोनों महापुरुषों की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उनके योगदान को याद किया गया।

फरेंदा प्रतिनिधि के अनुसार तहसील परिसर में एसडीएम फरेन्दा ने सभी कर्मचारियों के उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया साथ ही देश के महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।तहसील सभागार में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सत्य व अहिंसा के प्रतिपादक थे। इस अवसर पर आशोक मिश्र, ओम प्रकाश शुक्ल, चंद्र मणि, उपेन्द्र तिवारी,अमरेश कुमार, सुशील सिंह,रामबचन, बुचनू गुप्ता सहित अन्य तहसील कर्मचारी रहें उपस्थित।

नौतनवा प्रतिनिधि के अनुसार नगर पालिका अध्यक्ष बृजेश मणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में सभासदों एवं नगर पालिका कर्मचारियों के साथ नगर पालिका कार्यालय में *राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयन्ती* मनाई गई। इस मौके पर मुख्य रूप से सभासद अनिल जयसवाल,सुरेन्द्र बहादुर जायसवाल,धर्मात्मा जायसवाल, राहुल दूबे,मनीष शुक्ला,सुग्रीम उर्फ अभय कुमार,जयप्रकाश मद्धेशिया, सहित नगर पालिका के कर्मचारी गण उपस्थित रहें।

बृजमनगंज प्रतिनिधि के अनुसार चंद्रा चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल फुलमनहा में विद्यालय में ध्वजा रोहण कर महात्मा गांधी द्वारा दिखाए गए अहिंसा, शांति और सहिष्णुता के मार्ग का अनुसरण करने का आह्वान किया। प्राथमिक विद्यालय मोहनगढ़, पूर्व माध्यमिक विद्यालय सहजनवां बाबू, एक्सिलेंट एकडेमी लालाजोत, कृष्णा पब्लिक स्कूल लेहड़ा बाजार, रमानाथ उमाशंकर इंटरमीडिएट कालेज फुलमनहां लेहड़ा बाजार, लार्ड कृष्णा इंटरमीडिएट कालेज भगतपुर पश्चिम और आलमाइटी पब्लिक इण्टरमीडिएट व डिग्री कालेज में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयन्ती एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती धूमधाम से मनायी गयी। इस अवसर पर एक विशाल सामूहिक स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रबंधक महमूद आलम ने छात्र-छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

## गांधी जी ने हमें अनेक जीवन सूत्र दिए: महापौर



**सहारनपुर।** गांधी जयंती पर नगर निगम में महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज ने ध्वजारोहण किया। बाद में गांधी जी व लालबहादुर शास्त्री जी को अपनी भावांजलि दी। निगम ने गांधी जी के 'स्वच्छता' संदेश को आत्मसात करते हुए शहर को स्वच्छ बनाने और कूड़ा मुक्त करने का संकल्प दोहराया। गांधी व शास्त्री जयंती पर निगम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि जहां पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री ने देश को आत्म निर्भर बनाने के लिए एक समय उपवास का सूत्र दिया वहीं गांधी जी ने सविनय, श्रम, सत्य-अहिंसा, विनम्रता, स्वच्छता आदि अनेक जीवन सूत्र दिए और प्रत्येक कार्य में जन सहभागिता पर जोर दिया। महापौर ने कहा कि गत दस वर्षो में देश ने उनके एक-एक सिद्धांत को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि यदि हम उनका स्वच्छता का संदेश तथा उनके सिद्धांतों और आदर्शो का एक रत्तीभर अंश भी अपने जीवन में उतार सकें तो यह उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज ने दोनों महापुरुषों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि गांधी जी का जीवन हमें कई तरह की सीख देता है। उनकी सबसे बड़ी सीख यह है कि जो दूसरों से चाहते हो उसे सबसे पहले स्वयं पर लागू करो। उन्होंने हर व्यक्ति-हर जाति का सम्मान किया। वह पूरे देश को एक प्लेट फॉर्म पर लेकर आये। उनका सत्य का सिद्धांत बहुत स्पष्ट है, वह समग्रता में सत्य को देखते हैं। उनका मानना था कि सबका सत्य समान भाव से देखा जाना चाहिए। किसी के भी सत्य के सामने दूसरे का सत्य बड़ा नहीं हो जाता। नगरायुक्त ने कहा कि इंसान को इंसान का दर्जा दें और आने वाली पीढ़ियों को अच्छा इंसान बनाने की कोशिश करें, यहीं उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि लालबहादुर शास्त्री ने देश को स्वालंबी बनाने के लिए अनेक ठोस कदम उठाए। अपर नगरायुक्त राजेश यादव ने कहा कि गांधी जी द्वारा स्वयं अपनी दुर्बलताओं का उल्लेख करना हमें यह सिखाता है कि अपनी दुर्बलताओं से डरे नहीं बल्कि उन्हें दूर कर जीवन को मजबूत बनाएं। लेखाधिकारी राजीव कुशवाह ने उनके आंदोलनों का जिक्र करते हुए कहा कि गांधी अपने स्वच्छता के संदेश के साथ आज भी हमारे बीच जिंदा हैं। इसके अलावा डॉ.वीरेन्द्र आज़म व पार्षद मनोज प्रजापति ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में अपर नगरायुक्त एस के तिवारी, मृत्युंजय, मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह, जीएम जलकल राधेश्याम, कर्नल बीएस नेगी, पशु चिकित्साधिकारी डॉ.संदीप मिश्रा, पार्षद मनोज प्रजापति, गौरव कपिल, संदीप चौधरी, पार्षद प्रतिनिधि सईद सिद्दकी, मोहर्रम अली पप्पू सहित अनेक पार्षद व अधिकारी मौजूद रहे। संचालन डॉ.वीरेन्द्र आज़म ने किया।

## शहर में खुदी सड़क से और गांव में छुट्टा जानवरों से जनता परेशान: सरोज यादव

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** बीकापुर विधानसभा के कपासी ग्राम सभा में विधानसभा अध्यक्ष रीता निषाद के नेतृत्व में महिला जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गई बतौर मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष महिला सभा सरोज यादव ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री जी को नमन करते हुए कहा की भाजपा सरकार में शहर में खुदी सड़क से और गांव में छुट्टा जानवरों से जनता परेशान है महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, चरम सीमा पर है महिलाओं को घर गृहस्थी चलाने में बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है किसान,नौजवान परेशान है, इस डबल इंजन की सरकार में कानून व्यवस्था ध्वस्त है महिलाओं का सम्मान सपा में सुरक्षित है क्योंकि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के शासनकाल में कन्या विद्या धन, पढ़े बेटियां बड़े बेटियां, साइकिल एवं लैपटॉप वितरण बेरोजगारी भत्ता, समाजवादी महिला पेंशन, लोहिया आवास, एंबुलेंस योजना, 1090,मेट्रो आदि दर्जनों जनहित में कार्य किए गए हैं। जो आज भी ऐतिहासिक है। जिसे



जनता आज भी याद कर रही है। लोकसभा चुनाव में जनता महंगाई बेरोजगारी गरीबी और बुनियादी मुद्दों पर वोट करेगी। प्रदेश सचिव छोटे लाल यादव जी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में जनता मन बना चुकी है भाजपा सरकार का उत्तर प्रदेश में सफाया होगा। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन बहुत मजबूत है। इंडिया गठबंधन के समर्थन में जनता है इंडिया जीतेगा। किसान, नौजवान, मध्यम वर्ग, महिलाएं, बुनकर और हर गरीब आदमी इंडिया गठबंधन के साथ खड़ा है। नौजवान बेरोजगार है। भाजपा ने नौजवानों और किसानों से झूठे वादे किए थे। किसानों की आय दुगनी नहीं हुई। उपाध्यक्ष विमल निषाद जी ने कहा की किसानों को फसलों का लागत मूल्य भी नहीं मिल रहा है। खिरौनी पंचायत की अध्यक्ष रेशमा भारती जी ने कहा महंगाई बहुत तेजी से बढ़ी है। हर वर्ग परेशान है। महंगाई के कारण लोग गैस सिलेण्डर नहीं भरा पा रहे हैं। सांड़ और आवारा जानवरों से लोग परेशान हैं।

### सपा कार्यालय पर मनाई गई गांधी व शास्त्री की जयंती

**अयोध्या।** महानगर समाजवादी पार्टी कार्यालय पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री स्व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय, जिला अध्यक्ष परसनाथ यादव, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव व महासचिव हामिद जाफर मीसम ने चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।महानगर समाजवादी पार्टी कार्यालय पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री स्व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे, जिला अध्यक्ष परसनाथ यादव, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव व महासचिव हामिद जाफर मीसम ने चित्र पर माल्यार्पण कर श्रृद्धांजलि अर्पित की इस मौके पर पूर्व मंत्री ने कहा कि मोहनदास करमचंद गांधी, एक ऐसा नाम जो दुनियाभर में अपने दृढ़ निश्चय, सत्य के लिए अटल-अडिग और अंहिसा के रास्ते पर चलकर विजय हासिल करने के लिए जाना जाता है. उनके जीवन में कई ऊतार-चढ़ाव आए।

## महराजगंज महोत्सव का दूसरा दिन

## महोत्सव में वैज्ञानिकों ने इसरो और चंद्रयान की दी जानकारी

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** महराजगंज महोत्सव में दूसरे दिन इसरो के जाने माने वैज्ञानिक व उत्तर प्रदेश विज्ञान अकादमी के सचिव डॉ.सीएम नौटियाल, इसरो वैज्ञानिक विनय यादव व डीडीयू गोरखपुर विश्वविद्यालय के वनस्पति शास्त्री आचार्य प्रोफेसर बीएन पांडेय ने भी शिरकत की। वैज्ञानिक संगोष्ठी में वैज्ञानिक डॉ. नौटियाल ने इसरो, चंद्रयान, रोवर के बारे में विस्तार से बताया। इसरो वैज्ञानिक विनय यादव ने चंद्रयान, प्रोफेसर बीएन पांडेय ने धरती, पौधे और सूर्य के रहस्य को समझाया।

वैज्ञानिक डॉ. नौटियाल ने प्रोजेक्टर के माध्यम से चंद्रयान व विक्रम लैंडर, रोवर के हर पहलुओं की विजुवल के माध्यम से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चंद्रयान थ्री का वजन उतना ही है जितना चंद्रयान टू का था। रोवर का वजन 26 किलो है। उन्होंने बताया कि चंद्रमा पर दिन और रात के तापमान में बहुत अधिक अंतर है। दिन के समय 130 डिग्री व रात के समय शून्य से 140 डिग्री से भी कम हो सकता है। इस रहस्य को अभी कोई पूरी तरह से नहीं समझ पाया है। वहां अभी मनुष्य सर्वाइव नहीं कर पाएंगे। बताया कि अमेरिका का यान अपोलो चंद्रमान पर चार से पांच दिन में पहुंच गया। रूष का भी पांच दिन में पहुंचा। लेकिन भरत का चंद्रयान 41 दिन में पहुंचा। इसका वजह है कि अमेरिका और चंद्रमा का यान बहुत पावरफुल था। भारत का चंद्रयान का पावर कम था। वह सीधे चंद्रमान पर नहीं चढ़ सकता था। इसलिए पहले उसने पृथ्वी के चारों ओर चक्कर लगाया। उसके बाद चंद्रमा पर भी चक्कर लगाने के बाद वहां पहुंचा। हम 800 सीसी गाड़ी से वहां पहुंच गए। अमेरिका व रूष 2500 सीसी की गाड़ी से पहुंचे। इसमें भारत का खर्चा केवल छह अरब 15 करोड़ रूपये था लेकिन अमेरिका का खर्चा



54 अरब रूपये। हमसे छह से आठ गुना पैसा अमेरिका ने खर्च किया। कम खर्चा की वजह से अन्य देश हमारे कम खर्चे को देखते हुए अपने यान भारत के राकेट से भेजने की डिमांड कर सकते हैं।

### नवोदय पुरातन छात्रों की हुई बैठक

**अयोध्या।** यमुना मिलन रिजॉर्ट अयोध्या में रामचंद्र की अध्यक्षता तथा मुकेश प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में बैठक प्रारंभ हुई,आगामी 08 अक्टूबर 2023 को उत्तर प्रदेशीय द्वितीय अलुमिनी मीट अयोध्या, डॉक्टर राम मनोहर लोहिया के ऑडिटोरियम में होना सुनिश्चित हुआ है आयोजक मंडल ने आज सभी तैयारियां का जायजा लिया और विभिन्न कमेटियों को उनके दायित्व के निर्वहन संबंधित सूचना प्रेषित की गई, इस बैठक में राज बहादुर नवोदय गोंडा,डॉक्टर नरेंद्र नवोदय आगरा ,डॉ अमिता सिंह नवोदय झांसी,बृजेश पासवान,गोंडा नवोदय से प्रवेज, मनोज, विमल राजन, नवोदय अयोध्या से संगीता सिंह, शिल्पी सिंह, संगीता, प्रीती सिंह, विभा पाण्डेय, पंकज आर्या, सुधांशु मिश्र 2006 बैच,अंबुकेश्वर,वीर सिंह यादव, अवध बिहारी, रोहित मिश्र आदि लोग इस बैठक में सम्मिलित हुए।

### जनपद न्यायाधीश ने किया गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर आज जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्रधिकरण बबीता रानी की अध्यक्षता में 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक स्वच्छता जागरूकता अभियान के प्रारम्भ में कचहरी परिसर में गॉधी जयंती का आयोजन किया गया जिसमें महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। उसके पश्चात स्वच्छता जागरूकता अभियान के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से स्कूल के बच्चों की एक स्वच्छता अभियान रैली का आयोजन किया गया। जिसको जनपद न्यायाधीश बबीता रानी, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण संजय कुमार एवं अपर जिला जज कक्ष ललित नारायण झा, अपर जिला जज प्रकाश तिवारी एवं भूपेन्द्र प्रताप अपर जिला जज व पूर्ण कालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने हरी झंडी दिखाकर रैली का प्रारम्भ किया। जो कचहरी परिसर से होते हुए कलैक्टेउ्ट कचहरी होते हुए दीवानी कचहरी सहारनपुर में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश ने बच्चों की रैली को सम्बोधित करते हुये कहा कि बच्चे अपना लक्ष्य अपने भविष्य के लिये अवश्य चुने और अपने लक्ष्य को पूर्ण करने में मेहनत कर लक्ष्य को प्राप्त करें। जनपद न्यायाधीश ने सभी को स्वच्छता का महत्व समझाया और कहा कि अगर हम अपने समाज, घर एवं अपने आस पास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखेंगें तो उससे देश एवं समाज की तरक्की होगी तथा देश एवं समाज का नागरिक स्वस्थ रहेगा।

# नगर पंचायत कार्यालय व इंटर कॉलेज में भी धूमधाम से मनाई गई गांधी जयंती

अवधनामा संवाददाता





डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। तहसील क्षेत्र के इंटर कॉलेजो में गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर स्वच्छता अभियान के तहत विद्यालय परिसर में साफ सफाई की गई तथा झंडारोहण किया गया। क्षेत्र के रफी मेमोरियल चकचेई, मौलाना आजाद इंटर कॉलेज कादिराबाद व चौधरी चरण सिंह कन्या इंटर कॉलेज बायताल में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**नगर पंचायत डुमरियागंज कार्यालय में अध्यक्ष शाजिया अतीक ने किया झंडा रोहण**

क्षेत्र के भारत भारी नगर पंचायत के बढ़नी कोल्ड स्टोर स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम मेमोरियल इंटर कॉलेज में सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती धूमधाम से मनाया गयी। इस मौके पर गोष्ठी, साफ-सफाई आदि कार्यक्रम आयोजित किये गये। सर्वप्रथम कॉलेज के प्रधानाचार्य सैफुद्दीन मलिक द्वारा झंडा फहराया गया। उसके बाद एक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने अपने अपने सम्बोधन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। तत्पश्चात प्रधानाचार्य सैफुद्दीन मलिक के नेतृत्व में सभी अध्यापकों ने कॉलेज परिसर में झाड़ू लगाकर साफ-सफाई कर स्वच्छता का सन्देश दिया। इस अवसर पर गुफरान अहमद, शहज़ाद आलम, पंकज चौबे, फरियाद अहमद, अब्दुल अव्वल फारुकी, राम कृष्ण चौबे, शाह आलम, राम जी, रोहित पाण्डेय, शिव ओम पाण्डेय, परवेज अहमद, रामानंद, संजय वर्मा, महीबुल्लाह, मनोज श्रीवास्तव, राज अग्रहरी, गौतम कुमार आदि लोग उपस्थित रहे। इसी क्रम में डुमरियागंज नगर पंचायत कार्यालय में गांधी जयंती के मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष साजिया अतीक व अधिशासी अधिकारी डुमरियागंज महेश श्रीवास्तव द्वारा झंडारोहण किया गया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अतिकुर्रहमान राईनी भी मौजूद रहे। झंडारोहण के बाद सफाई कर्मचारियों को अंग वस्त्र दिया गया तथा नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में साफ सफाई के लिए लोगों को जागरुक भी किया गया।

## धूमधाम से मनायी गई गांधी जयंती



डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। भारतभारी नगर पंचायत के बढ़नी कोल्ड स्टोर स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम मेमोरियल इंटर कॉलेज में सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। इस मौके पर गोष्ठी, साफ-सफाई आदि कार्यक्रम आयोजित किये गये। सर्वप्रथम कॉलेज के प्रधानाचार्य सैफुद्दीन मलिक द्वारा झंडा फहराया गया। उसके बाद एक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने अपने अपने सम्बोधन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। तत्पश्चात प्रधानाचार्य सैफुद्दीन मलिक के नेतृत्व में सभी अध्यापकों ने कॉलेज परिसर में झाड़ू लगाकर साफ-सफाई कर स्वच्छता का सन्देश दिया। इस अवसर पर गुफरान अहमद, शहज़ाद आलम, पंकज चौबे, फरियाद अहमद, अब्दुल अव्वल फारुकी, राम कृष्ण चौबे, शाह आलम, रामजी, रोहित पाण्डेय, शिव ओम पाण्डेय, परवेज अहमद, रामानंद, संजय वर्मा, महीबुल्लाह, मनोज श्रीवास्तव, राज अग्रहरी, गौतम कुमार सहित पूरा विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

### अध्यक्ष व ईओ ने किया झंडारोहण

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। नगर पंचायत डुमरियागंज में अध्यक्ष साजिया अतीक एवं अधिशासी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव द्वारा महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के शुभ अवसर पर झंडारोहण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया तथा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अर्न्तगत सफाई कर्मचारी नीलम, नगीना, जनक प्रसाद, श्यामदीन और गौरी शंकर को अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी द्वारा उनके उत्कृष्ट कार्य पर पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिसमें समस्त सभासदगण एवं समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# महात्मा गांधी की जयंती पर सरकारी व अर्धसरकारी संस्थाओं पर किया गया झण्डा रोहण

अवधनामा संवाददाता







सिद्धार्थनगर। दो अक्टूबर के दिन सोमवार को ब्लाक परिसर सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोटन व कोतवाली प्रांगण में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्म दिवस पर सोमवार को रामप्रवेश ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पार्चन कर श्रद्धासुमन अर्पित किया और उपस्थित लोगों को उनके जीवन के बारे में बताया गया और सफाईकर्मी को निर्देश देकर कहा गया है कि अपने अपने ग्राम पंचायत में जाकर सफाई अभियान चला कर उनके विचारों पर चलो। ब्लाक प्रमुख अशिष सिंह ने कहा की हर व्यक्ति को अपने आस पास साफ सुथरा रखना चाहिए इससे बिमारी दूर भागेगी।सपा नेता तेज प्रताप सिंह ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस पर लोटन मुख्य चौराहे पर केक काट कर जन्म दिन मनाई और लोगों को उनके जीवन के बारे मे भी जानकारी दी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोटन में अधीक्षक संतोष कुमार गुप्ता ने भी अपने कर्मचारियों के साथ झण्डा फहराया। कोतवाली प्रभारी चन्दन कुमार ने थाना परिसर मे महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर झण्डा फहराये और लोगो को अपने कर्तव्यों को सही तरीके से निर्वाह करने को कहा। इस दौरान उप निरीक्षक ऊम प्रकाश उप निरीक्षक रविन्द्र कुमार यादव, उप निरीक्षक अविनाश चन्द, दिवान मैनेजर यादव, हेड कांस्टेबल वसीम अहमद, एडीओ पंचायत सदानंद वर्मा, मोहम्मद यूनुस अंसारी, उमेश चंद राय, लेखाकार अभिषेक कुमार गुप्ता सचिव विनोद कुमार चौधरी, रविन्द्र कुमार जावव,मनोज कुमार, ईश्वर देव, मोहम्मद आरीफ, सुशीला, प्रियंका गोस्वामी, लक्ष्मी राम, मनीष यादव, अनुप यादव, राकेश जायसवाल, मोहम्मद याकूब,सहित तमाम ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## एसपी ने राष्ट्र की एकता व अखंडता की दिलाई शपथ



बस्ती अवधनामा संवाददाता। 02 अक्टूबर 2023 को सत्य, अहिंसा, शांति व सद्भाव के प्रतीक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के शुभ अवसर पर क्वार्टर गार्द पुलिस लाइन बस्ती में पुलिस अधीक्षक बस्ती गोपाल कृष्ण चौधरी द्वारा दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया गया। पुलिस अधीक्षक बस्ती द्वारा इस अवसर पर अपने उद्बोधन में महापुरुषों के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को याद करते हुए उपस्थित समस्त अधिकारी व कर्मचारीगण को उनके सम्पूर्ण जीवन से प्रेरणा लेकर उनके द्वारा दिखाए गए सत्य, अहिंसा, सद्भाव, भाईचारा, परिश्रम व सत्मार्ग के रास्ते पर चलने की अपील करते हुए सभी पुलिसकर्मियों को सत्य, अहिंसा व सदमार्ग पर चलते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता, संप्रभुता व सुरक्षा हेतु अपना योगदान करने की शपथ दिलाने के उपरांत पुलिस विभाग के सफाई मित्रों को साल भेंटकर सम्मानित किया गया, जिस अवसर पर त्राधिकारी कलवारी आलोक प्रसाद, प्रतिसर निरीक्षक बस्ती संदीप कुमार राय व अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण पुलिस लाईन में बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## बकैनिहा में मुफ्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

बांसी सिद्धार्थनगर। अल-फुरकान एजूकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसाइटी बांसी ने विकास खंड खेसरहा के ग्राम बकैनिहा में मुफ्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर 195 मरीजो के स्वस्थ्य का परीक्षण कर निःशुल्क दवा वितरण किया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक ऐमन युसुफ ज़ई, ने शिविर के माध्यम से आंखों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच करने की लोगों को सलाह दिया।मरीजो के स्वास्थ्य की जांच फिजिशियन डॉ जमील अहमद,नेत्र चिकित्सक, डॉ अरशद, डा तौहीद, डा अफज़ल ने किया तत्पश्चात आवश्यकतानुसार मरीजो को दवा दिया गया। इस अवसर पर अफसर खां, इसहाक खां, अख्तर भाई, इमरान भाई, जफर, आसिफ, अनिल, शरीफ आदि तमाम लोग मौजूद थे।

# सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए कर रही कार्यः पूर्व मंत्री

एजाज़ सिद्दीक़ी



**दलित बस्तियों में चौपाल लगाकर पूर्व मंत्री डॉ सतीश द्विवेदी ने किया भोजन**

इटवा सिद्धार्थनगर। भाजपा के अनुसूचित बस्ती संपर्क अभियान के तहत सोमवार को पूर्व मंत्री डॉ सतीश द्विवेदी ने अंकरा और छतहरा में चौपाल लगाकर केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का बखान किया और दलित परिवारों के यहां भोजन किया।

डॉ सतीश द्विवेदी ने कहा की भाजपा सरकार ना सिर्फ बाबा साहब अम्बेडकर का सम्मान करती है बल्कि उनकी विरासत को भी आगे ले जा रही है। सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए काम कर रही है। पंडित दीनदयाल के अंतोदय के सपने को भी सरकार कर रही है आज अनुसूचित वर्ग के लोग भी मानते हैं कि सरकार उनके हितों के प्रति गम्भीर है। और योजनाओं के जरिए सबका उत्थान कर रही है। डॉ द्विवेदी ने कहा की आप सब जनता जनर्दन एकजुट होकर फिर से एक बार 2024 लोक सभा चुनाव में भाजपा का साथ देने और पुनः मोदी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने हेतु आवाह्न किया। उन्होंने कहा कि फिर से मोदी सरकार बनी तो ना सिर्फ विकास कार्यों को गति मिलती रहेगी। बल्की दुनिया में भारत स्थित मजबूत बनी रहेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सतीश मिश्रा ने की। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष लवकुश दुबे, पूर्व मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र निश्रा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष गौरव मिश्रा, निलेश , चन्दन सभासद, मनोज कन्नौजिया, अरविंद चौधरी, मंडल महामंत्री अरविंद चौधरी, शक्ति केन्द्र संयोजक प्रकाश सहित लोग उपस्थित रहे।

## परिषदीय विद्यालयों में चित्रकला प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट बच्चों को किया पुरस्कृत



डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। स्थानीय विकास खंड के परिषदीय विद्यालयों में 2 अक्टूबर गांधी जयंती के मौके पर चित्रकला प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें उत्कृष्ट योगदान देने वाले बच्चों को शिक्षकों द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। स्थानीय विकासखंड के परिषदीय विद्यालयों में सुबह झंडा रोहण एवं प्रभात फेरी के बाद बच्चों द्वारा विद्यालय में साफ सफाई की गई तत्पश्चात विद्यालय परिसर में चित्रकला प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कुछ विद्यालयों में गोष्ठी के माध्यम से बच्चों व शिक्षकों को स्वच्छता के लिए जागरूक भी किया गया। क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय डुमरियागंज में चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने प्रतिभा किया। इसके अलावा कंपोजिट विद्यालय पटखौली, भवानीगंज, वासा पश्चिम डीह, अरनी, बंजरहवा, गौहनिया राज, धंखरपुर आदि विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके बाद शीर्ष तीन बच्चे जो बेहतर अंक प्राप्त किए थे उन्हें शिक्षकों द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस बारे में खंड शिक्षा अधिकारी डुमरियागंज संजय कुमार ने बताया कि 2 अक्टूबर गांधी जयंती के मौके पर बच्चों के बीच निबंध प्रतियोगिता व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना था। तमाम विद्यालयों में प्रतियोगिताएं आयोजित हुई तथा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अलावा स्वच्छ शहर स्वच्छ गांव के तहत स्वच्छता जागरूकता अभियान का आयोजन आगे निरंतर चलेगा।

## आशिक अली द्वारा तकरीरी प्रोग्राम का आयोजन



बस्ती अवधनामा संवाददाता। कौमी एकता व रबीउल्लअल के मौके पर मदरसा दारूल उलूम महबूबिया अमोढ़ा मे मौलाना आशिक अली द्वारा तकरीरी प्रोग्राम का आयोजन किया मौलाना ने 12 रबीउल्लअल के मौके पर पैगंबर साहब के जिंदगी के बारे में बताया गया है लोगों को तकरीर के माध्यम से मौलाना आशिक अली ने बताया कि आप लोग अपने घरों को सजाये उनके नाम पर मिलाद करें उनके जन्मदिन पर गांव में जुलूस निकल गया जुलूस को हर घर पर ले जाकर वहां नातिया कलाम पेश किया गया। मौलाना ने बताया कि पैगम्बर ने अपने पूरे जीवन काल इंसानियत को तरजीह दी है। उनके अनुसार मानवता सबसे आला मुकाम पे है। इस मौके पर मौलाना आशिक अली के साथ अब्दुल कादिर, इलियास, नूरूल हुदां, नूरूल बसर, वसीम, गुल हसन, जमील खान और आस -पास के ग्रामीण व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## महापुरुषों की जयंती पर बीडीओ ने श्रद्धासुमन अर्पित किया



आलापुर (अम्बेडकरनगर) अवधनामा संवाददाता। विकास खण्ड जहांगीरगंज अंतर्गत स्थित ब्लूमिंग चिल्ड्रेन एकेडमी देवरिया पंडित के प्रांगण में आज दो महापुरुषों राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सादगी, और ईमानदारी के प्रतीक पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस के अवसर ध्वजारोहण के पश्चात दोनों महापुरुषों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए और मुख्य अतिथि खण्ड विकास अधिकारी जहांगीरगंज अनिल कुमार कुशवाहा ने भव्य रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि सहायक खण्ड विकास अधिकारी पंचायत योगेन्द्रनाथ सिंह सचिव प्रियंका श्रीवास्तव एडीओ आईएसवी पीडी राय, जेई एमआई सैयद फखरुद्दीन अशरफ, विद्यालय के संरक्षक लालमणि गोंड पत्रकार, प्रबन्धक रमेशचंद्र गुप्ता, प्रधानाचार्य श्रीमती सीमा गुप्ता, अध्यक्ष डा श्रीकान्त मिश्र एवं सैकड़ों सम्भ्रांत लोगों के साथ हजारों छात्र छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया। खण्ड विकास अधिकारी अनिल कुमार कुशवाहा ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और कहा कि दोनों महापुरुषों के विचारों को आत्मसात कर उनके बताए हुए मार्गो पर चलना चाहिए,तभी अच्छे राष्ट्र का निर्माण होगा। ब्लूमिंग चिल्ड्रेन एकेडमी देवरिया पंडित के छात्र छात्राओं द्वारा निकाली गई रैली में इसरो द्वारा भेजे गए चन्द्रयान 3 का मॉडल और गांधी जी, भारत मां की झांकी सजाई गई थी।

# हरिशंकर सिंह अध्यक्ष, रामसेवक गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष व अभिषेक मिश्रा बने महामंत्री

अवधनामा संवाददाता



**राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के उसका बाजार ब्लाक ईकाई की कार्यकारिणी का हुआ गठन**

उसका सिद्धार्थनगर। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के उसका बाजार ब्लाक ईकाई की कार्यकारिणी का गठन सोमवार को स्थानीय बीआरसी परिसर में किया गया। इसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर हरिशंकर सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामसेवक गुप्ता, महामंत्री अभिषेक मिश्रा, कोषाध्यक्ष अजीजुर्रहमान, उपाध्यक्ष अमित पांडेय, महिला उपाध्यक्ष पद पर शिखा पाण्डेय को चुना गया। संगठन के नवनियुक्त पदाधिकारियों को इस मौके पर पद और गोपनीयता की शपथ भी दिलाई गई।

ब्लॉक इकाई के गठन अवसर पर प्रांतीय संयुक्त मंत्री व जिलाध्यक्ष आदित्य शुक्ला ने कहा कि महासंघ ने पुरानी पेंशन बहाली, अंतर्जनपदीय स्थानान्तरण, पदोन्नति, कैशलेश चिकित्सा, शिक्षको से गैर शैक्षणिक कार्यो से मुक्ति के लिए संघर्ष शुरु किया है। शिक्षक हित में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा किए जा रहे कार्यो के कारण शिक्षकों का राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रति निरंतर विश्वास बढ़ रहा है।

जिला कोषाध्यक्ष अभय सिंह ने कहा कि नई कार्यकारिणी के पद धारकों की जिम्मेदारी है कि वह उसका बाजार समेत जिले के शिक्षकों के मान सम्मान की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहें। किसी भी स्तर से शिक्षकों का शोषण नही होना चाहिए। जिला संगठन मंत्री विपुल सिंह ने विश्वास जताया कि नई कार्यकारिणी पूरी ऊर्जा से संघ की रीत नीति के अनुरूप शिक्षक हित में कार्य करेगी। इस अवसर पर शिवपाल सिंह, रेणुमणि त्रिपाठी, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, सुरेंद्र गुप्ता, राघवेंद्र त्रिपाठी, राकेश पांडेय, राम सिंह पाल, श्याम सुंदर यादव, अखिलेश यादव, सीमा सिंह, रामचंद्र यादव, प्रदीप जायसवाल, विजयलक्ष्मी, मंजुला पांडेय, अब्दुस्सबुर अंसारी, अफजल अंसारी, रंजना सिंह, दिव्या मिश्रा, राकेश कुमार, दिनेश जायसवाल, राजेश कुमार, रामनरेश, धीरेंद्र यादव समेत दर्जनों शिक्षक उपस्थित रहे।

## प्रधानो के साथ बैठक

लोटन सिद्धार्थनगर। आगामी त्योहार दुर्गा पूजा दशहरा एंव नवरात्री त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए लोटन थाना परिसर में ग्राम प्रधान बीडीसी ग्राम प्रहरी/चौकीदारों की बैठक हुई। एसओ चन्दन कुमार ने ग्राम प्रधानों से कहे कि त्योहारों को देखते हुए उच्च अधिकारी के निर्देश पर आप लोगों को बुलाया गया है ताकी शान्ति व्यवस्था बनाये रखने मे सहयोग मिल सके। मूर्ति विसर्जन के समय विशेष सावधानी बरतनी चाहिए विसर्जन के समय दारू पीकर न जाये ऐसा करके विसर्जन के समय ज्यादा बवाल होने की सम्भावना रहती है इस पर ध्यान देना जरूरत है। सूचना तंत्र को मजबूत एवं प्रभावी बनाने के लिए यह बैठक किया गया है। घटनाओं एवं गाँव मे होने वाले विवादों के सम्बन्ध मे तत्काल सूचित करने हेतु बताया गया तथा उच्च अधिकारीयों द्वारा जारी आदेशों एवं निर्देशों से भी अवगत कराया गया। उन्होंने ने कहा कुछ शरारती तत्वों होते है जो उपद्रव कराने के मंशा रखते है ऐसे लोगों से सावधान रहने के जरुरत है।

## मजलिसे शशमाही का हुआ आयोजन

जलालपुर, अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। इस्लाम जिंदा होता है हर कर्बला के बाद। जब जब कर्बला की शहादत को बयां किया जाएगा इस्लाम जिंदा होता रहेगा। यह बातें सोमवार को मौलाना सैयद शारिब अब्बास ने कही। जलालपुर तहसील क्षेत्र के कटघर मूसा गांव स्थित इमामिया मस्जिद में सैयद नैयर अब्बास की जानिब से आयोजित उनके वालिद सैयद अलमदार हुसैन



(लल्लन) मरहूम की मजलिसे छमाही को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन ने इंसानियत को बचाने के लिए मदीना छोड़ा। छोटे से काफिले के साथ कर्बला पहुंचे। बादशाह यजीद ने उस समय इस्लाम को बदलने की कोशिश की तो इमाम हुसैन ने 10 मोहर्रम को अपने 72 साथियों के साथ शहादत देकर इस्लाम व इंसानियत को कयामत तक बचा लिया। दौराने मजलिस मौलाना ने कहा कि युवाओं की जिम्मेदारी है कि वे इमाम हुसैन के आदर्शों पर चलकर समाज व देश के विकास में अपना योगदान दें। कोई ऐसा काम ना करें जिससे किसी को ठेस पहुंचे। लोगों तक इंसानियत का पैगाम दें।

## दुर्गा पूजा एवं दशहरा को लेकर पीस कमेटी की बैठक

बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। बांसी कोतवाली मे सोमवार को आगामी त्योहार दुर्गा पूजा दशहरा एंव नवरात्री त्योहार को सकुशल संपन्न कराने जाने को लेकर बांसी कोतवाली परिसर मे प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की शांति बैठक संपन्न हुआ।कोतवाली परिसर में ग्राम प्रधान बी डी सी ग्राम प्रहरी सहित क्षेत्र बुद्धिजीवी वर्गों तथा संभ्रांत गणों के साथ बैठक हुई। शांति कमेटी की बैठक में प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सिंह ने ग्राम प्रधानों से कहा कि दुर्गा पूजा त्योहारों को देखते हुए उच्च अधिकारी के निर्देश पर आप लोगों को बुलाया गया है। ताकि शान्ति व्यवस्था बनाये रखने मे सहयोग मिल सके। मूर्तियों के विसर्जन के समय विशेष सावधानी बरतनी चाहिए विसर्जन के समय शराब पीकर न जाये,ऐसा करके विसर्जन के समय ज्यादा बवाल होने की सम्भावना रहती है इस पर ध्यान देना जरूरत है। सूचना तंत्र को मजबूत एवं प्रभावी बनाने के लिए यह बैठक किया गया है। घटनाओं एवं गाँव मे होने वाले विवादों के सम्बन्ध मे तत्काल सूचित करने हेतु बताया गया तथा उच्च अधिकारियों द्वारा जारी आदेशों एवं निर्देशों से भी अवगत कराया गया।

## अवैध रूप से शराब बेचते वृद्ध महिला को पकड़ा

अवधनामा संवाददाता

बांसी सिद्धार्थनगर। अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहे लोगों के खिलाफ कार्यवाही के दौरान सोमवार को नगर क्षेत्र के नरकटहा से आबकारी टीम ने एक 70 वर्षीय महिला को अवैध रूप से शराब बेचते हुए पकड़ा है। आबकारी निरीक्षक संजय पाण्डेय की टीम ने नरकटहा क्षेत्र में निर्मला नाम की 70 वर्षीय महिला को अवैध रूप से शराब बेचते हुए पकड़ा है।

इस महिला के पास से तीस शीशी बंटी बबली बरामद हुआ है।जब इस महिला को आबकारी टीम गिरफ्तार कर कोतवाली लें जाने लगी तो उसकी हालत बिगड़ गयी उसको पसीना छूटने लगा। आबकारी निरिक्षक संजय पान्डेय ने बताया कि 70 वर्ष की वृद्ध महिला होने के चलते वह घबरा गई थी और उसके पसीने छूट रहे थे और उसकी हालत बिगड़ने लगी थी इस लिय उसे आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करके जमानत दे दिया गया है।

# नगर के अधिकारियों ने अपने अपने कार्यालय पर फहराया झंडा

अवधनामा संवाददाता



बांसी सिद्धार्थनगर। 2 अक्टूबर के दिन सोमवार को बांसी तहसील कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस पर उपजिलाधिकारी बांसी प्रमोद कुमार ने ध्वजारोहण कर महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पार्चन कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। और उपस्थित लोगों को उनके जीवन के बारे में बताया गया।

उपजिलाधिकारी ने कहा की हर व्यक्ति को अपने आस पास साफ सुथरा रखना चाहिए इससे बिमारी दूर भागेगी। इस दौरान एसडीएम न्यायिक डा.संजीव दीक्षित ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस के अवसर पर तहसील कर्मचारियों द्वारा भजन कीर्तन कर जन्मदिन मनाई और लोगों को उनके जीवन के बारे मे भी जानकारी दी।इसी क्रम मे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसंतपुर में सीएचसी अधीक्षक राजीव रंजन ने भी अपने कर्मचारियों के साथ तिरंगा झण्डा फहराया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सिंह ने परिसर मे महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर झण्डा फहराये और लोगो को अपने कर्तव्यों को सही तरीके से निर्वाह करने को कहा। नगरपालिका कार्यालय पर अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार द्वारा नपा के कर्मचारियों के साथ झंडा फहराया गया बापू तथा लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर मलार्पण कर पुष्पर्जन किया गया। सीएससी अधीक्षक खेसरहा सुजीत पान्डेय ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर झंडा फहराया और उपस्थित लोगों को उनके कर्तव्य पथ पर चलने को कहा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोनहाडीह पर ध्वजारोहण कर महात्मा गांधी और शास्त्री जी के चित्र पर माल्यापर्ण किया गया। इस दौरान डॉ गयासुद्दीन,डॉ अमित त्रिपाठी, लैब टेक्नीशियन अशोक कुमार, वॉर्ड बॉय अनुराग अकबर रामप्रीत एवम प्रशिक्षक फार्मासिस्ट उपस्थिति रहे। इसी प्रकार तमाम सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा बड़े ही धूमधाम के साथ झंडा रोहण कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर झंडारोहण किया गया।

# मौलाना आजाद गर्ल्स कॉलेज में महापुरुषों की मनायी गयी जयंती

जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। गांधी जयंती के अवसर पर नगर स्थित मौलाना आजाद गर्ल्स इण्टर कॉलेज में छात्राओं द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें बच्चों ने देशभक्ति से लेकर वर्तमान में चल रही व्यवस्थाओं पर गीत और नाटक के जरिए रेखांकन को प्रस्तुत किया। शिक्षकों एवं छात्राओं ने दोनों महान विभूतियों के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के बाद उनके बताए




रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। गांधी जयंती पर प्रधानाचार्या गुलिस्तां अंजुम ने ध्वजारोहण किया।विद्यालय प्रबंधक मौलाना मोहम्मद खालिद कासमी ने कहा कि छात्राओं को महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शो को जीवनपर्यंत पालन करना चाहिए। विद्यालय की प्रधानाचार्या गुलिस्तां अंजुम ने कहा कि आज के संदर्भ में महात्मा गांधी की शिक्षाएं और अधिक प्रासंगिक हैं,महात्मा गांधी द्वारा दिया गया सत्य व अहिंसा का सिद्धांत आज पूरा विश्व मानता है। डायरेक्टर सैयद मोहम्मद फरहान ने कहा कि हमें महात्मा गांधी द्वारा दिखाए गए रास्ते पर चलना चाहिए तभी सही अर्थो में देश में स्वराज्य स्थापित होगा।विद्यालय के वरिष्ठ लिपिक जमशेद इकबाल ने इस अवसर पर छात्राओं से कहा की आज दोनों ऐसे महान विभूतियों का जन्मदिन है जिनका सारा का सारा जीवन अनुकरणीय है। विद्यालय में महात्मा गांधी के जीवन व आदर्शो पर आधारित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## हरितक्रान्ति के जन्मदाता

हरितक्रान्ति के जन्मदाता भारत को आकाल से मुक्त कराकर दुनिया का अन्नदाता बनाने वाले कृषि वैज्ञानिक स्वामीनाथन का 98 वर्ष की उम्र में देहअवसान हो गया। उनको अवदानो के देखते हुये प्रधानमंत्री ने ठीक ही उन्हें नवाचार का एक ऊर्जाघर कहा। टाइम्स ने उनकी प्रतिभा और अवदान को देखते हुये उन्हें 20वीं सदी के सबसे प्रभावशाली एशियाई लोगो की सूची में रक्खा। देश विदेश ने उन्हें अनेको पुरस्कारों से सम्मानित किया पर वह इन सबके ऊपर थे।

वैज्ञानिकों की शानदार उपलब्धि मून लैन्डिग है पर उससे ज्यादा महत्वपूर्ण है प्लान्ट जेनेटिक्स के उपयोग से खद्यान्न उपज बढ़ाना। 1965 तक भारत भुखमरी का शिकार था। अमेरिका से लाल गेहूं जिसका सार तत्व अमेरिका निकाल कर समुद्र में फेंक देता था। वह भारत में आकर लोगो का पेट भर रहा था। उस समय जनसंख्या पांच मिलियन से ज्यादा थी और गेहूं की पैदावार 12 मिलियन टन थी। बंगाल के आकाल ने स्वामी नाथन को हिला दिया था। स्वामीनाथन के पास कृषि की डिग्री थी सिटी जेनेटिक्स में पोस्ट ग्रेजुएट थे। 1949 में इन्डियन पुलिस सर्विस में चुने जाने के बावजूद पुलिस सेवा ठुकरा दिया। उन्होंने यूनेस्को फेलोशिय जेनेटिक्स को तरजीह दी और कैम्बिज में डाक्टरेट को तरजीह दी। इससे पहले अमेरिका विसकोन्सिल यूनीवर्सिटी में पोस्ट डाक्टोरल रिसर्च के लिये जा चुके थे। वहां पर उनकी मुलाकात 1958 में नारमन बारलाग से हुई। वहां बारलाग गेहू में रस्ट रोम लगने पर स्पीच दे रहे थे और नियन्त्रण के उपाय बता रहे थे। इनसे स्वामी नाथन प्रभावित थे इसके बाद स्वामीनाथन का सम्बन्ध उनसे बना रहा। स्वामी नाथन भारत लौट आये और सरकारी नौकरी कर ली। 1959 में बरलाग ने मेक्सिको के हाई यील्डिंग गेहूं के उपज से प्रभावित हो बहुत ही गुलाबी तस्वीर प्रचारित की। इसमें जापानी डवार्फिंग जेनी का प्रयोग किया था। स्वामी नाथन एशिया के इकलौते प्लान्ट जेनिसिस्ट थे इससे बहुत प्रभावित हुये। स्वामी नाथन ने गौर किया भारत की सबसे अच्छी गेहूं, चावल की किस्म अनुकूल हालत में फ्टीलाईजर के समुचित उपयोग के बावजूद औसत पैदावार से 20 से 30 प्रतिशत ही पैदावार बढ़ा पाती है। इनके पौधो के नाजुक पेड़ बड़े दाने को भार उठा पाने में अक्षम थे। स्वामी नाथन उस समय एग्रीकल्चरल रिसर्च इन्स्ट्रीटयूट में गेहूं का कार्यक्रय देख रहे थे। 1962 में अपने डायरेक्टर को पत्र लिखा जिसमें बरलाग के सेमी डवार्फ गेहूं की सफ्लता के बारे बताते हुये जिसमें गेहूं के अधिक दाने लगते है, जिसका बारलोग ने मेक्सिको में परीक्षण किया था उसपर भारत में भाषण देने के लिये बुलाने का अनुरोध किया और बारलाक भाषण देने भारत आये।

जब लाल बहादुर शास्त्री प्रधानमंत्री बने और सुब्रमनियम कृषिमंत्री बने तो भारत में चल रही अन्न की कमी से वे आहत थे उसे दूर करने के उपाय के लिये गम्भीरता से विचार कर रहे थे। स्वामीनाथन सरकार के अन्न नीति को प्रभावी ढंग से संचालन करने के लिये संस्थाओ में रह कर भारत की इस सम्बन्ध में नीति को प्रभावित कर सरकार का मार्गदर्शन भी कर रहे थे। शास्त्री जी और सुब्रमनियम राकफेलर फाउनडेशन को जो मेकिस्को के कार्यक्रम को फन्ड मुहैया करा रहा था। पत्र लिखा बारलोग कि सेवायें उपलब्ध कराने के लिये और उनको डवार्फमेक्सिकन व्हीट सीड देने और उपलब्ध कराने के लिये। 1963 में बारलाग भारत आये और उसके बाद 100 किलोग्राम डवार्फ-सेमीडवार्फ बीज भारत को उपलब्ध कराया। पंजाब के किसानों को प्रदर्शन प्लाट के रूप में उसे उठाने के लिये मनाया गया। चूकि यह बीज लाल रंग का था इसलिये भारतीय वैज्ञानिको ने स्थानीय बीज से क्रास कराया जिससे गेहू का रंग लाल से सुनहरा हो गया। यही मेक्सिको को का बीज स्वामी नाथन की सूझबूझ और सरकारी सहयोग से भारत के अन्न उत्पादन में हरितक्रान्ति पैदा कर दी। भारत जो भूख मिटाने के किये दूसरे देशो खासकर अमेरिका का मोहताज था वह विदेशियो की भूख मिटाने अग्रसर है के लिये अनाज का निर्यात करने लगा। आज भारत जिस अवस्था में है विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।

बारलोग 1964 में भारत आये मेक्सिकन गेहूं की हाईयिल्डिग किस्म का पहला जहाज आया जिसको प्रदर्शन के लिये खेतो में बोया गया। पंजाब, दिल्ली, कानपुर पन्तनगर और बेलिंगटन में इनको प्रदर्शन प्लाट बनाये गये। इनकी बढ़ी उपज ने किसानों को बहुत प्रभावित किया। पंजाब यूनिवर्सिट ने प्रदर्शित किया 3291 प्रति हेक्टयर की जगह उपज बढ़कर 4690 प्रति हेक्टर पर हो गई। 1965 में सरकार की वजह से मेक्सिकन बीज 250 टन मंगाया गया। इस तरह स्वमीनाथन का हरितक्रान्ति का सपना पूरा हुआ। स्वामी नाथन ने भारतीय महिलाओं के लिये भी योजना बना उन्हें कृषि मजदूरी से निकालकर उद्यमी बनाता उन्होंने कृषि से सम्बन्धित कई संस्थाओं खेती जिसका संचालन महिलाये कुशलतपूर्वक रही है। इस तरह मेक्सिकन गेहूं कि 100 किलोग्राम नमूने भारत की अन्न की उपज में काया पलट कर दी। आज लाखो गरीब बढ़े अनाज को खाकर स्वामीनाथन को दुआएं दे रहे है।

## अहिंसा के प्रयोग एवं प्रशिक्षण पर बल देना होगा


स्वामी देवेन्द्र ब्रह्मचारी

अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस प्रत्येक वर्ष 2 अक्टूबर को मनाया जाता है। यह दिवस सभी देशों और लोगों के बीच स्वतंत्रता, सह-अस्तित्व, शांति और खुशी का एक आदर्श माना जाता है। भारत अहिंसा एवं शांति को सर्वाधिक बल देने वाला देश है, यहां की रत्नगर्भा माटी में अनेक संतपुरुषों, ऋषि-मनीषियों को जन्म लिया है, जिन्होंने अपने त्याग एवं साधनामय जीवन से दुनिया को अहिंसा एवं शांति का सन्देश दिया। भगवान महावीर ने अहिंसा पर सर्वाधिक बल दिया, अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस की सार्थकता महावीर की अहिंसा को विश्वव्यापी बनाकर ही पायी जा सकता है। महावीर की अहिंसा में जहां संयम की प्रधानता है वही महात्मा बुद्ध की अहिंसा में करुणा है। संयम और करुणा की चेतना ही विश्व शांति एवं अहिंसा का आधार हो सकती है। वर्तमान सन्दर्भों में अतीत से चली आ रही अहिंसा की विरासत को महात्मा गांधी ने नया आयाम दिया, उन्होंने आजादी पाने के लिये इसे सशक्त हथियार के रूप में इस्तेमाल किया। अहिंसा की प्रतिष्ठा प्रत्येक व्यक्ति चाहता है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच से भी आज अहिंसा की प्रतिष्ठा पर सर्वसहमति बनती जा रही है, तभी अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस को स्वीकार्यकता मिली है। अहिंसा को शक्तिशाली बनाए बिना उसकी प्रतिष्ठा की बात आकाश-कुसुम की भांति व्यर्थ है। इसको स्थापित करने के लिए भावनात्मक परिवर्तन, हृदय-परिवर्तन या मस्तिष्कीय प्रशिक्षण एवं प्रयोग अनिवार्य हैं। शांति के लिए सब कुछ हो रहा है- ऐसा सुना जा रहा है। युद्ध भी शांति के लिए, स्पर्धा भी शांति के लिए, अशांति के जितने बीज हैं, वे सब शांति के लिए- यह मानसिक झुकाव स्वयं में एक बड़ी भंयकर भूल है। बात चले विश्वशांति की और कार्य हो अशांति के तो शांति कैसे संभव है? विश्वशांति के लिए अणुबम आवश्यक है, यह घोषणा करने वालों ने यह नहीं सोचा कि यदि यह उनके शत्रु के पास होता तो? संसार में अन्याय, शोषण एवं अनाचार के विरूद्ध समय-समय पर क्रांतियां होती रही हैं पर उनका साधन विशुद्ध नहीं रहने से उनका दीर्घकालीन परिणाम संदिग्ध हो गया। अहिंसा है स्वयं के साथ सम्पूर्ण मानवता को ऊपर उठाने में, आत्मपतन से बचने में और उससे किसी को बचाने में। हिंसा अंधेरा है और अहिंसा उजाला है। आंखें बंद करके अंधेरे को नहीं देखा जा सकता। इसी प्रकार हिंसा से अहिंसा को नहीं देखा जा सकता। विश्वशांति, सह-अस्तित्व एवं मैत्रीपूर्ण वातावरण को देखने के लिए आंखों में अहिंसा का उजाला आंजने की अपेक्षा है। पृथ्वी, आकाश व सागर सभी अशांत हैं। स्वार्थ और घृणा ने मानव समाज को विखंडित कर दिया है। यूँ तो 'अहिंसा' का संदेश हर युग, हर धर्म और हर दौर में दिया गया है, लेकिन विश्व युद्ध की संभावनाओं के बीच इसकी आज अधिक प्रासंगिकता है। दुनिया गांधी को न केवल अहिंसा व सर्वोच्च मानवतावाद के अभ्यास के प्रति उनके भावुक पालन के लिए याद करती है, बल्कि उस मानदंड के रूप में भी याद करती है जिसके खिलाफ हम सार्वजनिक जीवन, राजनीतिक विचारों और सरकारी नीतियों में पुरुषों और महिलाओं और हमारे साझा लोगों की आशाओं और इच्छाओं का परीक्षण करते हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

भारत की सामान्य-सी बेटियों ने आसमान छूकर 'मां भारती' को सम्मानित किया है और खुद को 'असाधारण' साबित किया है। एशियन खेल या राष्ट्रमंडल खेलों के मुकाबले हों अथवा विश्व चैंपियनशिप, ओलंपिक के मैदान हों, खेलों में प्रतिद्वंद्विता गला-काट होती है। एक-एक अंक के लिए जद्दोजहद की जाती है। भारत की बेटी सिफ्ट ने, 7.3 अंकों के फासले से, चीनी खिलाड़ी को मात देकर विश्व कीर्तिमान अपने नाम किया है। ब्रिटेन के नाम पुराने कीर्तिमान को पोंछ दिया है। यकीनन यह गगनचुंबी सफलता और उपलब्धि है।

# एशियाई खेलों में सफलता का परचम लहराती बेटियां


रोहित माहेश्वरी

एक जमाना था जब कहा करते थे खेलोगे कूदोगे बनोगे खराब, पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब, लेकिन अब इस पंक्ति को गलत ठहराते हुए देश के खिलाडियों ने देश को एक अद्भुत पहचान दे दी है। आज भारत खिलड़ियों कि वजह से पूरी दुनिया में अपना दबदबा लगातार बढ़ाता जा रहा है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि शिक्षा के साथ खेल बेहद जरूरी है। पढ़ाई से जहां बच्चों में बौद्धिक विकास होता है वहीं खेलों से शारीरिक विकास होता है। उनमें रोगों से लड़ने की क्षमता भी बढ़ती है। अगर उनमें कुछ करने की ललक है तो वे नाम भी रोशन करते हैं। बस उन्हें हौसले की जरूरत है।

इन दिनों चीन में आयोजित हो रहे एशियन गेम्स में देश की बेटियों ने हर हिंदुस्तानी को गर्व करने का अवसर प्रदान किया है। किसान की बेटी हो या नॉर्मल परिवार से स्पोर्ट खेलने पहुंची लड़की हो। सभी अपनी प्रतिभा दिखाते हुए मेडल जीत रही हैं। सिफ्ट कौर सामरा 50 मीटर राइफल की निशानेबाजी की नई एशियाई चैम्पियन बनी हैं, लेकिन वह विश्व चैम्पियन भी हैं, क्योंकि उन्होंने एक साथ विश्व रिकॉर्ड और एशियन रिकॉर्ड स्थापित कर स्वर्ण पदक जीता है। उन्होंने 469.6 अंक हासिल कर विश्व कीर्तिमान रचा है। 1986 में सोमा दत्ता ने इसी 3 पोजिशन में, सियोल एशियन खेलों में, रजत पदक जीता था, लिहाजा ऐसी कामयाबी वाली, सभी वर्गों में, वह भारत की प्रथम निशानेबाज हैं। सिफ्ट ने टीम स्पर्धा में भी रजत पदक हासिल किया है। हांगझोउ एशियन खेलों का चैथा दिन, भारत के लिहाज से, बेहद खुशगवार रहा। पदकों की खूब बौछार हुई। सिफ्ट के अलावा ईशा सिंह, मनु भाकर, रिद्म सांगवान की तिकड़ी ने भी 25 मीटर पिस्टल की टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। आशी सिंह, माणिनी सरीखी पदकवीर बेटियों का नाम भी विजेताओं की श्रेणी में रखा जाएगा। भारत की इन सामान्य-सी बेटियों ने आसमान छूकर 'मां भारती' को सम्मानित किया है और खुद को 'असाधारण' साबित किया है। एशियन खेल या राष्ट्रमंडल खेलों के मुकाबले हों अथवा विश्व चैंपियनशिप, ओलंपिक के मैदान हों, खेलों में प्रतिद्वंद्विता गला-काट होती है। एक-एक अंक के लिए जद्दोजहद की जाती है। भारत की बेटी सिफ्ट ने, 7.3 अंकों के फासले से, चीनी खिलाड़ी को मात देकर विश्व कीर्तिमान अपने नाम किया है। ब्रिटेन के नाम पुराने कीर्तिमान को पोंछ दिया है। यकीनन यह गगनचुंबी सफलता और उपलब्धि है। गौरतलब तो यह है कि फरीदकोट (पंजाब) के एक किसान घर और चावल का कारोबार करने वाले परिवार की बेटी सिफ्ट की प्राथमिकता निशानेबाजी नहीं थी। वह एमबीबीएस की छात्रा है।

जाहिर है कि 'डॉक्टर साहिबा' बनने की राह पर हैं, लिहाजा सिफ्ट खुद को 'आकस्मिक निशानेबाज' मानती हैं। मेडिकल से मेडल तक की यात्रा 22 वर्षीय बेटी के लिए बड़ी असमंजस भरी रही होगी, लेकिन सिफ्ट ने माता-पिता की



सलाह पर 'निशानेबाज' बनना तय किया। आज वह जिस मुकाम पर हैं, खुद इतिहास लिख रही हैं। 25 मीटर पिस्टल की रजत पदक विजेता ईशा सिंह को हरेक गोली की आवाज 'संगीत का सुर' लगती है। मनु भाकर एक विख्यात नाम है, लेकिन वह टोक्यो ओलंपिक समेत कुछ प्रतियोगिताओं में असफल रही थीं, लेकिन इस बार गले में 'पीला तमगा' पहन कर, ऊपर उठते 'तिरंगे' को देखते हुए, राष्ट्रगान सुनकर प्रसन्न होंगी।

दरअसल खेल की दुनिया में ऐसी बेटियों का भी सार्वजनिक उल्लेख निरंतर किया जाना चाहिए, उन्हें सुर्खियों में छापा जाना चाहिए, वे हाशिए का चेहरा नहीं हैं, क्योंकि एक खिलाड़ी के तौर पर वे भी 'चैम्पियन' बनती हैं। आज मणिपुर के हालात पूरे देश के सामने हैं। रोशिबिना के मानस और मन में भी हिंसा और अशांति की अनगिनत छवियां अंकित रही होंगी, लेकिन वह वुशु खेल के फाइनल तक पहुंची। आप जब यह आलेख पढ़ रहे होंगे, तो एक और बेटी भारत के लिए कमोबेश रजत पदक जीत चुकी होगी! 2010 में संध्यारानी देवी की ऐसी सफलता के बाद रोशिबिना दूसरी महिला भारतीय खिलाड़ी हैं।

मध्य प्रदेश के देवास शहर के आमलाताज गांव की रहने वाली बेटी नेहा ठाकुर ने सेलिंग स्पोर्ट्स में दूसरे नंबर पर रहते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया। इसके साथ-साथ एशियाई खेलों की नौकायन प्रतियोगिता में भारत के लिए मेडल्स का खाता खुला। एशियन गेम्स में भारत अभी तक 14 पदक जीत चुका है। देवास जिले की रहने वाली नेहा ठाकुर किसान परिवार से आती है। उनके पिता गांव में खेती करते है। नेहा को बचपन से ही सेलिंग करने का शौक था। इसके चलते ही परिवार ने उनका दाखिला भोपाल के नेशनल सेलिंग स्कूल में कराया गया। यहां से नेहा ने एशियन खेल तक का सफर तय किया। अब सेलिंग में सिल्वर जीतकर अपना पदक का खाता खोला।

एशियन गेम्स में रजत पदक जीतने वाली खिलाड़ी नेहा ठाकुर का ख्वाब है कि ओलंपिक में खेलते हुए देश के लिए पदक जीतना है। नेहा भोपाल में रहकर बीकॉम की पढ़ाई कर रही है। नेहा ने अपने अभी तक के खेल करियर में 18 मेडल जीत चुकी है। एशियन गेम्स में भारत को घुड़सवारी में स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ है। देश को यह सफलता 41 वर्ष पश्चात् मिली है। घुड़सवारी में स्वर्ण पदक जीतने वाली इस टीम में इंदौर शहर की बेटी सुदीप्ति हजेला भी सम्मिलित थी। उनकी टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक में अपना कब्जा जमाया। घुड़सवारी की टीम में सम्मिलित सुदीप्ति ने इन खेलों की ट्रेनिंग के लिए फ्रांस गई हुई थी। वहां उन्होंने 2 वर्षों तक घुड़सवारी की ट्रेनिंग ली। उनकी ट्रेनिंग का ही फल है कि टीम का हिस्सा बनी तथा टीम को स्वर्ण पदक जीतने में अपना सहयोग दिया। सुदीप्ति ने अभी तक के अपने खेल में 50 से ज्यादा राष्ट्रीय पदक अपने नाम किए है।

विश्व चैम्पियन मुक्केबाज निकहत जरीन भी अपने भार-वर्ग में ताकतवर मुक्के बरसाती हुई क्वार्टर फाइनल में पहुंच चुकी हैं। वह भी पदक की एक पुख्ता उम्मीद हैं। लड़कियों की हॉकी ने जिस तरह का खेल दिखाया है और सिंगापुर की टीम को 13-0 से कुचल दिया है, वे भी पदक की सशक्त उम्मीद हैं। सिफ्ट का निशानेबाजी के प्रति समर्पण देखा जा सकता है कि उन्होंने निशानेबाजी को पूरा वक्त देने के लिए 'डॉक्टरी' की पढ़ाई छोड़ दी है। अब वह 'बेचलर ऑफ फीजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स' की पढ़ाई गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर से कर रही हैं। यह फैसला उनका और माता-पिता का साझा फैसला है। बाद में सिफ्ट आईएएस बनना चाहती है, लेकिन फिलहाल वह निशानेबाजी को समर्पित हैं और कुछ विश्वस्तरीय जीत हासिल करना चाहती हैं। आदि काल से ही नारी को शक्ति को रूप माना जाता। महिलाओं ने वह सब कुछ हासिल किया, जिस पर कुछ वर्ष पूर्व तक पुरुषों का एकाधिकार माना जाता था। विज्ञान व प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, समाजसेवा, नौकरी समेत अन्य सभी क्षेत्रों में महिलाएं अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज करा रही। चंद्रायन 3 मिष्न में महिला वैज्ञानिकों का योगदान भला कौन भूल सकता है। बहरहाल भारत में प्रतिभाओं का भंडार है, लेकिन सरकार सभी की पर्याप्त मदद करे और उन्हें पदक के मंच तक पहुंचाने में भूमिका अदा करे।

# बच्चों के बढ़ते यौन शोषण पर चिंतन

विधि आयोग की 283 वीं रिपोर्टकी करें तो, लॉ कमीशन पॉक्सो एक्ट के तहत आपसी सहमति से यौन सम्बंध बनाने की उम्र 18 साल से घटाकर 16 साल करने के पक्ष में नहीं है। सरकार को सौंपी अपनी 283 वीं रिपोर्ट में आयोग ने कहा है कि आपसी सहमति की उम्र को 18 से घटा कर 16 करने के दुष्परिणाम होंगे, इसका असर बाल विवाह और बच्चों की तस्करी के खिलाफ चल रहे अभियान पर पड़ेगा।


किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर बढ़ते प्रौद्योगिकी, तकनीकी और डिजिटलाइजेशन के चलते जहां एक और दुनियां को बहुत लाभ मिले हैं तो इसके कुछ दुष्टपरिणाम भी हुए हैं। मसलन आर्थिक अपराधों में वृद्धि, ऑनलाइन गड़बड़ियां,डाटा चोरी सहित सबसे अधिक दूषित बढ़ती पोर्नोग्राफी की क्लिप व फिल्मों के आसानी से अनेक एप्स के द्वारा मोबाइल फोन पर उपलब्धि से यौन शोषण के मामलों में वृद्धि होनें को रेखांकित करना जरूरी है। जैसा कि हम देख रहे हैं आज छोटे-छोटे बच्चों के हाथ में मोबाइलें आ गई है और वह किस तरह के प्रोग्राम, क्लिप देखते हैं हम अंदाज नहीं लगा सकते। बस!! यही से हमें दुष्परिणाम मिलने शुरू हो जाते हैं। हालांकि सरकार ने इसकी सुरक्षा में संशोधित यौन अपराधों से बच्चों की सुरक्षा (पास्को) अधिनियम 2012 बनाया है जिसमें 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की के साथ उसकी सहमति से भी संबंध,रेप की श्रेणी में आता है।पॉक्सो एक्ट 2012 के तहत आपसी सहमति से यौन संबंध बनाने की न्यूनतम उम्र अभी 18 साल है। यानि 18 साल से कम उम्र की लड़की के साथ उसकी सहमति से भी संबंध को रेप ही माना जाता है। इसके चलते किशोरवय रिश्तों से पनपे यौन सम्बंध भी अपराध के दायरे में आ जाते है। विभिन्न हाई कोर्ट से सुप्रीम कोर्ट इसपर अपनी चिंता जाहिर करचुके हैं। नवंबर 2022 में कर्नाटक हाई कोर्ट ने लॉ कमीशन से इस संबंध में रिपोर्ट तैयार करने का आग्रह किया था, इसी तरह मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने भी कहा था। उधर 2021 में संसदीय समिति ने भी उम्र 18 से घटकर 16 करने की सिफारिश की थी, जिसका मामला विधि आयोग को सोपा गया था, जिसने 27 सितंबर 2023 को अपनीं 283 वीं रिपोर्ट विधि मंत्रालय को सौंप दी, जिसमें पोक्सो एक्ट के तहत अपनी सहमति से यौन संबंध बनाने की उम्र 18 से घटकर 16 साल करने के पक्ष में नहीं है। चूंकि यह मामला बच्चों के बढ़ते यौन शोषण पर चिंता का है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, यौन अपराधों से बच्चों की सुरक्षा (पॉक्सो) अधिनियम 2012 में सबूत के अभाव व नाबालिक अपराधी की आड़ में छुटने को रेखांकित करना जरूरी है।

साथियों बात अगर हम विधि आयोग की 283 वीं रिपोर्टकी करें तो, लॉ कमीशन पॉक्सो एक्ट के तहत आपसी सहमति से यौन सम्बंध बनाने की उम्र 18 साल से घटाकर 16 साल करने के पक्ष में नहीं है। सरकार को सौंपी अपनी 283 वीं रिपोर्ट में आयोग ने कहा है कि आपसी सहमति की उम्र को 18 से घटा कर 16 करने के दुष्परिणाम होंगे, इसका असर बाल विवाह और बच्चों की तस्करी के खिलाफ चल रहे अभियान पर पड़ेगा। आयोग का कहना है कि ऐसे दौर में जब बच्चों के खिलाफ साइबर स्पेस में यौन



अपराध और फुसलाकर अपराध की घटनाएं बढ़ रही ऐसी किसी भी कोशिश के गंभीर परिणाम होंगे। आपसी सहमति के मामलों में पॉक्सो एक्ट मेंसंसोधन का सुझाव हालांकि आयोग ने ऐसे केस में जहां पीड़ित 16 या उससे अधिक उम्र की हो और यौन सम्बन्धों के लिए लड़की की मूक सहमति है, पॉक्सो एक्ट में संसोधन के लिए विशेष सुझाव भी दिये है ताकि ऐसे मामलों में सज़ा निर्धारित करते वक्त जज केस के तथ्यों को ध्यान में रखकर फैसला ले सके।आयोग ने कहा है कि अगर कोर्ट संतुष्ट हो कि आरोपी और पीड़ित के बीच नजदीकी संबंध थे तो कोर्ट अपने विवेक से सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए पॉक्सो एक्ट में निर्धारित न्यूनतम सजा से कम सजा भी दे सकता है। हालांकि कोर्ट को इसके कारण अपने लिखित आदेश में दर्ज कराने होंगे। आयोग ने कहा है कि आरोपी के साथ कोर्ट नरमी कुछ तथ्यों के आधार पर बरत सकता है। जैसे,पीड़ित और आरोपी की उम्र में 3 साल से अधिक का अंतर नहीं होना चाहिए।आरोपी का पहले से कोई अपराधिक इतिहास न हो घटना के बाद आरोपी का आचरण सही रहा हो, मामले में पीड़ित पर प्रभावडालने धोखाधड़ी या हिंसा की कोशिश नहीं की गई हो।बच्चों की मानव तस्करी की कोई कोशिश ना की गई हो। आरोपी पीड़ित पर प्रभाव डालने की स्थिति में ना हो। जैसे कि बच्चों के नजदीकी पारिवारिक सदस्य जहां कोर्ट को लगता हो कि इन संबंधों के लिए पीड़ित की मूक सहमति थी पीड़ित का पोर्नोग्राफी के लिए इस्तेमाल नहीं किया गया हो, भारत के 22 वें विधि आयोग ने केंद्रीय कानून और न्याय मंत्रालय को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। रिपोर्ट में प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्शुअलऑफेंसेज़ ऐक्ट के तहत सहमति की उम्र पर बात की गई है।विधि आयोग ने कहा कि सहमति की मौजूदा उम्र 18 साल है और इसके साथ छेड़छाड़ नहीं की जानी चाहिए।

साथियों बात अगर हम मार्च 2021 में संसदीय समिति ने पॉक्सो के तहत सौंपी अपनी रिपोर्ट की करें तो, संसदीय समिति ने केंद्र सरकार से पॉक्सो एक्ट के तहत किशोर की उम्र 18 से घटाकर 16 साल करने की सिफारिश की थी। संसदीय समिति का कहना था कि नाबालिग यौन अपराधी अधिक गंभीर और जघन्य अपराध कर सकते हैं, अगर उन्हें बिना कार्रवाई और गैर-जिम्मेदार छोड़ दिया जाए।कांग्रेस सांसद की अध्यक्षता वाली गृह मामलों की संसदीय स्थायी समिति ने राज्यसभा को सौंपी अपनी रिपोर्ट में पाया था कि बच्चों के यौन अपराधों से संरक्षण पॉक्सो अधिनियम के तहत बड़ी संख्या में मामले सामने आए हैं, जहां किशोर अपराधियों की आयु सीमा कम है।समिति ने कहा था कि यह माना जाता है कि नाबालिग यौन अपराधियों गंभीर और जघन्य अपराध कर सकते हैं, अगर उन्हें बिना कार्रवाई और बिना शर्त छोड़ दिया जाए, इसलिए, इन प्रावधानों को फिर से देखना बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि अधिक से अधिक किशोर ऐसे अपराधों में शामिल हो रहे हैं।समिति ने सिफारिश की थी कि गृह मंत्रालय इस मामले को महिला व बाल विकास मंत्रालय के साथ 18 साल की मौजूदा आयु सीमा की समीक्षा करे और यह देखे कि क्या इसे घटाकर 16 साल किया जा सकता है।संसदीय समिति ने कहा था कि यह माना जाने वाला दृष्टिकोण है कि कानूनीजागरूकता की कमी के कारण, विशेष रूप से नाबालिग बच्चों और किशोरों के बीच, वे अपने स्कूलों और कॉलेजों में पीछा करने, ऑनलाइन ट्रोलिंग, छेड़छाड़ जैसे अपराधों में शामिल हो रहे हैं, इसलिए उन्हें साइबर सुरक्षा का ज्ञान प्रदान करना आवश्यक है, ताकि वे अपराधियों द्वारा लक्षित न हों।समिति ने सिफारिश की थी कि गृह मंत्रालय शिक्षा मंत्रालय के साथ मिलकर स्कूली पाठ्यक्रम में साइबर सुरक्षा की मूल बातें शामिल कर सकता है समिति ने कहा था कि साइबर स्पेस के उपयोग और दुरुपयोग के बारे में समाज के सभी वर्गों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए एक राष्ट्व्यापी अभियान का संचालन करना बहुत महत्वपूर्ण है। साथियों बात अगर हम पॉक्सो एक्ट 2012 की करें तो, अभी पॉक्सो या भारतीय दंड संहिता के तहत गंभीरअपराध में 16 से 18 साल के उम्र वाले को बालिग के रूप में रखा जाता है।

# लड़कियां बोझ नहीं, ताकत हैं

1686 लोगों की जनसंख्या वाले इस गांव में करीब 60 प्रतिशत उच्च जातियों की संख्या है। जबकि गांव में 60 प्रतिशत साक्षरता की दर है। जिसमें मात्र 25 प्रतिशत ही महिलाएं साक्षर हैं। इनमें भी अधिकतर नई पीढ़ी की किशोरियां शामिल हैं। गांव में महिला शिक्षा के प्रति नकारात्मक सोच किस कदर हावी है इसका एक उदाहरण 46 वर्षीय किशन सिंह हैं।


हेमा रावल

हाल ही में संसद के विशेष सत्र में पास किये गए महिलाओं के लिए लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण विधेयक को राष्ट्रपति ने भी मंजूरी प्रदान कर दी है। इसके साथ ही यह ऐतिहासिक विधेयक अब कानून का रूप ले चुका है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला शक्ति को नमन करते हुए महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अपनी सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उनकी सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से न केवल महिला सशक्तिकरण पर विशेष ज़ोर देती रहेगी बल्कि उन्हें प्राथमिकता भी देगी। उन्होंने महिलाओं के स्वावलंबन के लिए हर स्तर पर प्रयास करने पर भी ज़ोर दिया ताकि देश की आधी आबादी को भी शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएं और अधिकार समान रूप प्राप्त हो। इसमें कोई शक नहीं कि केंद्र से लेकर सभी राज्य सरकार महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करती रहती हैं। इसके अंतर्गत कई योजनाओं संचालित की जा रही हैं, फिर चाहे वह मुद्रा लोन के रूप में उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना हो या फिर सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत उनका भविष्य उज्जवल बनाना हो।

सरकार की इस पहल का सबसे अधिक लाभ नई पीढ़ी की किशोरियों को मिलने वाला है। जो शिक्षा के माध्यम से सशक्त और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अग्रसर हैं। हालांकि एक ओर जहां सरकार सराहनीय प्रयास कर रही है वहीं सामाजिक रूप से भी महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रयास किये जाते रहे हैं। लेकिन शहरों की तुलना में अभी भी ग्रामीण क्षेत्रों में नारी की सामाजिक स्थिति में कोई विशेष सुधार देखने को नहीं मिल रहा है। उन्हें आज भी ऐसी कई प्रचलित और अमानवीय प्रथाओं से गुज़रना होता है, जिससे उन्हें न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से भी यातनाओं को सहना पड़ता है। लड़की के जन्म के साथ ही उसे बोझ समझा जाने लगता है। पराया धन के नाम पर परिवार उसे शिक्षा और अन्य बुनियादी आवश्यकताओं से भी वंचित कर देता है। रूढ़िवादी धारणाओं के नाम पर उसे आगे बढ़ने से रोक दिया जाता है। अपनी पहचान के नाम पर उसे केवल पुरुष की सेवा करने वाली जीव की संज्ञा दी जाती है। पहले पिता और भाई और फिर पति और पुत्र की सेवा के आधार पर ही उसके स्वर्ग और नर्क का फैसला सुना दिया जाता है।

देश के ऐसे कई दूर दराज़ ग्रामीण क्षेत्र हैं जहां महिलाओं के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार किया जाता है। उसे शिक्षा से वंचित रखने का प्रयास किया जाता है। समाज की यह सोच बनी हुई है कि लड़की को शिक्षित करने से कहीं अधिक उसे चूल्हा चौका में पारंगत होना आवश्यक है। ऐसी ही संकीर्ण सोच का उदाहरण पहाड़ी राज्य उत्तराखंड के बागेश्वर जिला स्थित गनीगांव में देखने को मिलता है। जहां देवी शक्ति के रूप में



उसकी आराधना तो की जाती है लेकिन महिला अधिकार के नाम पर समाज की सोच संकुचित हो जाती है। इन क्षेत्रों में महिला समानता से अधिक रूढ़िवादी धारणाएं हावी हैं। यहां लड़कियों की तुलना में लड़कों को अधिक प्राथमिकता दी जाती है। उसके लिए शिक्षा प्राप्त करने और आगे बढ़ने के लिए पूरा समाज प्रयास करता है, जबकि यही समाज लड़कियों के सपनों को घर की चारदीवारियों तक सीमित करना संस्कृति समझता है। वह बार बार लड़कियों को यह याद दिलाता है कि वह पराई है और उसका स्थाई ठिकाना उसका ससुराल होगा। केवल शादी होने तक ही वह इस घर में रह सकती है। यही कारण है कि लड़कियों को पढ़ाई करने के लिए भी स्कूल कम ही भेजा जाता है और बेटों पर ज्यादा ध्यान दिया जाता है।

1686 लोगों की जनसंख्या वाले इस गांव में करीब 60 प्रतिशत उच्च जातियों की संख्या है। जबकि गांव में 60 प्रतिशत साक्षरता की दर है। जिसमें मात्र 25 प्रतिशत ही महिलाएं साक्षर हैं। इनमें भी अधिकतर नई पीढ़ी की किशोरियां शामिल हैं। गांव में महिला शिक्षा के प्रति नकारात्मक सोच किस कदर हावी है इसका एक उदाहरण 46 वर्षीय किशन सिंह हैं। जो बालिका शिक्षा का विरोध करते हुए कहते हैं कि लड़कियों को शिक्षित करने का क्या लाभ? आखिर में तो उसे ससुराल जाकर चूल्हा ही संभालना है। वह लड़कियों की शिक्षा पर अधिक खर्च करने की जगह उसके लिए दहेज़ का पैसा जमा करने का समर्थन करते हैं। वह कहते हैं कि उन्होंने अपनी बेटियों को अधिक शिक्षित नहीं किया और उनकी जल्द शादी करा दी। हालांकि किशन सिंह यह नहीं समझते हैं कि यदि उनकी लड़कियां शिक्षित होती तो वह किसी भी समस्या को आसानी से हल कर सकती हैं।

किशन सिंह के जैसी संकीर्ण सोच के कारण गांव के कई अभिभावकों ने अपनी लड़कियों को शिक्षा जैसी अनमोल उपहार से वंचित रखा है। जिसके कारण कई लड़कियों को अपने सपनों को छोड़ना पड़ा है। इस संबंध में एक किशोरी दर्शनी रावल का कहना है कि ÷मैं पढ़ लिख कर अपने पैरों पर खड़ा होना चाहती थी। नौकरी कर उस सोच को खत्म करना चाहती थी जो बेटियों को बोझ समझते हैं। जब मैं अपने पिता से नौकरी करने की बात की तो उन्होंने परमिशन देने से साफ़ इंकार करते हुए कहा कि नौकरी करके क्या करना है? आखिर में तो तुम्हें घर ही संभालना है। इसलिए घर का काम सीखो। पिता के इन शब्दों ने मेरे आगे बढ़ने और कुछ करने के हौसले को तोड़ दिया। जिस वजह से मैं अपनी जिंदगी में आगे नहीं बढ़ पाई और आखिर वही हुआ जो हर एक लड़की के साथ होता है। मेरे सपनों को कुचल कर मेरी शादी कर दी गई और आज मैं ससुराल में चूल्हा में उलझ कर रह गई हूँ। दर्शनी कहती है कि पता नहीं हमारे गांव के लोगों की सोच कब बदलेगी? ताकि मेरी जैसी अन्य लड़कियों को भविष्य में इस प्रकार के भेदभाव का सामना न करना पड़े।

हालांकि बदलते समय के साथ बालिका शिक्षा के प्रति कुछ अभिभावकों की सोच में भी परिवर्तन आने लगा है। इसका एक उदाहरण गांव के ही 41 वर्षीय मदन सिंह हैं। जिन्होंने अपनी पांचों बेटियों को उच्च शिक्षा देकर संकीर्ण सोच वाले लोगों को करारा जवाब दिया है। उनकी सबसे बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है। जबकि दूसरी बेटी होटल मैनेजमेंट, तीसरी आईआईटी और बाकि अभी स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रही है। मदन सिंह कहते हैं कि उन्होंने कभी भी बेटे और बेटी में अंतर नहीं समझा है। यही कारण है कि वह अपनी सभी बेटियों को उसकी इच्छा के अनुरूप शिक्षित कर रहे हैं। वह कहते हैं कि धीरे धीरे ही सही, लेकिन गांव के लोगों को भी एक दिन बालिका शिक्षा का महत्व समझ में आएगा और सभी लड़कियों को पढ़ने की आज़ादी मिलेगी। गांव की प्रधान हेमा देवी भी बालिका शिक्षा का भरपूर समर्थन करते हुए कहती हैं कि पहले की अपेक्षा गांव में लड़कियों को पढ़ने की आज़ादी मिलने लगी है। हालांकि अभी भी यह पूरी तरह से कामयाब नहीं हुआ है। लेकिन धीरे धीरे समाज किशोरियों को पढ़ने का समर्थन करने लगा है।

# मुक्केबाजी में म्हारी छोरियों का कमाल



**लखनऊ।** बॉक्सिंग यानी मुक्केबाजी में सहारनपुर की बेटियां अनेक राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर अनेक बार जनपद का नाम रोशन कर चुकीं हैं। वर्तमान में आस्था पाहवा, नंदिनी शर्मा और कनिष्का ऐसी खिलाड़ी हैं, जो बॉक्सिंग के क्षेत्र में उभरता हुआ सितारा हैं। जबकि हर्षिका और गुनगुन जैसी खिलाड़ी भी खुद को साबित कर चुकीं हैं। सहारनपुर में बॉक्सिंग की पहचान इन्हीं खिलाड़ियों की बदौलत है।

गऊशाला रोड निवासी संजीव पाहवा की बेटी आस्था पाहवा (23) ने वर्ष 2016 से 2022 तक राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डेढ दर्जन से अधिक प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर खुद की प्रतिभा को तो साबित किया ही है। साथ ही जनपद को भी पहचान दी है। उनकी प्रमुख 19 प्रतियोगिताओं में अगस्त 2018 में हंगरी में हुई आईबा वर्ल्ड यूथ बॉक्सिंग चैंपियनशिप, अप्रैल 2018 में बैंकॉक में हुई एशियन यूथ वुमेंस बॉक्सिंग चैंपियनशिप, अक्तूबर 2017 में बुलगारिया में हुई आठवीं इंटरनेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप, सर्बिया में अगस्त 2017 में हुई 35वीं गोल्डन ग्लोब ऑफ वोलवोडिला, जनवरी 2016 में सर्बिया में हुई पांचवीं नेशन कप, 2018 में सर्बिया में ही हुई 36वीं गोल्डन ग्लोव ऑफ वोलवाडिला प्रमुख हैं। जिनमें गोल्ड सहित कई पदक अपने नाम किए हैं।

बॉक्सर कनिष्का राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकीं हैं। 2019 में रोहतक में हुई तीसरी जूनियर वुमंस नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कांस्य, 2019 में ही राज्य बॉक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण, 2021 में सोनीपत में हुई चौथी यूथ वुमेंस नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में टॉप आठ खिलाड़ियों में रहीं। 2021 में ही यूपी स्टेट प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक, 2021 में ही जालंधर में हुई ऑल इंडिया ऑपन यूनिवर्सिटी में टॉप आठ खिलाड़ियों में रहीं। 2022 में स्टेट चैंपियनशिप में स्वर्ण, 2022 में ही नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कांस्य और खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी में रजत पदक अपने नाम किया।

लेबर कॉलोनी निवासी पवन शर्मा की बेटी नंदिनी शर्मा बॉक्सिंग में उभरता हुआ नाम है। नंदिनी ने सबसे पहले 2019 में झांसी में हुई राज्य सब जूनियर चैंपियनशिप स्वर्ण, 2021 में जूनियर राज्य पथ प्रतियोगिता के 70 किलोग्राम भार में स्वर्ण, 2022 में सोनीपत में हुई सब जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। नोएडा में हुई राज्य पथ प्रतियोगिता के 75 किलोग्राम भार में स्वर्ण, चेन्नई में हुई यूथ नेशनल बॉक्सिंग में स्वर्ण, द खेलो इंडिया प्रतियोगिता उत्तरी क्षेत्र में 75 किलोग्राम भार में कांस्य पदक जीता। 2023 में हुई खेलो इंडिया युवा प्रतियोगिता में रजत और इसके बाद रोहतक में हुई राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता।

■ विदेशों में मचा रहीं धमाल

शिमलाना निवासी विक्रम सिंह की बेटी हर्षिका राणा अभी तक राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर तीन पदक जीत चुकीं हैं। भोपाल में आयोजित छठी नेशनल यूथ बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में रजत पदक जीता था। खेलो इंडिया में भी हर्षिका ने रजत पदक जीतकर प्रदेश का मान बढ़ाया था।

## 'हर घर सोलर अभियान' की शुरुआत

**लखनऊ।** प्रदेश में सोलर एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए आज से यानी की महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर से पूरे महीने लखनऊ और वाराणसी सोलर सिटी में हर घर सोलर अभियान की शुरुआत की जा रही है। इस अभियान के जरिए यूपीनेडा द्वारा सोलर एनर्जी पालिसी-2022 के अन्तर्गत प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित 6000 मेगावाट सोलर रूप टॉप संयंत्र लगाए जाने हैं।

यूपीनेडा के निदेशक अनुपम शुक्ला ने बताया कि हर घर सोलर अभियान के अंतर्गत पहला बूट कैंप लखनऊ के विकास भवन में और वाराणसी में नगर निगम कार्यालय में आयोजित किया जा रहा है। आवासीय और व्यवसायिक उपभोक्ताओं के साथ-साथ अन्य विभिन्न विभागों के सम्बधित अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा भी प्रतिभाग किया जाएगा। वहीं परियोजना अधिकारी खुर्शीद ने बताया कि हर घर सोलर अभियान कि शुरुआत आज गांधी जयंती के अवसर पर की गई है।

# समस्या का हल बातचीत से ही सम्भव : प्रो. एनबी सिंह

अवधनामा संवाददाता





**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में 2 अक्टूबर को अहिंसा दिवस के दिवस के साथ स्थापना दिवस के दूसरे दिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विदित है कि ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के स्थापना दिवस (COSSAC) के दूसरे दिन विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके साथ ही प्रातः 10:30 बजे आचार्य नरेन्द्र देव प्रशासनिक भवन के प्रांगण में कुलपति की अध्यक्षता में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उनको याद किया गया। कुलपति प्रो. नरेंद्र बहादुर सिंह ने सभी शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिए कहा। प्रो. सिंह ने कहा की किसी भी प्रकार की समस्या का हल बातचीत के माध्यम से ही सुलझाया जा सकता है। तदुपरांत उन्होंने सभी को अपने जीवन में लगातार स्वच्छता को आत्मसात करने की शपथ दिलाई। वहीं परिसर में संचालित पाठशाला के बच्चों द्वारा विभिन्न साँस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन भी इस अवसर पर किया गया। जिसमें मुख्य रूप से नुक्कड़ नाटक एवं एक्शन डांस के माध्यम से विद्यार्थियों ने अहिंसा के प्रति सभी को जागरूक किया। भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति ने परिसर में संचालित पाठशाला के बच्चों के लिए प्रोत्साहन स्वरूप स्टेशनरी एवम पाठ्य समिग्री का वितरण किया। वहीं विश्वविद्यालय परिसर में स्थापना दिवस के दूसरे दिन रंगोली, दीपक मेकिंग, तोरण, नुक्कड़-नाटक, एड मेड, मिमिक्री, मेंहदी, बेस्ट ऑफ़ वेस्ट, मोनो एक्टिंग, पोस्टर मेकिंग सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

# बिजली कंपनियां उपभोक्ताओं के साथ कर रही चीटिंग

अवधनामा संवाददाता

■ विद्युत नियामक आयोग ने 29 अगस्त को आदेश दिया था कि 10 दिन में पावर कॉरपोरेशन रिपोर्ट आयोग में जमा करें

**लखनऊ।** सभी बिजली कंपनियों में 636 आईपीडीएस टाउन सहित पूरे प्रदेश में अनेकों जनपदों मैनपुरी नोएडा बुलंदशहर उरई जालौन आगरा में में ग्रामीण विद्युत उपभोक्ताओं को अधिक बिजली देने के नाम पर सप्लाई टाइप चेंज करके उनकी बिजली बिलिंग को शहरी दर पर करके कई गुना अधिक वसूली के मामले पर उपभोक्ता परिषद द्वारा विद्युत नियामक आयोग में दाखिल अवमानना याचिका पर जैसा कि विद्युत नियामक आयोग ने 29 अगस्त को आदेश दिया था कि 10 दिन में पावर कॉरपोरेशन रिपोर्ट आयोग में जमा करें उसके बावजूद भी पावर कॉरपोरेशन अभी तक एक माह बीत जाने के बावजूद भी विद्युत नियामक आयोग में अपनी रिपोर्ट नहीं जमा किया और उल्टे और अधिक समय आयोग से मांग रहा है जो अपने आप में बहुत गंभीर मामला है विद्युत नियामक आयोग को इस गंभीर मामले पर अभिलंब बिजली कंपनियों के खिलाफ अवमानना शुरू कर देना चाहिए जिससे बिजली कंपनियां उपभोक्ताओं के साथ जो चीटिंग कर रही हैं वह न कर पाए। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा 18 अगस्त को उपभोक्ता परिसद ने आयोग में एक अवमानना याचिका दाखिल की जिसमे कहा विद्युत नियामक आयोग द्वारा जारी पूर्व आदेश जिसमे विद्युत नियामक आयोग ने वर्ष 2016 में ही यह व्यवस्था लागू कर दी थी कि किसी भी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति चाहे जितनी अधिक दे दी जाए उसके आधार पर उसे क्षेत्र में ग्रामीण उपभोक्ताओं की बिलिंग को शहरी बिलिंग के आधार पर नहीं किया जा सकता।

# अहिंसा दिवस पर जैन समाज ने निकाली शोभायात्रा

## हम सबको अहिंसा के मार्ग पर चलना होगा : डिप्टी सीएम

अवधनामा संवाददाता





**लखनऊ।** अहिंसा दिवस पर आज इंदिरा नगर जैन समाज की ओर से विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। बाद में एक जनसभा का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, एमएलसी मुकेश शर्मा, एमएलसी महेंद्र सिंह व प्रशांत भाटिया समेत अन्य विशिष्ट जन मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत आचार्य श्री विशद सागर जी महाराज के सानिध्य व जैन समाज के मंत्री अभिषेक जैन के नेतृत्व में भगवान श्री आदिनाथ की शोभा यात्रा जैन मंदिर इंदिरानगर से शुरू हुई। शोभायात्रा में डीजे बैंड, ब्रास बैंड की धुनों पर महिलाएं पुरुष व बच्चे झूम रहे थे। बैंड पर

जब बहारों फूल बरसाओ मेरे महावीर आए हैं..., के भजन पर लोग खूब थिरक रहे थे। इसके अलावा णमोकार णमोकार महामंत्र णमोकार.., जैसे भजनों से माहौल भक्ति से सराबोर हो रहा था। लोग अहिंसामयी धर्म की जय, आदि नाथ भगवान की जय जयकारे लगा रहे थे। बैंड पर बज रहे भक्ति पूर्ण भजनों पर लोग खूब नाच रहे थे। पूरे रास्ते में पुष्पों की बारिश हुई।

शोभा यात्रा में चलने वाली महिला, पुरुष व बच्चे सभी लोग केसरिया पगड़ी में नजर आ रहे थे। जगह-जगह लोगों ने जलपान कराया। शोभायात्रा का स्वागत किया। इसके अलावा रास्ते में जगह जैन समाज के परिवार ने रथ आने पर भगवान की मंगल आरती उतारी और पुष्प वर्ष किया। रथ यात्रा मंदिर से शुरू होकर इंदिरानगर के विभिन्न इलाकों से होते हुए भूतनाथ पार्किंग स्थल पर एक जनसभा का आयोजन किया गया। जिसमें आचार्य श्री का मंगल प्रवचन हुआ और भगवान आदिनाथ का अभिषेक हुआ। पूजन, अर्चन, जयमाल, मंगलाचरण का कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर डिप्टी सीएम बृजेश पाठक का मंगल आगमन हुआ। महाराज श्री से आशीर्वाद लेने के बाद अपने उद्बोधन में डिप्टी सीएम ने कहा कि सौभाग्य की बात है की आज महात्मा गांधी जी की भी जयंती मनाई जा रही है। अहिंसा के पुजारी बापू और महावीर स्वामी दोनों का एक ही संदेश रहा है अहिंसा। उन्होंने कहा कि हम सबको अहिंसा के मार्ग पर चलना होगा तभी विश्व का कल्याण होगा। कार्यक्रम में समाज के मंत्री अभिषेक जैन, पवन जैन, अरविंद जैन, अतिशय जैन, आयुष, अनुरोध जैन, संजीव जैन, विनय जैन, रोहित जैन, बंटी जैन आदि लोग मौजूद रहे।

# किसान संगठन मजबूत होंगे तभी सक्षम होंगे किसान : अशोक



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** राज्यसभा सदस्य अशोक बाजपेयी ने कहा है कि जब किसान संगठन मजबूत होंगे, तभी किसान सक्षम होंगे। वह यहां संगीत नाटक अकादमी में सक्षम किसान एसोसिएशन के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान संगठन की कार्यकारिणी के चुनाव भी हुए, जिसमें सर्वसम्मति से तेज शंकर अवस्थी (तेज) को राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा देवेश दीक्षित को राष्ट्रीय महासचिव चुना गया।

सांसद बाजपेयी ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकारों ने किसानों को सक्षम बनाने का जो संकल्प लिया है, उसे धरातल पर उतारने में सक्षम किसान एसोसिएशन के कार्य अहम योगदान दे रहे हैं। भारत की 70 फीसदी आबादी अब भी कृषि अर्थव्यवस्था पर आधारित है। कृषि उपज का लाभकारी मूल्य दिलाये बगैर इस बड़ी आबादी को सक्षम, स्वावलम्बी और समृद्ध नहीं बनाया जा सकता। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए सरकार उन्नत बीज, खाद और कृषि उपकरणों पर सब्सिडी दे रही है। मोटे अनाज को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। सरकार का जोर जीरो बजट खेती पर भी है, ताकि किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो।

# 'विशेष स्वच्छता अभियान 3.0' का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता



■ पोस्टमास्टर जनरल ने डाककर्मियों को स्वच्छता और फिटनेस के लिए किया प्रेरित

**लखनऊ।** डाक विभाग द्वारा गाँधी जयंती के पावन पर्व पर वाराणसी परिक्षेत्र में 'विशेष स्वच्छता अभियान 3.0' का शुभारंभ किया गया। वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने कैण्ट प्रधान डाकघर में आयोजित एक समारोह में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उनके द्वारा देखे गए स्वच्छ भारत और स्वच्छता ही सेवा की परिकल्पना को सार्थक बनाने हेतु डाक विभाग के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रेरित करते हुये स्वच्छता अभियान का आह्वान किया, जो कि 31 अक्टूबर तक चलेगा। प्रधान डाकघर परिसर में निदेशक डाक सेवाएँ, प्रयागराज गौरव श्रीवास्तव, सहायक निदेशक ब्रजेश शर्मा और डाक अधीक्षक विनय यादव संग रुद्राक्ष, आंवला और अशोक का पौधारोपण कर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का भी सन्देश दिया।

इस अवसर पर वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाई एवं बेहतर स्वास्थ्य, फिटनेस और स्वच्छता का सन्देश देते हुए इस स्वच्छता पखवाड़े का हिस्सा बन कर अपने पर्यावरण को स्वच्छ रखने में योगदान देने हेतु प्रेरित किया। पोस्टमास्टर जनरल श्री यादव ने कहा कि यदि हम अपने आस-पास स्वच्छता के प्रति सजग होंगे तो हमारा पर्यावरण भी स्वच्छ होगा। स्वच्छता अपनाएं, स्वच्छता बढाएं और भारत को सुंदर बनाएं। इस दौरान डाककर्मियों ने डाकघर परिसर, पोस्टल कॉलोनी, पार्क, बगीचों और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को भी इस हेतु प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर निदेशक डाक सेवाएँ, प्रयागराज श्री गौरव श्रीवास्तव, सहायक निदेशक श्री ब्रजेश शर्मा और डाक अधीक्षक श्री विनय यादव, सहायक लेखाधिकारी संतोषी राय, डाक निरीक्षक श्रीकांत पाल, इंद्रजीत पाल, कैंट पोस्टमास्टर अरविन्द शर्मा, राहुल वर्मा, आनंद प्रधान, राकेश कुमार, मनीष कुमार, अनुराग शुक्ला, ज्ञान सागर, सहित डाक विभाग के तमाम अधिकारी और कर्मी शामिल हुए।

## पूरा प्रदेश वायरल बुखार और डेंगू की चपेट में

**लखनऊ।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) उत्तर प्रदेश राज्य सचिव मंडल ने एक प्रेस बयान में कहा है कि पूरा प्रदेश वायरल बुखार और डेंगू की चपेट में है। अस्पतालों में बेड, डाक्टर एवं नर्सिंग स्टाफ की कमी के कारण बुखार से ग्रस्त लोगों की मौतें हो रही हैं। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में तीन सरकारी अस्पतालों का चक्कर लगाने पर भी बुखारग्रस्त एक बच्चे का इलाज नहीं हो सका और उसकी दुखद मौत हो गयी।

प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में मरीजों की भीड़ बिना इलाज वापस लौट रही है। अस्पताल के एक बेड पर दो-दो मरीज लिटाये गये हैं। पूरे प्रदेश में भयावह स्थिति बनी हुई है। उप्र की भाजपा की योगी सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में बड़े बड़े दावे करती है किन्तु जमीनी हकीकत बताती है कि सभी दावे खोखले हैं। सीपीएम राज्य सचिव मण्डल ने कहा है कि भाजपा सरकार को युद्ध स्तर पर लोगों की जान बचाने और राहत देने का काम करना चाहिए।

# 'अहिंसा मार्च' निकालकर बापू को किया याद

## गांधी जी के विचारों की शिक्षा बच्चों को बाल्यावस्था से देने की आवश्यकता

अवधनामा संवाददाता





**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के तीन हजार से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाओं व कार्यकर्ताओं ने आज 'गाँधी जयन्ती एवं अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस' के पावन अवसर पर विशाल 'अहिंसा मार्च' निकालकर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के विचारों को आत्मसात करने एवं उनके सपनों को साकार करने का अभूतपूर्व उत्साह जगाया। 'जय जगत' एवं 'वसुधैव कुटुम्बकम' का संदेश लिखे दुग्ध धवल सफेद खादी वस्त्रों में सुसज्जित सी.एम.एस. शिक्षकों का यह विशाल 'अहिंसा मार्च' देखने लायक था। कानपुर रोड स्थित पुरानी चुंगी से सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम तक निकाले गये इस विशाल मार्च का नेतृत्व सी.एम.एस. संस्थापक डा. जगदीश गाँधी व डा. भारती गाँधी एवं सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने किया। इस अवसर पर शिक्षा, साहित्य, पत्रकारिता व अन्य अनेक क्षेत्रों की प्रख्यात हस्तियाँ समेत सी.एम.एस. के सभी कैम्पस की प्रधानाचार्याए उपस्थित थीं। यह अहिंसा मार्च बापू के विचारों को जन-जन तक पहुचाने में अत्यन्त सफल साबित हुआ। सी.एम.एस. शिक्षकों का यह विशाल मार्च सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में पहुँचकर एक विशाल सभा में परिवर्तित हो गया, जहाँ सी.एम.एस. शिक्षकों ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी का जन्मदिवस मनाया। इस अवसर पर सी.एम.एस. शिक्षकों ने रंगारंग शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा एकता, शान्ति, सत्य, अहिंसा के विचारों को विश्व के कोने-कोने में प्रवाहित करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी द्वारा दीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। इस अवसर पर अपने संबोधन में डा. जगदीश गाँधी ने कहा कि ईश्वर ने महात्मा गाँधी को संसार में एक विशेष मसीहा के रूप में भेजा था। राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के अहिंसा, एकता, त्याग व समता के विचारों की शिक्षा बच्चों को बाल्यावस्था से देने की बहुत आवश्यकता है। सी.एम.एस. की संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने कहा कि आध्यात्मिक शिक्षा का आज के परिप्रेक्ष्य में विशेष महत्व है क्योंकि इसी के माध्यम से भावी पीढ़ी का चरित्र निर्माण संभव है। पर्यावरण सुरक्षा पर प्रजेन्टेशन देते हुए सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने कहा कि आज मानव एवं पर्यावरण के सम्बन्धों को पुनः परिभाषित करने की आवश्यकता है, जिससे कि हम आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण का उपहार दे सकें।

## ब्राह्मण एकता फाउंडेशन ने भरी हुंकार

**लखनऊ।** ब्राह्मण एकता फाउंडेशन ने यहां हुंकार भरते हुये कहाकि देश में ब्राह्मणों को विखंडित करने की हो रही राजनीति सफल नहीं होने दी जायेगी, ऐसा करने का प्रयास करने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया जायेगा। यहां जानकीपुरम विस्तार स्थित गणपति हाल में आयोजित फाउंडेशन की बैठक में जुटे फाउण्डेशन के प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द मिश्रा ने सम्बोधित करते हुये कहा कि देश में ब्राह्मणों के बिखराव के कारण विभिन्न राजनैतिक दल इसका लाभ उठाते है। श्री मिश्रा के अलावा बैठक में मौजूद फाउण्डेशन के विभिन्न पदाधिकारी और सदस्यों ने मुख्य रूप से सभी ब्राह्मणों को एकजुट करने के प्रयासों पर चर्चा की। बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. जानकी शरण शुक्ला, राष्ट्रीय महासचिव बीएन मिश्रा, विकास पांडे, संरक्षक, अंजनी पांडे, पंकज तिवारी, राष्ट्रीय कोशाध्यक्ष अनुराग शुक्ला प्रदेश महामंत्री राम तिवारी सहित विशेश आमंत्रित सदस्यों में संतोश तिवारी दिव्या शुक्ला उमा मिश्रा, बिनोद मिश्र, उमाकांत, सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# केन्द्रीय जल आयोग ने चलाया स्वच्छता अभियान

## देश के प्रति अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करें : सर्वजीत

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत आज दिनांक 01 अक्टूबर को केन्द्रीय जल आयोग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार, लखनऊ द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन गोमती उपमंडल, मध्य गंगा मंडल द्वीतीय के अंतर्गत स्थित गोमती रिवर फ्रंट स्थल पर किया गया। इस अवसर पर श्री अनुपम प्रसाद, मुख्य अभियंता, उपरी गंगा बेसिन संगठन, लखनऊ, शिव सुंदर सिंह, अधीक्षण अभियंता (सम), अमरीश पाल सिंह, निदेशक, प्र0 एवं मू0 निदेशालय, लखनऊ, आशीष अवस्थी, अधिशाषी अभियंता मध्य गंगा मंडल प्रथम एवं सर्वजीत सिंह, अधिशाषी अभियंता मध्य गंगा मंडल द्वितीय एवं उपरी गंगा बेसिन संगठन, लखनऊ के अधिकतर अधिकारियो एवं कर्मचारियो द्वारा प्रतिभाग किया गया।

इस अवसर पर सुबह रविवार 10 बजे से 11 बजे तक मध्य गंगा मंडल द्वीतीय के अंतर्गत गोमती उपमंडल के हनुमान सेतु स्थित गोमती रिवर फ्रंट स्थल पर श्रमदान का आयोजन करने के पश्चात उपस्थित अधिकारियो द्वारा प्रधान मंत्री द्वारा उठाये जाये एस नई मुहीम को सफल बनाने के लिए इसे ज्यादा से ज्यादा लोगो से जोड़ने की अपील की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए अधिसाशी अभियंता मध्य मंडल, श्री सर्वजीत कुमार सिंह ने सभी को अपना कीमती समय समाज के लिए समर्पित करने के लिए धन्यवाद देते हुए किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री अमरीश पाल सिंह, निदेशक,(प्रबोधन एवं मूल्यांकन), ऊपरी गंगा बेसिन संगठन, लखनऊ ने बताया की सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी न फैलाना कार्यशैली का हिस्सा बनाये। इस अवसर पर बोलते हुए श्री शिव सुंदर सिंह, अधीक्षण अभियंता (समन्वय), ऊपरी गंगा बेसिन संगठन, लखनऊ ने गंदगी का स्वास्थ पर पड़ने वाले प्रभाव को देखते हुए मानसिकता में बदलाव लाकर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम को जारी रखने पर बल दिया। श्री अनुपम प्रसाद, मुख्य अभियंता, ऊपरी गंगा बेसिन संगठन, लखनऊ ने अपने संबोधन में इस तरीके के कार्यक्रम टियर 3 शहरो में भी आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने गंदगी से बचाव पर जोर देते हुए इसके रोकथाम को इलाज से बेहतर बताया। कार्यक्रम की समाप्ति पर अधिशाषी अभियंता मध्य मंडल-द्वितीय, श्री सर्वजीत कुमार सिंह ने अपील किया की अपने आस पास सफाई रखने के साथ साथ गन्दगी फैलने से रोक कर समाज और देश के प्रति अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करें।

# राष्ट्रपिता गांधी जी के विचार आज भी प्रासंगिक : बेगम शाहनाज सिदरत



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** फिरंगी महल चौक स्थित वहीदुल्ला हाल में बज्म ए खवातीन द्वारा गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर पयाम ए इंसानियत विषय पर गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसकी सदारत बेगम शाहनाज सिदरत ने किया गोष्ठी में मुख्य अतिथि डा. निकहत जहां थी जिसमे अपने संबोधन में बेगम शाहनाज ने कहा की गांधी जी के त्याग और बलिदान तथा सत्य अहिंसा के विचार समाज के लिए आज भी उतनी ही ज़रूरी है जितनी पहले थी खास तौर पर तब जब समाज में आपसी भाई चारा काम हो रहा है उन्होंने सभी से प्यार और देश प्रेम से रहने और इंसानियत का पैगाम दिया था हमारा आज का प्रोग्राम इसी मानवता के संदेश पराधरित है।

हमे एक ऐसा समाज बनाना है जहा नफरत न हो बल्कि आपसी भाई चारा और सभी धर्मो के लोगो में सौहार्द हो और हमारी राष्ट्रीय एकता सभी के लिए सर्वपरी हो। उन्होंने ये भी कहा की आतंकवाद को इस्लाम और मुसलमान से जोड़ना गलत है क्योंकि मजहब ए इस्लाम में नफरत या आतंकवाद की कोई जगह नही है न ही हमारे धर्मिक ग्रंथो में बल्कि आतंकवाद को किसी मजहब से जोड़ना ही गलत है। कार्यक्रम के आखिर में नबी ए करीम पर एक तराना भी पेश किया गया और उनके आदर्शो से प्रेरणा ले कर शांति और भाई चारे को बढ़ाने पर बाल दिया गया।

कार्यक्रम में उक्त के आलावा तंजीम खान, मंजू शुक्ला दीक्षित शाहीन, नुसरत, जावरिया, फरीदा आदि मुख्य रूप से मौजूद थी।

अवधनामा



# सपा प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव के बड़े भाई का निधन, शोक में डूबा सैफई

■ पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव अंतिम संस्कार में हुए शामिल







वहाज अली निहाल/बी पी यादव

**इटावा, सैफई।** समाजवादी पार्टी के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव के बड़े भाई और सपा प्रमुख अखिलेश यादव के चाचा अतर सिंह यादव का 98 वर्ष की उम्र में रविवार की शाम 5 बजे मामूली तबीयत खराब होने पर निधन हुआ हो गया था। सोमवार को सैफई महोत्सव ग्राउंड में बने समाधि स्थल पर अंतिम संस्कार किया गया। मालूम हो समाजवादी पार्टी के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव के बड़े भाई थे अतर सिंह यादव जिनके पिता का नाम बच्ची लाल है। और बच्ची लाल के पिता का नाम मेवालाल यादव, अतर सिंह यादव चार भाई थे, ताले सिंह जिनका 2007 में निधन हो गया था। अब रामदास और रामगोपाल यादव परिवार में बचे है।

नेताजी मुलायम सिंह यादव के पिता का नाम सुघर सिंह और जिनके बाबा का नाम भी मेवालाल था। मेवालाल के दो पुत्र थे। सुघर सिंह व बच्चीलाल, जिसमे बच्ची लाल के चार पुत्र थे और सुघर सिंह के पांच पुत्र थे। जिसमे सबसे बड़े रतन सिंह का 2014 में निधन हो गया और मुलायम सिंह यादव 2022 में निधन हो गया। अभयराम सिंह यादव, राजपाल सिंह, शिवपाल सिंह यादव परिवार में मुखिया के रूप में है।

अपने भाई के निधन की खबर मिलते ही सपा महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव रविवार को ही नई दिल्ली से सैफई पहुंचे थे। शिवपाल सिंह यादव भी लखनऊ में अपने कार्यक्रम निरस्त करते हुए सैफई पहुंचे। सोमवार सुबह 10 बजे अंतिम संस्कार सैफई में किया गया है। जहाँ सैफई कुनबा और प्रदेश भर से कार्यकर्ता एवं पार्टी के पदाधिकारी व आस-पास गांव के लोग उनके आवास पर पहुंचे। सोमवार की सुबह 10:30 बजे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए नोएडा से आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे से होकर सैफई पहुंचे जहां पुष्पांजलि अर्पित का श्रद्धांजलि दी और अंतिम संस्कार में शामिल हुए। वहां पहले से मौजूद, सपा के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव, राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव, राजपाल यादव, अभयराम सिंह यादव, सांसद डिंपल यादव, पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव, पूर्व सांसद तेज प्रताप यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष अंशुल यादव, पीसीएफ के पूर्व चेयरमैन आदित्य यादव, आर्यन यादव, कार्तिकेय यादव समेत परिवार के अन्य सदस्य सामिल थे। जिन्होंने शव को पुष्प अर्पित किए और 10: 30 बजे सैफई स्थित आवास से विशाल जनसभा में उन्हें अंतिम विदाई देकर यात्रा निकाली गई। सैफई महोत्सव ग्राउंड में बने समाधि स्थल पर अंतिम संस्कार किया गया। जहाँ अतर सिंह के नाती राजू यादव ने उनकी चिता को मुखाग्नि दी। इस गमगीन माहौल में सैफई घराने के हर शख्स की आंखें नम थी। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, एमएलसी मुकुल यादव, पूर्व विधायक सोबरन सिंह यादव, पूर्व एमएलसी अरविंद यादव, प्रदीप आढ़तिया, चंदगीराम यादव प्रधान, राजवीर सिंह यादव ठेकेदार नगला तेज, भारत सिंह खदरी, रामबाबू यादव प्रधान, रामफल बाल्मीक प्रधान, गनेश फौजी मोहनपूरा, शिवराम सिंह यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष मंडी कर्मचारी कल्याण संघ समिति, बलवीर सिंह यादव प्रदेश अध्यक्ष यूपी जल निगम कॉन्टैक्टर वेलफेयर एसोसिएशन, महेश तनेजा आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# देश गांधी जी का सदैव कर्जदार रहेगा: रवि प्रकाश

अवधनामा

**मथुरा।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 154 वीं जयंती के अवसर पर विकास बाजार स्थित गांधी प्रतिमा पर तिरंगा शाखा के जिला प्रमुख सुरेश कुमार सैनी एवं आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष भगत सिंह ने माल्यार्पण कर नमन किया।

इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष रवि प्रकाश भारद्वाज ने संबोधित करते हुए कहा कि यह देश सदैव राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का कर्जदार रहेगा। महात्मा गांधी जी ने पूरी दुनिया में भारत की पहचान को उच्च स्थान दिलाने का काम किया है। 80 से ज्यादा देशों में महात्मा गांधी जी की प्रतिमा लगी हुई है तथा 40 से ज्यादा देश में उनके नाम पर सड़क हैं।सत्य और अहिंसा के पुजारी को पूरी दुनिया में उनके सिद्धांतों के आधार पर सम्मान के साथ जाना जाता है।गांधी जी धार्मिक होने के बावजूद कट्टर नहीं थे।उनके अंदर धर्मनिरपेक्षता कूट-कूट कर भरी हुई थी।छुआ छात असमानता एवं शोषण के खिलाफ उनका सत्याग्रह सदैव चलाता रहा। अहिंसा के रास्ते पर चलकर करोड़ों लोगों को उन्होंने अपने पीछे लामबंद किया और अंग्रेजों के खिलाफ अहिंसा की एक बड़ी फौजी पैदा की जिसके डर से अंग्रेजों की चूल्हे हिलगई।

गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के लिए सीढ़ियां ना होने के कारण उनके अनुयायियों को बहुत ही निराशा हाथ लगी। यह मांग की गई कि गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण के लिए निगम द्वारा सीडियो का निर्माण कराया जाए। शहीदे आजम भगत सिंह की प्रतिमा के समक्ष ऊफनाती सीवर ने निगम के स्वच्छता अभियान की पोल खोल कर रख दी। रिफाइनरी के संघर्षरत ठेका श्रमिकों की मांगों का पुरजोर समर्थन किया गया। इस अवसर पर इस अवसर पर आप के पूर्व जिला उपाध्यक्ष वी एस ठकुरेला देवेंद्र सैनी निर्मल शर्मा पवन सैनी मुरारी लाल बघेल चंद्रशेखर मिश्रा राकेश अग्रवाल अजय शर्मा कमल सिंह बघेल विकास चौहान जतिन चौहान दिनेश चंद गोला अंसार शाह अल्वी राजकुमार रविंद्र कुमार डी पी सैनी आदि उपस्थित थे।

## महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर भावपूर्ण स्मरण

**मथुरा।** गांधी जयंती राष्ट्रीय पर्व के उपलक्ष्य में रूमा कुमारी प्रधानाचार्या द्वारा झंडा फहराया गया। तत्पश्चात प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टाफ द्वारा महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री दोनों महान विभूतियों को माल्यार्पण कर पुष्प अर्पण किया गया। विद्यालय के अध्यापक सुभाष चंद्र मौर्य द्वारा संचालन किया गया। समस्त अध्यापकों द्वारा दोनों महान विभूतियों के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया। प्रधानाचार्य द्वारा दोनों महान विभूतियां के बारे में प्रकाश डालते हुए बताया कि व्यक्ति कर्म से महान बनता है। हमें दोनों महान पुरुषों से प्रेरणा लेते हुए स्वयं की उन्नति करते हुए देश व समाज की उन्नति पर भी ध्यान देना होगा। इस अवसर पर छोटेलाल, रोशन सिंह, अजय कुमार, कृष्ण पाल सिंह, अखिलेश कुमार सिंघल, हरिओम सिंह, यतींद्र कुमार, जयंत कुमार, श्यामलाल, सुभाष चंद्र मौर्य, सुरेंद्र सिंह,अवधेश कुमार पटेल, मनोज कुमार, गिरीश चंद्र शर्मा, श्रीकांत शर्मा, खेमचंद शर्मा, गिर्राज सिंह, समस्त छात्र-छात्राएं, अभिभावकगण आदि उपस्थित रहे।

# लाड़ी लोहाणा सिंधी पंचायत: राष्ट्रीय कार्यकारिणी अधिवेशन का हिस्सा बने ब्रजवासी

अवधनामा संवाददाता

■ सिंधी पंचायत का राष्ट्रीय स्तर पर हुआ रिश्तों को टूटने से बचाने पर मंथन

**मथुरा।** अखिल भारत लाड़ी लोहाणा सिंधी पंचायत का दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी अधिवेशन सोमवार को सम्पन्न हो गया। जिसमें राष्ट्रीय स्तर पर रिश्तों को टूटने से बचाने पर मंथन हुआ। पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम दास देवनानी ने कहा कि सगाई और शादी में ज्यादा गेपिंग नहीं होनी चाहिए, वहीं विवाह उपरांत सास-बहू और पति-पत्नी एक दूसरे को समझें और मधुरता के साथ रिश्ते निभाएं, जिससे परिवार टूटने से बच सकें। आगरा के दयाल बाग स्थित एक होटल जतिन रिसोर्ट पर चले अधिवेशन में राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम दास देवनानी ने कहा कि सम्भव हो तो एक पदाधिकारी को दो कार्यकाल ही करने चाहिए। पंचायत में समाज की सेवा करने वाले युवाओं को भी मौका दिया जाना चाहिए, वहीं शिक्षा से कोई वंचित न हो, इसके लिए मूलचंद टेकचंद एजुकेशन ट्रस्ट में ज्यादा से ज्यादा सहयोग करें, जिससें पढ़ाई के लिए बच्चों की मदद हो सके। अधिवेशन में मथुरा से जिलाध्यक्ष जीवतराम चंदानी तथा राष्ट्रीय सचिव रामचंद्र खत्री के नेतृत्व में बसंत मंगलानी, कहैयालाल भाईजी, जितेंद्र लालवानी, अशोक अंदानी, झामनदास नाथानी, सुरेश मेठवानी, चंदनलाल आडवानी, मीडिया प्रभारी किशोर इसरानी, सुरेश मनसुखानी, गिरधारी नाथानी, तरूण लीलाराम लखवानी सहित देशभर के 400 से ज्यादा प्रतिनिधि शामिल रहे। इस मौके पर केंद्रीय राज्यमंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल और आगरा उत्तर के विधायक श्री पुरुषोत्तम खंडेलवाल ने सम्मानित अतिथियों के रूप में भागीदारी की और सिंधी समाज के कार्यों की सराहना की। केंद्रीय राज्यमंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल ने कहा कि सिंधी समाज ने जहां व्यापार में अपना उच्च स्थान बनाया है, वहीं राजनैतिक क्षेत्र में और प्रशासनिक सेवाओं में भी आगे आएं, इसके लिए समाज अपनों बच्चों को उच्चस्तरीय शिक्षा दिलाएं। केंद्रीय राज्यमंत्री यह कहने में भी नहीं हिचकिचाये कि सिंधी समाज को सरकार द्वारा जो मिलना चाहिए, वह उन्हें नहीं मिला है, इसके वावजूद सिंधी समाज ने सरकार से बिना लाभ की ख्वाहिश किए बगैर निरंतर राष्ट्र की बढ़ोतरी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने मूलचंद टेकचंद ऐजुकेशन ट्रस्ट द्वारा बच्चों को शिक्षा के लिए आर्थिक रूप से सहयोग करने के लिए लाड़ी लोहाणा सिंधी पंचायत की प्रशंसा की, वहीं यह भी कहा कि राष्ट्रीय अधिवेशन में समाज के अंतिम व्यक्ति के हित में चर्चा हो और सुधारात्मक निर्णय भी लिए जाएं। केंद्रीय राज्यमंत्री ने अपने सम्बोधन के प्रारंभ में जैसे ही कहा सभयी चयो आयोलाल, पूरा सभागार हर्षित होकर झूलेलाल के जयकारों से गूंज उठा।

# अहिंसा वर्तमान परिदृश्य और प्रासंगिकता पर विचार गोष्ठी

अवधनामा संवाददाता

■ बीसीए कॉलेज मैं महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कार्यक्रम संपन्न

**मथुरा।** बी एस ए कॉलेज में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयंती व अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस पर - अहिंसा: वर्तमान परिदृश्य और प्रासंगिकता- पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि व वक्ता पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री पंडित श्याम सुंदर शर्मा व कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व सी डी ओ आर एस गौतम रहे। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अतिथियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शाश्त्री व बाबू शिवनाथ के चित्रों पर माल्यार्पण व दिप प्रज्वलन कर अपनी कृतज्ञता ज्ञापित की। तत्पश्चात प्राचार्य व कार्यक्रम संयोजक डॉ ललित मोहन शर्मा ने मुख्य अतिथि का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया व तुलसी का पौधा भेंट किया। इसी क्रम में डॉ के के कनोडिया ने श्री आर एस गौतम का साल पहना कर और तुलसी पौधे से स्वागत किया। विषय प्रतिस्थापना करते हुए आनन्द त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में अपनी सत्य अहिंसा और प्रेम के सिद्धांतों के साथ गांधी कंही ज्यादा प्रासंगिक नजर आते है।मुख्य अतिथि ने कहा कि गांधी जी सत्य अहिंसा और प्रेम को न केवल व्यक्तिगत रूप में वरन देश समाज और वैश्विक व्यवस्था संचालन के मुख्य घटक के रूप में देखते थे। वे अंहिसा परमोधर्म के सिद्धान्त का आजीवन पालन करते रहे।

आर एस गौतम ने गांधी जी के सामाजिक व राजनैतिक दर्शन में अहिंसा की भूमिका को रेखांकित किया और कहा कि यदि विश्व आज गांधी जी के अहिंसा और प्रेम को समग्रता में समझे तो समश्याओ का हल खोजना आसान हो जाएगा।

# संक्षिप्त समाचार

## गाँधी धार्मिक थे किंतु कर्मकांडी नहीं: प्रो.नलिन

**मथुरा।** गांधी जी ईश्वरवादी थे, आस्तिक थे, धार्मिक थे किन्तु कर्मकांडी नहीं थे, उनका मानना था कि ईश्वर ही सत्य है और वैष्णव जन तो तेने कहिए जो पीर पराई जाने रे, इसीलिए वो व्यक्ति की चिंता करते थे। आज यदि सत्य के लिए आदर्श की तलाश करनी है तो वह आदर्श केवल गांधी हैं। गांधी स्थापित जन-नायक हैं, जबकि हमें नायक चुनने की आदत पड़ गई है। गांधी यदि हमारे समय में होते तो इन सब मिथकों को वो स्वयं ही तोड़ देते। गांधी जी धन एवं उत्पादन पर सामुहिक नियंत्रण की बात करते थे ताकि पूंजी का विनमय निचले स्तर तक हो।

## शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाना सरकार का लक्ष्य

**मथुरा।** मुख्यमंत्री के शिक्षा सलाहाकार प्रोफेसर डॉ धीरेंद्र पाल सिंह ने जिलाधिकारी मथुरा के कैंप कार्यालय पर शिक्षा संबंधी बैठक ली। स्मार्ट क्लासेज पर विशेष जोर देते हुए कहा कि शिक्षा को गुणवत्तायुक्त बनाना प्रदेश सरकार का लक्ष्य है। स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम को बढ़ावा दिया जाए और इसके लिए निरंतर प्रयास करते रहें। आधुनिक सुविधाओं से स्कूल तथा कालेजों को लैस किया जाए, जिससे शिक्षा के क्षेत्र में एक नया इतिहास लिखा जाए।

प्रदेश सरकार का लक्ष्य है की आईटीआई तथा पॉलिटेक्निक आदि के विद्यार्थियों को रोजगार मुहैया कराया जाये। प्रोफेसर सिंह ने निर्देश दिए कि सभी विभागों के अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर विकास की ओर बढ़े तथा आईटीआई में नए नए अवसर खोजें।

## संगठन की विस्तार चुनाव और शिक्षकों की समस्या पर होगा मंथन

**मथुरा।** अनुसूचित जाति/जनजाति, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक शिक्षक महासभा उत्तर प्रदेश के समस्त सम्मानित एवं प्रबुद्ध शिक्षक साथियों को समस्त शिक्षक साथियों को बड़े ही हर्ष के साथ अवगत कराना है कि संगठन के वार्षिक कैलेंडर के अनुसार पूरे प्रदेश के समस्त मण्डलों में मण्डल अधिवेशन/मण्डल निर्वाचन एवं शैक्षिक संगोष्ठी के आयोजन का कार्यक्रम समस्त मण्डल इकाइयों द्वारा अपने-अपने मण्डलों में कराया जाना सुनिश्चित है। इस परिप्रेक्ष्य में आगरा मण्डल का मण्डलीय अधिवेशन/मण्डलीय निर्वाचन एवं शैक्षिक संगोष्ठी काआयोजन आज ÷बोधिसत्व छात्रावास (द्वितीय तल) सेमीनार हाल, निकट गोवर्धन चौराहा, एन0एच0-19, मथुरा (उत्तर प्रदेश) में सम्पन्न होना सुनिश्चित है। इस आयोजन को भव्य व ऐतिहासिक रूप देने हेतु आप सभी शिक्षक साथियों की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

## गोबर से पेंट बनाने के कारखाने का उद्घाटन हुआ

**मथुरा।** विकासखंड मथुरा की ग्राम पंचायत राल में देवरहा बाबा गऊशाला में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत गठित पार्वती स्वयं सहायता समूह द्वारा स्थापित गोबर से पेंट बनाने की फैक्ट्री का आज उद्घाटन हुआ। उद्घाटन कार्यक्रम में विधायक बलदेव पूरन प्रकाश, विधायक गोवर्धन मेघश्याम सिंह, विधायक मांट राजेश चौधरी, सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा, जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, सीवीओ विपिन गर्ग, डीसी मनरेगा दुष्यंत कुमार सहित स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रही। पेंट बनाने की यह फ़ैक्ट्री पार्वती स्वयं सहायता समूह तथा श्री गंगा एंटरप्राइजेज के मध्य एम0 ओ0यू0 के आधार पर स्थापित की गई है जिसकी अनुमानित लागत कुल 24 लाख रू0 है। इसमें से 2 लाख रुपये समूह द्वारा वहन किए जाएँगे तथा शेष धनराशि श्रीगंगा एंटरप्राइजेज द्वारा वहन की जायगी, यह धनराशि पाँच वर्षो में पेंट फैक्टरी से होने वाले लाभांश से अदा की जाएगी।

# हम सबको गांधीजी, शास्त्री जी के जीवन से सीख लेनी होगी: जिलाधिकारी


अवनीश राय ने कलेक्ट्रेट के मुख्य भवन पर सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 154 वीं जयंती के अवसर पर ध्वजारोहण किया एवं उपस्थित जनों द्वारा राष्ट्रगान का गायन भी किया गया



वहाज अली निहाल

**इटावा।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने कलेक्ट्रेट के मुख्य भवन पर सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 154 वीं जयंती के अवसर पर ध्वजारोहण किया एवं उपस्थित जनों द्वारा राष्ट्रगान का गायन भी किया गया। जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों कर्मचारियों को राष्ट्रगान के उपरांत राष्ट्र की रक्षा और उसकी एकता तथा अखंडता सुनिश्चित करने तथा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों को साल भेंटकर, माला पहनाकर सम्मानित किया। इसके पश्चात कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा भी महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। जिलाधिकारी ने संबोधित करते हुए कहा कि आज दो महापुरुषों का जन्म दिवस है, जिन्होंने अपने जीवन को सादगी विनम्रता त्याग के साथ व्यतीत किया। उन्होंने कहा कि इन दोनों महापुरुषों ने जो कहा वह करके दिखाया शब्द और कर्म में कोई अंतर नहीं समझा एवं हम उनके दिखाए हुए रास्ते पर चलें तभी हमारी उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि हमें उनके जीवन के आदर्शों को आत्मसात करना चाहिए आज गांधी जी द्वारा स्वयं एवं अहिंसा के पथ पर चलकर जिस प्रकार से देश को आजाद कराया था उसी से आज विश्व में अन्य देशों द्वारा प्रेरणा लेकर शांति बनाए रखने के लिए गांधी जी की जयंती को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है गांधी जी द्वारा महिलाओं के उत्थान सम्मान एवं गरीबों के उत्थान के लिए किए गए कार्यों से प्रेरणा लेकर महिलाओं गरीब वर्ग से संबंधित व्यक्तियों की समस्याओं को प्राथमिकता पर लेकर उनका निराकरण किया जाए पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सादगी सरलता के साथ कैसे जीवन व्यतीत किया जाता है शास्त्री जी ने अपनी दूरदर्शिता से जय जवान जय किसान नारे से किसानों एवं जवानों के जीवन को चरितार्थ करते हुए कहा था कि देश का किसान उन्नत होगा तो देश उन्नति करेगा एवं सीमा के प्रहरी सजग रहेंगे तो देश सुरक्षित रहेगा। उन्होंने कहा कि हम सबको गांधीजी, शास्त्री जी के जीवन से सीख लेनी होगी।

## पुलिस कर्मियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई



**इटावा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर रिजर्व पुलिस लाइन में ध्वजारोहण कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र का अनावरण कर उन्हें याद किया। सभी अधिकारी और कर्मचारीगण को राष्ट्र की एकता को अक्षुण्य रखने की शपथ दिलाई गई और उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का आह्वान किया गया। सत्य और अहिंसा के विचार किए याद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार द्वारा गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए सभी को उनके सत्य और अहिंसा के विचारों को याद दिलाया। बताया कि उन्होंने सभी धर्मों को एकसमान मानने, सभी भाषाओं का सम्मान करने, पुरुषों और महिलाओं को बराबर का दर्जा देने पर जोर दिया और उनके विचारों के सम्मान में संयुक्त राष्ट्र द्वारा इस दिन को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस घोषित किया गया है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भारत की स्वतंत्रता के लिए लम्बी लड़ाई लड़ी थी। उन्होंने सत्य और अहिंसा के आदर्शों पर चलकर भारत को गुलामी की बेड़ियों से मुक्त कराया था।

## गांधी जी भारत के स्वाधीनता आंदोलन के प्रमुख चेहरे थे: डॉ.डी.के.दुबे

■ गांधी जयंती पर पान कुंवर स्कूल में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए

■ मुख्य अतिथि ज़िले के वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर डी.के.दुबे ने ध्वजारोहण किया



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** गांधी जयंती के अवसर पर पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिले के वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर डी के दुबे ने ध्वजारोहण किया। इसके पश्चात एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी से पूर्व महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि हम प्रत्येक 2 अक्टूबर महात्मा गांधी के जन्म दिवस को गांधी जयंती के रूप में मनाते है। गांधी जी भारत के स्वाधीनता आंदोलन के प्रमुख चेहरे थे। सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि दुनिया भर में आज महात्मा गांधी को किसी परिचय की आवश्यकता नहीं है।

भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में गांधी जी की महत्वपूर्ण भूमिका को बुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर प्रबंधक कैलाश चंद्र यादव ने कहा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती को पूरा देश राष्ट्रीय पर्व के तौर पर मानता है। इस दिन बापू के आदर्श पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। गांधी जी के विचारों से केवल भारतीय नहीं बल्कि विदेशों में भी लाखों लोग प्रभावित हैं और उनसे प्रेरणा लेते है। आजीवन अहिंसा और सत्य के मार्ग पर चलने वाले बापू ने संपूर्ण मानव जाति को न सिर्फ मानवता का पाठ पढ़ाया बल्कि जिंदगी जीने का सही तरीका भी सिखाया। इसी कड़ी में आज विद्यालय प्रांगण में मुख्य अतिथि डॉक्टर डीके दुबे, विशिष्ट अतिथि सुरेश चंद्र यादव रिटायर्ड असिस्टेंट कमांडेंट , प्रबंधक कैलाश चंद्र एवं समस्त स्टाफ ने कई पौधों को रोपित किया तथा उनके वृक्ष बनने तक उनकी देखरेख करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने सभी लोगों को शपथ दिलाई कि वे स्वच्छता का ध्यान रखेंगे तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु क्षमता अनुसार कार्य करेंगे एवं अधिक से अधिक पौधे रोपित करेंगे ताकि हमारा वातावरण स्वच्छ एवं मानव जीवन के लिए अनुकूल बना रहे। मिष्ठान वितरण के साथ सभा समाप्त की गई।

## सनशाइन स्कूल में मनाई गई राष्ट्रपिता व पूर्व प्रधानमंत्री की जयन्ती



**इटावा।** सनशाइन स्कूल में मनाई गई राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154 वीं एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व.लाल बहादुर शास्त्री की 119 वीं जयन्ती। इस अवसर पर विद्यालय की चेयरमैन मनीषा चतुर्वेदी तथा विद्यालय के निदेशक प्रबंधक शिखर चतुर्वेदी ने बापू एवं पूर्व उन्होंने कुछ पंक्तियों के माध्यम से अपने विचारों को प्रकट करते हुए कहा कि बापू के सपनों को सभी को फिर से सजाना है, देकर खून का कतरा-कतरा, इस जहां को बचाना है, बहुत गा चुके हैं हम सभी आज़ादी के गीतों को अब हम सब को देशभक्ति का फर्ज निभाना है। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## विद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी लाल बहादुर शास्त्री जी का जन्मदिवस धूम-धाम से मनाया गया



**इटावा।** महात्मा गांधी की जयंती ज्ञानस्थली आवासीय विद्यालय करवा खेड़ा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी का जन्मदिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया प्रबंधक शिव प्रसाद यादव ने महात्मा गांधी वह लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा उनके योगदान की याद दिलाए इन दोनों सपूतों की जय जयकार के साथ जय जवान जय किसान का नारा दिया गया तत्पश्चात किरतपुर गरबा बुजुर्ग करवा खेड़ा वी परशुराम आदि में प्रभात फेरी निकाली कार्यक्रम का समापन करते हुए प्रबंधक विनीत यादव ने सभी को संबोधित करते हुए स्वच्छता व स्वास्थ्य के मूल्यों को समझाया विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ मुकुल कुमार सिंह ने झाड़ू लगाकर विद्यालय को साफ रखने की प्रेरणा दी तत्पश्चात छात्रावास निरीक्षक शिवमंगल ने प्रधानाचार्य तथा उप प्रबंधक के छात्रावास में जाकर साफ-सफाई का निरीक्षण किया उनके साथ स्पोर्ट्स डायरेक्टर वासिफ खान मौजूद रहे।

## माउण्ट लिट्रा ज़ी स्कूल में चलाया गया स्वच्छता एवं श्रमदान का विशेष अभियान



**इटावा।** माउण्ट लिट्रा ज़ी स्कूल में सोमवार को गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने दो महान नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की जिन्होंने भारत पर अपनी एक अमिट छाप छोड़ी। दिन की शुरुआत एक गरिमामयी सभा के साथ हुई जहाँ सभी शिक्षकगण ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन और योगदान के बारे में जानकारी साझा की। इस अवसर पर श्रमदान अभियान चलाया गया। इस ऐतिहासिक पर्व पर स्कूल के प्रधानाचार्य पंकज शर्मा के नेतृत्व में सभी शिक्षकों तथा कर्मचारियों ने एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जो दोनों महान समाज सुधारकों द्वारा समर्थित मूल्यों पर आधारित था। प्रधानाचार्य पंकज शर्मा ने इन नेताओं की विरासत को संरक्षित करने के लिए स्टाफ की प्रतिबद्धता पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि आज का दिन हम सभी को इन महान नेताओं के आदर्शों को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी की याद दिलाता है और हम सभी को नैतिक मूल्यों को स्थापित करने के लिए अपना मिशन जारी रखना चाहिए। कार्यक्रम का समापन कर्मचारियों द्वारा एक प्रतीकात्मक मानव श्रृंखला बनाने के साथ हुआ, जो उस एकता और एकजुटता का प्रतीक है जिसके लिए महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री दोनों ही जीवन भर खड़े रहे। इसी के साथ नार्को को-ऑर्डिनेशन मैकेनिज्म सेन्टर द्वारा दिये गये दिशानिर्देशों का पालन करते हुए विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवन यापन करने के सम्बन्ध में शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी मनोज श्रीवास्तव, विद्यालय प्रोग्राम हेड विनयशील पठानिया, कोआर्डिनेटर डॉ.उर्वशी त्रिपाठी एवं शिक्षकगण तथा सभी कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## एआइपीएमएम ने पाकिस्तान में हुए आत्मघाती हमले की कड़े शब्दों में निन्दा की

# सभी देशों से धार्मिक अनुयाइयों की सुरक्षा की मांग

अवधनामा संवाददाता

■ ईद मिलादुन्नबी में जुटे लोगों को निशाना बनाया जाना भयावह: परवेज़

**लखनऊ।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में बीतं शुक्रवार के आत्मघाती हमलों की ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुहम्मद युनुस ने कड़े शब्दों में निन्दा की। इस हमले में कम से कम 57 लोगों की मौत हुई थी। समाचारों के अनुसार 70 से अधिक घायल हुए थे। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने जोर देकर कहा है कि आम लोगों व धार्मिक स्थलों के विरुद्ध किसी भी तरह की हिंसा या आतंकवादी कृत्य, बिल्कुल अस्वीकार्य हैं। उन्होने सभी देशों की सरकारों और प्रासंगिक हितधारकों से पवित्र स्थलों और धार्मिक अनुयाइयों की सुरक्षा की गारंटी के लिए कार्रवाई की योजना के क्रियान्वयन को समर्थन दिए जाने की गुहार लगाई।

वहीं संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज हनीफ ने भी क्षोभ प्रकट किया, उन्होंने कहा कि ये हमले एक धार्मिक स्थल पर और पैगम्बर मोहम्मद के जन्मदिवस यानिकि ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर आयोजित उत्सव के दौरान हुए हैं, उन्होंने कहा ईद मिलादुन्नबी में जुटे लोगों को निशाना बनाया जाना और भी भयावह है। इन हमलों के दोषियों की जवाबदेही तय होनी चाहिए और उनको सख्त से सख्त सजा देनी चाहिए। उन्होंने कहा धार्मिक स्थलों की पवित्रता का हनन अस्वीकार्य है। श्री हनीफ ने संगठन की तरफ से पीड़ितों के परिवारों के साथ अपनी शोक संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की है।

# भारतीय हॉकी टीम की सेमीफाइनल में एंट्री, बांग्लादेश को 12.0 से दी मात




कप्तान हरमनप्रीत सिंह और मनदीप सिंह की हैट्रिक की मदद से भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने एशियाई खेलों में ये शानदार जीत अपने नाम की है। भारत ने बांग्लादेश को 12.0 से रौंदा और पहले ही सेमीफाइनल में एंट्री कर ली।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने अपने आखिरी पूल स्टेज में धमाकेदार जीत हासिल की है। इस दौरान भारत ने बांग्लादेश को 12.0 से रौंदा और पहले ही सेमीफाइनल में एंट्री कर ली। वहीं कप्तान हरमनप्रीत सिंह और मनदीप सिंह की हैट्रिक की मदद से भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने एशियाई खेलों में ये शानदार जीत अपने नाम की है।

बता दें किए भारतीय टीम ने पूल चरण के पांच मैचों में 58 गोल किये जबकि सिर्फ पांच गोल गंवाये। वहीं इससे पहले भारतीय टीम ने उजबेकिस्तान को 16.0 से सिंगापुर को 16.1 से, पाकिस्तान को 10.2 से और जापान को 4.2 से हराया था।

साथ ही भारत की तरफ से कप्तान हरमनप्रीत दूसरा, चौथा और 32वां मिनट और मनदीप सिंह ने 18वां, 24वां और 46वां मिनट तीन तीन गोल दागे। वहीं अभिषेक 41वां और 57वां ने दो गोल किये जबकि अमित रोहिदास 28वां, ललित उपाध्याय 23वां, गुरजंत सिंह 56वां और नीलाकांता शर्मा 47वां ने एक एकगोल किये। दूसरी तरफ बांग्लादेश की टीम भारतीय टीम के सामने असहाय नजर आई। और गोल करने में असमर्थ रहे। फिलहाल, अब चार अक्टूबर को होने वाले सेमीफाइनल में भारत का सामना पूल बी की दूसरे नंबर की टीम से होगा।

# सुतीर्था और अहिका ने टेबल टेनिस युगल में जीता ब्रॉन्ज मेडल



एशियाई खेलों में सोमवार को टेबल टेनिस महिला युगल सेमीफाइनल में सुतीर्था मुखर्जी और अहिका मुखर्जी को कोरिया से कड़े मुकाबले में 3.4 से हारने के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। सुतीर्था मुखर्जी और अहिका मुखर्जी को एशियाई खेलों में सोमवार को टेबल टेनिस महिला युगल सेमीफाइनल में कोरिया से कड़े मुकाबले में 3.4 से हारने के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

सुतीर्था और अहिका ने 2.3 से पिछड़ने के बाद वापसी की लेकिन कोरिया की सुगियोंग पाक और सुयोग चा ने निर्णायक गेम में बाजी मार ली। उन्होंने एक घंटे तक चला मुकाबला 7.11, 11.8, 7.11, 11.8, 11.9, 5.11, 11.2 से जीता। इससे पहले भारतीय जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में विश्व चैम्पियन चीन की चेन मेंग और यिडि वांग को हराया था। इसके साथ ही टेबल टेनिस में अब भारत की चुनौती समाप्त हो गई। इस बार भारत ने टेबल टेनिस में यही एक पदक जीता है।

# एशियन गेम्स 2023 में विथ्या रामराज का कमाल, पीटी उषा के 39 साल पुराने नेशनल रिकॉर्ड की बराबरी की

एशियन गेम्स 2023 में भारत की एथलीट विथ्या रामराज ने कमाल कर दिया। उन्होंने महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में पीटी उषा ने 39 नेशनल रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली है।

चीन में जारी एशियन गेम्स 2023 में भारत की एथलीट विथ्या रामराज ने कमाल कर दिया। उन्होंने महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में अगले दौर के लिए क्वालिफाई किया है और साथ ही साथ नेशनल रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली है। भारत के लिए ये रिकॉर्ड महान एथलीट पीटी उषा ने 39 साल पहले 1984 में बनाया था।

भारत के लिए 100 मीटर, 400 मीटर और 400 मीटर बाधा दौड़ में भाग लेने वाली विथ्या रामराज ने सोमवार 2 अक्टूबर की सुबह विमेंस 400 मीटर हर्डल्स रेस में विथ्या




रामराज ने पीटी उषा के राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। बता दें कि, 1984 में पीटी उषा ने 55ण्42 सेकेंड में ये दौड़ पूरी की थी। इतने ही समय में विथ्या ने भी ये कर दिखाया है। इससे पहले विथ्या रामराज का बेस्ट रिकॉर्ड 55ण्43 सेकेंड था। इस तरह ये पर्सनल बेस्ट भी है।

वुमेंस 400 मीटर हर्डल्स रेस में विथ्या रामराज ने हीट 1 में हिस्सा लिया और उन्होंने 0.184 के रिएक्शन टाइम के साथ 55.42 सेकेंड में अपनी रेस को पूरा किया। वे अपनी हीट में पहले नंबर पर रहीं और फाइनल के लिए क्वॉलिफाई कर लिया। विथ्या के बाद दूसरे स्थान पर बहरीन की जमाल अमीनत थीं। जिन्होंने 56,22 सेकेंड में अपनी रेस पूरी की। वहींए तीसरे स्थान पर कजाकिस्तान की जेम्स एडेलिना थीं।

# भारतीय महिला और पुरूष टीमों ने रोलर स्केटिंग में कांस्य पदक जीता



चीनी ताइपै को स्वर्ण और दक्षिण कोरिया को रजत पदक मिला। पुरूष वर्ग में आर्यनपाल सिंह घुमन, आनंद कुमार वेलकुमार, सिद्धांत कांबले और विक्रम इंगले ने 4:10.128 सेकंड के समय के साथ कांसे का तमगा अपने नाम किया।

भारतीय रोलर स्केटर्स ने एशियाई खेलों में सोमवार को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पुरूष और महिला 3000 मीटर टीम रिले स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीते। संजना बथूला, कार्तिका जगदीश्वरन, हीरल साधू और आरती कस्तूरी राज की भारतीय चौकड़ी ने 4:34.861 सेकंड का समय निकालकर कांस्य पदक हासिल किया।

चीनी ताइपै को स्वर्ण और दक्षिण कोरिया को रजत पदक मिला। पुरूष वर्ग में आर्यनपाल सिंह घुमन, आनंद कुमार वेलकुमार, सिद्धांत कांबले और विक्रम इंगले ने 4:10. 128 सेकंड के समय के साथ कांसे का तमगा अपने नाम किया।

चीनी ताइपै को स्वर्ण और दक्षिण कोरिया को रजत पदक मिला। भारतीय रोलर स्केटर्स ने ग्वांग्झू में 2010 एशियाई खेलों में पुरूषों की फ्री स्केटिंग और पेयर्स स्केटिंग में कांस्य पदक जीते थे।

# क्रिस गेल ने किया एलान, वर्ल्ड कप : 2023 का फाइनल खेलेगी रोहित की सेना

वर्ल्ड कप 2023 का खुमार चढ़ने लगा है। टूर्नामेंट का आगाज 5 अक्टूबर से भारत की धरती पर होने जा रहा है। मेगा इवेंट के पहले मैच में डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड की भिड़ंत न्यूजीलैंड के साथ होनी है। क्रिस गेल का मानना है कि अपनी धरती पर विश्व कप खेल रही टीम इंडिया फाइनल तक का सफर तय करने में सफल रहेगी।

वर्ल्ड कप 2023 का खुमार चढ़ने लगा है। टूर्नामेंट का आगाज 5 अक्टूबर से भारत की धरती पर होने जा रहा है। मेगा इवेंट के पहले मैच में डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड की भिड़ंत न्यूजीलैंड के साथ होनी है। क्रिस गेल का मानना है कि अपनी धरती पर विश्व कप खेल रही टीम इंडिया फाइनल तक का सफर तय करने में सफल रहेगी। गेल ने दूसरी टीम का भी नाम बताया है, जो रोहित की पलटन से खिताबी मुकाबले में भिड़ सकती है।




क्रिस गेल ने स्टार स्पोर्ट्स के शो पर बातचीत करते हुए कहा कि वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम की भिड़ंत पाकिस्तान के साथ होगी। यानी गेल का मानना है कि टूर्नामेंट का खिताबी मैच रोमांच से भरपूर होगा। वहीं, इरफान पठान के अनुसार, विश्व कप 2023 के फाइनल में टीम इंडिया की टक्कर साउथ अफ्रीका के साथ होगी।

रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया ने हाल ही में एशिया कप के खिताब को अपने नाम किया था। भारतीय टीम का प्रदर्शन जोरदार रहा था और टीम ने फाइनल मुकाबले में श्रीलंका को 10 विकेट से रौंदा था। बल्लेबाजी में शुभमन गिल ने जमकर धमाल मचाया था और वह हाईएस्ट रन स्कोरर रहे थे। वहीं, गेंदबाजी में मोहम्मद सिराज कहर बनकर बल्लेबाजों पर टूटे थे। कुलदीप यादव का प्रदर्शन भी बेमिसाल रहा था।

वर्ल्ड कप 2023 का आगाज 5 अक्टूबर से होना है। टूर्नामेंट के पहले मैच में डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड की भिड़ंत न्यूजीलैंड के साथ होगी। भारतीय टीम अपने अभियान का आगाज 8 अक्टूबर को चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करेगी। वहींए भारत और पाकिस्तान के बीच हाई.वोल्टेज मुकाबला 14 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाना है।

# टीम इंडिया पहुंची तिरुवनंतपुरम, विराट कोहली अचानक क्यों लौट गए मुंबई

भारत के करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली को निजी वजहों के कारण गुवाहाटी से वापस मुंबई लौटना पड़ा, जबकि भारतीय टीम के बाकी खिलाड़ी नीदरलैंड के खिलाफ अपने दूसरे अभ्यास मैच के लिए तिरुवनंतपुरम पहुंच गए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड बीसीसीआई ने इस बात की कोई पुष्टि नहीं की है कि क्या कोहली अभ्यास मैच में नहीं खेल पाएंगे, लेकिन एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि स्टार बल्लेबाज नीदरलैंड के खिलाफ मुकाबले के लिए समय पर लौट आएंगे और 2 अक्टूबर यानी आज शाम तक अपनी टीम के साथ जुड़ेंगे। कोहली भारतीय टीम के प्रमुख खिलाड़ियों में शामिल हैं। नीदरलैंड्स का अभ्यास मैच इतना महत्वपूर्ण नहीं है, लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ पिछला मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था, इसे देखते हुए बल्लेबाज कुछ रन बनाना चाहेंगे। क्रिकबज ने एक सूत्र के हवाले से कहा भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड बीसीसीआई के एक सूत्र ने पुष्टि की कि वह निजी कारणों से मुंबई गए थे। विराट जल्द ही टीम से जुड़ेंगे। यह अभी तक पता नहीं चला है कि व्यक्तिगत आपात स्थिति क्या है लेकिन उम्मीदें हैं कि विराट समय पर टीम के साथ वापस आ जाएंगे। कोहली हाल ही में समाप्त हुई ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैचों में से केवल एक में भारत के लिए खेले। बल्लेबाज ने तीसरे वनडे में फॉर्म दिखाया और 56 रन बनाए, हालांकि भारतीय टीम को मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। कोहली के लिए पिछले 3 वर्ष उतार-चढ़ाव वाले रहे हैं, लेकिन साल 2023 में उन्होंने जबरदस्त वापसी की है। इसे देखे हुए माना जा रहा है कि वह इस विश्व कप में भारत के लिए काफी अहम होंगे। कोहली अगर अपनी फॉर्म में हों तो कोई भी मैच अपने दम पर भारत को जितवा सकते हैं। भारत ने 1983 के बाद 2011 में खिताब जीता था। एक बार फिर वह खिताब अपने नाम करना चाहेगा। आईसीसी से एक इंटरव्यू में कोहली ने कहा पिछले ढाई साल ने मुझे बहुत कुछ सिखाया है। वे गुस्से वाले जश्न अब अतीत की बात हो गए हैं। मेरे पास कई सुझाव आए, बहुत सारी सलाहें मिलीं। लोग मुझसे कह रहे थे कि मैं यह गलत कर रहा हूं। मैंने अपने सबसे अच्छे समय के सभी वीडियो निकाले।

# भारत को छेड़ोगे तो छोड़ेंगे नहीं रिलीज हुआ कंगना रनौत की तेजस का जबरदस्त टीजर

निर्माताओं ने लिखा, वह अपने राष्ट्र के प्यार के लिए उड़ान भरने के लिए तैयार है क्योंकि अगर भारत को छेड़ोगे तो छोड़ेंगे नहीं। 8 अक्टूबर भारतीय वायु सेना दिवस पर ट्रेलर रिलीज होगा। बता दें, कंगना की ये बहुचर्चित फिल्म 27 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है।

बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत फिल्म तेजस के साथ आसमान से आग बरसाने आ रही हैं। अभिनेत्री की इस बहुचर्चित फिल्म का टीजर रिलीज हो चुका है, जो बेहद ही शानदार और रोंगटे खड़े कर देने वाला है। भारतीय वायु सेना के इर्द-गिर्द घूमने वाली इस फिल्म के टीजर को गांधी जयंती के मौके पर निर्माताओं ने रिलीज किया है। टीजर के साथ फिल्म के ट्रेलर की रिलीज डेट भी साझा की गयी हैं।



कंगना रनौत और आरएसवीपी मूवीज़ ने सोशल मीडिया पर फिल्म तेजस का टीजर साझा किया है। टीजर की शुरुआत एयर फॉर्स स्टेशन के खुलने के साथ होती है। फिर कंगना रनौत, जो इस फिल्म में वायु सेना पायलट तेजस गिल की भूमिका निभा रही हैं, को उड़ान भरने के लिए तैयार होते देखा जा सकता है। अंत में, अभिनेत्री को फ्लाइंग सूट में स्टेशन से बाहर निकलते देखा जा सकता है। भारतीय वायु सेना की यूनिफार्म में कंगना का लुक देखने लायक है। निर्माताओं के अनुसार, तेजस फिल्म कंगना के किरदार तेजस गिल के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसका उद्देश्य उन बहादुर सैनिकों में गर्व की गहरी भावना पैदा करना है जो हमारे देश की रक्षा करते हैं और इस यात्रा में कई चुनौतियों का सामना करते हैं।

तेजस के इस टीजर को शेयर करते हुए कंगना रनौत और आरएसवीपी मूवीज़ ने फिल्म के ट्रेलर की रिलीज डेट की घोषणा की। निर्माताओं ने लिखा, श्वह अपने राष्ट्र के प्यार के लिए उड़ान भरने के लिए तैयार है क्योंकि अगर भारत को छेड़ोगे तो छोड़ेंगे नहीं। 8 अक्टूबर भारतीय वायु सेना दिवस पर ट्रेलर रिलीज होगा। बता दें, कंगना की ये बहुचर्चित फिल्म 27 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। यह फिल्म पहले 20 अक्टूबर को रिलीज होनी थी।

# करीना कपूर सोशल मीडिया पर बुरी तरह हो रहीं ट्रोल, पति सैफअली खान के साथ इस हालत में हुई थीं स्पॉट!

अभिनेत्री करीना कपूर खान अपने बिजी शेड्यूल से फैमिली के लिए वक्त निकाल ही लेती हैं। एक्ट्रेस को अक्सर फैमिली लंच या डिनर पर देखा जा सकता है। बीता वीकेंड भी एक्ट्रेस ने अपने पति सैफ अली खान के साथ आउटिंग पर बिताया। वह संडे की नाइट हसबैंड के साथ बाहर निकलीं और डिनर एन्जॉय किया।

करीना कपूर खान का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें वह अपने पति सैफ अली खान के साथ नजर आ रही हैं। क्लिप में आदिपुरुष के रावण यानी सैफ को अपनी पत्नी का हाथ थामे हुए रेस्तरां से बाहर निकलते हुए देखा सकता है। हैंडसम हंक ने अपनी पत्नी का हाथ थामा था और उन्हें सैफ्टी के साथ कार में बिठाया और फिर वहां से चले गए।

यूं तो सैफ का ये लविंग जेस्चर कई फैंस को भा गया और लोग उनकी प्यारी केमिस्ट्री पर जमकर प्यार लुटा रहे हैं, लेकिन कई लोग करीना को नोटिस कर उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। करीना को देख नेटिजंस मान रहे हैं कि फैशनिस्टा ने शराब पी है,



जिसकी वजह से सैफ ने उनका हाथ पकड़ा है। सैफ ने पैपराजी को हाय भी बोला, लेकिन करीना बिना कुछ बोले वहां से चली गई। एक यूजर ने लिखा, हाथ तो थामेगा ही पी जो रखी है। एक नेटिजन ने कमेंट कियाए करीना ने बहुत पी रखी है। एक और ने कहा, उन्होंने बहुत ज्यादा पी है। एक ने कहा, पीने के बाद भी स्टाइलिश लग रही है।

करीना की हालिया रिलीज फिल्म जाने जां नेटफ्लिक्स पर तहलका मचा रही है। फिल्म टॉप 10 में ट्रेंड कर रही है। फिल्म में करीना, विजय वर्मा और जयदीप अहलावत की एक्टिंग को खूब सराहा गया है। जल्द ही करीना तब्बू और कृति सेनन के साथ फिल्म द में दिखाई देंगी।

# कौन हैं जसवंत सिंह गिल, जिन्होंने अकेले बचाई थी 65 लोगों की जान, अक्षय कुमार निभा रहे किरदार



**अक्षय कुमार रियल लाइफ के रूप में पर्दे पर नजर आने वाले हैं। हम बात कर रहे हैं उनकी आने वाली फिल्म मिशन रानीगंज की जिसमें वह जसवंत सिंह गिल की भूमिका में हैं। इस मूवी का ट्रेलर बीते दिनों रिलीज हुआ है। ट्रेलर देखने के बाद हर किसी के मन में एक ही सवाल है कि आखिर कौन है जसवंत सिंह गिल।**

अक्षय कुमार को बॉलीवुड इंडस्ट्री में 30 साल से ज्यादा का वक्त हो चुका है। इन 30 सालों में उन्होंने कई फिल्मों में काम किया है और अलग-अलग तरह के किरदार निभाये हैं। इनमें से कुछ ऐसे हैं, जो वास्तविक जीवन से निकले हैं। अब अपनी आने वाली फिल्म मिशन रानीगंज द ग्रेट भारत रेस्क्यू में अक्षय ने ऐसा ही एक किरदार निभाया है, जो रियल लाइफ हीरो है और इस किरदार के नाम दर्ज है दर्जनों जिंदगी बचाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड। मिशन रानीगंज में अक्षय जसवंत सिंह गिल की भूमिका में नजर आएंगे। 6 अक्टूबर को सिनेमाघरों में आ रही फिल्म का ट्रेलर कुछ दिन पहले ही रिलीज हुआ था, जिसमें जसवंत सिंह गिल बने अक्षय कुमार की झलक नजर आयी थीं। मगर सवाल ये है कि आखिर कौन हैं जसवंत सिंह गिल और क्या है द ग्रेट भारत रेस्क्यू।

***कौन थे जसवंत सिंह गिल***

अक्षय कुमार फिल्म के जरिए जसवंत सिंह गिल की उस कहानी को पर्दे पर लेकर आ रहे हैं, जिसमें साहस, समझदारी और जज्बा शामिल है। जसवंत गिल वो रियल लाइफ हीरो हैं, जिन्होंने अपनी सूझबूझ के दम पर 65 जानें बचायी थीं। उनके इस मिशन की चर्चा रिकॉर्ड्स में भी दर्ज है। अब इस घटना पर फिल्म बनने की वजह से जसवंत सिंह गिल एक बार फिर खबरों में हैं। अमृतसर में जन्मे जसवंत सिंह गिल कोल इंडिया लिमिटेड में खनन अधिकारी थे। साल 1998 में पश्चिम बंगाल के रानीगंज में कोयला खदान ढह गई थी, जिसके चलते माइन में भारी मात्रा में पानी भर गया था। जसवंत सिंह वहीं पर तैनात थे और उन्होंने अपनी समझदारी से नीचे फंसे 65 लोगों को बाहर निकाला था।

पूरा ऑपरेशन उन्होंने प्लान किया था। उन्होंने स्टील का एक कैप्सूल बनाने का आइडिया दिया था, जिसमें एक बार में एक इंसान जा सकता है। गिल खुद इस कैप्सूल से खदान के अंदर गये थे। इसीलिए उन्होंने कैप्सूल गिल भी कहा जाता है। मिशन रानीगंज का एलान भी कुछ साल पहले इसी नाम से किया गया था। जसवंत सिंह गिल के इस रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए उन्हें कई बड़े अवॉर्ड्स से भी सम्मानित किया गया था। उनका नाम वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज है। इतना ही नहीं 1991 में सिविलियन गैलेन्ट्री अवार्ड सर्वोत्तम जीवन रक्षक पदक से नवाजा गया और साल 2013 में लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड में मिला। इसके अलावा ऑल इंडिया ह्यूमन राइट्स काउंसिल ने उन्हें लीजेंड ऑफ बंगाल पुरस्कार दिया और आरएन टॉक्स एलएलपी ने उन्हें 2023 के लिए विवेकानंद कर्मवीर पुरस्कार से नवाजा है।

***कब हुआ निधन***

जसवंत सिंह गिल आज भले ही हमारे बीच नहीं है, लेकिन लोग उन्हें आज भी याद करते हैं। 26 नवंबर साल 2019 को उनका निधन हुआ था। उनके परिवार में पत्नी और चार बच्चे हैं। कहते है अमृतसर में मजीठा रोड पर एक गेट का नाम उनके नाम पर रखा गया है। मिशन रानीगंज का निर्देशन टीनू सुरेश देसाई ने किया है। फिल्म में परिणीति चोपड़ा फीमेल लीड रोल में नजर आएंगी। राघव चड्ढा से शादी के बाद उनकी यह पहली रिलीज है।

# सायरा बानो ने हेरा फेरी की शूटिंग के दिनों को किया याद, बिग बी-विनोद खन्ना संग साझा किया पोस्ट

सायरा बानो ने कहा, निर्देशक प्रकाश मेहरा ने हम तीनों को सभी बेहद मजेदार दृश्यों में खुली छूट दी थी। मैंने पहले ही विनोद के साथ पूरब और पश्चिम, आरोप, और नहले पे दहला और अमिताभ के साथ जमीर जैसी फिल्मों में काम किया था। अभिनेत्री सायरा बानो इस साल की शुरुआत में इंस्टाग्राम पर आईं। सायरा बानो अक्सर सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करती रहती हैं। 70 और 80 के दशक में क्लासिक फिल्मों के साथ उन्होंने सिल्वर स्क्रीन पर राज किया। अपने जीवन और शूटिंग के दिनों की उन्होंने कुछ अनदेखी तस्वीरों और किस्सों को साझा की हैं। सायरा बानो ने पुरानी यादों का याद करते हुए अमिताभ बच्चन और विनोद खन्ना के साथ फिल्म हेरा फेरी की शूटिंग के दिनों को याद किया।

सायरा बानो ने अमिताभ बच्चन और विनोद खन्ना के साथ एक तस्वीर और अपने पसंदीदा दृश्यों का खुलासा करते हुए 2 वीडियो साझा की हैं। इन यादों को ताजा करते हुए अभिनेत्री ने एक पोस्ट लिखा। उन्होंने लिखा, हेरा फेरी करना



बहुत ही सुखद और आनंददायक समय था। अमिताभ बच्चन और विनोद खन्ना ने फिल्म में चालाक चालबाज की भूमिका निभाई और मैंने एक चालाक महिला ठग की भूमिका निभाई।

अभिनेत्री ने आगे कहा, निर्देशक प्रकाश मेहरा ने हम तीनों को सभी बेहद मजेदार दृश्यों में खुली छूट दी थी। मैंने पहले ही विनोद के साथ पूरब और पश्चिम, आरोप और नहले पे दहला और अमिताभ के साथ जमीर जैसी फिल्मों में काम किया था। उन्होंने सेट पर माहौल के बारे में बात करते हुए और कैसे उन्होंने सीन को मजेदार बनाने के लिए उनमें सुधार किया, यह साझा किया। सायरा बानो ने कहा, हमारे पास एक अद्भुत आरामदायक माहौल था और हम तीनों दृश्यों को मजेदार बनाने के लिए सुझावों और सुधारों पर काम किया, खासकर उन दृश्यों में जहां विनोद लगातार अमिताभ को हीरोइन की तरह अत्यधिक रोमांटिक होने से रोकने की कोशिश कर रहे हैं। मेरा अपना पसंदीदा दृश्य वह है जहां मैं मराठी बोल रही और विनोद मेरे बगल में बैठने की अमिताभ की उत्साही कोशिशों को रोकने की कोशिश कर रहे हैं। कृपया इन दृश्यों को देखें और आनंद लें। सायरा बानो, अमिताभ बच्चन और विनोद खन्ना ने करीब छह फिल्मों में साथ में काम किया है। यह फिल्में अपने दौर की सबसे सफल फिल्मों में से एक थीं। बता दें कि फैंस को अभिनेत्री का यह पोस्ट बेहद पसंद आ रहा है।

# हत्या के आरोपी को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत बॉम्बे हाई कोर्ट में छह साल से लंबित पड़ी थी याचिका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हत्या के आरोप में आजीवन कारावास की सजा काट रहे एक कैदी की सजा को निलंबित कर दिया है और उसे जमानत दे दी है। दरअसल, आरोपी को ट्रायल कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी और 11 साल से अधिक समय तक जेल में रखा था। न्यायमूर्ति

**गिरफ्तार**

**दिनेश को 29 अक्टूबर, 2011 को गिरफ्तार किया गया था, जब वह 20 साल का था।**

अभय एस ओका और पंकज मिथल की पीठ ने आदेश दिया कि दोषी दिनेश उर्फ पॉल डैनियल खाजेकर को बॉम्बे हाई कोर्ट द्वारा अपील का अंतिम निपटारा होने तक जमानत पर रिहा किया जाए। दिनेश को 29 अक्टूबर, 2011 को गिरफ्तार किया गया था, जब वह 20 साल का था। दरअसल, आरोपी और अन्य लोगों के बीच हाथापाई के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई थी, जिसके लिए उसे सजा सुनाई गई थी। दोषी के वकील के मुताबिक, वह वर्तमान में 32 साल का है और उनकी अपील पिछले छह सालों से उच्च न्यायालय में लंबित है। बॉम्बे हाई कोर्ट ने 7 फरवरी के अपने आदेश में दोषी की सजा को निलंबित करने से इनकार कर दिया था, जिसके




बाद उन्होंने शीर्ष अदालत का रुख किया था। उच्च न्यायालय को अपीलकर्ता को दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 389 के तहत राहत देनी चाहिए थी। शीर्ष अदालत ने 25 सितंबर के अपने आदेश में कहा, तदनुसार, अपीलकर्ता (दिनेश) को उच्च न्यायालय में अपील का अंतिम निपटान होने तक जमानत मिल जाएगी। सीआरपीसी की धारा 389 अदालत को उसकी सजा को निलंबित करने की अनुमति देती है। आरोपी की अपील की सुनवाई लंबित है और उसे जमानत पर रिहा किया जा सकता है। शीर्ष अदालत ने खाजेकर को जमानत की औपचारिकताएं पूरी करने के लिए ट्रायल कोर्ट के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया और कहा कि उन्हें उचित नियमों और शर्तों पर जमानत दी जाएगी। दिनेश की ओर से पेश वकील सना रईस खान ने तर्क दिया कि मामले में तीन इच्छुक चश्मदीद गवाह हैं और किसी भी स्वतंत्र गवाह से पूछताछ नहीं की गई। हालांकि, अपराध कथित तौर पर सार्वजनिक स्थान पर हुआ था।

खान ने प्रस्तुत किया कि दो चश्मदीदों ने अपनी जिरह में बताया है कि जब वे घटनास्थल पर पहुंचे, तो उन्होंने मृतक को खून से लथपथ देखा, जो इस तथ्य को स्थापित करता है कि उन्होंने घटना नहीं देखी थी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक, तुषार मोरे की शिकायत पर 29 अक्टूबर, 2011 को एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी कि पुणे में गणेश लॉटरी सेंटर में काम करने वाले उनके भाई तन्मय मोरे की कथित तौर पर दिनेश और अन्य के साथ झड़प में मौत हो गई थी।

## स्वच्छ भारत अभियान को सामाजिक आंदोलन के रूप में लिया जाना चाहिए, सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस संजीव खन्ना बोले

**नई दिल्ली।** आज महात्मा गांधी की 154 वीं जयंती है। पूरा देश बापू के जयंती पर राष्ट्रपिता को याद कर रहा है। महात्मा गांधी का जयंती स्वच्छ भारत अभियान के रूप में भी मनाया जाता है। साल 2014 में महात्मा गांधी की जयंती पर शुरू किया गया स्वच्छता अभियान आज पूरे देश में मनाया जा रहा है। इस मौके पर सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस संजीव खन्ना ने शीर्ष अदालत के परिसर में महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाने के लिए सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित एक




समारोह में भाग लिए। सोमवार को समारोह में बोलते हुए उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान और स्वच्छता अभियान को हमें स्वच्छ भारत के लिए एक सामाजिक आंदोलन के रूप में लिया जाना चाहिए ताकि भारत स्वस्थ और खुशहाल रहे। जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा, ÷हमने गांधी जी के जन्मदिन पर स्वच्छ भारत अभियान शुरू किया। यह एक सामाजिक आंदोलन है और इसे एक सामाजिक आंदोलन के रूप में लिया जाना चाहिए। जब तक इसे एक सामाजिक आंदोलन के रूप में नहीं लिया जाएगा तब तक यह अपने लक्ष्य और उद्देश्यों को प्राप्त नहीं कर पाएगा।न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि स्वच्छ और आरोग्य भारत अधिक स्वस्थ और खुशहाल है। उन्होंने आगे कहा कि कुछ लोग अपने शब्दों और कार्यों से अमर हो जाते हैं और गांधी के दर्शन के विभिन्न पहलुओं को उन्होंने रेखांकित किया। महात्मा गांधी के दर्शन पर बोलते हुए उन्होंने अहिंसा, सत्याग्रह, सामाजिक और सांप्रदायिक सद्भाव के लिए उपवास, किसी के प्रति दुर्भावना और जीवन में सादगी जैसे बापू के सभी जीवन दर्शन को शामिल किया।

न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि महात्मा गांधी दुनिया भर में पूजनीय हैं और राष्ट्रपिता के लिए सच्ची श्रद्धांजलि उनके शब्दों को आत्मसात करना और उनके विचारों को कार्य में लाना है।

# सबूतों के आधार पर हो रही मणिपुर में गिरफ्तारियां

**इंफाल।** इस साल मई से मणिपुर में जातीय झड़पें हो रही हैं। इसको लेकर एनआईए और सीबीआई लगातार गिरफ्तारी भी कर रही है। आदिवासी समूहों ने एनआईए और सीबीआई पर मनमानी का आरोप लगाया है, लेकिन केंद्रीय एजेंसियों ने सोमवार को कहा कि अशांत राज्य में की गई हर गिरफ्तारी जांच टीमों द्वारा एकत्र किए गए सबूतों पर आधारित हैं। जांच एजेंसियों ने कहा कि यहां काम कर रहे एनआईए और सीबीआई अधिकारियों को 2015 में सेना के जवानों पर हुए हमलों सहित विभिन्न मामलों में जांच पूरी करने के कठिन काम का सामना करना पड़ रहा है। कुकी समुदाय का प्रतिनिधित्व करने का दावा करने वाले संगठन इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फ्रंट (आईटीएलएफ) द्वारा लगाए गए आरोपों का दोनों जांच एजेंसियों ने खंडन किया है। अधिकारियों ने कहा कि किसी भी समुदाय, धर्म या संप्रदाय के खिलाफ कोई पक्षपात नहीं दिखाया गया है और केवल भारतीय दंड संहिता की नियम पुस्तिका का पालन किया जा रहा है।

अधिकारियों ने हाल ही में एक आदिवासी सेमिनलुन गंगटे की



गिरफ्तारी का जिक्र करते हुए कहा कि वह 21 जून को बिष्णुपुर जिले के क्वाक्टा इलाके में हुए एसयूवी विस्फोट मामले में मुख्य आरोपियों में से एक है। आरोपी को अभी एनआईए की हिरासत में भेज दिया गया है। अधिकारियों ने कहा कि आधारहीन आरोप केवल जांच भटकाने और आम जनता के बीच भ्रम पैदा करने के लिए लगाए जा रहे हैं। 22 सितंबर को एनआईए ने मोइरांगथेम आनंद सिंह को एक अलग मामले में इंफाल से गिरफ्तार किया था। सिंह को चार अन्य लोगों के साथ मणिपुर पुलिस ने पुलिस शस्त्रागार से लूटे गए हथियार रखने के आरोप में गिरफ्तार किया था। हालांकि, सभी पांचों को जमानत मिल गई, लेकिन सिंह को एनआईए ने आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों ने कहा कि उसे दिल्ली लाया गया और उचित कानूनी प्रक्रिया का सामना करना पड़ रहा है।

## ई-सिगरेट रखना पड़ेगा भारी, उल्लंघन करने वालों पर होगा एक्शन; स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुरू किया ऑनलाइन पोर्टल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने ई-सिगरेट को लेकर एक स्पष्टीकरण जारी किया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि ई-सिगरेट रखना कानून का उल्लंघन है। मंत्रालय ने बताया कि ई-सिगरेट और इसी तरह की दूसरी चीजों को रखना इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट निषेध अधिनियम



(पीईसीए) 2019 का उल्लंघन है। सूत्रों ने बताया कि यह स्पष्टीकरण पिछले महीने नागरिक उड्डयन मंत्रालय को भेजा गया था। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट निषेध अधिनियम में ई-सिगरेट के इस्तेमाल पर प्रतिबंध का कोई जिक्र नहीं है। हालांकि, यह कानून ई-सिगरेट के उत्पादन, विनिर्माण, आयात, निर्यात, परिवहन, बिक्री, वितरण, भंडारण और विज्ञापन पर प्रतिबंध लगाने के लिए बनाया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के उप सचिव डॉ पुलकेश कुमार ने बताया कि PECA 2019 के प्रावधानों का उल्लंघन किए बिना देश में ई-सिगरेट रखने पर पाबंदी नहीं है। हालांकि, इस प्रतिबंध में सभी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक निकोटीन डिलीवरी सिस्टम, हीट नॉट बर्न उत्पाद, ई-हुक्का और इसी तरह के उपकरण शामिल हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि यह जनस्वास्थ्य के हित और लोगों को नुकसान से बचाने के लिए बनाया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने क्क्ष्ट के तहत उल्लंघन की सूचना देने के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल भी शुरू किया है। यह पोर्टल मंत्रालय को उल्लंघन पर आवश्यक कार्रवाई करने की अनुमति देगा। कोई भी व्यक्ति इन उल्लंघनों की रिपोर्ट http://www.violation-reporting.in पर कर सकता है। वहीं, केंद्र सरकार ने युवाओं द्वारा ई-सिगरेट के इस्तेमाल को लेकर चिंता जताई है। बता दें कि मई में मंत्रालय ने इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट निषेध अधिनियम को प्रभावी बनाने के लिए कड़ा कदम उठाया था।

# कर्नाटक के शिवमोगा में धारा 144 लागू, जुलूस पर पथराव के बाद भड़की थी हिंसा

**हिरासत**

**हमने घटना में शामिल कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। हमारे पास वीडियोग्राफी, सीसीटीवी कैमरा और ड्रोन कैमरे की वीडियो फुटेज है।**

**शिवमोगा।** कर्नाटक के शिवमोगा में ईद मिलाद जुलूस के दौरान दो गुटों में तनाव हो गया था। तनाव के एक दिन बाद सोमवार (2 अक्टूबर) को कर्नाटक पुलिस ने एक बयान में कहा कि रागी गुड्डा इलाके में अब स्थिति शांतिपूर्ण और नियंत्रण में है। दरअसल, रागी गुड्डा के नजदीक शांति नगर इलाके में जुलूस में शामिल कुछ



उपद्रवियों ने कथित तौर पर पथराव की घटना को अंजाम दिया था। वहीं, शिवमोगा में पथराव की घटना पर कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने कहा, ईद मिलाद का जुलूस चल रहा था, तभी कुछ उपद्रवियों ने पथराव किया। उपद्रवियों ने पुलिस पर भी पथराव किया। अब तक 40 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। हमारी सरकार ऐसी गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं करेगी। स्थिति अब नियंत्रण में है। रविवार को जुलूस में पथराव की घटनाओं के बाद इलाके में तनाव है। इलाके में धारा 144 लागू है। शिवमोगा के पुलिस अधीक्षक जीके मिथुन कुमार ने कहा कि स्थिति अब नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि घटना में पुलिस के जवानों के साथ में कुछ लोगों को चोटें आई हैं और कुछ संपत्तियों को नुकसान पहुंचा है। जीके मिथुन कुमार ने कहा, जिन लोगों को चोटें आई हैं और जिनकी संपत्ति को नुकसान हुआ है, हमने उनसे शिकायत दर्ज करने के लिए कहा है। हमने घटना में शामिल कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। हमारे पास वीडियोग्राफी, सीसीटीवी कैमरा और ड्रोन कैमरे की वीडियो फुटेज है। हम घटना में शामिल सभी लोगों को पकड़ लेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि उन्हें सजा दी जाए। एसपी मिथुन कुमार ने आगे जानकारी देते हुए कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कर्नाटक राज्य रिजर्व पुलिस, रैपिड एक्शन फोर्स की एक कंपनी, 900 होम गार्ड, 2,000 पुलिस जवान और सीनियर अधिकारियों सहित पर्याप्त बल मौजूद है। उन्होंने लोगों से किसी भी अफवाह पर ध्यान नहीं देने की अपील करते हुए कहा, हमने पर्याप्त बंदोबस्त किए हैं।

## एर्नाकुलम में दो डॉक्टरों को गूगल मैप ने उतारा मौत के घाट! पुलिस ने दर्ज किया केस

**एर्नाकुलम।** गूगल मैप का इस्तेमाल हम सभी करते हैं, लेकिन क्या आप सोच सकते हैं कि मैप द्वारा गलत दिशा दिखाने के कारण किसी की जान चली जाए! शायद नहीं, क्योंकि हम गूगल मैप का इस्तेमाल अपनी मंजिल तक पहुंचने के लिए करते हैं। मगर, केरल के एर्नाकुलम जिले में गलत जीपीएस द्वारा दिखाए रास्ते ने दो डॉक्टरों को मौत के घाट उतार दिया।




दरअसल, एर्नाकुलम जिले में रविवार सुबह एक कार के नदी में गिर जाने से दो लोगों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक मरने वालों में 29 वर्षीय अद्वैत और 29 वर्षीय अजमल हैं। दोनों पेशे से दोनों डॉक्टर थे। दुर्घटना के समय दोनों अपने तीन अन्य दोस्तों के साथ साथ जन्मदिन की पार्टी से लौट रहे थे। अधिकारियों ने कहा कि ड्राइवर गूगल मैप्स पर दिखाए गए निर्देशों का पालन करते हुए दुर्घटना वाले क्षेत्र में पहुंच गया। वडक्केकरा पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने कहा, ÷यह घटना रविवार को लगभग 12.30 बजे गोथुरुथ के पास हुई। वे कार से कोडुंगल्लूर लौट रहे थे और कथित तौर पर घर जाने के लिए गूगल मैप का पालन कर रहे थे। ड्राइवर नदी को पानी से भरी सड़क समझकर आगे बढ़ गया और उनकी कार पेरियार नदी में गिर गई। अधिकारी ने कहा कि दुर्घटना के समय भारी बारिश के कारण बहुत कम दृश्यता थी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि नदी पर निशानदेही के लिए कोई बैरिकेड और साइनबोर्ड नहीं लगे थे। हालांकि, स्थानीय लोग कार में सवार लोगों को बचाने के लिए मौके पर पहुंचे। इसके बाद फौरन अग्निशमन सेवा कर्मियों और पुलिस को सूचना दी गई।

# संयुक्त राष्ट्र में महात्मा गांधी की प्रतिमा से हर भारतीय को गर्व, भारत के स्थायी मिशन ने साझा की तस्वीर

**न्यूयॉर्क।** देश और दुनिया में पूरे धूमधाम से आज यानी दो अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती

**साझा**

**संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पुरानी तस्वीर भी साझा की।**

मनाई जा रही है। वहीं, इस अवसर पर संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने कहा कि न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में महात्मा गांधी की प्रतिमा देखकर हर भारतीय को गर्व है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पुरानी तस्वीर भी साझा की। जिसमें विदेश मंत्री एस जयशंकर, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस, संयुक्त राष्ट्र महासभा के पूर्व अध्यक्ष साबा कोरोसी और संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी



प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के साथ दिखाया गया है। भारत के स्थायी मिशन ने अपने पोस्ट में कहामालूम हो कि पिछले साल दिसंबर में विदेश मंत्री एस जयशंकर और संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में महात्मा गांधी की एक प्रतिमा का अनावरण किया था। इस दौरान दोनों के साथ रुचिरा कंबोज और साबा कोरोसी भी शामिल हुए थे। वहीं, प्रतिमा का अनावरण करने के बाद सभी ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की थी। मालूम हो कि गांधी जयंति के मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी है। इसके साथ ही, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिराल और दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने भी गांधी जी को उनकी जयंती पर याद किया।

## कार्यवाहक पीएम काकर करेंगे देश की कानून-व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा, शीर्ष समिति की बुलाई बैठक

**इस्लामाबाद।** बलूचिस्तान के मस्तुंग में शुक्रवार को हुए आत्मघाती विस्फोट में 50 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। इस आत्मघाती हमले के बाद देश में खलबली मची हुई है। इस हमले को देखते हुए पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक काकर ने एक बैठक बुलाई है। कार्यवाहक प्रधानमंत्री देश में कानून और व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा करने के लिए मंगलवार को राष्ट्रीय सर्वोच्च समिति की बैठक बुलाई है। एआरवाई न्यूज की ने यह



जानकारी दी। यह बैठक इस्लामाबाद में होगी और इसमें नागरिक और सैन्य शीर्ष अधिकारी भाग लेंगे। बैठक में राष्ट्रीय कार्य योजना की प्रगति के साथ-साथ देश में समग्र कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की जाएगी।

इसके अलावा, खुफिया एजेंसियों के प्रमुख प्रतिभागियों को कानून-व्यवस्था की स्थिति और देश से आतंकवादियों के सफाए के लिए उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी देंगे। प्रधानमंत्री अवैध विदेशी नागरिकों के खिलाफ देशव्यापी अभियान शुरू करने पर भी चर्चा करेंगे। चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (सीओएएस) जनरल असीम मुनीर ने पुष्टि की कि आतंकवादियों के खिलाफ पाकिस्तान सशस्त्र बलों का अभियान निरंतर जारी रहेगा और वे तब तक नहीं रुकेंगे जब तक देश से आतंकवाद जड़ से खत्म नहीं हो जाता। सेना प्रमुख ने बलूचिस्तान पुलिस और कानून प्रवर्तन कर्मियों की बहादुरी की प्रशंसा की। उन्होंने उनके परिवारों को समर्थन और सहयोग का आश्वासन दिया और जोर देकर कहा कि आतंकवादियों, उनके समर्थकों और मददगारों को बख्शा नहीं जाएगा।

# तकनीकी खराबी के कारण हुआ विमान दुर्घटना, भारतीय खनन कारोबारी समेत छह लोगों की मौत

**जोहान्सबर्ग।** जिम्बाब्वे के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में एक भारतीय अरबपति और उसके बेटे समेत छह लोगों की मौत हो गई। यह हादसा तब हुआ जब उनका निजी विमान तकनीकी खराबी के कारण एक हीरे की खदान के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। मीडिया रिपोर्टों ने यह जानकारी दी। सोना, कोयला, निकल और तांबा का उत्पादन करने वाली एक विविध खनन कंपनी ऋद्धर्शद्धद्ब के मालिक हरपाल रंधावा और चार अन्य लोग मारे गए जब विमान मशावा के ज़्वामाहांडे क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

रियोज़्मि के स्वामित्व वाला सेसना 206 विमान हरारे से मुरोवा हीरा खदान की ओर जा रहा था जब शुक्रवार को यह दुखद घटना घटी। ज़्वामाहांडे क्षेत्र में पीटर फ़ार्म में गिरने से पहले, विमान में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके परिणामस्वरूप संभवतः हवा में विस्फोट हुआ।



रिपोर्ट में कहा गया है कि इस दुर्घटना में जहाज पर सवार सभी यात्रियों और चालक दल की जान चली गई।सरकारी स्वामित्व वाले दैनिक समाचार पत्र हेराल्ड ने पुलिस के हवाले से कहा कि पीड़ितों में से चार विदेशी थे और अन्य दो जिम्बाब्वे के थे। पुलिस ने अभी तक मृतकों के नाम जारी नहीं किए हैं। पत्रकार और फिल्म निर्माता होपवेल चिनोनो (जो रंधावा के दोस्त थे) ने उनकी मौत की पुष्टि की। एक्स पर चिनोनो ने लिखा, ÷मुझे रियोजिम के मालिक हरपाल रंधावा के निधन के बारे में सुनकर दुख हुआ है। उनकी आज ज़्विशावेन में एक विमान दुर्घटना में मौत हो गई। उनके बेटे सहित पांच अन्य लोग की भी दुर्घटना में मृत्यु हो गई।÷ उन्होंने आगे कहा ÷मेरी संवेदनाएं उनकी पत्नी, परिवार, दोस्तों और रियोजिम समुदाय के साथ है।

# विभिन्न कारणों की वजह से अफगानिस्तान ने बंद किया भारत में दूतावास

**स्टाफ**

**अफगानिस्तान ने भारत में दूतावास को बंद करने के पीछे की दूसरी वजह स्टाफ की कमी को बताया है।**

**अफगानिस्तान।** अफगानिस्तान में अशरफ गनी की सरकार जाने के बाद देश में तालिबानी शासन आया, मगर इसके बावजूद भी भारत में पुरानी सरकार का दूतावास काम कर रहा था। अब अफगानिस्तान ने भारत में अपना दूतावास बंद कर दिया है। तालिबान ने एक आधिकारिक बयान में कहा है कि इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ अफगानिस्तान के दूतावास ने रविवार (1 अक्टूबर) से भारत में अपने परिचालन को बंद करने का फैसला किया है। तालिबान ने एक आधिकारिक बयान जारी करके कहा है, बेहद दुख, अफसोस और निराशा के साथ नई दिल्ली में अफगानिस्तान अपने दूतावास का परिचालन बंद



करने के फैसले की घोषणा करता है।÷ वहीं, अफगानिस्तान ने भारत में दूतावास को बंद करने के पीछे तीन बड़ी वजहें बताई हैं। अफगानिस्तान ने आधिकारिक बयान में कहा, हमारे दूतावास ने भारत में राजनयिक समर्थन की कमी का अनुभव किया है, जिससे अफगानिस्तान के सर्वोत्तम हितों की सेवा और कर्तव्य का पालन करने में बाधा पैदा हुई है।÷ बयान में आगे कहा गया कि अफगानिस्तान और भारत के बीच ऐतिहासिक संबंधों और दीर्घकालिक साझेदारी को ध्यान में रखते हुए सावधानीपूर्वक विचार-विमर्श के बाद यह फैसला लिया गया है।अफगानिस्तान ने भारत में दूतावास को बंद करने के पीछे की दूसरी वजह स्टाफ की कमी को बताया है। बयान में कहा गया है कि कर्मचारियों और संसाधनों में कटौती की वजह से संचालन जारी रखना चुनौतीपूर्ण हो गया है, जिसमें राजनयिकों के लिए वीज़ा नवीनीकरण से समय पर और पर्याप्त समर्थन की कमी भी शामिल है। बयान में कहा गया है कि अफगानिस्तान के भारत में राजदूत और अन्य वरिष्ठ राजनयिक भारत छोड़कर यूरोप और अमेरिका चले गए और वहां शरण ले ली है। इसमें अफगान राजनयिकों के बीच में अंदरूनी कलह की भी बात कही गई है। दरअसल, ज्यादातर देश आधिकारिक तौर पर अफगानिस्तान की तालिबान सरकार को मान्यता नहीं देते हैं, लेकिन उन्होंने सत्तारूढ़ तालिबानी शासन के तौर पर स्वीकार कर लिया है। वहीं, पहले की सरकार द्वारा नियुक्त राजनयिकों ने तालिबान प्रशासन द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों को दूतावास भवनों और संपत्ति का नियंत्रण देने से मना कर दिया है। जबकि, भारत ने कहा है कि वह तालिबान सरकार को मान्यता देने का निर्णय लेने में संयुक्त राष्ट्र के आदेशों का का पालन करेगा। भारत ने अगस्त 2021 में अफगानिस्तान पर तालिबान का कब्जा होने के बाद राजधानी काबुल से अपना पूरा मिशन खाली कर दिया था, लेकिन पिछले साल जून में अपने दूतावास को फिर से खोलने के लिए एक छोटी टीम को वापस भेजा था। इसके अलावा भारत सरकार ने 2022 में अफगानिस्तान को गेहूं, दवा, कोविड-19 टीके और सर्दियों के कपड़े सहित अन्य राहत सामग्री भेजी थी।

## स्पेन के नाइट क्लब में पार्टी के दौरान लगी भीषण आग, 13 लोगों की मौत

**मैड्रिड।** यूरोपीय देश स्पेन में रविवार को एक नाइट क्लब में आग लगने से दर्दनाक हादसा हो गया। स्पेन के दक्षिणपूर्वी में स्थित मर्सिया शहर के एक नाइट क्लब में आग लग गई, इस हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। स्पेन की सरकारी समाचार एजेंसी ईएफई के मुताबिक, शहर के मशहूर टीट्रे नाइट क्लब में सुबह करीब 6 बजे लगी। आग इतनी तेज थी कि तेजी से आयोजन स्थल तक फैल गई। हालांकि, क्लब में आग कैसे लगी यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। मर्सिया की फायर सर्विस ने एक वीडियो जारी करके आग को काबू करने की एक क्लिप जारी किया है।

# अटार्नी जनरल गारलैंड की राष्ट्रपति बाइडन की खरी-खरी, कहा- ट्रंप पर कार्रवाई के लिए कहा तो मैं दे दूंगा इस्तीफा

**वाशिंगटन।** अटार्नी जनरल मेरिक गारलैंड ने कहा है कि अगर राष्ट्रपति जो बाइडन ने डोनाल्ड ट्रंप पर कार्रवाई के लिए कहा तो मैं त्यागपत्र दे दूंगा। लेकिन मुझे यकीन है कि ऐसा नहीं होगा, और मैं उस संबंध में कुछ नहीं कहूंगा। उन्होंने ट्रंप और उनके समर्थकों के दावों को खारिज कर दिया कि उन लगे आरोप 2024 में राष्ट्रपति बनने की उनकी संभावनाओं को नष्ट करने के लिए बनाए गए थे। अटार्नी जनरल गारलैंड ने सीबीएस के 60 मिनट्स कार्यक्रम में रविवार को एक साक्षात्कार में कहा कि यदि आवश्यक हुआ तो मैं इस्तीफा दे दूंगा। लेकिन ऐसा कुछ होने का कोई मतलब नहीं है। न्याय विभाग ट्रंप के खिलाफ अभियोगों के केंद्र में हैं। उसके पास 2020 के राष्ट्रपति चुनाव परिणाम को पलटने के प्रयास में कैपिटल हिंसा और ट्रंप द्वारा गोपनीय फाइलों को गलत तरीके से अपने पास रखने जैसे



मामलों के साथ ही बाइडन के बेटे हंटर से जुड़े मामले हैं। अपनी सबसे बेशकीमती अचल संपत्ति में से कुछ पर नियंत्रण खतरे में होने को लेकर पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह सोमवार को कोर्ट का सामना करेंगे। मामले में एक न्यायाधीश ने फैसला सुनाया है कि ट्रंप ने अपनी रियल एस्टेट कंपनी का साम्राज्य खड़ा करने में बैंकों व बीमा कंपनियों व अन्य के साथ धोखाधड़ी की है। उन्होंने रविवार रात इंटरनेट मीडिया पर जज और अटार्नी जनरल की आलोचना करते हुए कि वह सोमवार को कोर्ट में पेश होंगे।

## चिकित्सा में 2023 के नोबेल का एलान, कोविड के खिलाफ लड़ाई में कैटालिन कारिको और ड्र्यू वीसमैन को मिला पुरस्कार

**स्टॉकहोम।** साल 2023 के लिए नोबेल पुरस्कारों का एलान कर दिया गया है। चिकित्सा के क्षेत्र में कैटालिन कारिको और ड्र्यू वीसमैन को 2023 का नोबेल पुरस्कार मिला है। दोनों वैज्ञानिकों को ये पुरस्कार कोविड-19 के खिलाफ उनकी खोज के लिए दिया गया है। कैटालिन कारिको और ड्र्यू वीसमैन ने चिकित्सा में नोबेल पुरस्कार जीता है। उनकी खोज की मदद से कोविड-19 के खिलाफ एमआरएनए वैक्सीन का विकास संभव हो पाया। बता दें कि यह पुरस्कार हंगरी के सागन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर कैटालिन कारिको और पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर ड्र्यू वीसमैन को दिया गया है। दोनों ने पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय में शोध किया था।

# मझौरा गोली काण्ड में घायल रुस्तम की मौत

- गांव में शांतिपूर्ण तनाव, फ़ोर्स तैनात
- प्रधान प्रतिनिधि की शिकायत बनी मौत का कारण

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर (खेतासराय)** थाना क्षेत्र के मझौरा गांव में बदमाशो की तरफ़ से ताबड़तोड़ फायरिंग से गम्भीर रूप से घायल रुस्तम की रविवार की मध्य रात्रि लखनऊ स्तिथ मेदांता अस्पताल में इलाज़ के दौरान मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। गांव में तनावपूर्ण माहौल देखते हुए भारी पुलिस तैनात कर दी गई। शव को शाहगंज में सुपुर्द-ए ख़ाक किया गया। गांव में शांतिपूर्ण तनाव बना हुआ है। पुलिस सतर्कता बरत रही है।

बीते शुक्रवार को अबूजर उर्फ़ रुस्तम 44 वर्ष को तीन की सँख्या में आये बदमाशों ने उस वक्त ताबड़तोड़ फायर झोंक दिया जब वह प्रातः अपने मतस्य पालन केन्द्र में बने एक कमरे से बाहर निकला रहा तो बदमाशो ने निशाना बनाया। तीन गोली पेट और हाथ मे लगी थी। जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने ऑपरेशन कर गोली निकाल दी थी लेकिन स्तिथि में सुधार न होने की वजह से स्वजनों ने मेदांता अस्पताल लखनऊ भर्ती कराया। रविवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। शव का पंचनामा कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। शाहगंज स्तिथ कब्रिस्तान में सुपर्दे-ए ख़ाक किया गया। मौत के बाद पुलिस ने गांव में गश्त बढ़ा दिया। मृतक ने अपने बयान में गांव के प्रधान प्रतिनिधि अफरोज़ उर्फ़ बबलू को घटना का जिम्मेदार बताया था। मृतक के भाई जावेद ने तीन नामजद और एक अज्ञात पर हत्या का प्रयास सहित अन्य धाराओं में अभियोग दर्ज कराया था। पीएम की रिपोर्ट मिलते ही पुलिस धारा को परिवर्तित कर हत्या की प्राथमिकी दर्ज करेगी। गांव के सूत्रों की मानी जाए तो रुस्तम ने प्रधान के कार्यों की पोर्टल पर शिकायत की थी जिससे मामला हत्या तक पहुँच गया।

### मुख्य आरोपी पुलिस पकड़ से दूर

**खेतासराय(जौनपुर)** रंजिश में मौत की भेटि चढ़े अबूजर उर्फ़ रुस्तम की हत्या के मुख्य साज़िश कर्ता को चौथे दिन भी पुलिस पकड़ नही सकी। तीन नामज़द आरोपितों में से मात्र एक आरोपी मो आरिफ़ उर्फ़ गुड्डू पुत्र निजामुद्दीन को मानीकला हॉल्ट से गिरफ्तार करने का दावा किया है। शाहगंज में रह रहे छः भाइयों में पहले नम्बर के अबूजर उर्फ़ रुस्तम मुम्बई में व्यसाय करते थे। लॉकडाउन में आकर पुश्तैनी गांव में मत्स्य पालन करने लगे। उनके तीन बच्चे है जिस मे बड़ा बेटा अब्दुल्लाह 20 वर्ष, सायमा 18 तथा सानिया 14 वर्ष है। बच्चों का पिता का साया उठ गया। पत्नी सीमा 35 वर्ष का रो रो कर बुरा हॉल है। एसओ चंदन राय ने बताया कि मुख्य आरोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। सुरक्षा के दृष्टि से पुलिस तैनात किया गया है।

## प्रेम प्रसंग के चक्कर में युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जौनपुर।** सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र के पोटरिया गांव में कई महीनो से गांव के ही युवक से युवती का प्रेम प्रेम प्रसंग चल रहा था रविवार की रात को युति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली सुबह परिजनों ने देखा तो पैर के नीचे से जमीन खिसक गई। जानकारी के अनुसार पोटरिया गांव में कई महीनो से गांव के ही युवक से एक युवती प्रेम प्रसंग चल रहा था रविवार को रात युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली सुबह जब दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों ने दरवाजा तोड़ दिया देखा की युवती फांसी पर लड़की ही मिली आनंद फानन में परिजन पुलिस को बिना सूचना दिए खुटहन थाना क्षेत्र के किलकिछा घाट पर दाह संस्कार कर दिए थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि ऐसी कोई सूचना नहीं मिली है।

# मुंगराबादशाहपुर में डेंगू बुखार का प्रकोप

**एक ही परिवार के पांच सदस्य डेंगू पॉजिटिव, मोहल्ले में छह लोग डेंगू बुखार से पीड़ित**

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** मुंगराबादशाहपुर नगर के पुरानी सब्जी मंडी मोहल्ला निवासी शिवम सोनी के डेंगू पाज़िटिव पाए जाने से परिजनों में हड़कंप मचा हुआ है। आसपास के लोग भी दहशत में हैं। पुरानी सब्जी मंडी मोहल्ला निवासी शिवम सोनी की तबीयत खराब होने पर उन्हें उपचार के लिए मुंगराबादशाहपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित अन्य चिकित्सालयों में भर्ती कराया गया। लेकिन उनके स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं हुआ। परिजन प्रयागराज स्थित गंगा मेमोरियल हास्पिटल में भर्ती कराया। जहां उनकी जांच कराने पर डेंगू पाज़िटिव पाया गया। सूचना मिलने पर परिजन परेशान हो गए। दूसरी ओर आस-पास के बुखार से पीड़ित मरीज भी सशंकित हैं। मोहल्ला शिवम सोनी के परिवार के अन्य लोग भी बुखार से पीड़ित थे जिसकी जांच आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर कराई गई जिसमें परिवार के चार सदस्य भी डेंगू पॉजिटिव पाए गए,इसके अलावा उसी मोहल्ले के गोपाल जायसवाल पुत्र सुशील जायसवाल निजी पैथोलॉजी से जांच कराने पर डेंगू पॉजिटिव निकले सभी छह डेंगू मरीज एक ही मोहल्ले के निवासी हैं,जिससे पूरे मोहल्ले में हड़कंप मच गया है। मुंगराबादशाहपुर में डेंगू बुखार का प्रकोप बढ़ रहा है।

डेंगू के मच्छरों के लिए बारिश के बाद का मौसम मुफीद होता है। हल्की ठंड में भी डेंगू के मच्छर खूब डंक मारते हैं। इस तरह अक्तूबर, नवंबर में डेंगू के मामले और बढ़ने की उम्मीद बनी हुई है। डेंगू के मच्छर एक फिट ऊंचाई तक उड़ते हैं। इनका असर सुबह व शाम के समय अधिक देखने को मिलता है। इसलिए इस समय लोगों को अपने हाथ-पैर पूरी तरह ढंककर रखने चाहिए। पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें तो बचाव संभव है।

डेंगू के लक्षण में तेज बुखार,शरीर में दर्द,आंखों में सूजन व दर्द प्लेटलेट्स में गिरावट,डेंगू से बचने के लिए घर के आसपास साफ-सफाई पूरे आस्तीन के कपड़े पहनना रात को सोते समय मच्छरदानी का इस्तेमाल कूलर का पानी नियमित बदलते रहें,फ्रिज की ट्रे में पानी न जमा होने दें।

# भाजपा ने हर वर्ग का बिना किसी

- भेदभाव किया विकास - रमेश चंद्र मिश्रा
- 27 लाभार्थियों को विधायक ने वितरित किया आयुष्मान कार्ड



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर (महराजगंज)** क्षेत्र के मजीठी गांव में विधायक रमेश चंद्र मिश्रा द्वारा 27 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया।इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हर वर्ग के लिए बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कर रही है। असहाय व गरीबों को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास देकर उन्हें छत देने का कार्य किया जा रहा है। गरीबों व असहायों को इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड देकर सहायता की जा रही है।सरकार की योजनाओं एवं नीतियों से आखिरी छोर पर खड़े व्यक्ति को लाभ प्राप्त हो रहा है।आयुष्मान कार्ड गरीब परिवारों को एक सार्थक सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत लाने का एक वास्तविक प्रयास है। इसके जरिए गरीब परिवार को प्रति वर्ष पांच लाख की स्वास्थ्य सुरक्षा मिलती है, जिससे उसे मानसिक एवं आर्थिक राहत मिलने के साथ शारीरिक सुरक्षा कवच मिलती है। उन्होंने भाजपा सरकार की योजनाओं को गिनाया। इस मौके पर उमाप्रताप सिंह, पीसी सिंह,संदीप, अम्बुज तिवारी, ग्राम प्रधान सहित लाभार्थी रहे।

## बड़ौदा यू पी बैंक कर्मी 3 अक्टूबर को रहेंगे हड़ताल पर

**आजमगढ़।** ज्वाइंट फेरम ऑफ़ बड़ौदा यू पी बैंक यूनियन्स के आवाहन पर अरबिया, बी एम एस, ए आई बी इ ए, ए आई बी ओ ए, आइबोक, इंटक से सम्बंधित यूनियनों ने 3 अक्टूबर को हड़ताल की घोषणा की है। इस आशय की जानकारी देते हुये जॉइन्ट फेरम के डिप्टी चेयरमैन सुभाष चंद्र तिवारी कुंदन ने बताया कि सीधी भर्ती सहित आठ सूत्री मांगों को लेकर बैंक के सभी संगठन संयुक्त रूप से आंदोलनरत हैं, 30 सितंबर को जॉइन्ट फेरम के प्रतिनिधियों के साथ वार्ता मे बैंक चेयरमैन के हठधर्मिता के चलते बैंक के कर्मचारी और अधिकारी हड़ताल पर जाने के लिये बाध्य हो गए हैं।

# विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा दत्तोपंत ठेंगड़ी विधिक सहायता एवं सेवा केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय परिसर स्थित दत्तोपंत ठेंगड़ी विधि संस्थान में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश राय विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ, के एक्शन प्लान 2023-24 के निर्देशानुसार एडीआर मैकेनिज्म विद स्पेशल फोकस ऑन मीडिएशन ऑन द ओकेजन के विषय पर आधारित था। इस शिविर कार्यक्रम में उपस्थित समस्त छात्र-छात्राओं तथा जनसामान्य को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के उपसंयोजक डा. दिनेश कुमार सिंह ने शिविर कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का स्वागत किया एवं एडीआर के विभिन्न उपायों पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए मामलों को सुलझाने का शीध्र एवं निऱ्शुल्क तरीका बताया। इस शिविर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव/सिविल जज (सी.डि.) ज्योति अग्रवाल ने विस्तार से छात्र-छात्राओ एवं दूरदराज से आए हुए ग्रामीणों को मध्यस्थता के माध्यम से विवाद को न्यायालय में जाने से पहले ही निऱ्शुल्क सुलझाये जाने के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। आपने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा गरीब एवं आम जनमानस को दी जाने वाली निऱ्शुल्क विधिक सहायता के बारे में भी विस्तार से समझाया। शिविर कार्यक्रम को अन्य विद्वतजन मनोज वर्मा, डॉ दिलीप कुमार सिंह, रूपा सिंह, सविता सिंह, देवेन्द्र कुमार यादव एवं श्री मंगला प्रसाद (संयोजक) ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के आयोजन सचिव डॉ इन्द्रजीत सिंह ने आये? हुए अतिथियों, छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया। इस शिविर कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राए एवं दूरदराज से आए ग्रामीण उपस्थित रहें।

# राष्ट्रपिता और शास्त्री जी को जयंती पर किया याद

**अवधनामा संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** गांधी जयंती के अवसर पर जिलाधिकारी श्री उमेश प्रताप सिंह ने गांधी भवन स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर मल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये, साथ ही नेता जी सुभाष चन्द्र बोस एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमाओं पर भी माल्यार्पण किया।

इसी क्रम में जिलाधिकारी ने नगर निगम परिसर व शहीद उद्यान में जाकर शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन किया तथा सहीद पं0 राम प्रसाद बिस्मिल पार्क में पहुच कर पं0 राम प्रसाद बिस्मिल जी की प्रतिमा पर तिलक लगाकर माल्यार्पण किया। जिलाधिकारी ने खिरनी बाग स्थित शहीद स्तंभ पर पुष्प अर्पित करते हुये श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अशोक मीणा, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार पाण्डेय, नगर मजिस्ट्रेट आशीष कुमार सिंह सहित उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने भी माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। राष्ट्रीय पिता महात्मा गांधी जी की 154वी जंयती एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की 119वी जंयती के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में भी गांधी जयंती समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र का अनावरण किया तथा सूत की बनाई हुयी माला द्वारा माल्यार्पण करते हुये गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

इस दौरान जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट में चरखा चलाकर सूत भी काता। कार्यक्रम में गुरूनानक स्कूल के बच्चो ने ''हर देश मे तू, हर वेश मे तू, सहित अन्य देश भक्ति गीतों का सुन्दर गायन किया। कलेक्ट्रेट की कर्मचारी बिनाका मौर्या ने भी इस मौके पर देश भक्ति गीत का सुन्दर गायन किया।

# कांग्रेस कमेटी ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनी



**अवधनामा संवाददाता**

**आज़मगढ़।** शहर कांग्रेस कमेटी आजमगढ़ कार्यालय पर आज़ादी के नायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मोहम्मद नजम शमीम की अध्यक्षता में मनाई गई सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने उनके छायाचित्र पर फूल अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गांधी जी 1869 में पैदा हुए 78 साल 10 महीने जिस देश मे रहे उसे ब्रिटिश इंडिया कहते थे लेकिन ये तो उनकी धरती थी इसका ब्रिटिश कहलाना उनको नापसन्द था तो उतने बरस सारी उम्र उसी के लिए लड़े। उनकी हाड़ की हवा 35 करोड़ लोगों की भरी चाहा कि वे खड़े हों महसूस करें पराधीनता को लड़े आज़ादी को और खुद मुख़्तार बनें गांधी जी जिनके खिलाफ़ थे वो विदेशी थे गोरे थे विधर्मी थे। इनसे इतने संतप्त थे कि वे पूछते थे गांधी अब तक मरा क्यो नही?फ़िर भी उन्होंने उनको खुद न मारा वो जिये उस दिन के लिए जब यूनियन जैक उतरे तिरंगा आये। तुम और मैं हम सब खुली हवा में सांस ले आज़ाद कहलाये इंडिया और वो दिन जब आया उनके दिन ख़त्म हो गए। विदेशियों ने, मुझे 78 साल बर्दाश्त किया जायेगा।

## विद्यालय में महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया



**आजमगढ़।** महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती महादेवी हायर सेकेंडरी स्कूल में मनाई गई सर्वप्रथम ध्वजारोहण के साथ जयंती की शुरुआत की गई तपश्चात विद्यालय के अध्यापक व अध्यापिकाओं द्वारा राष्ट्रीय गान की प्रस्तुति हुई स विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री राम नयन मौर्य एवं उप प्रधानाचार्य श्री सुरेंद्रनाथ यादव जी ने महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्रीजी के चित्र पर माल्यापर्ण किया विद्यालय के अध्यापक किशन यादव जी ने गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन पर प्रकाश डाला कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय कोऑर्डिनेटर आनंद मौर्य,एक्टिविटी इंचार्ज धीरेंद्र मोहन ,एक्टिविटी हेड शरद गुप्ता, किशन यादव,अजय यादव,रामचरण मौर्य आदि शिक्षक- शिक्षिकाओ का सराहनीय योगदान रहा । अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य राम नयन मौर्य ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## महात्मा गांधी सत्य और अहिंसा के पुजारी थेः दुर्गा प्रसाद यादव



**आजमगढ़।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 154 में जयंती सपा0 कार्यालय आजमगढ़ में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई उनके साथ पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर भी पुष्प अर्पित किया गया जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए पूर्व मंत्री दुर्गा प्रसाद यादव विधायक ने कहा कि महात्मा गांधी सत्य और अहिंसा के पुजारी थे उन्होंने पूरी जिंदगी आजादी की लड़ाई में के लिए समर्पित कर दिया अखिलेश यादव विधायक ने कहा गांधी जी का संदेश पुरी दुनिया में मानवता का संदेश दिया जिन विचारधारा के लोगों ने उनकी हत्या किया आज सत्ता में रहकर उनके नाम पर नाटक कर रहे हैं पूर्व सांसद नंदकिशोर यादव यादव व कमला प्रसाद यादव पूर्व एमएलसी ने कहा कि धर्म व जाति के नाम पर भाजपा राजनीति कर रही है महात्मा गांधी के विचारों को मारना चाहती है मैं निवर्तमान जिला अध्यक्ष हवलदार यादव ने कहा कि महात्मा गांधी के आदर्शों और विचारों पर चलकर ही दुनिया में इंसानियत की रक्षा हो सकती है सपा संस्थापक श्रद्धेय नेताजी मुलायम सिंह यादव उनके आदर्शों पर चलकर ही किसान मजदूर गरीब के उत्थान के लिए तमाम योजनाएं चलाया तथा भाईचारा कायम रखने के लिए कार्य किया अंत में प्रोफेसर रामगोपाल यादव के बड़े भाई अतर सिंह यादव व जुल्फिक्रार नेता गोपालपुर की आकस्मिक निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दिया गया। उक्त कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष हरीराम सिंह यादव हरिश्चंद्र यादव राज नारायण यादव पूर्व प्रमुख बर्मन यादव संजय पटेल संतोष कुमार गौतम वीरेंद्र यादव रणविजय यादव जोरा खान कमलेश यादव पप्पू महाप्रधान कोषाध्यक्ष प्रदीप यादव राजेश गलवारा सुशील आनंद गुड्डी देवी मीनू भारती द्रोपती पांडे सुनीता सिंह सिंगरी गौतम आदि लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन हरिप्रसाद दुबे ने किया।

# वेदान्ता इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने किया नाटक

**अवधनामा संवाददाता**




**आज़मगढ़।** गाँधी मूर्ति के सामने वेदान्ता इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने नाटक के माध्यम से गाँधी जी व लालबहादुर शास्त्री के जीवनी को किया प्रदर्शित .धनञ्जय मिश्रा अपर जिला जज रहे मुख्य अतिथि। वेदान्ता इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने विद्यालय परिसर में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प वर्षा कर श्रद्धासुमन अर्पित किया तत्पश्चात बच्चों को स्मार्ट क्लास के द्वारा इन महान महापुरुषों के ऊपर एक बायोग्राफी दिखाई गयी। इसके बाद जोश में सभी बच्चों ने गांधी जी अमर रहे, लाल बहादुर शास्त्री अमर रहे और जय जवान जय किसान के नारों से विद्यालय परिसर को गुंजायमान कर दिया। सर्वप्रथम अनुज सिंह, रतन सिंह व उनकी टीम ने मार्च पास्ट करते हुवे मुख्य अतिथि धनंजय मिश्रा अपर जिला जज व शिव गोविंद सिंह प्रबंध निदेशक वेदान्ता इंटरनेशनल स्कूल को गाँधी जी के मूर्ति तक ले गये। तत्पष्चात गाँधी के रूप में आदर्श कुमार, रुद्रांश और अर्णव पाल तथा शास्त्री जी के रूप में लक्ष्य यादव, आयुष और आदर्श के साथ धनञ्जय मिश्रा अपर जिला जज ने गाँधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत किया उसके बाद अनुपमा ने पीर परायी गीत के माध्यम से तथा यशा जावेद व शैलजा मौर्या ने क्रमशः गाँधी जी व शास्त्री जी के विचारों को अपने भाषण के माध्यम से लोगों के समक्ष रखा। गाँधी जी की प्रतिमा के सामने गाँधी एक यात्रा नामक नाटक के माध्यम वैष्णवी सिंह, सृष्टि, महद, आयुष, ऋषिका, गौरव, शैलजा आदि । कार्यक्रम के अन्त में प्रबंध निदेशक शिव गोविंद सिंह ने मुख्य अतिथि सहित उपस्थिति सभी जन समुदाय को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुनील त्रिपाठी, नीलम चौहान, फ़हीम, किशन मिश्रा, एजाज अहमद, सुनील तिवारी, प्रभाकार सिंह, सतीश त्रिपाठी, रम्मन यादव, सूर्यभान यादव आदि रहे।

# शिक्षकों व शिक्षामित्रों ने श्रमदान कर की विद्यालय की सफाई

**अवधनामा संवाददाता**

- स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत किया श्रमदान

**बिलगांव।** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत प्राथमिक विद्यालय बिलगांव भाग एक में शिक्षक स्टाफ द्वारा श्रमदान करते हुए विद्यालय की सफाई की गई। ग्रामीणों को भी श्रमदान के लिए प्रेरित किया। महुआ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बिलगांव के प्राथमिक विद्यालय भाग 1 में रविवार को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत विद्यालय की प्रधानाचार्य शिखा खरे, सहायक शिक्षिका बीना भास्कर, अनीता और राकेश शर्मा शिक्षामित्र के अलावा आंगनबाड़ी कुसमा देवी, सहायिका रामकली आदि ने सुबह 10 से 11 बजे तक तक एक घंटे विद्यालय परिसर की श्रमदान करते हुए सफाई की। ग्राम पंचायत बिलगांव की गौशाला तथा सचिवालय में ग्राम प्रधान अनिल यादव, सचिव अनुरुद्ध पटेल, पंचायत सहायक आदर्श साहू आदि ने स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत श्रमदान किया। ग्रामीणों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान राजेंद्र तिवारी शिक्षामित्र, अविनाशी महराज, संतशरण यादव, जगमोहन सिंह, प्रीतम यादव आदि तमाम ग्रामीण भी शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### तीन महिला समेत चार लोगों को धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में पुलिस ने किया गिरफ्तार



**मुबारकपुर।** थाना पुलिस ने रविवार को देवरिया आयमा गांव से धर्म परिवर्तन के आरोप में एक पुरुष और तीन महिला ओं को मौके से गिरफ्तार कर लिया और बा इबि ल व क्रास का निशान भी बरामद कर लिया है। मुबारकपुर क्षेत्र के ग्राम देवरिया आयमा निवासी छोटे लाल पुत्र लग्गन हिन्दू धर्म छोड़ कर ईसाई धर्म अपनाने का पाठ पढ़ा रहा था। और ईसाई धर्म की प्रार्थना भी कर लोगों को इसका लाभ बता रहा था। इस दौरान सूचना पाकर थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंच कर वहां पर प्रार्थना कर रही जगवन्ता राजभर, चन्दा देवी और फुरसतिया तीन महिलाओ और एक पुरुष छोटे लाल को गिरफ्तार कर थाना लायी। मौके से ईसाई धर्म की पुस्तक बा इक बि ल और क्रास का निशान बरामद कर लिया है। धर्म परिवर्तन के आरोप में मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### कुख्यात अपराधियों के विरुद्ध की जा रही है कार्रवाईः पुलिस कमिश्नर

**गौतमबुद्धनगर।** पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह के नेतृत्व में पुलिस कमिश्नरेट के समस्त पुलिस अधिकारियों द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से अपराधियों के विरुद्ध निरंतर स्तर पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। इस कड़ी में आज दिनांक 01.10.2023 को पुलिस आयुक्त न्यायालय गौतमबुद्धनगर द्वारा 14 (1) गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही के अंतर्गत गैंग सदस्य सुदेश उर्फ टिल्लू पुत्र विसम्भर मूल निवासी ग्राम चाँदनेर थाना बाबूगढ़ जनपद हापुड़ हाल पता - ए-ब्लाक 237 सै0 47 नोएडा थाना सै0 49 गौ0बु0नगर की थाना बादलपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 188/2022 धारा 2/3 गैंगस्टर अधि0 जिसकी विवेचना थाना प्रभारी बिसरख के द्वारा की जा रही है।' मुकदमा उपरोक्त से संबंधित सुदेश उर्फ टिल्लू पुत्र विसम्भर की दौराने विवेचना अचल सम्पत्ति खसरा स0 73 रकबा 0.8430 हेक्टेयर आम का बाग ग्राम बहादुरगढ़ थाना बहादुरगढ़ जिला हापुड़ (अनुमानित 85 लाख रुपये) प्रकाश मे आयी। जिसको श्रीमान विशेष न्यायालय ( अपराध जनित सम्पत्ति अधि0) पुलिस आयुक्त गौ0नगर के आदेश धारा 14(1) गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत अचल सम्पत्ति खसरा स0 73 रकबा 0.8430 हेक्टेयर आम का बाग ग्राम बहादुरगढ़ थाना बहादुरगढ़ जिला हापुड़ को अधिग्रहण किया गया है। जिसकी अनुमानित कीमत 85 लाख रुपये है।

# स्वच्छता जागरूकता अभियान का किया शुभारंभ

**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** उच्च न्यायालय इलाहाबाद के द्वारा ''154 वॉ'' गांधी जयन्ती के अवसर पर उत्तर प्रदेश विधिक राज्य सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में ही उद्घाटन स्वच्छता जागरूकता अभियान का आज शुभारंभ किया गया, इस कार्यक्रम में मा0 जनपद न्यायाधीश के साथ समस्त न्यायिक अधिकारी एवं अन्य अधिकारीगण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जुड़े सुबह 08.30 बजे से यह कार्यक्रम प्रारंभ हुई। सर्वप्रथम कार्यपालक अधिकारी उत्तर प्रदेश विधिक राज सेवा प्राधिकरण द्वारा इस कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर स्वच्छता के महत्व के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया तथा स्वच्छता जागरूकता अभियान के उद्घाटन का शुभारंभ किया गया, इस दौरान कार्यपालक अधिकारी द्वारा विशेष रूप से इंगित किया गया की स्वच्छता के साथ-साथ आंतरिक स्वच्छता प्राण स्वच्छता का विस्तार देते हुए वाणी की स्वच्छता पर हम सभी को ध्यान देने की जरूरत है, ताकि वाणी की स्वच्छता अच्छे वातावरण एवं मानवता की दृष्टि से हमें जरूरी है कि सार्वजनिक जीवन और व्यक्तिगत जीवन में स्वच्छता परिलक्षित करते हुए गांधी जी के विचार से प्रेरित होकर स्वच्छता अभियान का प्रारंभ किया गया है।

## युवती की संदिग्ध हालत में मौत

**बांदा।** देहात कोतवाली क्षेत्र के दोहा गांव निवासी कौशिल्या (32) पत्नी बद्री प्रसाद की रविवार की सुबह घर पर काम कर रही थी। संदिग्ध परिस्थितियो में अचानक उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनो उसे जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। जहां डाक्टरो ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। डाक्टरो ने परिजनो को पोस्टमार्टम कराए जाने की सलाह दी। लेकिन परिजन शव लेकर घर चले गए। मृतका के पति ने बताया कि वह मजदूरी करता है। कौशिल्या के पेट में अचानक दर्द हुआ। उसे अस्पताल लाया गया जहां उसकी मौत हो गई। मृतका अपने पीछे तीन पुत्रिया एक पुत्र छोड़ गई है।

# अनुदेशक शिक्षक संघ आजमगढ़ का अपने हक और अधिकार को क्रमिक अनशन पर

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** सोमवार को अनुदेशक शिक्षक संघ आजमगढ़ ने जिला अध्यक्ष गणेश यादव के नेतृत्व में गांधी प्रतिमा रैदोपुर आजमगढ़ में क्रमिक अनशन प्रदेश में संचालित होने वाले उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत लगभग 30 हजार शिक्षा अनुदेशकों ने प्रदेश सरकार की नीतियों से त्रस्त होकर लगातार 10 वर्षों से अपने हक और अधिकार की मांग करते चले आ रहे हैं जबकि मार्च 2017 में ही अनुदेशक शिक्षकों को सातवें वेतन आयोग के तहत न्यूनतम मानदेय 17000 देने का प्रस्ताव केंद्र सरकार द्वारा पास हुआ तथा उसका बजट भी जारी हुआ लेकिन प्रदेश सरकार ने अपनी हिटलर शाही व तानाशाही के बल पर अनुदेशक शिक्षकों का हक और अधिकार नहीं दिया माननीय उच्च न्यायालय खंडपीठ लखनऊ तथा प्रयागराज की दोनों बेंच ने यह निर्णय दिया कि अनुदेशक शिक्षकों को मार्च 2017 से अब तक का मानदेय 17000 की दर से 9ः ब्याज सहित भुगतान किया जाए इसके बावजूद भी प्रदेश सरकार सुप्रीम कोर्ट चली गई लगातार 10 वर्षों तक सरकार की प्रताड़ना से आहत होकर समस्त अनुदेशकों ने यह निर्णय लिया कि 2 अक्टूबर 2023 दिन सोमवार से महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर वहीं पर क्रमिक अनशन प्रारंभ किया जाएगा जो प्रत्येक रविवार को होगा अगर दो से तीन महीने के अंदर अनुदेशक शिक्षकों का हक व अधिकार नहीं मिलता है तो समस्त अनुदेशक पूरे प्रदेश में पदयात्रा के माध्यम से लखनऊ व दिल्ली पहुंचकर धरना प्रदर्शन व भूख हड़ताल करने पर मजबूर होंगे इस अवसर पर लालचंद यादव मिथिलेश अमरजीत यादव मनोज पांडे पंकज रामजतन सुरेश राजीव सोनू सौरभ रामचंद्र, रविशंकर मिश्र पंकज विश्वकर्मा अंजू राय निवेदिता राय दीपू ओझा अर्चना राय हनुमान यादव हुबेदार पंकज चौधरी, राजेश यादव हरेन्द्र प्रमोद यादव, अजय मौर्य, शादाब अली,सपना जयसवाल तथा जनपद के अन्य समस्त अनुदेशक उपस्थित रहे।

# खादी उद्योग, कारीगरों और उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए गांधी जयंती पर यूपी के उपमुख्यमंत्री द्वारा रोपोसो खादी स्टोरफ्रंट लॉन्च किया गया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आज राज्य में खादी उद्योग और कारीगरों को बढ़ावा देने के लिए रोपोसो खादी

**शुभारंभ**

**उपमुख्यमंत्री ने आज राज्य में खादी उद्योग और कारीगरों को बढ़ावा देने के लिए रोपोसो खादी स्टोरफ्रंट का शुभारंभ किया।**

स्टोरफ्रंट का शुभारंभ किया। यह लॉन्च गांधी जयंती के उपलक्ष्य में किया गया जो कि स्वदेशी उत्पादों, देश की कारीगर अर्थव्यवस्था और अनेकता में एकता की भावना का जश्न मनाता है। स्टोरफ्रंट को ग्लांस द्वारा संचालित रोपोसो प्लेटफॉर्म पर होस्ट किया जाएगा, जो भारत के पहले यूनिकॉर्न इनमोबी ग्रुप की सहायक कंपनी है। रोपोसो देश के अग्रणी ईकॉमर्स प्लेटफार्मों में से एक है और इसने ईकॉमर्स में लाइव कॉमर्स जैसी नई श्रेणी को जोड़ा है।



रोपोसो का लक्ष्य अपने प्लेटफॉर्म के माध्यम से 10,000 सफल उद्यमियों को तैयार करना है, जो छोटे और मध्यम व्यवसायों, विशेषकर महिलाओं के नेतृत्व वाले व्यवसायों को 360 डिग्री सहायता प्रदान करता है। लॉन्च के मौके पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने इनमोबी ग्रुप की ग्लोबल एसवीपी डॉ सुबी चतुर्वेदी और पूरी रोपोसो टीम को बधाई दी और उन्हें प्रगति और नई ऊंचाइयों को छूने के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा, यह एक खादी क्रांति है जहां एक स्वदेशी उत्पाद एक अभिनव स्वदेशी मंच पर बेचा जाएगा; एआई-संचालित सॉफ्टवेयर पर हाथ से बना और हाथ से बुना गया है यह उत्पाद। यह भारत के डिजिटल विभाजन को जोड़ने वाला एक आवश्यक सेतु है जो डिजिटल इंडिया को डिजिटल भारत में परिवर्तित करेगा।। डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के लगभग एक दशक के बाद, डिजिटल भारत के लिए आंदोलन शुरू हो गया है और इसकी शुरुआत उत्तर प्रदेश से हुई है, जो नए भारत का विकास इंजन बनने जा रहा है। इस अवसर पर बोलते हुए, डॉ. सुबी चतुर्वेदी, वैश्विक वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मुख्य कॉर्पोरेट मामले और सार्वजनिक नीति अधिकारी, इनमोबी ग्रुप ने कहा, ग्लांस रोपोसो सभी स्तरों पर सकारात्मक सामाजिक प्रभाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारे संस्थापक और सीईओ नवीन तिवारी कानपुर, यूपी से हैं और अपनी जड़ों से जुड़े हुए हैं और साथ ही समाज और समुदाय के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध हैं। खादी कारीगरों के साथ सहयोग करके, विशेष रूप से महिला उद्यमियों को सशक्त बनाकर, हमारा उद्देश्य है कि प्रधान मंत्री मोदी के 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण के साथ जुड़कर, राष्ट्र निर्माण में योगदान देना है। हमारी प्रारंभिक योजना अगले 2 वर्षों में इस मंच पर 10,000 नए उद्यमियों को जोड़ने की है। विभिन्न राज्यों के साथ सहयोग करते हुए, हम कारीगरों को व्यापक प्रशिक्षण और सहायता प्रदान करेंगे, जिससे वे अपने शिल्प को वैश्विक दर्शकों के सामने ऑनलाइन प्रदर्शित करने और बेचने में सक्षम होंगे। एक सॉफ्टवेयर के रूप में जिसे गर्व से भारत में बनाया गया है, ग्लांस द्वारा संचालित रोपोसो, उत्तर प्रदेश से खादी उत्पादों को दुनिया भर में ले जाएगा और रोज़गार सृजन, कौशल और सेवा की विजयी त्रिमूर्ति होगी जो हमारे ग्रह को और भी बेहतर बनाएगी। रोपोसो की महाप्रबंधक मानसी जैन ने कहा, रोपोसो के साथ, हमारा लक्ष्य इंटरनेट को जीवंत बनाना और अधिक प्रासंगिकता और अर्थ देना है, रुझानों को जल्दी पकड़ना, उद्यमियों को अपने व्यवसाय को बढ़ाने और व्यापक दर्शकों तक पहुंचने में मदद करना है।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने रिकॉर्ड बिक्री जारी रखी, सितंबर 2023 में 23,590 गाड़ियां बेचीं

**बैंगलोर।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने अपने बिक्री प्रदर्शन का एक और उल्लेखनीय महीना दर्ज किया। सितंबर 2023 में कंपनी ने 23,590 गाड़ियां बेचीं। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में (+) 53% की मजबूत वृद्धि है। कंपनी ने तब 15,378 गाड़ियां बेचीं थीं। इस बार कुल बिक्री में 22,168 गाड़ियाँ देसी बाजार में और 1,422 इकाइयों का निर्यात शामिल है। अगस्त 2023 के पिछले महीने में, कंपनी ने 22,910 इकाइयाँ बेचकर अपना अब तक का सबसे अधिक मासिक थोक आंकड़ा हासिल किया। टीकेएम का प्रभावशाली प्रदर्शन चालू वित्त वर्ष के पहले 6 महीनों में 1,23,939 इकाइयों की बिक्री से (+) 35% की पर्याप्त वृद्धि से उजागर होता है, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में कंपनी ने 91,843 इकाइयां बेची थीं। इस उल्लेखनीय वृद्धि का श्रेय टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के हालिया मॉडलों की निरंतर सफलता को दिया जाता है, जिसमें अर्बन क्रूजर हाइराइडर, इनोवा हाईक्रॉस, हाईलक्स और न्यू रुमियन शामिल हैं, जो बी-एमपीवी सेगमेंट में पोर्टफोलियो में नवीनतम वृद्धि है। हम हाईलक्स के लिए लगातार सकारात्मक समीक्षाओं से रोमांचित हैं। एक वैश्विक आइकॉन के रूप में, हाईलक्स को विशेष रूप से उन ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है जो एक ऐसी बहुमुखी उपयोगिता वाहन की तलाश में हैं जो कठिन इलाकों के साथ-साथ रोजमर्रा के शहर के उपयोग पर ऑफ-रोडिंग रोमांच के लिए उपयुक्त है। टीकेएम ने न्यू इनोवा क्रिस्टा, फॉर्च्यूनर और लीजेंडर मॉडल के साथ अपने सेगमेंट लीडरशिप को भी बनाए रखा है। इसके अलावा, कैमरी हाइब्रिड और ग्लैंज़ा भी शानदार सफलता में योगदान दे रहे हैं। पहुंच का विस्तार करने और हमारे उत्पादों की पूरी श्रृंखला तक आसान पहुंच को सक्षम करने से भी बिक्री की संख्या में वृद्धि हई है और इसमें महत्वपूर्ण योगदान मिला है। वित्तीय वर्ष के पहले छह महीनों में, टीकेएम ने देश भर में अपनी पहुंच 577 से बढ़ाकर 612 टचप्वाइंट तक कर ली।

बिक्री की गति पर टिप्पणी करते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के बिक्री और रणनीतिक विपणन के उपाध्यक्ष, अतुल सूद ने कहा, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की सितंबर×ह39;2023 के महीने में 23,590 की बिक्री संख्या कंपनी के उत्पादों के विविध पोर्टफोलियो और मजबूत सेवा पेशकशों की बढ़ती स्वीकार्यता को रेखांकित करती है जो ग्राहकों को एक विकल्प प्रदान कर रही है जो उनकी जीवनशैली और गतिशीलता आवश्यकताओं के अनुरूप है। हम अपने उत्पाद लाइन-अप में निरंतर मांग देख रहे हैं जिसके कारण कंपनी का रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन हो रहा है।

एक प्रमुख उत्पाद उपलब्धि में, हमने न्यू रुमियन की ग्राहक डिलीवरी भी शुरू की ।

## अकासा ने मनमानी के साथ अपनी म्यूजिकल जर्नी के एक नए आयाम की शुरुआत की

**नई दिल्ली।** भारत की संगीत सनसनी और युवा आइकन अकासा, अपने अपकमिंग एल्बम के लेटेस्ट रिलीज टाइटल ट्रैक मनमानी के साथ अपनी म्यूजिकल जर्नी में एक नया अध्याय शुरू करने के लिए तैयार है। यह भावपूर्ण ट्रैक अकासा के सिग्नेचर डांस बैंगर्स से हटके है, जो एक कोमल, सुंदर धुन पेश करता है जो दिल को छू जाती है।

अकासा द्वारा स्वयं लिखित, संगीतबद्ध और गाया गया, मनमानी एक दिल को छूने वाला गीत है जो किसी के दिल में सजी यादों को संजोते हुए आगे बढ़ने और जीवन में एक नई शुरुआत करने की एक मार्मिक कहानी बताता है। यह गाना अपने खट्टे-मीठे, भावनात्मक और प्रासंगिक बोलों से गूंजता है। यह ट्रैक हमें याद दिलाता है कि कभी-कभी, जीवन में सबसे अच्छी चीजें क्षणभंगुर होती हैं, और हमें जाने देने की कला सीखनी चाहिए।

म्यूजिक वीडियो में अकासा के साथ प्रतिभाशाली अभिनेता रोहन खुराना हैं। यह एक कपल को अपने रिश्ते की जटिलताओं से निपटने के तरीके को नाजुक ढंग से चित्रण करता है। जो चीज इस वीडियो को अलग करती है,




वह एक सम्मोहक कहानी बताने के लिए इसमें इमर्सिव लुमा एआई का उपयोग है। मोशन में वीडियो कैप्चर करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करते हुए, लुमा एआई एक शानदार 3डी इफेक्ट प्रदान करता है, जिससे मनमानी इस अभूतपूर्व टेक्नोलॉजी को प्रदर्शित करने वाला भारत का दूसरा म्यूजिक वीडियो बन गया है।

अपनी आगामी रिलीज के बारे में बात करते हुए, अकासा ने शेयर किया, मुझे लगता है कि मनमानी मेरे अब तक के सबसे पर्सनल सॉन्ग में से एक है, लगभग मेरी डायरी के पन्नों की तरह। यह पहली बार है जब हर कोई न केवल मुझे सुनेगा बल्कि मुझे इस तरह देखेगा और मैं इसको लेकर बेहद उत्साहित हूं! यह इमोशन से भरा हुआ ट्रैक है, मेरा मानना है कि इसे हर कोई इसे पसंद करेगा। यह वीडियो थॉट एनार्की के उन खूबसूरत लोगों की वजह से है, जिन्होंने इस पर काम किया है। मुझे लगता है कि मैं अपने को-एक्टर के रूप में केवल रोहन खुराना के साथ ऐसा कर सकती था क्योंकि उन्होंने बेहद शानदार प्रदर्शन किया है और वह अपने एक्टिंग में जान लाते हैं।

रिलीज पर अपना एक्साइटमेंट शेयर करते हुए, रोहन खुराना ने कहा अकासा के साथ मनमानी पर काम करना बेहद शानदार रहा है। गाने की इमोशनल डेप्थ और रिलाईबिल्टी वाकई मार्मिक है। वीडियो में लुमा एआई को शामिल करने से ट्रैक का अनुभव बिल्कुल नए लेवल पर पहुंच गया है। मेरा मानना है कि यह ट्रैक श्रोताओं के दिलों को छूने वाला है। रोहन खुराना अभिनीत मनमानी अपनी दिल छू लेने वाली कहानी और स्टनिंग म्यूजिक वीडियो के साथ दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार है। अपने भावपूर्ण बोल और सुंदर धुन के साथ, यह गीत एक मार्मिक याद दिलाने वाले गीत के रूप में कार्य करता है कि भले ही प्यार फीका पड़ जाए, इसकी गूंज एक उज्जवल भविष्य को प्रेरित कर सकती है, जो इसे अकासा के पहले से ही शानदार म्यूजिकल में एक पॉवरफुल एडिशन होने का वादा करती है।

## आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस वित्त वर्ष 24 की पहली तिमाही में लाइफ इंश्योरेंस क्लेम सेटलमेंट सूची में शीर्ष पर है

**गोरखपुर।** हर व्यक्ति के लिए उसके परिवार को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना महत्वपूर्ण विषय है और इसलिए, एक बेहतर जीवन बीमा कंपनी का चयन करने में सबसे प्रमुख कारकों में से एक उसके क्लेम सेटलमेंट अनुपात के मूल्यांकन को माना जाता है। यह अनुपात आपको कुल क्लेम्स की तुलना में कंपनी द्वारा भुगतान किए गए इंश्योरेंस क्लेम्स के प्रतिशत से अवगत कराता है। इस संख्या को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है, जो कि क्लेम्स का भुगतान करने में कंपनी की विश्वसनीयता को प्रदर्शित करती है। चलिए, वित्त वर्ष 24 की पहली तिमाही के लिए लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों के नवीनतम क्लेम सेटलमेंट के अनुपात पर एक नज़र डालते हैं।

क्लेम सेटलमेंट अनुपात की गणना पब्लिक डिसक्लोज़र्स से की गई है, जो संबंधित कंपनियों की वेबसाइट्स पर उपलब्ध है-

उपरोक्त टेबल यह स्पष्ट करती है कि आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस 97.9 प्रतिशत के सेटलमेंट अनुपात के साथ शीर्ष पर

| कंपनी क्लेम | सेटलमेंट अनुपात* |
|---|---|
| आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस | 97.90 प्रतिशत |
| एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस | 96.70 प्रतिशत |
| एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस | 95.80 प्रतिशत |
| बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस | 93.50 प्रतिशत |
| मैक्स लाइफ इंश्योरेंस | 86.30 प्रतिशत |
| टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस | 77.30 प्रतिशत |

है, जो न सिर्फ प्राप्त क्लेम्स को बेहतरी से सेटल करती है, बल्कि सर्वोत्तम ग्राहक सेवा भी प्रदान करती है। ग्राहक अपनी मेहनत की कमाई के विषय में कंपनी पर भरोसा करते हैं और कंपनी के आँकड़ें भी यही साबित करते हैं कि वे ग्राहकों और उनके परिवारों से किए गए वादों को पूरा करने के लिए दृढ़ हैं।

कंपनी की क्लेम फॉर श्योर पहल सभी आवश्यक दस्तावेज़ जमा करने के बाद सभी पात्र डेथ क्लेम्स को एक दिन में सेटल करना सुनिश्चित करती है। क्लेम फॉर श्योर एक सेवा पहल है, जिसके माध्यम से कंपनी का लक्ष्य परिवार के किसी सदस्य विशेष के खोने की वजह से परिवार पर आने वाले वित्तीय संकट को कम करना है।

**लाइफ इंश्योरेंस लेते समय क्लेम सेटलमेंट अनुपात पर विचार किया जाना क्यों आवश्यक है?**

क्लेम सेटलमेंट अनुपात दर्शाता है कि क्लेम्स का भुगतान करने में कंपनी कितनी योग्य है। उच्च अनुपात से आशय यह है कि जब आपके परिवार को इसकी सबसे अधिक आवश्यकता हो, उस समय वास्तविक वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए आप कंपनी पर दृढ़ता से भरोसा कर सकते हैं। यह न सिर्फ आपको मानसिक शांति प्रदान करता है, बल्कि आपको अपने वित्त की बेहतर योजना बनाने में भी मदद करता है।

**क्लेम सेटलमेंट अनुपात की गणना कैसे की जाती है?**

यह अनुपात प्राप्त कुल क्लेम्स की तुलना में बीमाकर्ता द्वारा भुगतान किए गए क्लेम्स के प्रतिशत को प्रदर्शित करता है। सेटल किए गए क्लेम्स को कुल क्लेम्स से विभाजित करके और 100 से गुणा करके इस संख्या को प्राप्त किया जाता है। उदाहरण के लिए, यदि कोई कंपनी 10,000 क्लेम्स में से 9,800 क्लेम्स को सेटल करती है, तो इससे मिलने वाला अनुपात 98 प्रतिशत है।

## निसान ने आईसीसी मैन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 के आधिकारिक पार्टनर के तौर पर प्रतिष्ठित वर्ल्ड कप ट्रॉफी को गुड़गांव में किया प्रदर्शित

**गुरुग्राम।** आईसीसी मैन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 के आधिकारिक पार्टनर के तौर पर निसान ने क्रिकेट प्रशंसकों के लिए एक्सक्लुसिव ट्रॉफी को नज़दीक से देखने-सराहने का




अवसर लेकर आयी है। आधिकारिक आईसीसी मैन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप ट्रॉफी दुनियाभर में प्रदर्शित की जा चुकी है और अब इसे दिल्ली एनसीआर में पेश किया गया।

निसान ने इसे 29 सितंबर को गुड़गांव स्थित वर्ल्ड मार्क-1 में और 30 सितंबर तथा 1 अक्टूबर को एम्बियॉन्स मॉल में प्रदर्शित किया।

आईसीसी मैन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप ट्रॉफी टूर की शुरुआत 27 जून 2023 को स्ट्रैटोस्फीयर में सफर के साथ हुई थी और पूरी दुनिया में घूमने के बाद अब ट्रॉफी भारत में पहुंच चुकी है जहां इसे दिल्ली, मुंबई, और चेन्नई के प्रमुख शॉपिंग मॉल्स में प्रदर्शित किया जा रहा है ताकि इन शहरों में क्रिकेट के प्रशंसकों को इस शानदार ट्राफी के साथ 360-डिग्री फोटो लेने का मौका मिल सके। इसके साा ही, इस ट्राफी टूर का समापन भी हो गया है क्योंकि दिल्ली से ट्रॉफी अहमदाबाद पहुंची जहां आईसीसी मैन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 का पहला मैच आयोजित किया गया है।

बिग, बोल्ड एंड ब्युटिफुल निसान मैगनाइट 5 अक्टूबर से 19 नवंबर, 2023 के दौरान आयोजित होने जा रहे आईसीसी मैन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 की आधिकारिक कार है। आधिकारिक पार्टनर के तौर पर निसान आईसीसी मैन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 को जमकर प्रोट करेगी और स्टेडियमों में निसान कार को प्रदर्शित किया जाएगा तथा देशभर में कई ऑन-ग्राउंड एंगेजमेंट प्रोग्राम भी आयोजित किए जाएंगे।

साथ ही, प्रशंसकों को निसान इंडिया द्वारा आयोजित विभिन्न कस्टमर एंगेजमेंट इनीशिएटिव्स में भाग लेकर आकर्षक पुरस्कारों को भी जीतने का मौका मिलेगा~ टैस्ट ड्राइव टू विन मैच टिकट-प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए, ग्राहकों को किसी भी नज़दीकी निसान डीलरशिप पर जाकर, आईसीसी मैन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 की आधिकारिक कार निसान मैगनाइट टैस्ट ड्राइव करनी होगी। विजेता का चयन एक लकी ड्रॉ से किया जाएगा। यह प्रतियोगिता उन सभी ग्राहकों के लिए मान्य है जिन्होंने सितंबर में टैस्ट ड्राइव किया था और विजेताओं की घोषणा अक्टूबर में की जाएगी।

# छात्रों और युवाओं को तंबाकू के नुकसान से बचाने के लिए गांधी जयंती पर लांच किया गया नया अभियान प्रॉमिस टू प्रोटेक्ट

**नई दिल्ली।** वैश्विक युवा तंबाकू सर्वेक्षण-4 (2019) के मुताबिक, भारत में 38 प्रतिशत सिगरेट, 47 प्रतिशत बीड़ी पीने वाले और 52 प्रतिशत धुआं रहित तंबाकू का सेवन करने वाले अपने 10वें जन्मदिन से पहले इसका उपयोग शुरू कर देते हैं। गांधी जयंती पर, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने डिजिटल कांफ्रेंस में एक नया अभियान प्रॉमिस टू प्रोटेक्ट लॉन्च किया है, जिसमें पूरे भारत से 1,000 से ज्यादा शिक्षकों को जोड़ा जाएगा और उन्हें छात्रों एवं युवाओं को तंबाकू की लत से बचाने और अपने स्कूलों को तंबाकू मुक्त रखने की प्रतिज्ञा दिलाई जाएगी। प्रॉमिस टू प्रोटेक्ट एक सम्मोहक डिजिटल अभियान है, जिसमें प्रतिज्ञा भी शामिल है, जिसका उद्देश्य तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता पैदा करना और युवाओं को तंबाकू का सेवन शुरू करने से रोकने की दिशा में प्रयास करना है।स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थानों पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप, यह अभियान भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य को सुरक्षित बनाना और इसे बढ़ावा देना चाहता है। प्रसिद्ध टेलीविजन अभिनेता और

**उपयोग**

**तंबाकू का सेवन करने वाले अपने 10वें जन्मदिन से पहले इसका उपयोग शुरू कर देते हैं।**

प्रस्तुतकर्ता करणवीर बोहरा द्वारा संचालित डिजिटल कॉन्फ्रेंस में प्रख्यात वक्ता और पैनलिस्ट शामिल हुए - जिसमें श्री संजय कुमार, सचिव (स्कूल शिक्षा), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, डॉ. जोसेफ इमैनुएल, निदेशक (शैक्षणिक), केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई), डॉ. पंकज चतुर्वेदी, हेड एंड नेक कैंसर सर्जन, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, और डॉ. विशाल राव, ग्रुप डायरेक्टर, हेड एंड नेक सर्जिकल ऑन्कोलॉजी एंड रोबोटिक सर्जरी, एचसीजी कैंसर सेंटर, बेंगलुरु प्रमुख हैं। इनके अलावा, कॉन्फ्रेंस में तंबाकू सेवन के




पीड़ितों को भी आमंत्रित किया गया, जिन्होंने अपनी जीवन यात्रा और तंबाकू सेवन के कारण उत्पन्न संघर्षों के बारे में बात की।देश के युवाओं के लिए एक स्वस्थ और तंबाकूमुक्त भविष्य के निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के संकेत के रूप में 1,000 शिक्षकों और उनके स्कूलों ने एक साथ ऑनलाइन प्रतिज्ञा ली। अब तक लगभग 1 लाख से अधिक स्कूली शिक्षकों और छात्रों द्वारा प्रतिज्ञाएं ली जा चुकी हैं।

चयनित शिक्षकों ने स्थिति को गंभीरता प्रदान करते हुए तंबाकू सेवन और इसके गहरे प्रभाव से जुड़ी हुईं मार्मिक व्यक्तिगत कहानियां साझा की। सहयोगियों ने अपने पाठ्यक्रम में तंबाकू नियंत्रण शिक्षा को लागू करने के लिए अपनी शैक्षिक पहल और योजनाएं प्रस्तुत की, जिसमें तंबाकू सेवन की शुरुआत को रोकने में प्रारंभिक शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया।अपने मुख्य भाषण में, संजय कुमार, आईएएस, सचिव (स्कूल शिक्षा), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने कहा, भारत तंबाकू उत्पादों का दूसरा सबसे बड़ा उपयोगकर्ता है और बड़ी संख्या में वयस्कों को तंबाकू की लत किशोरावस्था के दौरान ही लगती है। स्कूल जाने वाले बच्चों को आसानी से तंबाकू का सेवन करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है, जिसका स्वास्थ्य और कल्याण पर लंबे समय तक हानिकारक प्रभाव पड़ता है। मेरा मानना है कि ÷प्रॉमिस टू प्रोटेक्ट÷ जैसी पहल में शिक्षकों, छात्रों और युवाओं को एकसाथ एक मंच पर लाने की क्षमता है और यह विभिन्न सरकारी संस्थाओं और संगठनों के प्रयासों को एकजुट करेगा। उन्होंने शिक्षकों से व्यक्तिगत स्तर पर छात्रों के साथ जुड़ने और उन्हें किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

## गूगल ने भारत में शुरू किया क्रोमबुक्स का प्रोडक्शन
## सीईओ सुदंर पिचाई बोले- छात्रों को मिलेगा फायदा

**नई दिल्ली।** गूगल क्रोमबुक्स की मैन्यूफैक्चरिंग एचपी की चेन्नई के पास स्थित फ्लैक्स फैसिलिटी में होगी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी गई है।

जानकारी के मुताबिक, क्रोमबुक्स डिवाइस की मैन्यूफैक्चरिंग एचपी की चेन्नई के पास स्थित फ्लैक्स




जानकारी देते हुए गूगल के सीईओ सुदंर पिचाई ने कहा कि हम एचपी के साथ मिलकर भारत में क्रोमबुक्स की मैन्यूफैक्चरिंग शुरू कर रहे हैं। यह भारत में बनने वाली पहली क्रोमबुक्स होंगी। इससे भारतीय छात्रों के लिए किफायती और सुरक्षित कम्प्यूटिंग करना आसान हो जाएगा।

टेक्नोलॉजी कंपनी गूगल ने पीसी मैन्यूफैक्चरिंग कंपनी एचपी के साथ मिलकर भारत में क्रोमबुक्स की मैन्यूफैक्चरिंग शुरू कर दी है। एचपी की ओर से ये जानकारी सोमवार को फैसिलिटी में किया जाना है। जहां कंपनी पहले से ही लैपटॉप और डेस्कटॉप का उत्पादन कर रही है।

**सुदंर पिचाई ने किया पोस्ट**

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए गूगल के सीईओ सुदंर पिचाई ने कहा कि हम एचपी के साथ मिलकर भारत में क्रोमबुक्स की मैन्यूफैक्चरिंग शुरू कर रहे हैं। यह भारत में बनने वाली पहली क्रोमबुक्स होंगी। इससे भारतीय छात्रों के लिए किफायती और सुरक्षित कम्प्यूटिंग करना आसान हो जाएगा।

**HP ने पीएलआई स्कीम के लिए कर चुकी है आवेदन**

एचपी उन कंपनियों में शामिल हैं जिन्होंने आईटी हार्डवेयर के लिए लाई गई 17,000 करोड़ रुपये की पीएलआई स्कीम के लिए आवेदन किया है। एचपी के प्रवक्ता की ओर से भी इस बात की पुष्टि की गई है कि गूगल की क्रोमबुक का उत्पादन भारत में शुरू हो गया है।

**दोनों कंपनियों ने संतुक्त बयान किया जारी**

गूगल और एचपी की ओर से एक संयुक्त बयान में कहा गया कि क्रोमबुक्स K-12 शिक्षा में एक लीडिंग डिवाइस है। यह पूरी दुनिया में 5 करोड़ छात्रों और शिक्षकों की मदद कर रहा है।

एचपी 2020 से भारत में मैन्यूफैक्चरिंग ऑपरेशन का विस्तार कर रहा है। मौजूदा समय में भारत में P EliteBooks, HP ProBooks, and HP G8 series notebooks का प्रोडक्शन कर रहा है।

## अपडेट हुई पेट्रोल-डीजल की कीमतें



**नई दिल्ली।** सरकारी तेल कंपनियों की ओर से पेट्रोल-डीजल के दाम सोमवार को जारी कर दिए गए हैं। पेट्रोल-डीजल की कीमतें पहले की तरह लगभग सभी बड़े शहरों में समान बनी हुई है। दिल्ली से लेकर कोलकाता तक कीमतों में कोई भी परिवर्तन नहीं हुआ है। आखिरी बार कीमतों में बदलाव 2022 में हुआ था।

दिल्ली,मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में पेट्रोल-डीजल की कीमत

नई दिल्ली- पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर

कोलकाता- पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर

मुंबई- पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर

चेन्नई- पेट्रोल 102.74 रुपये और डीजल 94.33 रुपये प्रति लीटर

बड़े महानगरों में पेट्रोल-डीजल के दाम

नोएडा- पेट्रोल 96.76 रुपये और डीजल 89.93 रुपये प्रति लीटर

गुरुग्राम- पेट्रोल 96.97 रुपये और डीजल 89.84 रुपये प्रति लीटर

पटना- पेट्रोल 107.54 रुपये और डीजल 94.32 रुपये प्रति लीटर

लखनऊ- पेट्रोल 96.57 रुपये और डीजल 89.76 रुपये प्रति लीटर

जयपुर- पेट्रोल 108.48 रुपये और डीजल 93.72 रुपये प्रति लीटर

हैदराबाद- पेट्रोल 109.66 रुपये और डीजल 97.82 रुपये प्रति लीटर

चंडीगढ़- पेट्रोल 96.20 रुपये और डीजल 84.26 रुपये प्रति लीटर

बेंगलुरु- पेट्रोल 101.94 रुपये और डीजल 87.89 रुपये प्रति लीटर

कच्चे तेल की कीमत में हल्की तेजी देखने को मिली है। ब्रेंट क्रूड 0.17 प्रतिशत या 0.16 डॉलर प्रति बैरल बढ़कर 92.36 डॉलर प्रति बैरल पर बना हुआ है। डब्लूटीआई क्रूड का रेट 90.97 डॉलर प्रति बैरल बना हुआ है। इसमें भी हल्की तेजी आई है।

## ईपीएफओ ने जारी अलर्ट! फर्जी कॉल और एसएमएस से रहें सावधान

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने सभी सदस्यों के लिए अटर्ल जारी करते हुए कहा कि ईपीएफओ कभी भी किसी सदस्य की निजी जानकारी फोन, ई-मेल और सोशल मीडिया के जरिए नहीं मांगता है। कभी भी किसी को भी इन सभी माध्यमों से कोई निजी जानकारी शेयर न करें।

**सोशल मीडिया पर किया पोस्ट**

ईपीएफओ ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि फेक कॉल और मैसेज से सावधान रहें। ईपीएफओ की ओर से कभी भी सदस्यों से फोन, ई-मेल और सोशल मीडिया के जरिए कोई भी निजी जानकारी नहीं मांगी जाती है।

इसके साथ ही ईपीएफओ ने एक पोस्टर भी सोशल मीडिया पर शेयर किया, जिसमें लिखा हुआ था कि सावधान रहें, सतर्क रहें, कभी भी अपना UAN/पासवर्ड/पैन/आधार/बैंक खाता विवरण/ओटीपी या कोई अन्य व्यक्तिगत या वित्तीय विवरण किसी के साथ साझा न करें। ईपीएफओ या उसके कर्मचारी कभी भी मैसेज, फोन, ई-मेल, व्हाट्सएप, सोशल मीडिया पर ये विवरण नहीं मांगते हैं।

ईपीएफओ की हेल्पलाइन से संपर्क करें

इसके अलावा एफपीएफओ की पीएफ, पेंशन या ईडीएलआई




योजनाओं के बारे में जानने के लिए ईपीएफओ हेल्पलाइन 14470 पर कॉल कर सकते हैं। यह हेल्पलाइन सुबह 7 बजे से लेकर शाम 9 बजे तक खुली रहती है। आप यहां अग्रेजी के अलावा हिंदी, गुजराती, मराठी, कन्नड़, तमिल, तेलुगु, बंगाली और असमीया में भी जानकारी ले सकते हैं।

**साइबर अपराध शाखा में दर्ज कराएं शिकायत**

ईपीएफओ द्वारा पोस्टर में कहा गया कि इस तरह की जानकारी मांगने वाले फर्जी कॉल/संदेशों से सावधान रहें और अगर इस तरह की जानकारी कोई आपसे मांगता है तो पुलिस/साइबर अपराध शाखा को तुरंत रिपोर्ट करें।

# सत्य और अहिंसा का मार्ग प्रशस्त किया महात्मा गांधी ने: सांसद

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, सांसद डा. रमापतिराम त्रिपाठी, विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी, नपाध्यक्ष अलका सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं तथा सभासदों के साथ नगर पालिका परिसर में ध्वजारोहण किया।

राष्ट्रगान के बाद सभी ने महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री के प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने सभी को स्वच्छता का शपथ दिलाया। इसके बाद उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुये सदर सांसद डा.रमापतिराम त्रिपाठी ने कहा कि महात्मा गांधी ने विश्व में सत्य और अहिंसा का मार्ग प्रशस्त किया तो अनुशासन और एकता को देश की ताकत मानने वाले लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान जय किसान का नारा बुलन्द कर देश को एक नई दिशा देने का काम किया। महात्मा गांधी ने स्वदेशी, स्वराज, स्वावलंबन और स्वच्छता के दर्शन से जिस तरह स्वाधीनता के दौरान देश का नेतृत्व कर जनजागरण किया, वह आज भी हम सभी के लिए प्रेरणीय है। सादगीपूर्ण जीवन जीते हुए शास्त्री का व्यक्तित्व इतना प्रभावी था कि उन्होंने अपनी एक आवाज से पूरे राष्ट्र को विषम परिस्तिथियों में एक कर दिया और भारतीय स्वाभिमान के प्रतीक बने।



### भाजपाइयों ने खादी कपड़े खरीद किया जागरूक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा द्वारा चलाये जा रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के पावन अवसर पर सुभाष चौक स्थित श्री गांधी आश्रम खादी भवन से कृषि मंत्री सूर्यप्रताप तथा भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने खादी वस्त्र खरीद कर लोगों को खादी के प्रति जागरूक किया।इस दौरान कृषि मंत्री ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन में खादी का बहुत महत्व रहा। महात्मा गांधी के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने गाँवों को आत्मनिर्भर बनाने के लिये खादी के प्रचार-प्रसार पर बहुत जोर दिया है। भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि खादी को अपनाकर हम सभी लोकल फार वोकल को बढ़ावा दे। खादी वस्त्र नही बल्कि एक विचार है।

### त्याग और तपस्या की प्रतिमूर्ति थे गांधी और शास्त्री: कृषि मंत्री

कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने कहा त्याग व तपस्या के प्रेरणास्त्रोत, संसार को सत्य, अहिंसा और स्वच्छता हेतु प्रेरित करके विश्व को शान्ति का मार्ग दिखाने वाले, महान नेता, दुनिया को अहिंसा और स्वच्छता का पाठ पढ़ाने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं कर्तव्य निष्ठा की प्रतिमूर्ति पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती पर हम सभी को उनके विचारों को अपने आप मे आत्मसात करना चाहिये।

## विवाहिता ने फंदे से लटकर दी जान

**कुशीनगर।** नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के पिपरा बाजार निवासिनी एक विवाहिता ने बीती रात फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। विवाहिता के मौत का वजह लंबे समय से चली आ रही बीमारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पिपरा बाजार निवासिनी आभा देवी पत्नी संदीप गुप्ता उम्र 22 वर्ष ने बीते रविवार देर रात्रि में फांसी लगा ली। आनन फानन में परिजन जिला अस्पताल ले गए जहां रात्रि में 12.40 बजे उसे चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। जिला अस्पताल से मेमो प्राप्त होने के आधार पर विवाह के 7 वर्ष से कम समय होने के कारण एसडीएम पडरौना को सूचित किया गया। परिजनो के अनुसार आभा लगातार बीमारी से पीड़ित रहती थी। परिजन उसके इस कृत्य को करने का कारण लंबे समय से चली आ रही बिमारी को बता रहे है। हालांकि पुलिस पंचनामा तैयार कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई। इस सम्बंध में प्रभारी निरीक्षक नेबुआ नौरंगिया अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मृतका का विवाह हुए सात साल से कम का समय हुआ है।

# महात्मा गांधी व शास्त्री की जयंती पर 80 टीबी रोगियों को लिया गया गोद

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में 80 टीबी रोगियों को आज गोद लिया गया। इस अवसर पर सदर सांसद डॉक्टर रमापति राम त्रिपाठी को निक्षय सम्मान मित्र से सम्मानित मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पांडेय एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राजेश झा द्वारा किया गया।

इस अवसर पर सदर सांसद श्री त्रिपाठी ने कहा कि मेरे लिए यह सुखद समाचार है कि मेरे गोद लिए दोनों मरीज ठीक हो चुके हैं। जनपद के सभी मरीजों को अभियान चलाकर गोद लिया जाएगा। हम सभी मरीजों को पोषण पोटली दिलवाने का कार्य करेंगे। मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पांडेय ने कहा कि सभी मरीज समय से दवा ले और संचालित योजनाओं का लाभ लेकर टीबी से मुक्त हो। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश झा ने कहा कि जनपद के सभी मरीजों को अभियान चलाकर पोटली देने का कार्य हमारे कर्मचारियों द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से टीबी मरीजों का मनोबल बढ़ता है। जिलाधिकारी ने इस कार्यक्रम को आयोजित किया था। आज जिलाधिकारी ने 10, पुलिस अधीक्षक ने 10, सीडीओ ने 10, पीडब्ल्यूडी अतुल पांडेय ने 10, प्रांतीय खंड आरके ने 10, सीएमओ ने 5, ट्रेजरी ऑफिसर ने 05, डॉक्टर कार्तिकेय पांडेय ने 5, डीपीओ अनिल सोनकर ने 02, डीपीआरओ सर्वेश पांडे ने 5, जिला सूचना अधिकारी शांतनु कुमार श्रीवास्तव ने 01, नेडा गोविंद तिवारी ने 01, जिला पूर्ति अधिकारी ने 5 एवं प्रधानाचार्य जीआईसी प्रदीप शर्मा ने 01 टीबी मरीज को गोद लिया है। इस अवसर पर इस अवसर पर मुख्य क्षय अधिकारी डॉक्टर सुरेंद्र कुमार चौधरी, डॉ राजेंद्र प्रसाद, डॉक्टर संजय गुप्ता, देवेंद्र प्रताप सिंह, मृत्युंजय पांडेय, सुनील सिंह, उदय भान, सद्दाम, बिनय, श्याम देव, अभिषेक, नवीन राव, कृष्णा, सूरज, करन, रामदयाल तिवारी, डीएन तिवारी, अन्नत तिवारी, अंकित सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन चंद्र प्रकाश त्रिपाठी ने किया।

## जिले में गांधी जी और शास्त्री जी की जयंती पर हुए विविध कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** जनपद में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर सोमवार को विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता तथा जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर में शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी पंकज कुमार एमडी यूपीपीसीएल व मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कलेक्ट्रेट सभागार में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों अशोक कुमार द्विवेदी, परमानंद मिश्रा, चंद्रभान यादव, वीरेंद्र प्रताप तिवारी, रामनिवास मिश्रा, देवी प्रसाद तिवारी, देवराज सिंह, पूजा, सुरेंद्र बहादुर सिंह को माला पहनाकर व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया साथ ही स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत सफाई कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया।बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसके लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने स्वयं द्वारा रचित पुस्तक कवि का शहर नोडल अधिकारी को भेंट की साथ ही स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी न्यायिक राम केवल त्रिपाठी, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अंजली सिंह, मोहम्मद असलम, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, उपयुक्त उद्योग राजीव कुमार पाठक, डीपीआरओ श्रीकांत यादव, बीएसए संजय तिवारी, डीआईओएस रीता सिंह, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी केलकर सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी नीरज सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी, गणमान्य नागरिक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# नशेड़ी पति ने पत्नी को कुदाल से काटकर मार डाला

अवधनामा ब्यूरो

- नशे की हालत में हमेशा पत्नी से करता था विवाद, रोकने पर वारदात को दिया अंजाम
- कप्तानगंज थाना क्षेत्र के बनकटा गांव का मामला



मृतका प्रमिला का फाइल फोटो

**कुशीनगर।** जिले में एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। यहां पत्नी द्वारा नशेड़ी पति को नशा करने से रोकने पर जान से हाथ धो बैठी। नशेड़ी ने पत्नी को कुदाल से काटकर मार डाला। मामला कप्तानगंज थाना क्षेत्र के बनकटा गांव का है। आरोपी घर छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन के दौरान कमरे से खून से सनी कुदाल मिली। मिली जानकारी के अनुसार कप्तानगंज थाना क्षेत्र के बनकटा गांव निवासी एक व्यक्ति ने अपने पत्नी को कुदाल से काटा डाला जिसका इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पीआरबी पुलिस ने महिला को मेडिकल कॉलेज गोरखपुर पहुंचाया जहां महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई है। हमले में मृतिका प्रमिला के हाटा थाना क्षेत्र के गांव अवरवां निवासी बड़े भाई पन्नेलाल के अनुसार पिता रामप्रीत ने वर्ष 2000 के करीब प्रमिला की शादी दान दहेज देकर बनकटा निवासी बाबूलाल के बड़े लड़के संजय के साथ किया था। संजय प्रसाद नशे का आदी था जो आए दिन नशे की हालत में पत्नी से विवाद करता रहता था। सोमवार को भोर में 4ः00 बजे पत्नी छत पर अपने छोटे लड़के सत्यम के साथ सोई थी। बारिश होने पर दोनों मां बेटा नीचे आ गए। सत्यम घर में जाकर सो गया। इतने में पहले से घात लगाए संजय ने कुदाल से पत्नी के सर और गर्दन पर प्रहार कर दिया। पत्नी प्रमिला मरणासन्न होकर जमीन पर गिर गई तथा छटपटाने लगी। चीख पुकार सुनकर छोटा लड़का सत्यम अपने पिता की ओर दौड़ा, भोर का समय था। सभी लोग सोए थे। इसका फायदा उठाकर संजय भाग खड़ा हुआ। तभी किसी ने घटना की जानकारी 112 नंबर पुलिस को सूचना दी।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने 38 वर्षीय प्रमिला को मेडिकल कॉलेज गोरखपुर पहुंचाया। प्रमिला के बड़े भाई पन्नेलाल ने बताया संजय नशे का आदी है। मेरी बहन प्रमिला का 45 वर्षीय पति संजय को नशा करने से रोकती थी जिसको लेकर आए दिन संजय मेरी बहन को मारता पीटता रहता था। जिसका कई बार पंचायत भी हुआ था। प्रमिला के बड़े लड़के सूरज व मझले शिवम इस समय रोजी रोजगार के सिलसिले में हैदराबाद में है।

> इस संबध में कप्तानगंज प्रभारी थानाध्यक्ष सूरजभान यादव ने बताया अभी तहरीर नही मिली है। महिला का मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान मौत हो गई है। प्रमिला के मायके के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## गांधी चौक पर स्वच्छता गोष्ठी का आयोजन



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** गांधी जयन्ती के अवसर पर गांधी चौक पर स्वच्छता गोष्ठी का आयोजन की गई। जिसमे सांसद रविन्दर कुशवाहा ने गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि अग्रेजो के खिलाफ संघर्ष में देश के लोगो ने जान की आहुति दी। तब जाकर 1947 में देश आजाद हुआ। गांधी जी का एक ही सपना था भारत आजाद हो और देश में गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिला सबका विकास होगा। उनके सपने को लेकर मोदी जी पूरा कर रहे है। भाजपा सरकार में सबका साथ,सबका विकास की तर्ज पर कार्य हो रहे है। सलेमपुर एक मॉडल संसदीय क्षेत्र बने यही मेरा प्रयास है। कार्यक्रम को अशोक पाण्डेय, कन्हैया लाल जायसवाल, बृजेश उपाध्याय, अमित सिंह बबलू, एसडीएम सलेमपुर, सन्दीप सिंह,रविन्द्र श्रीवास्तव, शेषनाथ भाई, जितेन्द्र सिंह ने भी सम्बोधित किया।

## डीआरएम वाराणसी ने दिया अवार्ड



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक भटनी जंक्शन अमित कुमार मिश्र को मंडल रेल प्रबंधक विनीत कुमार श्रीवास्तव ने शील्ड देकर सम्मानित किया। बताते चले कि 16 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के आयोजन में मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक द्वारा दिनवार कार्यक्रम आयोजित किए जिसमें मुख्य रूप से स्वच्छता शपथ, जागरूकता अभियान, रैली, नुक्कड़ नाटक, श्रमदान, पौधारोपण,कार्टूनों द्वारा यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना, नो टू सिंगल यूज प्लास्टिक के लिए अभियान, स्वच्छ नीर, स्वच्छ खाद्य आदि कार्यक्रम सम्मिलित रहा। मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक को उक्त अवार्ड गांधी जयंती के अवसर पर अधिकारी क्लब वाराणसी में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदान किया गया। मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक ने कहा कि वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (ई एन एच एम) अपूर्व स्वर्णकार और डीएमई अभिषेक कुमार सिंह के कुशल मार्गदर्शन के कारण ही अवार्ड पाना सम्भव हुआ जिससे एम्प्लॉय ऑफ पखवाडा जैसा सम्मान प्राप्त हुआ।

## महात्मा गांधी की प्रतिमा का हुआ अनावरण

**अमेठी।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती सद्भाव पूर्ण माहौल में मनाई गई। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने गांधी चौक पर महात्मा गांधी की नवीन प्रतिमा का अनावरण किया। राजेश अग्रहरि ने कहा कि गांधी जी और शास्त्री जी का जीवन सादगी पूर्ण था। गांधी जी ने जहां सत्य और अहिंसा के बल पर देशवासियों को अंग्रेजी हुकूमत से आजादी दिलाई वहीं शास्त्री जी ने स्वतंत्र भारत को आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने में महान योगदान किया। अंग्रेजों भारत छोड़ो और जय जवान जय किसान,ये दोनों नारे भारतीय जनमानस के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। गांधी जी की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र उपाध्यक्ष भवानी दत्त दीक्षित नगर पंचायत चेयरमैन अंजू कसौंधन पूर्व चेयरमैन चंद्रमा देवी भाजपा के मंडल अध्यक्ष अजय कुमार तिवारी फूलचंद कसौंधन अनिल पाल हरिकेश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।इस कार्यक्रम के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष ने जिला पंचायत के नये कार्यालय का उद्घाटन किया।

# भाजपा के सर्वे में कुशीनगर सांसद का रिपोर्ट खराब

अवधनामा ब्यूरो

- कट सकता है टिकट
- यूपी के 19 सांसदों के टिकट पर मडरा रहा है खतरा

**कुशीनगर।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर बीते दिनों भारतीय जनता पार्टी द्वारा उत्तर प्रदेश में अपने सांसदों के कामकाज का कराए गए आंतरिक सर्वे में 19 सांसदों का रिपोर्ट कार्ड सबसे खराब रहा है जिसमे कुशीनगर के सांसद विजय दूबे भी शामिल है। राजनीतिक गलियारों में खराब रिपोर्ट वाले सांसदों का टिकट कटना तय माना जा रहा है। ऐसे में इन सांसदों की चिंता जहां बढ गई है वही इनकी रातों की नींद उड़ना भी स्वभाविक है।

काबिले गौर है कि पार्टी हाईकमान द्वारा सांसदो के कामकाज के कराए गए आतंरिक सर्वे में यूपी के डेढ दर्जन से अधिक सांसद पार्टी की कसौटी पर फेल हो गए है। ऐसे में कहना मुनासिब होगा कि लोकसभा चुनाव से पहले अपने सांसदों का रिपोर्ट कार्ड तैयार कर रही भारतीय जनता पार्टी वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में कई दिग्गजों का टिकट काट सकती है। कहना न होगा कि सूबे में लोकसभा की अस्सी सीटों में से भाजपा व सहयोगी दलों को मिलकर कुल 66 सांसद है। आगामी 2024 लोकसभा चुनाव ने भाजपा ने अपने लिए यूपी से मिशन 80 का लक्ष्य निर्धारित कर रखा है। पार्टी को यह भलीभांति ज्ञात है कि यह लक्ष्य आसान नही है। इस लिए लगातार अपने सांसदों का आंतरिक सर्वे करवा रही है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि पार्टी अब तक तीन सर्वे करवा चुकी। तीसरे सर्वे में कुशीनगर सांसद विजय दूबे, संतकबीरनगर सांसद प्रवीण निषाद, आजमगढ़ सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ, बदायूं सांसद व स्वामी प्रसाद मौर्य की पुत्री संघमित्रा मौर्य सहित तकरीबन तीस फीसदी सांसदो का रिपोर्ट कार्ड पुअर और खराब रहा है। पार्टी हाईकमान का यह मानना है कि इन सांसदो के भरोसे 2024 लोकसभा चुनाव मे सम्पूर्ण लोकसभा सीटो से मिशन 350 और यूपी से मिशन 80 का वैतरणी पार नही लगाई जा सकती है।

**खराब रिपोर्ट वाले सांसद :** बीजेपी के तीसरे इंटरनल सर्वे में करीब 19 सांसदों के नाम पुअर व खराब कामकाज करने वाले कैटेगरी में शामिल हैं। सूत्रों की मानें तो इनमें सूबे के पूर्व सीएम कल्याण सिंह के पुत्र व एटा सांसद राजवीर सिंह राजू भैया, भाजपा छोड़कर सपा में शामिल हुए व अपने विवादित बयानों से लगातार चर्चा में बने रहने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य की बेटी व बदायूं से सांसद संघमित्रा मौर्य, भोजपुरी एक्टर-सिंगर व आजमगढ़ के सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ, निषाद पार्टी के मुखिया व योगी सरकार में मंत्री संजय निषाद के बेटे और संतकबीरनगर के सांसद प्रवीण निषाद, कुशीनगर सासंद विजय दूबे शामिल हैं। इसके अलावा लगातार विवादों में रहने वाले मोहनलालगंज के सांसद और केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर हरदोई के सांसद जयप्रकाश रावत, बाराबंकी के सांसद उपेंद्र रावत, सीतापुर के सांसद राजेश वर्मा, धौरहरा की सांसद रेखा वर्मा, प्रतापगढ़ के सांसद संगम लाल गुप्ता, फूलपुर सांसद केसरी देवी पटेल, फर्रुखाबाद सांसद मुकेश राजपूत, बांदा सांसद आरके पटेल, भदोही के सांसद डॉक्टर रमेश चंद बिंद, अकबरपुर के सांसद देवेंद्र सिंह भोले, मिश्रिख सांसद अशोक कुमार रावत, फिरोजाबाद सांसद डॉक्टर चंद्र जादौन और हाथरस सांसद राजवीर दिलेर का नाम भी शामिल है। जिनकी सिर पर टिकट कटने का खतरा मंडरा रहा है।



**सर्वे में सांसदों के बांटे गए पुअर, एवरेज और गुड कैटगरी :** पार्टी के आंतरिक सर्वे में सांसदों के काम को तीन कैटेगरी में बांटा गया है- पुअर, एवरेज और गुड। यह आंतरिक सर्वे भारतीय जनता पार्टी के आगामी लोकसभा चुनावों की प्लानिंग का एक हिस्सा है। बीजेपी ने यूपी में अपने सांसदों के कामकाज का आंतरिक सर्वे फरवरी 2023 में शुरू किया था। पहला सर्वे फरवरी-मार्च में हुआ जिसमें कुछ अलग पैरामीटर रखे गए थे। दूसरा आंतरिक सर्वे मई-जून 2023 के बीच कराया गया। इन दोनों ही सर्वे के बाद भाजपा ने सांसदों की एक लिस्ट तैयार की और इसके बाद अब तीसरा आंतरिक सर्वे हाल ही में अगस्त-सितंबर महीने में संपन्न हुआ है। बताया जाता है कि तीसरे और आखिरी सर्वे में कुछ पैरामीटर बदले गए थे। इसमें सबसे अहम मुद्दा यह पता लगाना था कि सांसदों के कामकाज से उनके लोकसभा क्षेत्र की जनता कितनी संतुष्ट है।

इस आधार पर अब सांसदों की तीन कैटेगरी में लिस्ट तैयार हुई है। पार्टी के एक जिम्मेदार पद पर आसीन नेता का कहना है कि सर्वे एक अहम फैक्टर है किसी भी सांसद-विधायक के बारे में अगर जानना है तो उस क्षेत्र में जाकर कोई एक दिन घूम ले तो उसे भी पता लगाया जा सकता है कि लोग क्षेत्र में क्या कह रहे हैं। उनका ये भी कहना है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में कोई ऐसा चुनाव नहीं होगा जिसमें लोगों के टिकट न बदलते हों। उनके मुताबिक यह सर्वे पार्टी की एक सतत प्रक्रिया है।

### फीडबैक और आतंरिक सर्वे बनेगा 2024 में टिकट का आधार

भाजपा ने सांसदों के कामकाज और उनकी लोकप्रियता को लेकर जो आंतरिक सर्वे कराया है उसकी रिपोर्ट और उन सांसदों का क्षेत्र से मिला फीडबैक ही 2024 के लोकसभा चुनाव में टिकट मिलने या कटने का सबसे बड़ा आधार होगा। बीजेपी पहले भी इसी के आधार पर टिकट में बदलाव करती आई है।

## खाटू श्याम की शोभायात्रा में थिरके श्रद्धालु



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** नगर में रविवार को श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में खाटू श्याम की विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। रविवार को प्रातः काल निर्धारित मुहूर्त में नगर स्थित हनुमानगढ़ी मंदिर पर भगवान खाटू श्याम की पूजा अर्चना के बाद ध्वज निशान की पूजा हुई।श्याम जी की ज्योति जली, श्रद्धालुओं में ध्वज निशान वितरित किया गया।तत्पश्चात शोभा यात्रा नगर के गांधी चौक पहुंची वहां से सागरा तिराहा होते हुए राजर्षि तिराहा पहुंची जहां से रामलीला मैदान के रास्ते अंबेडकर तिराहा पहुंची।जगह-जगह श्रद्धालु श्याम जी के जयकारे लगाते हुए थिरक रहे थे, आगे-आगे ज्योति के साथ श्याम जी का रथ चल रहा था जिसमें वाद्य यंत्र सुमधुर ध्वनि में जयकारे और भजन के साथ बज रहे थे। जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा शोभा यात्रियों के लिए जलपान की भी व्यवस्था की गई थी। दुर्गापुर रोड स्थित सेलिब्रेशन पॉइंट पर पहुंचकर शोभा यात्रा संपन्न हुई।

# गांधी और शास्त्री के विचार आज भी प्रासंगिक है: जिलाधिकारी

अवधनामा ब्यूरो

- दोनों विभूतियों का अभिनव भारत के निर्माण में अतुल्यनीय योगदान : डीएम
- जिले भर में धूमधाम से मनाई गई गांधी व शास्त्री की जयंती

**कुशीनगर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाला बहादुर शास्त्री का जन्म जिले भर में सरकारी एवं गैरसरकारी कार्यालयों में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने प्रभात फेरी निकाला। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा द्वारा कलेक्ट्रेट में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 119वीं जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट में ध्वजारोहण कर इनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

जिलाधिकारी द्वारा दोनों महान विभूतियों के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित की गई तत्पश्चात सभी उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा महात्मा गांधी का प्रसिद्ध भजन ''रघुपति राघव राजा राम'' गाकर कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे बारी-बारी से सभी ने अपने विचार रखें। कार्यक्रम के संबोधन में जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कहा कि दोनों विभूतियों के विचार आज भी प्रासंगिक है और उन सभी महान नायकों को प्रणाम करता हूं, जिन्होंने भारतीय संस्कृति, गौरव को स्थापित कर अभिनव भारत के नवनिर्माण व राष्ट्र निर्माण में योगदान दिया है, नमन और वंदन करता हूं जिन स्वतंत्र सेनानियों ने जन कल्याण की भावना से लोक कल्याणकारी का उद्देश्य अपने मन में स्थापित कर सर्वोदय समाज का निर्माण किया। परिवर्तन संसार का नियम है, अगर हम नहीं बदलेंगे तो सहज ही विलुप्त हो जाएंगे, अतः कलेक्ट्रेट परिसर के सभी अधिकारी कर्मचारी निरंतर जनकल्याण और सेवा की भावना रखे और आए हुए पीड़ितों की समस्या का समाधान करें अथवा उचित मार्गदर्शन करें। बेहतरीन का कोई अंत नहीं होता है, अतः बेहतर बने तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के विचारों, आदर्शों, संदेशों, प्रेरणाओं को हम सब आत्मसात करें जिससे कि एक बेहतर राष्ट्र का निर्माण हो सके तथा महात्मा गांधी के स्वच्छता के विचारों को अपनाते हुए जीवन में निरंतर आगे बढ़े।



इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा जय जवान जय किसान के उद्घोषक पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के कथनों को अपने आचरण में उतरना ही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। महात्मा गांधी के समानता, स्वतंत्रता, अस्पृश्यता का अंत तथा नारी सम्मान के विचारों को आत्मसात करें तथा सामंतवादी सोच को दूर रखते हुए अपने अधीनस्थ कर्मचारी के साथ कुशल व्यवहार करें तथा उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभवों को भी बताया और कहा कि ईश्वर सबके अंदर व्याप्त है। अतः प्रत्येक मनुष्य को सामंतवादी सोच को दूर रखते हुए दोनों महान विभूतियां के विचारों को अपने आचरण में लाकर हम उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। इस अवसर पर कलेक्टर मजिस्ट्रेट एसडीएम न्यायिक पडरौना मो जफर, उपजिलाधिकारी न्यायिक कसया अनिल कुमार, प्रशासनिक अधि राजेश श्रीवास्तव, कलेक्ट्रेट नाजिर अतुल श्रीवास्तव, समस्त पटल सहायक, जनपद स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### गांधी व शास्त्री के पद चिन्हों पर चलने का लिया संकल्प

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** नगरपालिका परिषद पडरौना के चेयरमैन विनय जायसवाल ने नगर पालिका परिषद व जलकल कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न स्व लाल बहादुर शास्त्री के जन्मोत्सव पर झण्डा रोहण किया। उन्होंने गांधी व शास्त्री सहित सभागार में आजादी के नायकों व महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराते सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई। नपाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर ही 2 अक्टूबर के दिन स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत हुई थी जिसे राष्ट्रीय स्तर पर सफल बनाने के लिए गांव व नगर जैसी छोटी इकाइयों के सहयोग की आवश्यकता है।




उन्होंने कहा कि 140 करोड़ जनसंख्या की संयुक्त ताकत से ही देश को स्वच्छ और स्वस्थ बनाया जा सकता है। चेयरमैन ने कहा कि देश की आजादी को अक्षुण्य बनाए रखने के लिए मां भारती के सपूतों ने जातिवाद, क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर राष्ट्रवाद की भावना को आजादी के रक्षक के रूप में परिभाषित किया। इस मौके पर नपा ईओ सन्तराम सरोज, कर निरीक्षक रवि प्रताप सिंह, सभासदगण श्याम साहा, छोटेलाल, विश्वनाथ प्रताप सिंह, अरुण कुशवाहा अमानतुल्लाह के अलावा अरुण प्रताप सिंह, विनय मद्धेशिया, विजय शर्मा, अमर श्रीवास्तव, विशाल श्रीवास्तव, अभय तिवारी, समीर चौधरी, रोहन विश्वकर्मा, आकाश वर्मा, नीरज मिश्र, भरत चौधरी, शुभम सिंह मंथन, आदर्श जायसवाल, मानस मिश्र के अलावा नपा के कर्मचारी और अन्य लोग शामिल रहे।

## शहीद की स्मृति में निकली अमृत कलश यात्रा




**भेटुआ (अमेठी) अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय विकास खण्ड के गांव पूरे सुरजू देवरहा में शहीद सुरेंद्र कुमार पांडेय की स्मृति में मेरी माटी मेरी देश कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को नेहरू युवा केन्द्र की उपनिदेशक डॉ आराधना राज के नेतृत्व अमृत कलशयात्रा निकाली गई। जिसमें राजेश प्रसाद पांडेय डीआईजी सीआरपीएफ के निर्देश पर पूरा बैंड दस्ता मौजूद रहा।बैंड की अध्यक्षता आईएन एसपी अवस्थी किया। शहीद के गाँव में विभिन्न घरों से एक मुट्ठी मिट्टी व एक चुटकी चावल एकत्र किया गया। यात्रा के समापन में उपनिदेशक डॉ आराधना राज और सोसाइटी फ़ॉर एनिमल हेल्थ एग्रीकल्चर साइंस एवं ह्यूमैनिटी अमेठी के संस्थापक लालमणि कश्यप तथा साधना फाउंडेशन अमेठी की सचिव साधना त्रिपाठी द्वारा सभी सैनिकों को साल भेंट कर सम्मानित किया गया। शहीद सुरेंद्र कुमार पांडेय के पिता ने नम आंखों में कहा आज जो नेहरू युवा केन्द्र के द्वारा हमारे परिवार को मिला। इस मौके पर विनय वर्मा राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक विवेक मिश्र सी आर पी एफ के एल आई ओ अखिलेश पांडेय ग्राम प्रधान प्रवीण मौर्य सेक्टरी सुरेश चंद्र सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

# ई-ऑफिस के अंतर्गत पेपरलेस होने से शासकीय कार्य में आयेगी पारदर्शिता




- ई-ऑफिस प्रणाली लागू करने वाला प्रदेश का दूसरा जनपद ललितपुर
- फाइलों के मैनुवल वर्क में लगने वाले समय में होगी कमी, ऑनलाइन होगा निस्तारण
- शासकीय कार्य प्रणाली को पेपरलैस करने से फाइलों को अनावश्यक नहीं रोका जा सकेगा

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अभिनव पहल पर आज गांधी जयंती 02 अक्टूबर को ई-ऑफिस प्रणाली का कलैक्ट्रेट में सफलतापूर्वक शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने पहली फाइल अपलोड करने वाले कर्मचारी बृजकिशोर चतुर्वेदी के साथ फीता काटकर ई-ऑफिस प्रणाली का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि ई-ऑफिस प्रणाली का उद्देश्य शासकीय कार्य प्रणाली को पारदर्शी बनाते हुए पेपरलेस करना है। इस प्रणाली के तहत अब किसी भी फाइल को ऑनलाइन एक स्तर से दूसरे स्तर तक बिना किसी पेपर वर्क के मिनटों में प्रेषित किया जा सकता है, जिससे अधिकारी कहीं से भी प्रकरण का संज्ञान लेकर निस्तारण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जनपद ललितपुर प्रदेश का दूसरा जिला है, जहां इतने कम समय में ई-ऑफिस प्रणाली लागू की गई है। उन्होंने कहा कि इस कार्य में कलैक्ट्रेट के कर्मचारियों का विशेष योगदान है, उन्होंने कम समय में ही प्रशिक्षण लेकर इसकी शुरुआत में अपनी अहम भूमिका निभाई है। अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने कहा कि जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में सभी कर्मचारियों ने कम समय में ही ट्रेनिंग लेकर इसकी शुरुआत में अहम भूमिका निभाई है।

# बिना भेदभाव सभी के कार्य निर्धारित समय पर करें: डीएम




**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** पूज्य बापू महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर में झण्डा रोहण किया तथा अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व नगर मजिस्ट्रेट आदि के साथ महात्मा गांधी व शास्त्री जी के चित्र पर माल्यापर्ण कर श्रद्वांजलि अर्पित की तथा सभी के साथ राष्ट्रगान गाया। इसके उपरान्त जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी व नगर मजिस्ट्रेट ने कलेक्ट्रेट की स्वच्छता वाटिका में स्थापित महात्मा गांधी की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों आदि को सम्बोध्ति करते हुए कहा कि हम सभी को महात्मा गांधी जी के बताये सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलकर बिना भेदभाव सभी के कार्य निर्धारित समय पर करना चाहिए तथा शास्त्री जी के मंत्रों को ध्यान में रखकर अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने ''मेरी माटी, मेरा देश के अर्न्तगत उतकृष्ट कार्य करने पर नगर मजिस्टेउ्ट, अतिरिक्त मजिस्टेउ्ट को स्मृति चिन्ह एवं प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित करने के साथ कलेक्ट्रेट के स्वच्छा गृहियों को भी स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार आदि अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नवागत जिलाधिकारी ने कोषागार पहुँचकर किया कार्यभार ग्रहण

- शासन की योजनाओं को धरातल पर उतरना पहली प्राथमिकता होगी: डीएम

**अवधनामा संवाददाता**



**सुलतानपुर।** नवागत जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्स्ना (आई.ए.एस.) द्वारा अपरान्ह में जनपद कोषागार पहुंच कर जिलाधिकारी सुलतानपुर के पद पर कार्यभार ग्रहण किया गया। उन्होंने कोषागार के डबल लॉक में कार्यभार ग्रहण करते समय विभिन्न अभिलेखों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश वरिष्ठ कोषाधिकारी अरविन्द कुमार सिंह को दिये। ज्ञात हो कि नवागत जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्स्ना वर्ष 2014 बैच की आईएएस अधिकारी हैं। उनकी शिक्षा-दीक्षा हैदराबाद व दिल्ली विश्वविद्यालय के मिरांडा हाउस से हुई है। उन्होंने इससे पूर्व उपजिलाधिकारी संतकबीर नगर, उपजिलाधिकारी गोरखपुर, मुख्य विकास अधिकारी बलरामपुर, भदोही औद्योगिक विकास प्राधिकरण में मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पद पर कार्यरत रह चुकी हैं, वे उत्तर प्रदेश कैडर से एजीएमयूटी (जम्मू कश्मीर) में इंटर कैडर प्रतिनियुक्ति पर भी रह चुकी हैं। वे जिलाधिकारी सुलतानपुर का कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व खाद्य एवं रसद विभाग में विशेष सचिव के पद पर कार्यरत थी। नवागत जिलाधिकारी ने मीडिया को सम्बोधित करते हुए कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना प्राथमिक उद्देश्य होगा। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं को धरातल पर उतारना व आम जनमानस को बेहतर से बेहतर सुविधा मुहैया कराना हमारी प्राथमिकताओं में होगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) मनोज कुमार पाण्डेय, मुख्य राजस्व अधिकारी शैलेन्द्र मिश्र, उपजिलाधिकारी शिव प्रसाद, उपजिलाधिकारी सदर सी0पी0 पाठक, उपजिलाधिकारी कादीपुर महेन्द्र श्रीवास्तव, उपजिलाधिकारी बल्दीराय विदुषी सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी अरविन्द कुमार सिंह, जिला सूचना अधिकारी डॉ0 धीरेन्द्र कुमार, सहायक कोषाधिकारी पी0 राम सहित समस्त कलेक्ट्रेट परिवार उपस्थित रहा।

# गांधी जी व शास्त्री जी के जीवन आदर्शों को आत्मसात करना ही सच्ची श्रद्धांजलि: डीएम

**अवधनामा संवाददाता**



**बहराइच।** गॉधी जयन्ती के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती की शुभकामनाएं एवं बधाई देते कहा कि गॉधी व शास्त्री के सत्य और अहिंसा पर आधारित विचार हमेशा प्रासंगिक रहेंगे। सादा जीवन उच्च विचार, मितव्ययिता, नैतिकता, भाई-चारा तथा सर्वधर्म संभाव जैसे आदर्श जीवन मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा हमें महात्मा गॉधी से मिलती है। मोनिका रानी ने सभी का आहवान किया कि किसी दूसरे की आलोचना किये बिना हम जहॉ पर भी हैं, अपने कर्तव्यों का निर्वहन भली प्रकार से करें यही देश के शहीदों को सच्ची श्रृद्वांजलि होगी। डीएम ने कहा कि हमें गॉधी व शास्त्री के आदर्शों का संकल्प लेकर पूरी जिम्मेदारी के साथ देश की उन्नति के लिए कार्य करना होगा।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने कहा कि हमें अपनी ज़िम्मेदारियों को पूरी ईमानदारी के साथ निभाने की प्रेरणा गांधी व शास्त्री के जीवन से मिलती है। उन्होंने लोगों का आहवान कि हमें प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के विज़न के अनुसार आत्म निर्भर बनना होगा। सदर विधायक अनुपमा जायसवाल ने कहा कि 02 अक्टूबर ऐसी तिथि है जिस दिन देश ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण विश्व की दो महान विभूतियों महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री का जन्मदिवस है। श्रीमती जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा सम्पूर्ण भारत में स्वच्छता अभियान संचालित कर बापू को स्वच्छांजलि अर्पित की जा रही है।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य राजस्व अधिकारी अवधेश कुमार मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, प्रशिक्षु पीसीएस प्रिन्स वर्मा, ईदगाह के इमाम मौलाना वलीउल्लाह, डॉ. राधेश्याम पाण्डेय, कलेक्ट्रेट कर्मी गुलाम अली शाह, फादर प्रकाश सौरंग सहित अन्य वक्ताओं ने गांधी व शास्त्री के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। जबकि लक्ष्मीकान्त त्रिपाठी 'मृदुल,' अल्लन बहराइची, नज़र बहराइची, मंज़ूर बहराइची, भानू जायसवाल सहित अन्य कवियो एवं शायरों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत रचनाएं प्रस्तुत की गई। डा. वेद मित्र शुक्ल ने गांधी के प्रिय भजन ''रघुपती राघव राजा राम, पतित पावन सीता राम'' को बॉसुरी वादन प्रस्तुत किया।

# स्वच्छता जागरूकता अभियान के उदघाटन कार्यक्रम का सजीव प्रसारण



**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में महात्मा गांधी जी के जन्मदिवस 02 अक्टूबर के उपलक्ष्य में 02 से 08 अक्टूबर 2023 तक आयोजित होने वाले स्वच्छता जागरूकता अभियान का इलाहाबाद उच्च न्यायालय स्थित वीडियो कान्फ्रेंसिंग कक्ष में उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष द्वारा उदघाटन किया गया। दीवानी न्यायालय सभागार में उद्घाटन कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायधीश शेष मणि, प्रथम अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश राम प्रकाश पाण्डेय, विशेष न्यायधीश एससी/एसटी एक्ट इन्द्र प्रकाश, अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) वरूण मोहित निगम, अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश (एफ.टी.सी.)/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विराट शिरोमणि, अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश आनन्द शुक्ला, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शिवेन्द्र कुमार मिश्रा व अन्य न्यायिक अधिकारी, पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा तथा बार के पदाधिकारी व सदस्यगण मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वच्छ सारथी क्लब - आर्य कन्या महविद्यालय हरदोई द्वारा स्वच्छता ही सेवा




**हरदोई।** शासन से प्राप्त निर्देश के क्रम में आर्य कन्या महाविद्यालय, हरदोई द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता रैली निकाली गई जो छोटे चौराहे से सब्ज़ी मंडी तथा सब्जी मंडी से राम दत्त चौराहे से होते हुई महाविद्यालय पहुंची। रैली के अंतर्गत अनेक स्वच्छता संबंधी नारे स्वच्छता ही सेवा है, गंदगी जानलेवा है, स्वच्छता को अपनाना है, गंदगी दूर भगाना है आदि बहुत जोर-शोर से लगाए गए। रैली के अंतर्गत महाविद्यालय प्राचार्या डॉ सुमन वर्मा, स्वच्छ सारथी क्लब की नोडल सुश्री श्वेता यादव व छात्राओं द्वारा आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

### जिला जज व पुलिस अधीक्षक ने न्यायालय परिसर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया



**हरदोई।** आज गाँधी जयन्ती के अवसर पर अध्यक्ष विधिक सेवा प्राधिकरण उत्तर प्रदेश द्वारा वर्चुअल माध्यम से स्वच्छता जागरूकता सप्ताह का उदघाटन किया। उनके वर्चुअल माध्यम से दिए गए संबोधन की जिला न्यायालय में जिला जज राजकुमार सिंह सहित अन्य जजों व अधिकारियों द्वारा सुना गया। इसके उपरान्त जिला जज श्री राजकुमार सिंह व पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने न्यायालय परिसर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। जिला जज ने कहा कि सफाई को लेकर जागरूकता संदेश को जन जन तक पहुंचाने का प्रयास होना चाहिए। स्वच्छता सभी लोगों को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनानी चाहिये। इस अवसर पर सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण सुधाकर दुबे, जिला विद्यालय निरीक्षक बाल मुकुंद प्रसाद, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विजय प्रताप सिंह व जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार आदि उपस्थित रहे।

### विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में निकाली गई स्वच्छता जागरूकता रैली

**बहराइच।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में 02 से 08 अक्टूबर 2023 तक आयोजित होने वाले स्वच्छता ही सेवा एवं स्वच्छता जागरूकता अभियान की जनजागरूकता हेतु तारा महिला इण्टर कालेज की छात्राओं द्वारा ए.डी.आर. भवन से जागरूकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विराट शिरोमणि ने महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर तारा महिला इण्टर कालेज मे छात्राओं को स्वच्छता ही सेवा की शपथ दिलायी गयी। इस अवसर पर कालेज की प्रधानाचार्या, शिक्षिकाएं, पी.एल.वी. आशीष कुमार वर्मा तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी उपस्थित रहे। स्वच्छता पखवाड़े के अन्तर्गत तहसील विधिक सेवा समितियों में भी विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया एवं प्रभात फेरी निकाली गयी।

# गांधी जयंती पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने स्वच्छकारों को किया सम्मानित



**सुलतानपुर।** गांधी जयंती पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत जिला पंचायत परिसर में की गयी साफ-सफाई व स्वच्छक को अध्यक्ष जिला पंचायत ने किया सम्मानित।महात्मा गाँधी के 154वीं जयन्ती के अवसर पर उन्हें नमन करते हुए तथा 'स्वच्छता सेवा पखवाड़ा' के अन्तर्गत स्वच्छता के लिये श्रमदान के क्रम में अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती उषा सिंह ने जिला पंचायत परिसर में आयोजित स्वच्छांजलि कार्यक्रम में साफ-सफाई में प्रतिभाग कार्यालय के कर्मचारियों तथा अपर मुख्य अधिकारी हरिओम नारायण चंद्र, प्रशासनिक अधिकारी दिनेश सिंह के साथ प्रतिभाग किया। इस दौरान जिला पंचायत के स्वच्छक अन्नू को अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती उषा सिंह अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

# बिना समय गवाये श्रम का सम्मान करें: नोडल अधिकारी



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** दुग्ध विकास आयुक्त/नोडल अधिकारी शशिभूषण लाल सुशील की अध्यक्षता में आज गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा 2023 के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाईमित्रों का सम्मान समारोह कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष तालबेहट पुनीत सिंह परिहार, नगर पंचायत अध्यक्ष पाली मनीश तिवारी एवं जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी प्रमुख रुप से उपस्थित रहे। नोडल अधिकारी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी सफाई मित्रों को बधाई देते हुए कहा कि समाज धीरे धीरे बदलता है, लेकिन अब हमे श्रम का सम्मान करना ही होगा। आज के समय में कोई कार्य छोटा नहीं है, राष्ट्र की सेवा के लिए सभी कार्य समान हैं। जो भी उत्तरदायित्व मिला है, पूर्ण मनोयोग से कार्य करें। देश के विकास में आपका योगदान महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आप लोगों को अपने बच्चो की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरुरत है। स्वच्छता के महत्व को हम सभी को समझना चाहिए और बदलाव के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि हम जब घर की सफाई करते है, तो थोड़ा समय निकालकर अपने आसपास या सड़क को भी साफ कर दें।

# गांधीजी व शास्त्रीजी के विचारों को आत्मसात करें: जिलाधिकारी

**अवधनामा संवाददाता**



- ध्वजारोहण कर गाया राष्ट्रगान, रामधुन गाने वाली छात्राओं को दिया पुरस्कार
- वीर सपूतों को नमन कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किये

**ललितपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्रीजी की जयंती के अवसर पर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने घण्टाघर स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। इसके उपरान्त उन्होंने आवास एवं कलैक्ट्रेट परिषर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा सामूहिक रुप से राष्ट्रगान गाया। जिलाधिकारी ने कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित गोष्ठी में महात्मा गांधीजी एवं लाल बहादुर शास्त्रीजी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किये तथा अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों ने भी माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में जीजीआईसी की छात्राओं ने रामधुन रघुपति राघव राजा राम प्रस्तुत की, जिस पर जिलाधिकारी ने उन्हें मिष्ठान व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने अपने बचपन का अनुभव साझा करते हुए कहा कि पढ़ाई के समय किताबों के प्रथम पृष्ठ पर गांधी का तिलस्म शब्द लिखा रहता था, उस शब्द का अर्थ आज सार्थक होकर दिखाई देता है। उन्ही महान विभूतियों के कारण आज हमें आजादी मिली है। आज हम जिस जगह भी हैं, वहां अपने कार्य को पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी के साथ करें, यही उन महान विभूतियों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे लवकुश त्रिपाठी ने महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री एवं भगत सिंह जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत ऐसी वीर सपूतों की भूमि है, जिसमें उन्होंने आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उन्होंने महापुरुषों के जीवन की घटनाओं के बारे में विस्तार से बताया। अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने कहा कि आज गांधीजी एवं लाल बहादुर शास्त्रीजी की जयंती के अवसर पर हम सभी यहां उपस्थित हैं, उन्होंने कहा कि हम सब में गांधी भी है और शास्त्री भी हैं। इस भारत की भूमि ने हजारों वीरो को जन्म दिया है, जो इतिहास में अपना नाम अमर कर गए, हमें उनके जीवन मूल्यों को अपने आप में आत्मसात करने की जरुरत है। कार्यक्रम में उपस्थिति अतिथियों द्वारा गांधी जी के जीवन मूल्यों एवं आदर्शों पर अपने-अपने विचार प्रकट किये गए। कवि मुरलीधर ने चंद्रयान-3 पर आधारित कविता सुनाई, सेवानिवृत कर्मचारी रमेश पाठक (रविंद्र) ने हर वर्ग के राम पर गीत गाया।

# 2 अक्टूबर का दिन हम सब के लिए महत्वपूर्ण

**अवधनामा संवाददाता**



**सुल्तानपुर।** कमला नेहरू संस्थान सुल्तानपुर के फार्मेसी संकाय मे शनिवार 2 अक्टूबर 2023 को महत्मा गाँधी की 154 वीं जयंती को बहुत ही धूमधाम के साथ स्वछता ही सेवा है के संकल्प के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थान के निदेशक प्रो. महेश प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना और महत्मा गाँधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर राष्ट्र गान के साथ किया । उन्होंने बताया की 2 अक्टूबर का दिन हम सब के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है देश इस बार महात्मा गाँधी की 154 वीं जयंती एक तारीख, एक घंटा, एक साथ अभियान के साथ राष्ट्रपिता को स्वच्छांजलि के साथ श्रद्धांजलि दे कर मना रहा है और भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 120 वीं जयंती मना रहा है। उन्होंने अपने व्याख्यान मे बताया की महात्मा गांधी भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के सबसे महान नेताओं में से एक थे और अपने अहिंसक साधनों के लिए लोकप्रिय थे। वह 20 वीं सदी की शुरुआत में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का एक सक्रिय हिस्सा बन गए थे । ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के खिलाफ प्रतिरोध के कई महत्वपूर्ण आंदोलनों, जैसे असहयोग आंदोलन, नमक सत्याग्रह को दांडी मार्च, भारत छोड़ो आंदोलन, आदि का नेतृत्व उनके कुशल नेतृत्व में किया गया था। गांधी जी द्वारा प्रचारित अहिंसा और एकता के विचारों को मनाने के लिए हर साल गांधी जयंती मनाई जाती है।

# प्रज्ञा एकेडमी ने मनाया महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

- प्रभातफेरी निकाल कर दिया स्वच्छता जागरुकता का संदेश

**अवधनामा संवाददाता**



**कुड़वार,सुल्तानपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पंडित लाल बहादुर शास्त्री जयंती के मौके प्रज्ञा एकेडमी नर्सरी स्कूल द्वारा कुड़वार बाजार में स्कूली बच्चों व जनप्रतिनिधियों, पुलिसकर्मियों, समाजसेवियों के साथ प्रभातफेरी निकाल कर स्वछता जागरुकता संदेश दिया गया। पदयात्रा प्रभातफेरी को थाना प्रभारी निरीक्षक गौरीशंकर पाल ने हरी झंडी दिखाकर शुरू किया। बाजार वासियों ने प्रभातफेरी का स्वागत करते हुए स्वच्छता का संकल्प लिया। आपको बताते चलें कि सोमवार दो अक्टूबर को हर साल की भांति प्रज्ञा एकेडमी नर्सरी स्कूल द्वारा कुड़वार बाजार में गाजे बाजे के साथ स्वच्छता जागरुकता पदयात्रा प्रभातफेरी के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को अहिंसा, प्रेम,सद्भावना, भारतीय संविधान में आस्था,नशामुक्त समाज, गौसेवा,राष्ट के प्रति अपार प्रेम का संदेश दिया गया।प्रभातफेरी में बच्चे महात्मा गांधी व पंडित लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों के स्वरूप को दर्शाते दिखाई पड़े। वरिष्ठ भाजपा नेता राम चन्द्र मिश्रा ने महात्मा गांधी व पंडित लाल बहादुर शास्त्री के पदचिन्हों पर चलने की बात कही। कुड़वार थाना प्रभारी निरीक्षक गौरीशंकर पाल ने कहा कि लोगों को गांधी के विचारों का आदर्श मानते हुए आगे बढ़ना होगा। अपने आसपास की स्वछता के साथ साथ विद्यालयों को भी स्वच्छ करना चाहिए। उपनिरीक्षक राम विलास यादव ने कहा कि गांधी जयंती पर क्षेत्र के लोगों को संकल्प लेना चाहिए कि अपने आसपास कहीं गंदगी नहीं होने देंगे। स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। कूड़ा कचरा सीधे डस्टबिन में डालें। इधर उधर न फेंके। जिससे लोग को बीमारियों से बचाया जा सके। पदयात्रा के माध्यम से बाजार वासियों को डस्टबिन दिया गया,ताकि जो भी घरों में गंदगी होती है उसे एकत्र कर उसे बाहर किया जाए।

ग्राम पंचायत-कौलपुर ग्रान्ट
वि.खं.-लोटन बाजार, सिद्धार्थनगर

अल्पकालीन निविदा

वित्तीय वर्ष 2023-24 में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धक (SLWM) केंद्रीय वित्त/वित्त आयोग/मनरेगा/ स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु ई रिक्शा, साइकिल रिक्शा, कूड़ेदान, प्लास्टिक बैग, प्लास्टिक बैंक, सफेद सीमेंट, गिट्टी, प्रथम श्रेणी ईट, रोड़ा, सीमेट, रेट्रोफिटिंग मौरंग बालू, इंटरलॉकिंग, सरिया, लोहे का जाल, ह्यूम पाइप, वॉल पुट्टी, टीन चादर, बजरफुट, बजरी, वॉल पेंटिंग, प्लास्टिक पाइप कलेक्श सेंटर हैण्डपंप मरम्मत, रीवोर, इलेक्ट्रॉनिक मेटेरियल आदि सामानों की आपूर्ति हेतु इच्छुक व मान्य आपूर्तिकर्ता दिनांक 03.10.2023 से 16.10.2023 तक निविदा कार्यालय में जमा कर सकते हैं। दिनांक 16.10.2023 को अपरान्ह 2:00 बजे निविदा ग्राम पंचायत कार्यकारिणी के समक्ष खोली जाएंगी प्रतिबंध नियम व शर्तें एवं अन्य विवरण कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

रविन्द्र कुमार जाटव
सचिव
ग्रा.पं. कौलपुर ग्रान्ट

बसीर मोहम्मद
प्रधान
ग्रा.पं. कौलपुर ग्रान्ट

# मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय कलश यात्रा का आयोजन



अवधनामा ब्यूरो

**हमीरपुर।** मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय कलश यात्रा का आयोजन खंड विकास अधिकारी कार्यालय कुरारा में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सदर डॉ मनोज कुमार प्रजापति तथा विशिष्ट अतिथि प्रमुख सचिव व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग उत्तर प्रदेश शासन / नोडल अधिकारी डॉ एमके शन्मुगा सुंदरम रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर तथा महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। ज्ञात हो कि अमृत कलश यात्रा के अंतर्गत आज विकासखंड कुरारा के 38 ग्राम पंचायतो से उत्सव धर्मिता व बाजे गाजे के साथ अमृत कलश में अपने गांव की मिट्टी भरकर अमृत कलश को विकासखंड में एकत्र किया गया है। यह अमृत कलश यहां से प्रदेश स्तर पर जाएंगे तत्पश्चात इन्हें भारत की राजधानी दिल्ली ले जाया जाएगा। इस मौके पर विधायक एवं नोडल अधिकारी ने पांच सफाई कर्मियों को फूल माला ,प्रशस्ति पत्र एवं अंग वस्त्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया।इस मौके पर विधायक सदर , नोडल अधिकारी, जिलाधिकारी राहुल पांडे आदि ने अपने संबोधन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती की सभी को शुभकामनाएं देते हुए उनके आदर्शों एवं मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने तथा उनके बताए हुए मार्गो पर चलने हेतु लोगों को प्रोत्साहित किया। इस मौके पर आए हुए अतिथियों का ब्लॉक प्रमुख आशीष पालीवाल ने स्वागत किया। इस मौके पर सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला ,एडीएम न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव , डीडीओ अजीत श्रीवास्तव , पीडी साधना दीक्षित , एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक, डीपीआरओ सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# बीडीओ सिंधौली ने गांव वालों के साथ किया श्रमदान



अवधनामा ब्यूरो

**शाहजहांपुर।** सिधौली प्रधानमंत्री के आवाहन पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत रविवार को श्रमदान में लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया अभियान के अंतर्गत सफाई कार्यक्रम में सहभागिता की और वृक्षारोपण कर प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया इस दौरान मुनेश्वर सिंह ने बताया कि गांधी जी ने कहा था स्वच्छता उतनी ही जरूरी है जितनी स्वतंत्रता है स्वच्छता ईश्वर के समान है जहां स्वच्छ होता है वही ईश्वर का वास होता है भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आवाहन पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रमदान कर स्वच्छता की श्रद्धांजलि देते हुए गांव गांव स्वच्छता अभियान चलाया गया। वहीं ब्लॉक सिंधौली के गांव नगला शाहजहां में सिंधौली की ब्लॉक प्रमुख मछला सिंह के पति मुनेश्वर सिंह ने ब्लॉक के बीडीओ और गांव बालों के साथ मिलकर स्वच्छता के लिए एक घंटे तक श्रमदान किया साथ ही गांव में बने पंचायत भवन में एवं गांव की एक एक गलियों में ब्लॉक प्रमुख पति मुनेश्वर सिंह ने झाड़ू लगाकर सफाई अभियान चलाया।

# जनपद के नोडल अधिकारी ने कल्पवृक्ष परिसर के पास किया वृक्षारोपण

**स्वच्छता कर्मियों को किया सम्मानित**



अवधनामा ब्यूरो

**हमीरपुर।** जनपद में अपने प्रस्तावित दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के क्रम में आज प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा ,कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग / जनपद के नोडल अधिकारी डॉ एमके शन्मुगा सुंदरम ने जनपद में विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर विकास कार्यों की धरातल पर क्रियान्वयन की स्थिति देखी।

इस क्रम में आज नोडल अधिकारी ने मुख्यालय स्थित कल्पवृक्ष के पास वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन का संदेश दिया। इस मौके पर जिलाधिकारी वह अन्य अधिकारियों ने भी वृक्षारोपण किया। तत्पश्चात कल्पवृक्ष परिसर में आयोजित कार्यक्रम में नोडल अधिकारी ने पांच सफाई कर्मियों को प्रशस्ति पत्र, अंग वस्त्र व फूल माला पहनकर उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने मौजूद सभी लोगों को स्वच्छता का संकल्प दिलाया।

तत्पश्चात नोडल अधिकारी ने छानी ग्राम पंचायत का निरीक्षण कर वहां के ग्राम सचिवालय का मुआयना किया तथा संबंधित ग्राम स्तरीय कर्मचारियों से जरूरी पूछताछ कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर नोडल अधिकारी ने छानी अमृत सरोवर एवं बैठक धाम स्थित अमृत सरोवर का भी निरीक्षण किया। तत्पश्चात नोडल अधिकारी ने कुरारा में नवनिर्मित राजकीय पॉलिटेक्निक भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने पॉलिटेक्निक भवन के विभिन्न कक्षों एवं वर्कशॉप आदि का भी निरीक्षण किया। पॉलिटेक्निक में संचालित की जाने वाली ट्रेड आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बची हुई औपचारिकताएं / कार्य शीघ्र पूर्ण कर भवन को हैंडओवर किया जाए। इस दौरान जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय, सीडीओ चंद्र शेखर शुक्ला, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रमेश चंद्र, एडीएम न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव,डीडीओ अजीत श्रीवास्तव व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की नयी पहल प्रदूषण पर होगा नियंत्रण




अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी द्वारा एक नयी पहल की गयी, जिससे खनन क्षेत्रों में प्रदूषण नियंत्रण के लिए डीएमएफ फण्ड से जनपद में वाटर स्प्रिंकलर एप्लीकेशन माउन्टेड मशीन वाहन को आज ''154 वॉ'' गांधी जयन्ती के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में राज्य मंत्री समाज कल्याण विभाग संजीव कुमार गौंड़, सांसद पकौड़ी लाल कोल, विधायक घोरावल डॉ0 अनिल कुमार मौर्य द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी ने वाटर स्प्रिंकलर एप्लीकेशन माउन्टेड मशीन वाहन की विशेषता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जनपद में 04 वाटर स्प्रिंकलर एप्लीकेशन माउन्टेड मशीन वाहन का क्रय किया गया है, जो खदानों से होने वाले वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए आवश्यकता नुसार क्षेत्रों में संचालन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि चोपन, ओबरा व डाला परिक्षेत्रों में स्थित खदानों से होने वाले वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए यह कदम उठाया गया, जो खनन क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों के लिए एक कारगर योजना है। उन्होंने बताया कि जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित खनन संक्रियाओं एवं क्रशर प्लान्टों से उत्पन्न वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास नियमावली-2017 के उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्र संक्रियाओं और भण्डारणों से उत्पन्न वायु एवं धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने के उपाय के अन्तर्गत आवश्यकता अनुरूप स्वच्छ सोनभद्र, हरा सोनभद्र व स्वच्छ यू0पी0 अभियान के तहत वायु प्रदूषण सुधार के लिए यह पहल की गयी है। उन्होंने बताया कि जनपद में कोयला के 15 क्षेत्र, डोलो स्टोन के 04 क्षेत्र, ग्रेनाईट के 03 क्षेत्र और सैण्ड स्टोन के 10 क्षेत्र हैं, जिसमें विभिन्न संख्या में खनन सक्रिया एवं क्रशर प्लान्ट अवस्थित हैं, इन क्षेत्रों में वायु प्रदूषण अधिक है।

# स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का किया गया समापन



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** भारत सरकार के द्वारा स्वच्छता को जन आंदोलन बनाए जाने के लिए 26 सितंबर से महात्मा गांधी जी के जयंती 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम चलाए जाने का आह्वान किया गया था। जिसके तहत जनपद में वृहद स्तर पर गांव की सफाई कराई गई 1 अक्टूबर को जनपद के सभी ग्राम पंचायतों में 640 इवेंट क्रिएट कर स्वच्छता कार्यक्रम कराया गया। आज कलेक्ट सभा कक्ष में महात्मा गांधी जी के जयंती के अवसर पर माननीय मंत्री संजीव गोंड, माननीय सांसद पकौड़ी लाल कोल, माननीय विधायक घोरावल डॉ अनिल मौर्य, जिलाधिकारी सोनभद्र चंद्र विजय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार एवं जिला पंचायत राज अधिकारी विशाल सिंह ने जनपद में अच्छा कार्य करने वाले प्रत्येक विकासखंड से तीन-तीन सफाई कर्मी एवं सामुदायिक शौचालय के संचालन हेतु तीन तीन केयर टेकर, ग्राम प्रधान बछौदा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मान समारोह में माननीय मंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर एवं माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के निर्देशन में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत जनपद में अच्छा कार्य हुआ है। सफाई सबका उत्तरदायित्व है एवं सफाई से सबको जुड़ना चाहिए। माननीय सांसद जी ने स्वच्छता पर अच्छा कार्य करने के लिए सभी को बधाई देते हुए कहा कि स्वच्छता के प्रति हम जितना सजग रहेंगे हम उतना स्वस्थ रहेंगे आज स्वच्छता और स्वास्थ्य हर लोगों की जरूरत है इसको मिलकर हमें पूरे भारत में जन-जन तक पहुंचना है। जिलाधिकारी सोनभद्र ने सभी सफाई कर्मी और केयर टेकर से कहा की इसी तरह अच्छा कार्य करते रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी लोगों को माननीय मंत्री एवं माननीय सांसद जी ने स्वच्छता शपथ दिलाई। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन राजेश सिंह अपर जिला पंचायत अधिकारी द्वारा किया गया।

## हिण्डाल्को में मनाया गया गांधी व शास्त्री जयंती



**सोनभद्र/रेनुकूट।** हिण्डाल्को मनोरंजनालय परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 लालबहादुर शास्त्री की जयन्ती एवं हिण्डाल्को पुस्तकालय की स्थापना दिवस पूरे श्रद्धा के साथ मनाया गया। रंगबिरंगे फूलों से सुसज्जित मनोरंजनालय हॉल में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अलुमिना प्लांट प्रमुख एन.एन. राय एवं विशिष्ट अतिथि रिडक्शन प्लांट हेड जे.पी. नायक ने गांधीजी व शास्त्रीजी के चित्रों पर माल्यार्पण कर तथा द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मनोरंजनालय प्रभारी वेद प्रकाश ने गांधीजी व शास्त्रीजी के जीवन पर प्रकाश डाला और हिण्डाल्को पुस्तकालय, वाचनालय, प्राकृतिक चिकित्सालय और खिलाड़ियों की उपलब्धियों की जानकारी साँझा की। मुख्य अतिथि श्री राय एवं श्री नायक ने कहा कि गांधीजी और शास्त्रीजी के आदर्श आज भी प्रासंगिक है और हम सभी को इन महापुरुषों के दिखाएं रास्ते का सदैव अनुशरण करना चाहिये। कार्यक्रम में भजन गायक उदय मिश्रा ने अपने सुमधुर भजनों से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं वरिष्ठ अधिकारी राजीव झुनझुनवाला, कर्नल (से.नि.) संजीव खन्ना सहित अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों तथा मान्यताप्राप्त श्रम संगठनों के पदाधिकारियों ने पुष्प अर्पित कर गांधीजी व शास्त्रीजी को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम में एस.के. ब्रह्मचारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## नगर पंचायत सभागार में गांधीजी व शास्त्रीजी की मनाई गई जयंती



**सोनभद्र/ चोपन।** स्थानीय नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। उपस्थित लोगों ने दोनों विभूतियों के योगदान एवं जीवन दर्शन पर चर्चा की और उनके द्वारा बताए मार्गो पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली ने कहा कि गांधीजी ने सत्य और अहिंसा से अंग्रेजों को देश से खदेड़ दिया। उनके पदचिन्हों पर चलकर देश तरक्की कर सकता है। उन्होंने गांधीजी की स्वच्छता के मंत्र को आत्मसात करने की अपील की।आगे कहा कि लाल बहादुर शास्त्री ने प्रधानमंत्री होते हुए जय जवान जय किसान का नारा देकर दुश्मन देश के दांत खट्टे किए थे। उन्होंने देश की एकता एवं अखंडता को मजबूती दी। अधिशाषी अधिकारी देवहूति पांडेय ने कहा कि अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी जिन्हें हम बापू और राष्ट्रपिता के नाम से संबोधित करते हैं, महान महापुरुष और स्वतंत्रता सेनानी थे। यदि हम यह कहें कि आज के भारत के निर्माण में गांधी जी का सर्वाधिक योगदान था तो कुछ भी गलत नहीं है, क्योंकि भारत की स्वतंत्रता और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए उन्होंने सभी धर्मो के लोगों को एक करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। इस मौके पर राजन जायसवाल, अधिवक्ता अमित सिंह, राधारमण पांडेय,सभासद दिव्य विकास सिंह, नरेश यादव, सलीम कुरैशी, सुशील साहनी, राकेश बिंद, विनीत जाटव, सोनू मोदनवाल, लिपिक अंकित पांडेय, अनीस अहमद, पंकज चौधरी, संदीप दोहरे, दीपक कुमार इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## अमृत काल में 71 कर्मयोगियों ने किया रक्तदान

**शाहजहांपुर।** सामाजिक सरोकारों से जुड़ी संस्था कर्मयज्ञ ने अमृतकाल उत्सव व महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य में वृहद स्तर पर तक्षशिला पब्लिक स्कूल परिसर में रक्तदान शिविर लगाया। इस पुनीत कार्य में पूर्व की भांति सभी कर्मयोगियों ने सहभागिता की। पूर्वान्ह 10 बजे शिविर का शुभारंभ होने के बाद लगातार कर्मयोगी आते रहे। संस्थापक सदस्य अभिषेक खण्डेलवाल व संयोजक नरेन्द्र मिड्ढा ने लोगों को प्रेरित किया। शिविर में ख़ासकर पति-पत्नी ने साथ साथ रक्तदान किया। इसके बाद तक्षशिला पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य प्रखर खंडेलवाल, मिर्जापुर ब्लाक प्रमुख प्रियांशु रघुवंशी और उनके भाई हिमांशु, व्यापारी नेता सुनील गुप्ता, अमृत लाल, मोहित मिड्ढा, विवेक तुली राजा, दलविंदर सिंह विर्क, हिमांशु सक्सेना मनु, चंचल कुमार जुनेजा आदि ने रक्तदान किया। शिविर में सभी के भोजन की व्यवस्था की गई।

# भारतीय संस्कृति के साथ होगा नृत्य शिरोमणि अवार्ड



अवधनामा ब्यूरो

**शाहजहांपुर।** राष्ट्रीय एकता मंच के तत्वाधान में दुर्गापूजा कमेटी खिरनीबाग द्वारा हर वर्ष की भांति नवरात्र महोत्सव पर शिरोमणि अवार्ड का आयोजन 21 अक्टूबर को आयोजित होगा। इसके लिए 8 अक्टूबर को ऑडिशन भी होगा।

खिरनीबाग स्थित धर्मशाला में आयोजित प्रेसवार्ता में दुर्गापूजा कमेटी के सांस्कृतिक सचिव अनूप गुप्ता ने बताया कि शिरोमणि अवार्ड प्रतियोगिता तीन वर्गों में भारतीय संस्कृति के अनुसार होगी। इसमें बाल वर्ग में तीन से सात वर्ष तक के बच्चे प्रतिभाग करेंगे। यह प्रतियोगिता भक्ति नृत्य के रूप में होगी।

जूनियर वर्ग में आठ से बारह वर्ष कर बच्चे लोक नृत्य में प्रतिभाग करेंगे। सीनियर वर्ग में 13 से 20 वर्ष तक के प्रतिभागी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता शास्त्रीय नृत्य पर आधारित होगी। नृत्य शिरोमणि अवार्ड का मेगा फाइनल 21 अक्टूबर को शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक होगी। इस मौके पर हरिशरण बाजपेयी, नीरज बाजपेई नलिनी ओमर, नितेश गुप्ता, अंकित मिश्रा, दीपाली मिश्रा आदि लोग मौजूद थे।

# एनसीएल में विशेष स्वच्छता आभियान 3.0 की हुई शुरुआत



**एनसीएल ने जन्म जयंती पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री को किया याद**

**सोनभद्र/ सिंगरौली।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री जी की जन्म जयंती पर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर एनसीएल के सीएमडी, कार्यकारी निदेशकगणों सहित अधिकारियों व कर्मचारी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया एवं राष्ट्रहित में उनके अमूल्य योगदान को याद किया।

कार्यक्रम में एनसीएल के सीएमडी श्री भोला सिंह ने एनसीएल कर्मियों एवं हितग्राहियों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जन्मजयंती की बधाई दी व एनसीएल कर्मियों एवं हितग्राहियों को स्वच्छता की शुरुआत स्वयं से करते हुए शारीरिक, मानसिक एवं वातावरणीय स्वच्छता हेतु योगदान के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने स्पेशल कैंपेन 3.0 के लिए टीम एनसीएल को पूरी तन्मयता से जुटने के लिए आह्वान किया।

समारोह में सीएमडी एनसीएल श्री भोला सिंह, निदेशक (कार्मिक) श्री मनीष कुमार , निदेशक (तकनीक/संचालन) जितेन्द्र मालिक, निदेशक (तकनीक /परियोजना एवं योजना) श्री एस पी सिंह, एनसीएल के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष और कर्मचारीगण व सफाई मित्र शामिल हुए।

इस अवसर पर सीएमडी एनसीएल भोला सिंह व अन्य कार्यकारी निदेशकगण ने सफाई मित्रों को पुरुस्कृत कर उनको सम्मानित किया । साथ ही इस दौरान उपस्थित सभी ने स्वच्छता शपथ भी ग्रहण की।

## संक्षिप्त समाचार

### डेढ़ वर्ष पूर्व लापता शख्स की मृत्यु की आशंका



**राठ-हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** थाना राठ अंतर्गत मोहल्ला दीवानपुरा के रहने वाले खेमराज पुत्र जगनमोहन लापता हैं। जिनकी गुमसुदगी थाना राठ में लिखी गई थी। पारिवारिकजनों एवं मोहल्ले वासियों को शंका है कि खेमराज की पत्नी द्वारा खेमराज की हत्या कर शव को अपने घर में ही दफना दिया गया है। उपजिलाधिकारी के निर्देशन में शंका को दूर करने के उद्देश्य से घर की खुदवाई प्रशासन के सहयोग से की जा रही हैं। अभी तक कि खुदाई मे ऐसे किसी भी प्रकार के तथ्य प्रकाश में नही आए है।

### गांधी जयंती पर सफाई कर्मियों को किया सम्मानित



**मौदहा-हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** भारतीय स्वाधीनता आन्दोलन को नई दिशा और नई गति देने के साथ-साथ देश को आजादी दिलाने वाले महापुरुष राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी की जयंती जनपद मे धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाई गई। इस दौरान नगरपालिका परिषद मौदहा में गांधी जयंती के अवसर पर नगर पालिका परिषद मौदहा द्वारा समस्त सफाई मित्रों, कार्यालय कर्मियों को सामूहिक रूप से अध्यक्ष रजा मोहम्मद व अधिशासी अधिकारी एवं सभासदों आदि नें शाल देकर सम्मानित किया गया।

### युवती ने फांसी लगाई, बची जान

**बांदा।** तिंदवारी थाना क्षेत्र के सैमरी गांव निवासी किरन (28) पत्नी भूपेद्र ने शनिवार की रात घरेलू कलह से तंग आकर कमरे के अंदर रस्सी से फांसी लगा लिया। काफी देर बाद जब वह कमरे से बाहर नही निकली तो मौके पर पहुंचे पति ने देखा तो वह कमरे के अंदर फंदे पर लटकर रही थी। आनन फानन फंदा काट कर उसे नीचे उतार लिया। उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### दो युवतियों ने जहरीला पदार्थ खाया

**बांदा।** बबेरू कोतवाली क्षेत्र के परसौली गांव निवासी सुमन (25)पत्नी रामबाबू ने शनिवार की रात किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। इसी तरह बबेरू कस्बा निवासी निराशा (18)पुत्री रामप्रसाद ने शनिवार की रात घरेलू कलह से तंग आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालो को जानकारी हुई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### दवा लेकर घर जा रहे युवक को पीटा

**बांदा।** दवा लेकर घर जा रहे युवक को तीन युवको ने रास्ते में घेर लिया। उसे लाठी से पीटकर घायल कर दिया। मटौध थाना क्षेत्र के भूरागढ पहड़िया निवासी रमेश (22) बाजार से दवा लेकर घर जा रहा था। तभी घर के समीप पहले से घात लगाए बैठे तीन सगे भाई राजकुमार,राजेश,अवधेश ने उसे लाठी से पीट कर घायल कर दिया। शोर गुल सुनकर आस पास के लोग दौड़ पड़े। हमलावर मौके से फरार हो गए। घायल को जिला अस्पताल लाया गया। रमेश का कहना है कि पुरानी रंजिस के चलते मारपीट की गई है। पुलिस ने तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

# राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जयन्ती धूमधाम से मनाई गई

## जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट में महात्मा गांधी जी व लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र व प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

**नोडल अधिकारी व जिलाधिकारी ने महात्मा गांधी पार्क में महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया**



अवधनामा ब्यूरो।

**हमीरपुर।** भारतीय स्वाधीनता आन्दोलन को नई दिशा और नई गति देने के साथ-साथ देश को आजादी दिलाने वाले महापुरुष राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी की जयंती आज जनपद मे धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाई गई। इस दौरान कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण किया तथा पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रमेश चंद्र ,अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार यादव , अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव सहित वहां मौजूद अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने महात्मा गांधी एव लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया तथा गोष्ठी में अपने अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर कलेक्ट्रेट में गांधी जी के प्रिय भजन वैष्णव जन तो तेने कहिए जो पीर पराई जाने रे का तथा रघुपति राघव राजा राम जैसे अनेक गीतों एवं अन्य राष्ट्रीय गीतों को भी सुना गया तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी व लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन पर आधारित भव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें अधिकारियों ने उनके जीवन परिचय पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी में जिलाधिकारी ने कहा भारत के महान पुरुष राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती का यह दिन हम सब को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के आदर्शों ,सिद्धांतों पर व उनके सदविचारों को अपनाने के साथ ही उनके पद चिन्हों/ बताए गए मार्गो पर चलने के लिए प्रेरित करता है। जिलाधिकारी ने महात्मा गाँधी जी के जीवन संघर्ष, उनकी देश सेवा, उनके जीवन मूल्यों पर प्रकाश डाला विशेष रूप से निर्बलों एवं कमजोरों के कल्याण सम्बन्धीअन्त्योदय की उनकी अवधारणा, भावनात्मक एकता, राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता के सम्बन्ध में उनके विचारों का परिचय कराया गया। दोनों महापुरुष भारत को नई दिशा व नई गति देने वाले महापुरुषों में से एक थे जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का हमारे देश को आजादी दिलाने में अप्रतिम योगदान है। सत्याग्रह तथा सविनय अवज्ञा आन्दोलन के माध्यम से उन्होंने सभी वर्गों में आजादी की लौ को प्रवलित किया। देश की राजनैतिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक समरसता के माध्यम से महात्मा गांधी ने राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोकर सशक्त राष्ट्र बनाने में अप्रतिम भूमिका का निर्वहन किया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्म दिवस 02 अक्टूबर हमारे देश के उन सहस्त्री ज्ञात व अज्ञात स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं क्रान्तिकारियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का बेहतर अवसर देता है, जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम की बलिवेदी पर अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया।

### मजदूर ने ट्रेन से कटकर कर ली आत्महत्या

**बांदा।** तीन पहले घर से निकले मजदूर ने ट्रेन से कट कर खुदकुशी कर ली। सूचना पर पहुची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना पाकर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। गिरवां थाना क्षेत्र के खुरहंड रेलवे स्टेशन निवासी रामदीन (50) पुत्र राजकुमार ने शनिवार की शाम खैराड़ा रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन से कट कर खुदकुशी कर लिया। उसकी गर्दन धड़ से अलग थी। स्टेशन मास्टर की सूचना पर मौके पर पहुची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना पाकर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। शव देखते ही घरवालो में कोहराम मच गया। मृतक के पुत्र माता प्रसाद ने बताया कि उसका पिता मजदूरी करता था। वह मानसिक रूप से परेशान था। वह तीन दिन पहले घर से बिना बताए निकल आया। जब वह घर नही पहुंचा तो उसकी खोजबीन की गई।

# दानिश आजाद अंसारी ने मदरसे के बच्चों के साथ चलाया स्वच्छता अभियान

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री मोदी के आव्हान और महात्मा गांधी जी के जयंती के अवसर पर देशभर में उनको श्रद्धांजलि देने के लिए विशेष स्वच्छता अभियान कार्यक्रम अक्टूबर को सुबह 10:00 से 11:00 बजे तक चलाया गया। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी जी ने मदरसे के बच्चों के साथ अल्पसंख्यक बाहुल्य बस्तियों में सफाई अभियान चला कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का काम किया, जहां पर बड़ी संख्या में मदरसे के बच्चों ने साफ सफाई कार्यक्रम में हिस्सा लिया तथा समाज में सफाई बनाने के लिए सबको प्रेरित भी किया। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर मदरसे के बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

## विभिन्न लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की

**लखनऊ।** कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा में आस्था व्यक्त करते हुए विभिन्न जनपदों से आए राजनैतिक दलों के नेता, समाजसेवियों और शिक्षकों ने कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के समक्ष कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। अजय राय ने पार्टी में शामिल होने वालों के गले में तिरंगा पट्टिका पहना कर कांग्रेस का सदस्यता कार्ड देकर विधिवित पार्टी में शामिल कराया। पार्टी में शामिल लोगों को सम्बोधित करते हुए अजय राय ने कहा कि आज गांधी जयंती के मौके पर गांधीवादी विचारधारा के अनुयायी गांधी के विचारों से प्रभावित होकर आए हैं।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ श्री गोरखनाथ मन्दिर परिसर, गोरखपुर में लोगों की समस्याओं को सुनते हुए।

# भाजपा मजबूरी में गांधी जी पर करती है माल्र्यापणः कांग्रेस

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर प्रदेश कांगेस मुख्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस मौके पर कांग्रेस सांसद और स्वतंत्रता सेनानी रहे स्वर्गीय मसुरियादीन पासी की जयंती पर भी श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। इस अवसर पर सर्वधर्म सभा आयोजित हुई और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने महात्मा गांधी और देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के विचारों पर रोशनी डालते हुए भारतीय जनता पार्टी पर गांधी के विचारों को सिर्फ स्वच्छता तक सीमित करने और गांधी के विचारों को कुचलने के साथ मजबूरी में गांधी के ऊपर फूल चढ़ाने का आरोप लगाया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी हमारे आदर्श हैं। उन्होंने भाजपा के स्वच्छता कार्यक्रम को ढोंग बताते हुए कहा कि भाजपा शातिराना अंदाज से गांधी के शांति, प्रेम, अहिंसा और भाईचारे के सिद्धांत और विचार को पीछे कर रही है। गांधी को सिर्फ स्वच्छता तक सीमित करना बड़ी साजिश है और भाजपा गांधी के सिद्धांत से दूर भाग रही है, जिसका नतीजा है कि प्रदेश अपराध का जंगलराज बन गया है। रोज हत्या हो रही हैं। सुल्तानपुर में डॉ. घनश्याम तिवारी को जिस तरीके से मारा गया उसमें भाजपा नेताओं का हाथ था। आज देवरिया में 6 लोगों की हत्या हुई। मंत्री और विधायक के घर में हत्या हो रही है।

# महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर माल्यार्पण कर किया नमन



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रमुख सचिव सूचना, संजय प्रसाद ने सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी और पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर पं. दीनदयाल उपाध्याय सूचना परिसर में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्रों पर माल्यापर्ण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर निदेशक सूचना शिशिर, अपर निदेशक सूचना अंशुमान राम त्रिपाठी, वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी रजनीकान्त वर्मा, सयुक्त निदेशक यशवर्धन तिवारी, प्रभारी संयुक्त निदेशक दिनेश कुमार गुप्ता, उपनिदेशक ललित मोहन, प्रभात शुक्ला, मधु तांबे, सहायक निदेशक सतीश चन्द्र भारती सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गोरखपुर में भजन गायक अनूप जलोटा भेंट करते हुए

# उप मुख्यमंत्री ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को दी श्रद्धांजलि

- **सत्य अहिंसा का मार्ग श्रद्धेय बापू ने भारतवर्ष को दिखाया: पाठक**

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** पूरा देश राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती मना रहा है। इस मौके पर यूपी के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने हजरत जीपीओ पार्क में स्थित गांधी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके उपरांत बैठकर गांधी के प्रिय भजनों को सुना।

इसके बाद उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक हजरतगंज स्थित गांधी आश्रम पहुंचे और भवन में बापू की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और चरखा चला कर सूट काता। खादी ग्रामोद्योग को बढ़ावा देने के लिए गांधी आश्रम से कुर्ते के कपड़े भी खरीदे।

मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि लखनऊ महानगर द्वारा आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह ,लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, महापौर सुषमा खर्कवाल,सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा , डॉ महेंद्र सिंह,विधायक नीरज बोरा,एम एलसी पवन सिंह चौहान, अवनीश सिंह, रामचंद्र प्रधान, व प्रमुख सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित रहे और बापू की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा प्रदेशवासियों की तरफ से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं। सत्य अहिंसा का मार्ग श्रद्धेय बापू ने भारतवर्ष को दिखाया आज सारी दुनिया उसका अनुसरण कर रही है। महात्मा गांधी जी के स्वच्छता मिशन को धरातल पर उतारने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं । स्वच्छता पखवाड़े में जन सामान्य को जोड़कर स्वच्छता का मिशन पूरा रहे हैं। बापू ने राष्ट्र के लिए जो सपना देखा था उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरा कर रहे हैं। बृजेश पाठक ने प्रदेश के सभी लोगों से अनुरोध किया कि हाथ से बने खादी वस्त्रो का प्रयोग करें जिससे गरीबों, वंचितों व मजदूरों को रोजगार मिलेगा और प्रत्येक भारतवासी में भारतीयता की भावना जागृत होगी।

इसके उपरांत उप मुख्यमंत्री शास्त्री भवन एनएफसी पहुंचे जहां उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रतन लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वहां उपस्थित स्वच्छता कर्मियों को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया और लखनऊ और प्रदेश को स्वच्छ बनाने मे दायित्व निर्वहन के लिए आभार प्रकट किया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी महापौर सुषमा खर्कवाल, एमएलसी डॉक्टर महेंद्र सिंह, पूर्व मंत्री डॉक्टर सिद्धार्थ नाथ, प्रमुख सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, टिंकू सोनकर, सौरभ वाल्मीकि, अमोद कुमार लखविंदर सिंह और मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, ऋषि शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## नाटक आहत का किया मंचन

**लखनऊ।** अखिल भारतीय सांस्कृतिक संस्थान ने सोमवार को नाटक आहत का मंचन किया। राजेंद्र तिवारी के लेखन और निर्देशन में गांधी भवन में मंचित नाटक भेदभाव, ऊंच, नीच और आदिवासियों पर अत्याचार जैसे मुद्दों पर आधारित है। कबीले का लड़का सोम छुटकी के प्यार करता है। राजकुमार अपराजय छुटकी कन्यायों के साथ बदतमीजी करता है। छुटकी राजकुमार को मार देती है। अपराजय बदले की भावना से छुटकी के साथ बर्बरता करके उनके माता पिता को मार देता है और पूरा कबीला जला देता है। छुटकी दूसरे कबीले के मुखिया के पास सहायता के लिए जाती है। मुखिया की पुत्री चांदनी के साथ भी राजकुमार ने ऐसा ही किया होता है। दोनों मिलकर अपराजय से बदला लेने की योजना बनाते हैं। छुटकी एवं सोम मिलकर अपराजय को मार देते हैं।

# बीसवें राष्ट्रीय पुस्तक मेले का हुआ समापन

**अवधनामा ब्यूरो**

- **मेले में किताबों की बिक्री एक करोड़ रुपये पार**

**लखनऊ।** बलरामपुर गार्डन में बीसवें राष्ट्रीय पुस्तक मेले का समापन हो गया। मेले में किताबों की बिक्री एक करोड़ रुपये पार कर गई मगर पिछले 11 दिनों से चल रही लेखकों की चर्चाएं, कविताएं, कहानियों के स्वर, गीत, नृत्य और पुस्तक प्रेमियों की चहल पहल सोमवार की रात थम गयी। केटी फाउण्डेशन और फोर्स वन बुक्स की ओर से यहां 22 सितम्बर से चल रहे राष्ट्रीय पुस्तक मेले ने मधुर यादों के साथ अगले वर्ष तक के लिए विदा ले ली। आयोजकों ने साहित्यिक आयोजनों के बीच स्मृति चिन्ह देकर स्टाल धारकों को सम्मानित किया। ज्ञानकुम्भ थीम पर आधारित मेले के बारे में स्टालधारक राहुल ने बताया कि मेला इस बार पिछले कई वर्षों से अच्छा रहा। छुट्टियों के तीन दिन भारी भीड़ में मेले के लिए बहुत अच्छी रही। संयोजक मनोज सिंह ने बताया कि इस बार पुस्तकों की बिक्री उम्मीद से बढ़कर अंतिम दिन एक करोड़ रुपये के पार चली गई। मेले में अच्छी बिकने वाली पुस्तकों में नामचीन लेखकों की किताबों के संग ही पंकज प्रसून की किताब लड़कियां बड़ी लड़ाका होती हैं, दयानन्द पाण्डेय की विपश्यना में प्रेम और सुधीर मिश्र की मुसाफिर हूं यारों की खूब चर्चा रही। अंतिम दिन लक्ष्य साहित्यिक संस्थान की काव्य गोष्ठी हुई।

# विधायक ने अनुसूचित बस्ती में गिनाई भाजपा सरकार की योजनाएं

- **भाजपा सरकार बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की विरासत को ले जा रही आगे**

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा पखवाड़े के अंतर्गत चलाए जा रहे हैं अनुसूचित बस्ती संपर्क अभियान में आज प्रदेश उपाध्यक्ष और नोएडा से विधायक पंकज सिंह ने महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के साथ आलमनगर में जलालपुर बस्ती में दलित नेताओं व पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर जाकर जनसंपर्क किया व बस्ती में चौपाल लगाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और योगी सरकार की दलित और गरीबों के लिए चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। जन-संपर्क और चौपाल के दौरान बस्ती में लोगों से संवाद करते हुए कहा पंकज सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार न सिर्फ बाबा साहब भीमराव आंबेडकर का सम्मान करती है, बल्कि उनकी विरासत को भी आगे ले जा रही है। सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय सपने को भी साकार कर रही है। आज अनुसूचित वर्ग के लोग भी मानते हैं कि सरकार उनके हितों के प्रति गंभीर है और योजनाओं के जरिये सभी का उत्थान कर रही है। उनके सपने को पूरा करने के लिए आजाद भारत में किसी ने कदम उठाया तो वह हमारे वह हमारे नेता देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने यह कदम उठाया। सेवा पखवाड़े के अंतर्गत पार्टी द्वारा देशभर में स्वच्छता अभियान भी निरंतर चलाया जा रहा है। आज यही कारण है कि छोटे बच्चे बुजुर्ग और सभी नहीं चाहते कि कहीं भी गंदगी हो और सभी उसके प्रति जागरूक हो गए हैं जब हमारे प्रधानमंत्री जी और बड़े नेता झाड़ू लेकर निकले तो विपक्ष के लोग हंसते थे कि कि देश के प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री और वरिष्ठ नेता गण झाड़ू लगाएंगे तो देश कैसे चलेगा।

## महिला की हत्या का 24 घण्टे के अन्दर खुलासा

**लखनऊ।** जीआरपी चारबाग ने बीकेटी रेलवे स्टेशन पर महिला की हत्या का 24 घण्टे के अन्दर सफल अनावरण कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। जीआरपी चारबाग ने अभियुक्त हारून अली निवासी फैजुल्लागंज को मोहबिल्लापुर रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया है। बीते शनिवार को बख्शी का तालाब रेलवे स्टेशन पर एक युवक ने ईट से महिला पर हमला कर दिया था। इलाज के दौरान घायल महिला की रविवार को मौत हो गई। जीआरपी ने खुलासा करते हुए बताया कि महिला के प्रेमी ने ही आपसी विवाद और पैसों के लेनदेन में इस घटना को अंजाम दिया था। पुलिस उपाधीक्षक रेलवे संजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि मृतक महिला का नाम सुशीला था। उसके पति की कुछ साल पहले मौत हो चुकी थी। कुछ समय पहले महिला की मुलाकात फैजुल्लागंज निवासी हारून से हुई थी। धीरे धीरे दोनों के बीच प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। जीआरपी की जांच में सामने आया कि मृतक महिला ने हारून को पैसे दिए थे। जब सुशीला को पैसों की जरुरत हुई तो उसने हारून से पैसे मांगे लेकिन हारून ने पैसे वापस देने से मना कर दिया।

# आदित्य कुमार की अध्यक्षता में स्वच्छता पखवाड़ा का समापन



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत स्वच्छता ही सेवा थीम पर डीआरएम आदित्य कुमार की अध्यक्षता में लखनऊ जंक्शन स्टेशन पर आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा का समापन हुआ। जिसमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया। मंडल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती पर सभी को बधाई दी। उन्होंने देश की स्वतंत्रता एवं स्वच्छता अभियान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के योगदान को याद करते हुए उपस्थित जनों को गांधी जी के विचारों, जीवन शैली तथा अनुशासन को अपने दैनिक आचरण में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रेल परिसर में स्वच्छता बनाये रखने के साथ ही हमें अपने विचारों और कार्यशैली में भी स्वच्छता बनाये रखनी होगी। स्काउट एवं गाइड्स के बच्चों ने स्वच्छता जागरुकता पर आधारित नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति की प्रशंसा की। वरिष्ठ मण्डल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर सत्यदेव पाठक की स्वच्छता परम धरम एवं स्वच्छता को आदत हमें बनानी है, को मण्डल कला समिति के कलाकारों द्वारा गीत के माध्यम से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर स्वच्छता प्रदर्शनी भी लगी। अंत में मंडल रेल प्रबंधक ने स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया।

## डीआरएम ने सफाई के लिए दिलाई स्वच्छता शपथ

स्वच्छता पखवाड़ा में लखनऊ जंक्शन, गोमतीनगर, बादशाहनगर एवं अनुरक्षण कोचिंग डिपो ऐशबाग, बादशाहनगर रेलवे चिकित्सालय, ऐशबाग पॉली क्लीनिक तथा रेलवे कालोनियो पर गहन सफाई के लिए स्वच्छता शपथ एवं स्वच्छ जागरूकता दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मण्डल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार ने लखनऊ जंक्शन स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने रेल अधिकारियों, कर्मचारियों को स्वच्छता के प्रति सजग रहने व श्रमदान कर स्वच्छता का संकल्प दिलाया।

## उत्तर रेलवे में नवीन संकल्पों के साथ मनी गांधी जयंती

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती को उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में उल्लास तथा नवीन संकल्पों के साथ मनाया गया। चारबाग रेलवे स्टेशन पर मंडल रेल प्रबंधक डॉ.मनीष थपल्याल ने अन्य अधिकारियों के साथ महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पार्पण कर उनको अपने श्रद्धा सुमन समर्पित किये। अपर मंडल रेल प्रबंधक परिचालन शिवेंद्र शुक्ला ने गांधी उद्यान में माल्यार्पण करके राष्ट्रपिता को नमन किया और स्वच्छता की शपथ दिलाई।

## पूर्वोत्तर रेलवे ने कम्पनी मर्करी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड से किया अनुबंध




**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे वेस्ट वाटर को ट्रीट करने के लिए पांच लाख लीटर प्रतिदिन की क्षमता का वॉटर रिसाइकलिंग प्लांट लगाने जा रहा है। इसके लिए पूर्वोत्तर रेलवे ने कम्पनी मर्करी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड से अनुबंध किया है। इस प्लांट के संचालन से करोड़ों लीटर पानी की बचत होगी। गौरतलब है कि जल संरक्षण के क्षेत्र में पूर्वोत्तर रेलवे निरंतर प्रयास कर रहा है और इस क्षेत्र में काफी उल्लेखनीय काम किये हैं। कम्पनी के अधिकारियों ने बताया कि मरकरी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड की ओर से पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल में लाल कुआं, टनकपुर, रामनगर व काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर वेस्ट वॉटर रिसाइकलिंग प्लांट की स्थापना कर रहा है। इसी कम्पनी ने विगत वर्षों में ऐशबाग और गोमती नगर व गोरखपुर स्टेशन पर पांच लाख लीटर प्रतिदिन की क्षमता वाला वॉटर रिसाइकलिंग प्लांट की स्थापना की है। माना जा रहा है कि चारबाग पर यह प्लांट अगले कुछ महीनों में शुरू हो जायेगा।

## रेलवे कॉलोनियों में हुई सफाई

**लखनऊ।** जंक्शन, ऐशबाग जंक्शन, लखनऊ सिटी, डालीगंज, बादशाहनगर, गोमतीनगर आदि विभिन्न स्टेशनों तथा रेलवे कालोनियों में स्वच्छ संवाद दिवस में वृहद स्वच्छता जागरुकता अभियान चलाया गया। पुष्पक, तेजस और हमसफर में चला सफाई अभियान स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान पुष्पक, पाटलीपुत्र सुपरफास्ट, कृषक एक्सप्रेस, नकहा जंगल इंटरसिटी, गोरखधाम सुपरफास्ट, गोरखपुर एक्सप्रेस, गोरखपुर इंटरसिटी, गोरखपुर राप्तीगंगा एक्सप्रेस,कुशीनगर सुपरफास्ट, लखनऊ बरौनी, वंदे भारत एक्सप्रेस तथा जनसाधारण एक्सप्रेस के वातानुकूलित, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी के कोचों की सफाई, शौचालयों में डस्टबिन की उपलब्धता, बेड रोल की गुणवत्ता आदि की रेलवे अधिकारियों व सुपरावाइजरों ने जांच की। इसके अलावा पनवेल एक्सप्रेस, गोरखपुर पुणे, मैलानी एक्सप्रेस, ऐशबाग गोरखपुर, तेजस एक्सप्रेस, उत्सर्ग एक्सप्रेस, बाघ एक्सप्रेस, छपरा सुपरफास्ट, गोरखपुर ओखा एक्सप्रेस तथा आम्रपाली एक्सप्रेस के वातानुकूलित, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी के कोचों की सफाई, शौचालयों में डस्टबिन की उपलब्धता, बेड रोल की गुणवत्ता आदि की भी जांच की गई।

## पांच जोड़ी ट्रेनें निरस्त

**लखनऊ।** वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग के चलते तीन से छह अक्टूबर तक लखनऊ बनारस इंटरसिटी समेत पांच जोड़ी ट्रेनें निरस्त कर दी गई है। इस दौरान वाराणसी से लोहता लाइन पर ट्रेनों का संचालन नहीं होगा। कई ट्रेनों को निरस्त करते हुए और कई ट्रेनों के रूट छह अक्टूबर तक बदले रहेंगे। उत्तर रेलवे के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा ने बताया कि 139 पर ट्रेनों की जानकारी लेकर की सफर करें। निरस्त होने वाली ट्रेनों में बनारस लखनऊ इंटरसिटी, जनता एक्सप्रेस, काशी विश्वनाथ, गरीबरथ एक्सप्रेस और बनारस प्रतापगढ़ एक्सप्रेस स्पेशल 6 अक्टूबर तक रद्द हैं।

## काकोरी में दो अलग-अलग जगह डिप्रेशन में लगाई फांसी, मौत

**काकोरी लखनऊ।** काकोरी थाना क्षेत्र में अलग-अलग जगह पर दो युवकों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों ही मामलों में डिप्रेशन की वजह सामने आए है। पहली घटना नगर पंचायत काकोरी के कटरा बाजार निवासी सोमवार दोपहर नमाज पढ़ने की बात कह कर घर से निकले मोहम्मद शहनवाज उर्फ सानू उम्र 38 ने अपने पुराने घर मे फंदे से झूल गया। दो साल पहले ही पत्नी संग सीतापुर अपनी ससुराल बाइक से जा रहा था तभी रास्ते मे ट्रक की टक्कर से दोनो घायल हो गए थे जिसमें इलाज के दौरान पत्नी की मौत हो गई थी,उसके बाद से ही शाहनवाज डिप्रेशन में रहने लगा था।वही दूसरी ओर हबीबपुर गाँव में अवसाद के चलते राजगीर मिस्त्री राकेश कुमार 40 ने फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक के परिवार में पत्नी गुड्डन ,बेटा भानु, बेटी ज्योति है। इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि मृतक शाहनवाज व राकेश के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# पैग़म्बरे इस्लाम के जन्म दिवस पर जुलूसे मदहे सहाबा उठाने का एलान

**अवधनामा ब्यूरो**

- **यदि जिला प्रशासन ने जुलूस को रोका तो दी जायेगी गिरफ़्तारी**
- **25 वर्षों से जुलूस की अनुमति हेतु एहतेजाज जारी है**

**लखनऊ।** तंजीमे मिल्लत के महासचिव प्रिन्स इक़बाल मिर्ज़ा ने बताया कि तंजीमे मिल्लत की एक आपात बैठक तंज़ीम के संरक्षक मौलाना मुम्ताज़ अली की अध्यक्षता में काज़मैन में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया है कि पैग़म्बरे इस्लाम हज़रत मोहम्मद साहब के जन्म दिवस के अवसर पर 17 रबीउलअव्वल अर्थात 3 अक्तूबर, 2023 को इमामबाड़ा आसिफ़्द्दौला (बड़ा इमामबाड़ा) में 1 बजे दिन में मीलादुन्नबी होगा जिसको प्रख्यात शिया धर्मगुरू सम्बोधित करेंगे उसके बाद ठीक 3 बजे जुलूसे मदहे सहाबा उठा कर हज़रतगंज स्थित इमामबाड़ा शाहनजफ़ले जाया जायेगा। जिसका प्रार्थना-पत्र कमिश्नर लखनऊ को दिया जा चुका है।ज्ञात हो कि तन्ज़ीमे मिल्लत वर्ष 1997-98 से निरन्तर मांग करती आ रही है कि जिस प्रकार सुन्नी समुदाय को पैग़म्बरे इस्लाम के जन्म दिवस 12 वफ़ात पर एक नया जुलूस ''जुलूसे मदहे सहाबा'' दिया गया है ठीक उसी प्रकार भारतीय संविधान की धारा 11 तथा 15 के अन्तर्गत शिया समुदाय को भी पैग़म्बरे इस्लाम के जन्म दिवस 17 रबीउलअव्वल को वैसे ही जुलूस ''जुलूसे मदहे सहाबा'' उठाने की इजाज़त दी जाये क्योंकि शिया समुदाय पैग़म्बरे इस्लाम का जन्म दिवस 17 रबीउलअव्वल को मनाता है। इस अवसर पर तंजीमे मिल्लत के संस्थापक सय्यद अशरफ हुसैन एडवोकेट के नाम से उलेमाए एकराम और शोराए एकराम को अवार्ड से नवाजा जायेगा। बैठक में इस बात पर दुख प्रकट किया गया कि पैग़म्बरे इस्लाम के जन्म दिवस 17 रबीउलअव्वल पर शिया समुदाय को समान जुलूस न देकर शिया अल्पसंख्यक समुदाय के साथ अन्याय किया जा रहा है तथा शियों के मौलिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है। जुलूस की अनुमति हेतु 25 वर्षो से एहतेजाज (प्रदर्शन) जारी है। सभा में प्रिन्स इक़बाल मिर्ज़ा, खुर्शीद रज़ा फ़तेहपुरी, असग़र मेहदी एडवोकेट, डॉ0 बाक़र मेहदी, सै0 फैयाज़ हैदर, इन्तेख़ाब रिज़वी, डॉ0 मोहम्मद नय्यर, मुबारक हुसैन ज़ैदी,, आफ़्ताब आलम, मुज़फ़्फ़र हुसैन, हाशिम हुसैन, लाडले मिर्ज़ा, रफ़ी हैदर, सिब्ते हसन, हसनैन आग़ा, आसिफ हुसैनी, परवेज़ नेता, आदि मौजूद थे।